3 राजधानी
अनुभवी चालक ही चलाएंगे आगरा एक्सप्रेस वे पर बसें

6 अभिमत
दुनिया में युवा बेरोजगारी की समस्या

10 स्पोर्ट्स
19 अगस्त से शुरू होगा राष्ट्रीय हॉकी शिविर

11 विदेश
तुर्की के ड्रोन हमले में दो वरिष्ठ कमांडरों की मौत

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 10 अंक 292
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 13 अगस्त, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



करीना के घर आने वाला है दूसरा नन्हा मेहमान
विविध-12

www.dailypioneer.com

# आधी रात जल उठा बेंगलुरु, तीन की मौत

## ● सैकड़ों घायल, मास्टर माइंड मुजम्मिल समेत 145 गिरफ्तार, सौ पुलिसवाले भी जख्मी, दर्जनों वाहन फूंके, करोड़ों का नुकसान

## विवादित फेसबुक पोस्ट से बलवा, कर्फ्यू



बेंगलुरू में हुई हिंसा और आगजनी के बाद जले वाहनों को देखती कर्नाटक पुलिस

**पायनियर समाचार सेवा।** बेंगलुरू/नई दिल्ली

**कांग्रेस** विधायक के एक कथित रिश्तेदार द्वारा सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किए जाने के बाद एक संप्रदाय की ओर से हुई हिंसा को काबू करने के लिए पुलिस की गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई। बेंगलुरू के पुलाकेशी नगर में हुई हिंसा के मामले में 110 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें हिंसा का मास्टर माइंड एसडीपीआई नेता मुजम्मिल पाशा शामिल है। इसके अलावा पोस्ट करने के आरोपी नवीन को भी पकड़ा गया है। मंगलवार रात शुरू हुई यह हिंसा बुधवार तड़के तक जारी रही। इस दौरान करीब 100 पुलिस कर्मियों सहित कई लोग घायल हो गए। कांग्रेस दलित विधायक अखंड श्रीनिवास मूर्ति के एक रिश्तेदार द्वारा सोशल मीडिया पर कथित तौर पर सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील एक पोस्ट लिखे जाने के बाद एक वर्ग के लोग भड़क उठे जिसके बाद विधायक की संपत्ति और उनके परिवार को निशाना बनाया गया। इस बीच, डीजे हाली और केजी हाली में कर्फ्यू लगा दिया गया है। मुख्यमंत्री बीएस एदियुरप्पा ने कहाकि विधायक अखंड श्रीनिवास मूर्ति के आवास और डीजे हाली पुलिस थाने पर हमला और दंगे निंदनीय हैं। उन्होंने कहा, अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं और सरकार ने हिंसा पर काबू पाने के लिए हर संभव कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि पुलिस, मीडियाकर्मी और आम नागरिक पर हमला अक्षम्य है। सरकार ऐसी हरकतें बर्दाशत नहीं करेगी। मंगलवार रात को सोशल मीडिया पोस्ट से भड़के सैकड़ों लोगों ने उग्र प्रदर्शन किया और डीजे हाली पुलिस स्टेशन में आग लगा दी। उन्होंने कई पुलिस और निजी वाहनों को आग लगा दी, विधायक मूर्ति और उनकी बहन के सामान के साथ तोड़-फोड़ की। एक एटीएम को भी तहस-नहस कर दिया। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने लाठियां चलाईं, आंसू ( शेष पेज 9 )

### दंगों में निशाना बने कांग्रेस विधायक ने मुसलमानों से शांति की अपील की, मांगी सुरक्षा

**बेंगलुरु।** कांग्रेस के दलित विधायक मूर्ति ने समुदाय के लोगों से हिंसा नहीं करने की अपील करते हुए खुद की सुरक्षा की मांग की है। उन्होंने वीडियो संदेश में कहा, मैं मुस्लिम भाइयों से अपील करता हूं कि कुछ बदमाशों की गलतियों के चलते हमें हिंसा में शामिल नहीं होना चाहिए। हम कानून के अनुसार दोषियों को सजा दिलाएंगे। मैं अपने मुस्लिम दोस्तों से शांति बनाए रखने की अपील करता हूं। विधायक की बहन जयंती ने रोते हुए कहा, जब यह सब हुआ तब हम घर पर नहीं थे। रोते हुए विधायक मूर्ति ने कहा कि वह चाहते हैं कि सरकार उन्हें सुरक्षा दे। घटना से बेहद डरे हुए विधायक ने बताया, जब 3,000 लोगों की भीड़ पेट्रोल बम, डंडे लेकर आई, वाहनों को जला दिया और हमारा मकान क्षतिग्रस्त कर दिया, उस वक्त हम घर में नहीं थे।

### योगी मॉडल पर भरपाई के लिए दंगाइयों से वसूली करेगी सरकार

**बेंगलुरू।** कर्नाटक सरकार ने बुधवार को फैसला किया कि पिछली रात शहर के कुछ हिस्सों में हुई हिंसा की जांच एक जिलाधिकारी से कराई जाएगी। गृह मंत्री बसवराज बोम्मई ने कहा कि सरकार ने हिंसा के दौरान सार्वजनिक संपत्ति को हुआ नुकसान वसूलने का फैसला किया है। बोम्मई ने कहा कि मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। बोम्मई ने कहाकि हमने उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुसार यह निर्णय लिया कि जब इस तरह के दंगे होते हैं और संपत्ति को नुकसान होता है, तो नुकसान की भरपाई उन लोगों से वसूल की जानी चाहिए जिन्होंने नुकसान पहुंचाया है। बोम्मई ने कहाकि मैंने नुकसान पहुंचाने वालों से भरपाई के लिए सभी उपाय शुरू करने के आदेश दिए हैं। इससे पहले दिन में बेंगलुरु दक्षिण के सांसद तेजस्वी सूर्या ने मुख्यमंत्री एदियुरप्पा को पत्र लिखकर उनसे दंगाइयों की संपत्ति जब्त करने और सार्वजनिक संपत्ति को हुए नुकसान की वसूली करने का अनुरोध किया।

# भारत समेत 20 देशों ने दिखाई रूस की स्पुटनिक वी में रुचि

## ● कोरोना वैक्सीन को लेकर रूस ने आशंकाओं को नकारा, टीके का पहला बैच दो सप्ताह में जारी करने का दावा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत,** ब्राजील, मैक्सिको, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) समेत लैटिन अमेरिका, मध्य पूर्व और एशिया के 20 देशों ने कोरोना वायरस के खात्मे के लिए रूस द्वारा बनाए गए टीके 'स्पुटनिक वी' में दिलचस्पी दिखाई है। पूरी दुनिया में कोरोना वायरस बीमारी के लिए यह पहली पंजीकृत वैक्सीन है।

दुनिया की पहली रजिस्टर्ड कोविड-19 वैक्सीन को समर्पित एक रूसी वेबसाइट ने दावा किया है कि भारत के साथ-साथ 20 अन्य देशों ने वैक्सीन हासिल करने के लिए रुचि दिखाई है। कोरोना वायरस वैक्सीन के तेजी से अनुमोदन पर विशेषज्ञों की चिंता को खारिज करते हुए रूस ने बुधवार को घोषणा की कि कोरोन वायरस के खिलाफ रूसी टीके का पहला बैच दो सप्ताह के भीतर जारी होने की उम्मीद है। रूस के स्वास्थ्य मंत्री मिखाइल मुराशको ने बुधवार को यह भी कहा कि उसे पहले ही



एक बिलियन डोज के लिए विदेशी अनुरोध मिल चुके हैं। रूसी स्वास्थ्य मंत्री ने घोषणा की है कि कोरोनो वायरस के खिलाफ टीकाकरण स्वास्थ्य कर्मियों सहित सभी के लिए स्वैच्छिक होगा। गामालेया सेंटर द्वारा विकसित किए जा रहे टीके को रूसी प्रत्यक्ष निवेश कोष (आरडीआईएफ) का भी समर्थन प्राप्त है। आरडीआईएफ की योजना विभिन्न देशों में तीसरे चरण के क्लीनिकल टेस्ट करने की है, जिसमें सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, ब्राजील, भारत और फिलीपींस शामिल हैं। यही नहीं, रूस ने इसका भारत, दक्षिण कोरिया, ब्राजील, तुर्की, क्यूबा व सऊदी अरब आदि देशों में स्थानीय संप्रभु धन कोष की साझेदारी में बड़े पैमाने पर उत्पादन शुरू कर दिया है।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मंगलवार को कहा था कि रूस मानव परीक्षण के दो महीने से कम समय के बाद कोविड-19 वैक्सीन को नियामक मंजूरी देने वाला पहला देश है। स्पुटनिक न्यूज ने रूसी अधिकारियों के हवाले से कहा कि रूसी व्यापार समूह सिस्टेमा ने पहले ही एएफके ( शेष पेज 9 )

# सुशांत सुसाइड मामले में हो-हल्ले से पवार नाराज



## ● सीबीआई जांच के खिलाफ नहीं, पर मुंबई पुलिस पर पूरा भरोसा: एनसीपी प्रमुख

## ● पार्टी नेता माजिद मेमन ने भी दिया विवादित बयान

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**अभिनेता** सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में हो-हल्ले से एनसीपी प्रमुख शरद पवार खासे नाराज हैं। शरद पवार ने कहा कि जिस तरह इस घटना को मीडिया में तवज्जो दी जा रही है, वह आश्चर्यजनक है।

यदि किसी को लगता है कि इसकी सीबीआई जांच होनी चाहिए तो उन्हें इससे कोई आपत्ति नहीं है। हालांकि उन्हें महाराष्ट्र सरकार और मुंबई पुलिस की जांच पर पूरा भरोसा है। इसके अलावा उन्होंने अजित पवार के बेटे पार्थ पवार की ओर से की गई सीबीआई जांच की मांग को खारिज करते हुए कहा कि पार्थ बच्चा है, अनुभवहीन है। इस घटना में ठाकरे परिवार को बदनाम करने की साजिश के सवाल पर एनसीपी प्रमुख ने कहा कि हमें नहीं पता कि इसके पीछे का उद्देश्य क्या है।

पवार ने कहा कि उन्हें महाराष्ट्र और मुंबई पुलिस पर पिछले पचास सालों से विश्वास है। जांच किसी से भी करवाई जाए, वह राज्य सरकार और सीबीआई का विषय है। मामले में अपनी नाराजगी स्पष्ट तौर पर जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति ने ( शेष पेज 9 )



गोरखनाथ मंदिर में जन्माष्टमी के अवसर भगवान कृष्ण की पूजा करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

# योगी ने गोरखनाथ मंदिर में मनाया भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर

**प्रदेश के** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में वैदिक मंत्र, सोहर और कृष्ण भजन के बीच जन्माष्टमी का त्योहार मनाया। बुधवार सुबह योगी आदित्यनाथ ने गुरु गोरखनाथ, महंत दिग्विजय नाथ और महंत अवैद्यनाथ का आर्शीवाद लेने के बाद मंदिर परिसर में स्थित गोशाला में कुछ समय बिताया।

मंदिर के पुजारी द्वारका तिवारी ने बताया कि मंगलवार की आधी रात को योगी ने बाल कृष्ण (नंद गोपाल) की मूर्ति को झूले में रखा। भगवान श्री कृष्ण के जन्म के बाद करीब आधे घंटे तक भजन गाए गए। इसके बाद योगी, मुख्य पुजारी कमलनाथ, मुख्य पुरोहित आचार्य रामानुज त्रिपाठी सहित अन्य लोगों ने पूजा अर्चना की। तिवारी ने बताया कि भजन का कार्यक्रम रात आठ बजे से आरंभ हो गया था।

# कोविड-19: स्वस्थ होने की दर 70 फीसद से अधिक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

## ● एक दिन में रिकॉर्ड 56,110 रोगी ठीक हुए, 60,963 नए केस, 834 मौतें हुईं

**केंद्रीय** स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि भारत में कोविड-19 से ठीक होने वालों की दर बुधवार को 70 प्रतिशत से अधिक हो गई तथा देश में एक दिन में सर्वाधिक संख्या में 56,110 मरीजों ने इस महामारी को शिकस्त दी। मंत्रालय ने कहा कि अब तक 16,39,599 लोग इस महामारी को शिकस्त दे चुके हैं। उपचाराधीन मरीजों की संख्या संक्रमण के कुल मामलों का 27.64 प्रतिशत है। इसके साथ ही मरने वालों की दर में और कमी आई है तथा यह 1.98 प्रतिशत तक रह गई है।

इसने कहा कि एक दिन में सर्वाधिक संख्या में 56,110 मरीजों का ठीक होना बीमारी को रोकने के लिए प्रभावी रणनीति, जांच क्षमता में व्यापक और तीव्र वृद्धि तथा मरीजों की मानक स्तर की चिकित्सकीय देखभाल जैसे कदमों का परिणाम है। भारत में कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों की कुल संख्या बढ़कर बुधवार को 23 लाख के पार हो गई और एक दिन में 60,963 नए मामले सामने आए तथा 24 घंटे में 834 और लोगों की मौत हो गई। सुबह आठ बजे तक के आंकड़ों के अनुसार देश में कोविड-19 से जान गंवाने वालों की कुल संख्या 46,091 हो गई है।

मंत्रालय ने कहा कि केंद्र, राज्य और केंद्रशासित प्रदेशों की सरकारों के समन्वित प्रयासों से रोगियों के ठीक होने की दर में लगातार वृद्धि हो रही है। इसने कहा, जुलाई के प्रथम सप्ताह में रोजाना औसतन 15 हजार लोग ठीक हो रहे थे। अगस्त के प्रथम सप्ताह में यह संख्या बढ़कर 50 हजार से अधिक हो गई। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा, क्योंकि अधिक रोगी ठीक हो रहे हैं और उन्हें अस्पतालों तथा गृह-पृथक-वास (हल्के और मध्यम स्तर के मामलों की स्थिति में) से छुट्टी मिल रही है, इस तरह स्वस्थ हो चुके मरीजों की ( शेष पेज 9 )

### प्रणब मुखर्जी की हालत लगातार नाजुक

**नई दिल्ली (भाषा)।** पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की हालत लगातार नाजुक बनी हुई है और वह जीवनरक्षक प्रणाली पर हैं। सेना के रिसर्च एंड रेफरल अस्पताल ने बुधवार को एक बयान में कहा, प्रणब मुखर्जी की हालत लगातार नाजुक बनी हुई है। इस समय उनकी हालत रक्त प्रवाह के लिहाज से स्थिर है और वह वेंटिलेटर पर हैं। मुखर्जी (84) को सोमवार को यहां सैन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया था और मस्तिष्क की सर्जरी से पहले उनके कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई थी। उन्हें देख रहे डॉक्टरों ने कहा कि मंगलवार को पूर्व राष्ट्रपति की हालत बिगड़ गई और उनकी स्थिति में सुधार का कोई लक्षण नहीं दिखा है। पूर्व राष्ट्रपति की पुत्री एवं कांग्रेस नेता शर्मिष्ठा मुखर्जी ने अपने पिता के स्वास्थ्य के लिए भगवान से प्रार्थना की। उन्होंने ट्वीट किया, पिछले साल आठ अगस्त का दिन मेरे लिए सर्वाधिक प्रसन्नता के दिनों में से एक था जब मेरे पिता को भारत रत्न मिला था। ठीक एक साल बाद 10 अगस्त को वह गंभीर रूप से बीमार हो गए। शर्मिष्ठा ने लिखा, उनके पिता के लिए जो भी सर्वश्रेष्ठ हो, ईश्वर वह करें और मुझे जीवन में आने वाले खुशी और दुख के क्षणों को समान रूप से सहने की शक्ति प्रदान करें।

### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 38,369 | ↓ 37 | |
| निफ्टी | 11,308 | ↓ 14 | |
| सोना | 52,946 | ↓ 1228 | /10g |
| चांदी | 67,584 | ↓ 5172 | /kg |

### क्विक न्यूज

#### अमेरिका में उपराष्ट्रपति की प्रत्याशी बनीं कमला हैरिस

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडेन ने भारतीय मूल की सीनेटर कमला हैरिस को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार चुना है। ऐसा पहली बार हुआ है, जब कोई काली महिला देश की किसी बड़ी पार्टी की ओर से उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनी है। यदि हैरिस उपराष्ट्रपति बन जाती है, तो वह इस पद पर आसीन होने वाली अमेरिका की पहली महिला होगी और देश की पहली भारतीय-अमेरिकी और अफ्रीकी उपराष्ट्रपति होगी। हैरिस (55) के पिता अफ्रीकी (जमैका से) और मां भारत के तमिलनाडु से है। वह अमेरिका के कैलिफोर्निया से सीनेटर है। बाइडेन (77) ने एक लिखित संदेश में इसकी घोषणा कर कई दिनों से जारी अटकलों का समाप्त कर दिया। (विस्तृत पेज 11)

# राजधानी में मिले 475 नए मरीज, सात की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजधानी** लखनऊ में कोरोना वायरस की चेन टूटने का नाम नहीं ले रही है। बुधवार को राजधानी में 475 मरीज सामने आए हैं। वहीं इलाज के दौरान 7 मरीजों ने दम तोड़ दिया। राजधानी में आज पुलिस कमिश्नरेट के कई पुलिस कर्मचारी कोरोना पॉजिटिव पाए गए है। इंदिरा गांधी आई हास्पिटल में कार्यरत आधा दर्जन कर्मचारी कोरोना संक्रमित पाए गए। इसके अलावा 316 मरीजों को पूरी तरह से ठीक होने के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया है। राजधानी के हजरतगंज में 29, ठाकुरगंज में 25, इंदिरा नगर में 23, आलमबाग में 21, गोमती नगर में 20, तालकटोरा में 19, महानगर में 17, कैंट में 16, सरोजनी नगर में 15, चौक में 14, रायबरेली रोड में 12 ( शेष पेज 9 )

### सूबे में मिले कोरोना के 4,583 नए मरीज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सूबे** में कोरोना वायरस के बुधवार को 4583 नए मरीज पाए गए हैं। जबकि 49347 केस एक्टिव बताए गए हैं। वहीं अभी तक प्रदेश में 2230 मरीजों की मौत हो चुकी है। विभाग के मुताबिक अभी तक प्रदेश में 134008 केस कोरोना के मिल चुके हैं। आज 4073 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया। अभी तक सूबे में 84661 संक्रमित मरीज ठीक किये जा चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक आज लखनऊ में 475, कानपुर में 223, नोएडा में 84, गाजियाबाद में 100, वाराणसी में 166, ( शेष पेज 9 )

# करगिल गर्ल पर वायुसेना को ऐतराज, सेंसर बोर्ड को लिखा पत्र

## ● महिला पायलट गुंजन सक्सेना पर बनी फिल्म में अपनी नकारात्मक छवि दिखाने पर प्रोडक्शन हाउस को भी फटकारा

## ● जाह्न्वी कपूर ने निभाई है मुख्य भूमिका, 12 अगस्त को ही रिलीज हुई है फिल्म

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई



फिल्म गुंजन सक्सेना: द कारगिल गर्ल का एक दृश्य जिसमें जाह्न्वी कपूर ने मुख्य भूमिका निभायी है

**फिल्म** गुंजन सक्सेना: द कारगिल गर्ल में अपनी कथित नकारात्मक भूमिका दिखाए जाने पर भारतीय वायु सेना (आईएएफ) ने कड़ी नाराजगी जताई है। आईएएफ ने इस संबंध में केंद्रीय फिल्म बोर्ड को पत्र लिखकर न केवल आपत्ति दर्ज कराई बल्कि फिल्म में सुधार के लिए सुझाव भी दिए हैं। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन द्वारा बनाई गई यह बुधवार को ही रिलीज हुई। इसमें जाह्न्वी कपूर ने मुख्य भूमिका निभाई है। अपने पत्र में आईएएफ ने नेटफ्लिक्स और धर्मा प्रोडक्शंस दोनों पर एयरफोर्स की छवि खराब करने का आरोप लगाया है।

सेंसर बोर्ड को लिखे अपने पत्र में आईएएफ ने कहा है कि धर्मा प्रोडक्शंस ने प्रामाणिकता के साथ भारतीय वायु सेना का प्रतिनिधित्व करने के लिए सहमति व्यक्त की थी और यह सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास किए थे कि यह फिल्म अगली पीढ़ी के अधिकारियों को प्रेरित करने में मदद करेगी, लेकिन हाल ही में जब फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया तो इसे देखकर अनुमान लगाया गया कि फिल्म के कुछ सीन और डायलॉग में भारतीय वायुसेना की छवि को गलत तरीके से पेश किया गया है। पत्र में यह भी कहा गया है कि स्क्रीन पर पूर्व फ्लाइट लेफ्टीनेंट गुंजन सक्सेना के किरदार को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाने के लिए धर्मा प्रोडक्शन ने कुछ स्थितियों को भ्रामक अंदाज में पेश किया है। इससे आईएएफ में खासकर महिलाओं के प्रति कार्य संस्कृति को गलत तरीके पेश किया गया है।

महिलाओं से एयरफोर्स के रवैये को लेकर वायुसेना का कहना है कि हमारा संगठन लिंग भेद नहीं करता है। भारतीय वायुसेना पुरुष और महिला कर्मियों दोनों को समान अवसर देती है। आईएएफ ने अपने पत्र में धर्मा प्रोडक्शंस से आपत्तिजनक सीन को हटाने और फिल्म में जरूरी सुधार की सलाह भी दी है। बता दें कि बीते 1 अगस्त को ही जाह्नवी कपूर स्टारर गुंजन सक्सेना: द कारगिल गर्ल फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया था, जिसे दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली। यह फिल्म 12 अगस्त को रिलीज की गई है। यह फिल्म इंडियन एयरफोर्स में पहली महिला पायलट गुंजन सक्सेना की जिंदगी पर आधारित है जो 1999 में करगिल युद्ध का हिस्सा रही थीं। गुंजन वार जोन में हेलीकॉप्टर उड़ाने वाली पहली महिला पायलट भी थीं और उन्होंने युद्ध क्षेत्र से घायल जवानों को निकालने में काफी साहस से काम किया था। युद्ध के दौरान अदम्य साहस का परिचय देने के लिए उन्हें गैलंट्री शौर्य वीर अवार्ड दिया गया था।

विधायक से मारपीट की घटना का सीएम ने लिया संज्ञान

# एएसपी का तबादला, एसओ निलंबित

बीजेपी विधायक राजकुमार सहयोगी का आरोप है कि गौंडा थाने में एसओ सहित तीन दारोगा ने उन पर हमला बोल दिया और कपड़े भी फाड़ दिए। वहीं एसओ का कहना है कि विधायक ने ही सबसे पहले हाथ उठाया था।



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने जनपद अलीगढ़ में भाजपा विधायक राजकुमार सहयोगी के साथ गौंडा थाने में हुई मारपीट की घटना का संज्ञान लेते हुए पुलिस महानिदेशक को इस सम्बन्ध में प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके बाद अलीगढ़ के अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अतुल शर्मा को तत्काल जिले से स्थानांतरित करने के साथ ही स्थानीय थानाध्यक्ष अनुज सैनी को निलंबित कर दिया गया है। डीजीपी ने आईजी जोन अलीगढ़ को इस प्रकरण के सम्बन्ध में बृहस्पतिवार तक अपनी विस्तृत आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं ।

अलीगढ़ में बीजेपी विधायक राजकुमार सहयोगी और थानाध्यक्ष अनुज सैनी के बीच बुधवार को मारपीट हो गई थी। बीजेपी विधायक राजकुमार सहयोगी का आरोप है कि गौंडा थाने में एसओ सहित तीन दारोगा ने उन पर हमला बोल दिया और कपड़े भी फाड़ दिए। वहीं एसओ का कहना है कि विधायक ने ही सबसे पहले हाथ उठाया था। बताया जा रहा है कि बीजेपी विधायक राजकुमार सहयोगी पार्टी कार्यकर्ता के साथ बीते दिनों हुए झगड़े के मामले में थाने में बातचीत करने पहुंचे थे।

## जवान शहीद, मुख्यमंत्री ने जताया दुख परिजनों को आर्थिक सहायता की घोषणा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में आतंकवादियों से मुठभेड़ में सेना के शहीद जवान जौनपुर निवासी जिलाजीत यादव के शौर्य और वीरता को नमन करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने शहीद के परिजनों को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता भी प्रदान करने की घोषणा की है। उन्होंने परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने तथा जनपद की एक सड़क का नामकरण शहीद के नाम पर करने की भी घोषणा की है। सीएम ने कहा है कि राष्ट्र की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले शहीद के सर्वोच्च बलिदान को सदैव याद रखा जाएगा। उन्होंने शहीद के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि शोक की इस घड़ी में राज्य सरकार उनके साथ है। शहीद के परिवार को हर संभव मदद प्रदान की जायेगी।

# डिप्टी सीएम व ऊर्जा मंत्री समेत 16 मंत्रियों की बिजली कटी

● तकनीकी खराबी के कारण जहां-जहां स्मार्ट मीटर लगे हैं वहां एकाएक बिजली हुई गुल, ऊर्जा मंत्री ने दिए जांच के आदेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** में लगे स्मार्ट मीटरों का हाल यह है कि डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य व ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा सहित 16 मंत्रियों के सरकारी बंगले की बिजली आटोमैटिक कट गई। इसके बाद विभाग में हड़कंप मच गया कि आखिर बिजली गुल क्यों हो गई। मामले की जानकारी होने पर श्रीकान्त शर्मा ने यूपीपीसीएल अध्यक्ष अरविंद कुमार को जांच के निर्देश दिए हैं। साथ ही इस गलती के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई के लिए भी कहा है। भविष्य में इस तरह की गलतियां न हों इसके लिए भी जरूरी कार्रवाई के लिए कहा है। यहां पर सभी प्री पेड मीटर लगे थे।

लखनऊ सहित पूरे प्रदेश में जिन घरों में स्मार्ट मीटर लगा है, आज शाम से उनके यहां कनेक्शन ऑटोमेटिक कट गए। हालांकि इस दौरान काफी ऐसे उपभोक्ताओं के यहां भी बिजली का कनेक्शन कट गया है, जिन्होंने पूरे बिल जमा कर दिए हैं। इससे नाराज होकर लोग उपकेंद्र पर पहुंचे और हंगामा किया।

बिजली महकमे के स्मार्ट मीटरों ने बुधवार को उपभोक्ताओं को रुला दिया। शाम पांच बजे स्मार्ट मीटर वाले प्रदेश के लाखों उपभोक्ताओं के घरों की बत्ती गुल हो गई। जगह-जगह लोगों ने प्रदर्शन किया। डेढ़ दर्जन से अधिक मंत्रियों के सरकारी आवास, अस्पताल, अपार्टमेंट, वाणिज्यिक प्रतिष्ठान भी इस समस्या की जद में रहे। सूचना के बाद शक्ति भवन स्थित यूपीपीसीएल मुख्यालय में हड़कंप मच गया। मंत्री श्रीकांत शर्मा व यूपीपीसीएल चेयरमैन अरविंद कुमार इस दिक्कत को दूर कराने में देर शाम तक जुटे हुए थे। शाम पांच बजे शक्ति भवन स्थित कमांड सेंटर के साफ्टवेयर में आई तकनीकी खराबी के कारण लखनऊ के साथ ही आगरा, मथुरा, मेरठ, गोरखपुर, वाराणसी, गाजियाबाद, नोएडा आदि शहरों में स्मार्ट मीटर वाले कनेक्शन की बत्ती गुल हुई। मीटरों तक बिजली पहुंच रही थी लेकिन उससे आगे बिजली की सप्लाई नहीं थी। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के दिन हजारों की संख्या में उपभोक्ताओं के घर पर लगे स्मार्ट मीटर अचानक बंद हो जाने से उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति ठप हो गई और प्रदेश भर में विद्युत उपकेंद्र पर उपभोक्ताओं की भारी भीड़ एकत्र हो गई जिसे संभालने में विद्युत अभियंताओं और कर्मचारियों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ा। इतने बड़े पैमाने पर हुई बिजली ट्रिपिंग के लिए स्मार्ट मीटरिंग का काम देखने वाली निजी कंपनी को जिम्मेदार ठहराते हुए उप्र राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ ने सारे मामले की उच्च स्तरीय निष्पक्ष तकनीकी जांच कराने की मांग की है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद अभियन्ता संघ के अध्यक्ष वीपी सिंह एवं महासचिव प्रभात सिंह ने बताया की जीनस कंपनी के 90 प्रतिशत से अधिक स्मार्ट मीटर आज सॉफ्टवेयर की तकनीकी गड़बड़ी के चलते अचानक ठप हो गए। स्मार्ट मीटर के सरवर की देखरेख का काम निजी कंपनी एलएन्डटी और ईईएसएल के पास है। उन्होंने बताया कि पावर कारपोरेशन के अभियंताओं के पास ट्रिपिंग हो जाने के बाद जोड़ने का अधिकार नहीं है ऐसे में ट्रिपिंग का और उसके बाद आपूर्ति बहाल ना होने की सारी जिम्मेदारी निजी कंपनियों की है। उन्होंने कहा की निजीकरण से उपभोक्ताओं को होने वाली परेशानियों की यह एक छोटी झांकी है। उन्होंने सारे प्रकरण की उच्च स्तरीय तकनीकी जांच कराने एवं निजी कंपनियों के करार रद्द करने की मांग की है।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मैं आर्मी नं0 JC542114P रैन्क नायब सूबेदार राकेश कुमार सिंह पुत्र स्व0 परमदेव सिंह, यूनिट 15 कुमाऊँ मार्फत 56 एपीओ मेरे सैन्य सेवा अभिलेख में मेरी पत्नी का नाम Smt. Ritu Singh व जन्म तिथि 06.02.1980 त्रुटिवश अंकित हो गयी है, जबकि उनका वास्तविक नाम Smt. Reetu Singh व जन्मतिथि 20.02.1983 है। जिसको मेरी आर्मी दस्तावेजों में दर्ज किया जाना नितान्त आवश्यक है।

**सूचना**

मैं आर्मी नं. 4197495-M रैंक हवलदार जन्मेजय कुमार सिंह पुत्र स्व0 झुल्लुर सिंह, यूनिट 15 कुमाऊँ मार्फत 56 एपीओ मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पुत्री का नाम Janvi त्रुटिवश अंकित हो गया है। जबकि उसका वास्तविक नाम Jaanvi Singh है। जिसको मेरी आर्मी रिकार्ड में दर्ज किया जाना नितान्त आवश्यक है।

**सूचना**

मैं आर्मी नं. 4199673H रैन्क नवीन चन्द्र जोशी पुत्र श्री कैलाश चन्द्र जोशी यूनिट 15 कुमाऊँ मार्फत 56 एपीओ मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नी (श्रीमती प्रेमा जोशी) की जन्म तिथि त्रुटिवश 03.12.1986 अंकित हो गयी है, जबकि उनकी वास्तविक जन्मतिथि 03.07.1989 है। जिसको मेरी आर्मी रिकार्ड में दर्ज किया जाना नितान्त आवश्यक है।

**सूचना**

मैं आर्मी नं. 4199673H रैन्क L/Nk नवीन चन्द्र जोशी पुत्र श्री कैलाश चन्द्र जोशी यूनिट 15 कुमाऊँ मार्फत 56 ए0पी0ओ0 मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पुत्री का नाम Bineeta Joshi त्रुटिवश दर्ज हो गया है, जबकि उसका वास्तविक नाम Vinita Joshi है। जिसको मेरी आर्मी के दस्तावेजों में दर्ज किया जाना नितान्त आवश्यक है।

**सूचना**

मैं आर्मी नं0 JC542114P रैन्क नायब सूबेदार राकेश कुमार सिंह पुत्र स्व0 परमदेव सिंह, यूनिट 15 कुमाऊँ मार्फत 56 एपीओ मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पुत्र रजत सिंह की जन्म तिथि 07.10.2004 त्रुटिवश दर्ज हो गयी है, जबकि उसकी वास्तविक जन्मतिथि 07.10.2007 है। जिसको मेरी आर्मी के दस्तावेजों में दर्ज किया जाना नितान्त आवश्यक है।

**आवश्यकता**

**Maa Chandrika Devi Institute of Paramedical Sciences**
(Run by Maa chandrika Devi Educational Society)

**For B.Sc. (Nursing) Course/ Session 19-2020**

- **Principal : 01 Post**
- (M.Sc. (Nursing) with 15 years of experience)
- **Vice Principal:01 Post**
- (M.Sc. (Nursing) with 12 years of experience)
- **Associate Professor:02 Post**
- (M.Sc. (Nursing) with 08 years of experience)
- **Assistant Professor:03 Post**
- (MiSc. (Nursing) with 03 years of experience)
- **Tutor:02 Post-**
- (M.Sc. Nursing or B.Sc. (Nursing) with 01 year of experience)

**Eligibility Salary and other Norms**
As per INC and Dr.RML Awadh University, Ayodhya.
Send/submit your resume th: ough post or mail to **medips2017 @gmail.com**
**Add:- Bhauli Bakshi ka Talab Lucknow**
**Mr.Salil Srivastava (Administrative)**
**Phone No. 7355304625.**

## यूपी प्रवासी भारतीय रत्न पुरस्कार के लिए बैठक कल

**लखनऊ।** यूपी प्रवासी भारतीय रत्न पुरस्कार 2020 के लिए आठ एनआरआरई के नाम की चयन प्रक्रिया शुरू हो गई है। अगले एक-दो दिनों में नाम भी चयन कर लिया जाएगा। इसके लिए अब तक विभिन्न क्षेत्रों में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने के लिए 24 लोगों के नाम छांटे गए हैं। इसके लिए चयन समिति की बैठक 14 अगस्त को लखनऊ में होगी। इस संबंध में एनआरआई विभाग के अपर मुख्य सचिव आलोक कुमार ने चयन समिति के सदस्यों से इस बैठक में आनलाइन शामिल होने को कहा है। चयन समिति द्वारा तय नामों को विशेष समारोह में पुरस्कृत किया जाता है। एनआरआई विभाग के अनुसार विज्ञान क्षेत्र से चार, प्रौद्योगिकी से तीन, संस्कृति से दो, शिक्षा से चार जनसेवा से तीन वाणिज्य से दो व अन्य विधा से तीन लोग इस पुरस्कार के लिए तय किए गए हैं। अंतिम 8 की सूची चयन समिति तय करेगी। यह सभी एनआरआई यूपी के विभिन्न शहरों के रहने वाले हैं।

# कोरोना से निपटने के लिए सरकार के पास कोई नीति नहीं: अखिलेश



● चिकित्सालयों द्वारा सरकार के निर्देशों की अवहेलना की जा रही है

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि प्रदेश में कोरोना संक्रमण तेजी से बढ़ रहा है, खासतौर पर लखनऊ की हालत चिंताजनक बनी हुई है। इस महामारी से निपटने के लिए राज्य सरकार कोई नीति नहीं बना सकी है। चिकित्सालयों द्वारा सरकार के निर्देशों की अवहेलना की जा रही है। जिस वजह से बड़ी संख्या में संक्रमित रोगियों को चिकित्सा सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

लखनऊ में सबसे अधिक सक्रिय केस हैं लेकिन अस्पतालों में बेड सीमित संख्या में ही है। एसजीपीजीआई, केजीएमयू और राम मनोहर लोहिया अस्पताल के पास काफी बेड हैं लेकिन कोरोना मरीजों के लिए चंद बेड ही आरक्षित किये गये हैं। एसजीपीजीआई, केजीएमयू और राम मनोहर लोहिया अस्पताल की बेड क्षमता का पूरा उपयोग नहीं हो रहा है। अखिलेश ने कहा कि अब तक प्रदेश में कुल संक्रमित 1,31,935 मरीज मिल चुके हैं। इनमें 2176 संक्रमितों की मौत हो चुकी है। कोरोना मरीजों के मामले में कुल 22 देश हैं, जहां उत्तर प्रदेश से ज्यादा संक्रमित हैं। इसकी चपेट में मंत्री, विधायक, अधिकारी सभी आ रहे हैं। राजधानी में एक वर्ष की मासूम बच्ची भी अपनी जान गंवा बैठी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कई बार अस्पतालों में बेड बढ़ाने का निर्देश दे चुके हैं, लेकिन अधिकारी अनसुना कर रहे हैं।

## प्रियंका ने बिजली दर घटाने की मांग को जायज ठहराया



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद की तरफ से राज्य सरकार से किसानों तथा आम नागरिकों के हितों के मद्देनजर बिजली दर कम करने की मांग को सही ठहराया है। प्रियंका गांधी ने बुधवार को ट्वीट कर कहा कि जनता कहती है, उत्तर प्रदेश में बिजली की दरें कम्पनियों के फायदे के लिए बढ़ाई गई हैं। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद की तरफ से घरेलू फिक्स्ड चार्ज तथा कमर्शियल न्यूनतम चार्ज खत्म करने और किसानों के लिए बिजली दरों में कमी किए जाने की मांग एकदम जायज है। राज्य सरकार को इस पर विचार करना चाहिए।

# ट्रांसफार्मरों की गुणवत्ता की होगी जांच

● बार-बार फुंकने की शिकायतों के बाद कारपोरेशन ने उठाया कदम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बढ़ती** उमस और गर्मी को देखते हुए लगातार फुंक रहे ट्रांसफार्मर की गुणवत्ता जांच पावर कारपोरेशन कराएगा। चारों मंडलों में ट्रांसफार्मर फुंकने व समय से न बदलने की शिकायतों पर ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा के निर्देश के बाद पावर कारपोरेशन ने जांच के निर्देश दिए है। इनमें झांसी व बांदा मंडल में सबसे ज्यादा शिकायतें आ रही हैं। पावर कारपोरेशन के सीएमडी अरविंद कुमार ने संबन्धित डिस्काम के एमडी को निर्देशित किया है कि कहीं भी दो बार से ज्यादा ट्रांसफार्मर फुंका है तो उसकी अलग से जांच करवाकर जवाबदेही तय की जाए। अधिशाषी अभियंता से लेकर सभी जिम्मेदार बिजली कर्मियों से जवाब तलब किया जाए। लगातार ट्रांसफार्मर फुंकने की शिकायत पर सीएमडी ने झांसी वर्कशॉप की जांच कराने के निर्देश दिए हैं। सीएमडी ने कहा कि गुणवत्ता में कमी मिलने पर संबन्धित कंपनियों को काली सूची में डाला जाए और उनके भुगतान भी रोक दिए जाएं। निर्देश में कहा गया है कि संबन्धित कंपनी से ट्रांसफार्मर की आपूर्ति लिए जाने पर जितने दिन की गारंटी दी जाए यदि उससे पहले ट्रांसफार्मर में कोई खराबी आती है तो कंपनी को दोषी मानते हुए उनसे जवाब लिया जाए। इसके अलावा जन सुविधाओं को बेहतर करने के लिए उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी 1912 की शिकायतों और टेलीफोन पर आने वाली शिकायतों को भी तेजी से निस्तारित करें। उपभोक्ता की संतुष्टि ही हमारी संतुष्टि है, इस बात का विशेष ध्यान रखें।

**एस0जे0 एजूकेशन सेंटर**
रमईपुर, कानपुर नगर-209214 (अल्पसंख्यक संस्थान)
हेल्पलाइन नं. 9451443133

बी०एड० – 2020 में प्रबंधकीय कोटे पर प्रवेश हेतु 25.08.2020 तक आवेदन करें। प्रवेश परीक्षा 01.09.2020 को महाविद्यालय परिसर में सम्पन्न होगी। प्रवेश मेरिट के आधार पर होंगे। योग्यता एवं अर्हता उ.प्र. सरकार / एन.सी.टी.ई. के अनुसार होगी। अल्पसंख्यक आवेदकों को वरीयता दी जायेगी।

प्राचार्य

## कांग्रेस ने आजादी के महानायकों के साथ सेल्फी कार्यक्रम मनाया

**लखनऊ।** प्रदेश युवा कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे आजादी मेरा अभिमान कार्यक्रम की कड़ी में बुधवार को चौथे दिन लखनऊ जनपद में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के द्वारा आजादी के महानायकों के साथ सेल्फी का कार्यक्रम राजधानी के अलग-अलग क्षेत्रों में चलाया गया। उप्र युवा कांग्रेस पूर्वी के लखनऊ प्रभारी सूर्य प्रकाश सिंह ने बताया कि हम जश्न-ए-आजादी का कार्यक्रम एक सप्ताह तक चलाकर पूरे प्रदेश में अलग अलग कार्यक्रमों के माध्यम से आजादी के महान विभूतियों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि देकर और उनके योगदान को प्रदेश भर में युवाओं तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। उसी कड़ी में युवा कांग्रेस द्वारा आज स्वाधीनता के महानायकों के साथ सेल्फी का कार्यक्रम चलाया गया, जिसमें लखनऊ जनपद के अलग अलग इलाकों में लोगों ने युवा कांग्रेस के द्वारा लगाये सेल्फी प्वाइन्ट पर महापुरुषों के साथ सेल्फी ली।

## प्रीतम सिंह ने प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त का पदभार संभाला

**लखनऊ।** भारतीय राजस्व सेवा के वरिष्ठ अधिकारी प्रीतम सिंह ने बुधवार को लखनऊ में प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त के पद पर अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इससे पहले वे अहमदाबाद में इसी पद पर तैनात थे। श्री सिंह ने निवर्तमान अजय दास महरोत्रा से यह कार्यभार ग्रहण किया। वे अहमदाबाद के अलावा चंडीगढ़ और मुबंई में भी तैनात रह चुके हैं।

**माँ शीतला देवी त्रियुगी नरायण महिला महाविद्यालय**
अरौल मकनपुर रोड, बरण्डा कानपुर नगर-209202 (अल्पसंख्यक संस्थान)
हेल्पलाइन नं. 9792899998

बी०एड० – 2020 में प्रबंधकीय कोटे पर प्रवेश हेतु 26.08.2020 तक आवेदन करें। प्रवेश परीक्षा 02.09.2020 को महाविद्यालय परिसर में सम्पन्न होगी। प्रवेश मेरिट के आधार पर होंगे। योग्यता एवं अर्हता उ.प्र. सरकार / एन.सी.टी.ई. के अनुसार होगी। अल्पसंख्यक आवेदकों को वरीयता दी जायेगी।

प्राचार्य

**भागवन्ती एजूकेशन सेन्टर डिग्री कालेज**
(अल्पसंख्यक संस्थान)
मन्धना बिठूर रोड, कानपुर ।
सम्बद्ध– सी.एस.जे.एम., विश्वविद्यालय, कानपुर

**बी.एड 2020 में प्रवेश**

अल्पसंख्यक संस्थान में अल्पसंख्यक प्रबन्धकीय कोटे के अन्तर्गत बी.एड. सत्र 2020–22 में प्रवेश हेतु आवेदन आंमत्रित है, अर्हता उत्तर प्रदेश शासन के मानकानुसार होगीं। इच्छुक अभ्यर्थी बी.एड. 2020 प्रवेश परीक्षा फॉर्म महाविद्यालय के कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। प्रवेश परीक्षा फॉर्म जमा करने की अन्तिम तिथि 28.08.2020 तथा परीक्षा दिनांक 04.09.2020 को कालेज परिसर में होंगी। बी.एड. प्रवेश परीक्षा दिनांक–04.09.2020 में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थी का प्रवेश मेरिट के आधार पर होगा। अल्पसंख्यक अभ्यर्थियों को वरीयता दी जायेंगी। डाक व कोरियर द्वारा भेजे गये फॉर्म स्वीकृत नहीं होंगे।

प्रबन्धक

## अनुपस्थित चल रहे संविदा शिक्षकों और कर्मचारियों की सेवाएं होंगी समाप्त

**लखनऊ।** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में लगातार अनुपस्थित चल रहे संविदा शिक्षकों और कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त किये जाने के आदेश महानिदेशक स्कूली शिक्षा ने दिए हैं। यह आदेश प्रेरणा पोर्टल पर मौजूद ब्यौरे के आकलन के बाद के बाद दिए गए हैं। महानिदेशक स्कूली शिक्षा विजय किरन आनंद ने कहा है कि ऐसे शिक्षकों की संविदा खत्म न करना बेसिक शिक्षा अधिकारियों की काम के प्रति लापरवाही सिद्ध होती है। वहीं उन्होंने स्कूल में समयबद्ध उपस्थित पर बल दिया है और कहा है कि यदि शिक्षक समय पर स्कूल नहीं आएंगे तो इसके लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व जिला समन्वयक जिम्मेदार होंगे। महानिदेशक ने गत 16 जुलाई का डैशबोर्ड के आधार पर समीक्षा की है। 16 जुलाई को प्रदेश के 746 केजीबीवी में कार्यरत 9369 शिक्षकों व कर्मचारियों में से केवल 7377 उपस्थित थे। इसमें से 6353 कर्मचारी समय के बाद स्कूल पहुंचे और 881 स्कूल खत्म होने से पहले ही स्कूल से निकल गए। बता दें कि केजीबीवी में अभी तक 56 शिक्षक फर्जी पाए गए हैं। इनके खिलाफ एफआईआर दर्ज हो चुकी है। वहीं लगभग 70 शिक्षकों को संदिग्ध की श्रेणी में रखते हुए प्रमाणपत्र सत्यापन के लिए भेजे गए हैं।

## राज्यसभा के लिए जयप्रकाश निषाद आज भरेंगे पर्चा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राज्यसभा** के बीजेपी उम्मीदवार जयप्रकाश निषाद का निर्विरोध चुना जाना लगभग तय है। अभी तक कोई अन्य दल का प्रत्याशी सामने नहीं आया है। 13 अगस्त नामांकन की अंतिम तारीख है। गुरुवार को सुबह दस बजे निषाद दस विधायकों के साथ बीजेपी पार्टी दफ्तर से विधान भवन नामांकन दाखिल करने जाएंगे। उनके साथ डिप्टी सीएम केशव मौर्य रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भी संभावना जताई जा रही है कि वह नामांकन दाखिल कराने के लिए आ सकते हैं। कोविड को देखते हुए कम से कम लोगों को ही शामिल होने की अनुमति होगी। इसमें पार्टी के दस विधायक प्रस्तावक के रूप में होंगे। नामांकन के अंतिम दिन भी कोई अन्य प्रत्याशी नहीं आया तो चुनाव नहीं होगा और निषाद निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिए जाएंगे।

## कारपोरेट घरानों व बिजली कंपनियों की कठपुतली बन चुकी है सरकार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**कांग्रेस** ने प्रस्तावित नयी विद्युत दरों के प्रस्ताव को आम जानता के साथ धोखा करार देते हुए इस कदम को प्रदेश की जनता बोझ बढ़ाने वाला कदम बताया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा कि योगी सरकार कार्पोरेट घरानों और बिजली कंपनी की हाथों की कठपुतली बन चुकी है और योगी सरकार राज्य के लोगों को इस आपदकाल में भी कोई राहत प्रदान करने नहीं जा रही है। योगी सरकार बिजली की दर बढ़ाकर आम जनता पर और मुसीबतें बढ़ाने का काम करने जा रही है। लल्लू ने कहा कि योगी राज में प्रदेश की जनता ध्वस्त हो चली कानून व्यवस्था और कोरोना महामारी से पीड़ित थी। ऐसे में बिजली दरों को बढ़ाये जाने से उसकी आर्थिक कमर टूट जाएगी। उन्होंने ने योगी सरकार से मांग की है कि आम उपभोक्ताओं को राहत के वास्ते सरकार को कोरोना काल का बिजली बिल माफ़ करना चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद की सिफारिशों पर यूपी इलेक्ट्रिसिटी रेग्युलरिटी अथॉरिटी को ध्यान देना चाहिए, जो बढ़ी बिजली दरों को कम किये जाने की सिफारिश कर रही है । उन्होंने योगी सरकार पर हमला करते हुए कहा कि प्रदेश की जनता ध्वस्त कानून व्यवस्था, गुंडों, कोरोना और बाढ़ से पीड़ित चल रही है । सरकार उस पर ध्यान नहीं दे रही है ।

**उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज**

क्रमांकः उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/ नि./कानपुर/20-21/निविदा-112 दिनांकः 10.08.2020

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/नि./कानपुर के निम्नलिखित कार्य हेतु ई-टेन्डरिंग के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

| ई-निविदा सूचना संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अमानत राशि |
|---|---|---|---|
| उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/ नि./कानपुर/ 20-21/निविदा-112 | आरओबी आरयूबी (चरण-4) के निर्माण के समय 25 केवी, एसी ओएचई के मॉडिफिकेशन का कार्य, उप मुख्य विद्युत इंजीनियर (निर्माण) कानपुर, प्रयागराज डिवीजन, उत्तर मध्य रेलवे के अधिकार क्षेत्र के तहत आते है। | ₹ 2,40,11,858/- | ₹ 2,70,100/- |

निविदा प्रपत्र का मूल्यः NIL निविदा बंद होने की तिथि तथा समयः 09.09.2020, 12:00 बजे स्वीकृत पत्र जारी होन के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः 12 माह। वैलिडिटि पीरियडः 45 दिन। निविदा दिनांक 09.09.2020 को 12:00 बजे तक आन लाईन जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। 857/20(D)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

# स्वतंत्रता दिवस पर 119 जेल कर्मियों को मिलेंगे प्रशंसा चिन्ह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डीजी** जेल आनंद कुमार ने जेल प्रशासन के इतिहास में पहली बार स्वच्छ और कर्तव्यनिष्ठ चरित्र के जेल कर्मियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 15 अगस्त 2019 से प्रत्येक गणतंत्र दिवस और स्वाधीनता दिवस को कमेंडेशन डिस्क दिए जाने की परंपरा प्रारम्भ की है। इसी के क्रम में आगामी स्वतंत्रता दिवस पर कारागार विभाग के विभिन्न स्तर के अधिकारियों, कर्मचारियों के लिए कुल 119 कमेंडेशन डिस्क प्रदान करने की घोषणा की गई है।

जिसमें एक उप महानिरीक्षक कारागार, 3 वरिष्ठ जेल अधीक्षक, 10 जेलर, 17 पुरुष डिप्टी जेलर, 2 महिला डिप्टी जेलर, 19 पुरुष जेल हेड वार्डर, 4 महिला जेल हेड वार्डर, 37 जेल वार्डर, 5 आशु लिपिक, एक प्रधान सहायक, 3 वरिष्ठ सहायक, 6 कनिष्ठ सहायक, एक विद्युतकार और 4 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सम्मिलित हैं। जेल मुख्यालय के प्रवक्ता संतोष वर्मा का कहना है कि डीजी जेल आनंद कुमार ने प्रदेश की प्रायः सभी जेलों का निरंतर और सघन निरीक्षण करके जेलों में कार्य की दशाओं, बन्दियों और जेल कार्मिकों की समस्याओं को समझा तथा जेलों की व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए बड़े और परिवर्तनकारी कदम उठाए। जेलों में जेल कार्मिकों को थका देने वाली कठिन कार्य परिस्थितियों, दंड की बारम्बारता और बहुतायत, पुरस्कार ,सम्मान की अनुपस्थिति को उन्होंने जेल कर्मियों में अवसाद का प्रमुख कारण माना। यही वजह है कि उन्होंने जेल कर्मियों के मनोबल को बढ़ाने के लिए कमेंडेशन डिस्क देने की शुरुआत की। स्वतंत्रता दिवस पर प्रमुख रूप से जिन लोगों को सम्मानित किया जाएगा उनमें आगरा-मेरठ परिक्षेत्र के डीआईजी लव कुमार, जिला जेल मथुरा के वरिष्ठ अधीक्षक शैलेंद्र कुमार मेत्रैय, आदर्श जेल लखनऊ के वरिष्ठ अधीक्षक आरएन पांडे, जिला जेल गोरखपुर के वरिष्ठ अधीक्षक रामधनी, जिला जेल रामपुर के अधीक्षक प्रेमदास सलौनिया, जिला जेल सिद्धार्थनगर के अधीक्षक राकेश सिंह, जिला जेल सीतापुर के अधीक्षक दिनेश चंद्र मिश्रा, जिला जेल बहराइच के अधीक्षक अवनेंद्र नाथ त्रिपाठी, जिला जेल कन्नौज के अधीक्षक विष्णु कांत मिश्रा और कौशांबी जिला जेल के अधीक्षक भीमसेन मुकुंद शामिल हैं।

## राजीव त्यागी के निधन पर प्रमोद तिवारी व आराधना मिश्रा ने दुख जताया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी एवं पार्टी विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा ने कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता यूपी कांग्रेस के पूर्व मीडिया कोऑर्डिनेटर राजीव त्यागी के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है । नेता द्वय ने कहा है कि त्यागी एक मृदुभाषी सरल एवं सौम्य स्वभाव के व्यक्ति थे। जिनका संपूर्ण जीवन गरीबों एवं असहाय लोगों के लिये समर्पित रहा। उनके आकस्मिक निधन से हमने कांग्रेस पार्टी का एक प्रखर वक्ता खो दिया है । हम उनको अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि उनके परिवार को इस दारुण दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

**कार्यालय जिला पंचायत, सोनभद्र ।**

पत्रांक : 372 / जि0पं0 / नि0अनु0–ईटेण्डर / 2020–21 / दिनांक : 11 अगस्त 2020

**निविदा सूचना**

उ0प्र0 क्षेत्र समिति तथा जिला परिषद निर्माण कार्य (प्रथम संशोधन) नियमावली 2020 के अनुपालन में समस्त जिला पंचायतों में रजिस्ट्रीकृत ठेकेदारों के अतिरिक्त राज्य सरकार के सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग में रजिस्ट्रीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि जिलानिधि से कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रतिशत दर के आधार पर मुहरबन्द निविदा दिनांक – 02–09–2020 को अपरान्ह 2.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक अथवा समस्त कार्यों हेतु निविदा में भाग ले सकता है। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक– 31–08–2020 को जिला पंचायत कार्यालय में पूर्वान्ह 10.00 बजे से अपरान्ह 5.00 बजे तक की जायेगी। मुहरबन्द निविदायें दिनांक – 02–09–2020 को पूर्वान्ह 10.00 बजे से अपरान्ह 2.00 बजे तक टेण्डर बाक्स में डाली जायेगी तथा उसी दिन अपरान्ह 3.30 बजे निविदा दाताओं की उपस्थिति में निविदा समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदा फार्म शुल्क निविदा सूची के कालम–5 में अंकित धनराशि का पृथक–पृथक एफ0डी0आर0 / एन०एस०सी० / के0वी0पी0 जो अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत सोनभद्र के पद नाम से बन्धक होगा, एवं निविदा सूची के कालम–6 में अंकित टेण्डर फार्म का मूल्य जिला पंचायत के प्रपत्र–5 द्वारा जमा करना अनिवार्य होगा। किसी भी एक या सभी निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार विभाग के पास सुरक्षित रहेगा। निविदा कार्यो की सूची http/sonbhadra.nic.in पर अपलोड है, जिसे निविदा डालने हेतु प्राप्त किया जा सकता है। निविदा से सम्बंधित कोई भी जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय जिला पंचायत सोनभद्र से की जा सकती है।

(एस०पी० पाण्डेय) अभियन्ता जिला पंचायत सोनभद्र।
(एस0के0 त्रिपाठी) अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत सोनभद्र।
(अमरेश सिंह पटेल) अध्यक्ष जिला पंचायत सोनभद्र।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# जांच में फार्मासिस्ट की लापरवाही आई सामने, किया गया तबादला

### लखनऊ जेल में बंदियों के बीमार होने का मामले में डीआईजी ने की जांच

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**जिला** जेल में गलत दवा खाने के चलते 100 से अधिक बन्दियों के बीमार होने के प्रकरण में डीजी कारागार आनंद कुमार के आदेश पर लखनऊ परिक्षेत्र के डीआईजी संजीव त्रिपाठी ने बुधवार को लखनऊ जेल पहुंच कर पूरे मामले की छानबीन की। उनकी जांच रिपोर्ट के बाद दोषी पाए गए फार्मासिस्ट का स्थानांतरण कर दिया गया है।

डीजी कारागार को दी अपनी रिपोर्ट में डीआईजी संजीव त्रिपाठी ने जानकारी दी कि उन्होंने जांच के दौरान पाया कि बीती 10 अगस्त को सायं काल कुल 340 बंदियों को जेल चिकित्सालय की ओपीडी से दवाएं दी गईं। जिनमें से 54 बंदियों को सेट्रिजीन के स्थान पर हालोपेरिडोल नामक दवा दे दी गई।

दवा खाने के बाद 11 अगस्त को कुछ बंदियों द्वारा घबराहट, शरीर में ऐंठन, कंपकंपी आदि की शिकायत की गई। इसके बाद उपरोक्त 54 बंदियों का जेल चिकित्सालय के चिकित्सक द्वारा परीक्षण किया गया। परीक्षण के दौरान 54 में से 30 बंदियों ने घबराहट ऐंठन की शिकायत की जिसका उपचार डॉक्टर द्वारा किया गया। स्वस्थ हुए बन्दियों को वापस बैरक भेजा गया। उनमें से आज जांच के दौरान 16 बंदी जेल चिकित्सालय में भर्ती पाए गए। पूछताछ में सिर्फ 2 बंदियों ने गर्दन में ऐंठन की समस्या बताई। आज ही जिला चिकित्सालय बलरामपुर के मनोचिकित्सक प्रवीण कुमार श्रीवास्तव द्वारा जेल चिकित्सालय में भर्ती सभी 16 बंदियों का परीक्षण किया गया।

उनकी आख्या के अनुसार होलोपेरिडोल नामक दवा का असर अधिकतम 8 से 10 घंटे तक रहता है जबकि उपरोक्त दवा खाए हुए बंदियों को 48 घंटा हो चुका है। ऐसे में उनका मत था कि बंदी मैंलिंगरिंग कर रहे हैं। उपरोक्त दोनों दवाएं देखने में एक जैसी होने के कारण फार्मासिस्ट आशीष कुमार से चूक हुई है। इस चूक और लापरवाही के लिए प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने के कारण फार्मासिस्ट के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए डीजी कारागार आनन्द कुमार द्वारा जिला जेल लखनऊ से हटाकर केंद्रीय कारागार फतेहगढ़ से संबद्ध कर दिया गया है। डीआईजी के अनुसार कारागार चिकित्सालय में भर्ती सभी 16 बंदियों को जेल चिकित्सालय में चिकित्सक की देखरेख में रखा गया है। उनकी स्वास्थ्य दशा वर्तमान में सामान्य है।

## थर्मल स्कैनर से तापमान चेक होने के बाद अभ्यर्थियों की होगी एंट्री

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना** संक्रमण के चलते अप्रैल से टल रही राज्य स्तरीय पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा 2020 में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों पर थर्मल स्कैनर से तापमान चेक करने के बाद ही अभ्यर्थियों को एंट्री दी जाएगी। अधिक टेंप्रेचर होने पर अभ्यर्थियों को अलग बैठाने की व्यवस्था होगी। प्रवेश परीक्षा परिषद ने सभी अभ्यर्थियों से मास्क लगाने और सैनिटाइजर की छोटी बॉटल साथ में लेकर आने को कहा है।

आगामी 12 और 15 सितंबर को प्रस्तावित प्रवेश परीक्षा में तकरीब पौने चार लाख विद्यार्थियों के लिए राजधानी समेत प्रदेश के सभी जिलों में परीक्षा होगी। परीक्षा के दौरान कोरोना संक्रमण से सुरक्षा के लिए लिए सारी व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी केंद्रों पर भी इसकी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। यही नहीं सभी परीक्षार्थियों का थर्मल स्कैनर से तापमान चेक किया जाएगा। 100 से ऊपर के अभ्यर्थियों को अगल कमरे में बैठाया जाएगा। शारीरिक दूरी का सख्ती से पालन किया जाएगा। प्रवेश परीक्षा परिषद के सचिव एसके वैश्य ने बताया कि कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए बनाए गए सभी सरकारी मानकों का पालन कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा तिथि से एक सप्ताह पहले संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद की वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउन लोड किया जा सकेगा। अभ्यर्थी अपने कोड के साथ प्रवेश पत्र डाउन लोड कर सकते हैं।

# सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चला अभियान, चप्पे-चप्पे को खंगाला



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**स्वतंत्रता** दिवस को लेकर इस समय रेलवे स्टेशन परिसर में काफी सतर्कता बरती जा रही है। बुधवार को चारबाग रेलवे स्टेशन के साथ ही लखनऊ जंक्शन पर चेकिंग अभियान चलाकर स्टेशन परिसर तथा यात्रियों एवं उनके सामानों की तलाशी ली गई। जीआरपी एसपी के निर्देश पर चलाये गए इस अभियान में आरपीएफ निरीक्षक उनकी टीम के साथ ही डॉग स्क्वायड, एंटी सबोटाज टीम की मदद से यह अभियान चलाया गया। इस दौरान सुरक्षा बल के जवानों ने सभी प्लेटफार्म, सर्कुलेटिंग एरिया, पार्सल घर, मोटरसाइकिल व कार स्टैंड पर सघन चेकिंग अभियान चलाया एवं संदिग्ध लोगों से पूछताछ भी की।

**स्वतंत्रता दिवस पर क्रिश्चियन डिग्री कालेज से शुरू होगा मार्च पास्ट, आज किया जाएगा पूर्वाभ्यास:** स्वतंत्रता दिवस पर मार्च पास्ट क्रिश्चियन डिग्री कॉलेज से शुरू होगा जो कैसरबाग सहित विभिन्न इलाकों से गुजरता हुआ शहीद स्मारक पर समाप्त होगा। वहीं मार्च पास्ट कार्यक्रम में सामाजिक दूरी, गाइड लाइन और मेडिकल प्रोटोकॉल का पालन करना होगा।

बुधवार को जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी नगर पूर्वी केपी सिंह ने कहा है कि 15 अगस्त को 3 बजे से मार्च पास्ट क्रिश्चियन डिग्री कॉलेज, गोलागंज में एकत्र होकर निकाला जाएगा। इस मार्च पास्ट का व्यवस्थापन नगर मजिस्ट्रेट राज नारायण उत्तम, सहायक सेनानायक, पीएसी 32 वीं बटालियन और सहायक पुलिस आयुक्त, कैसरबाग द्वारा किया जाएगा। साथ ही निर्देशित किया गया है कि आपस में समन्वय कर मार्च पास्ट रूट का निरीक्षण कर लें और समय से अपर पुलिस उपायुक्त यातायात को सूचित कर दें। इस मार्च पास्ट का पूर्वाभ्यास 13 अगस्त को अपराहन 3 बजे किया जाएगा। मार्च पास्ट कार्यक्रम में सामाजिक दूरी एवं गाइड लाइन तथा मेडिकल प्रोटोकॉल का पालन करना होगा। क्रिश्चियन डिग्री कॉलेज से प्रारंभ होकर शहीद स्मारक पर समाप्त होगा। मार्च पास्ट की व्यवस्था एवं रूट के संबंध में नगर मजिस्ट्रेट, जिला विद्यालय निरीक्षक और सहायक पुलिस आयुक्त, कैसरबाग आपस में विचार-विमर्श कर आगे का निर्णय लेंगे।

## बेकाबू ट्रक की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**सरोजनीनगर।** बंथरा थाना क्षेत्र में बुधवार की सुबह तेज रफ्तार बेकाबू ट्रक ने सड़क किनारे खड़े एक बुजुर्ग को जोरदार ठोकर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उन्नाव जिले के अजगैन थानांतर्गत सिकंदरपुर-जैतीपुर निवासी प्रमोद द्विवेदी (60) राजधानी स्थित एक दुकान पर काम करता है। बताया जाता है कि प्रमोद बुधवार सुबह तकरीबन 10 बजे अपनी बाइक से साथी नृपेंद्र सिंह के साथ घर से काम करने लखनऊ आ रहा था। तभी बंथरा में शिवपुरा के पास कानपुर रोड पर उसके साथी आशीष और अभिषेक मिश्रा मिल गए। जहां चारों लोग सड़क किनारे खड़े होकर आपस में बातें करने लगे। इसी बीच कानपुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार बेकाबू ट्रक ने प्रमोद को जोरदार ठोकर मार दी। ठोकर लगने से प्रमोद की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बाद में सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर घटना के बाद राहगीरों ने ट्रक चालक बाराबंकी निवासी विमल को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

# माह के अंत तक चालू हो जाएगा लिंब सेंटर का कोविड अस्पताल:डॉ. पुरी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**केजीएमयू** के नए कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल डॉ विपिन पुरी ने कहा कि हमारी बेसिक एनर्जी वर्तमान में कोविड पर लगी हुई है। इसे नियंत्रित करना हमारी जिम्मेदारी है। अब तक 3 लाख से ऊपर टेस्ट हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि कोविड हॉस्पिटल को लिंब सेंटर में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया चल रही है। अगस्त के अंत तक चालू हो जाएगा। डॉ पुरी बुधवार को ऑनलाइन मोड के माध्यम से मीडिया से मुखातिब थे।

कार्यभार ग्रहण करने के बाद पहली बार मीडिया के सामने आए नवनियुक्त कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल डॉ विपिन पुरी ने कहा कि केजीएमयू आना उनके लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि काफी जिम्मेदारियां है। इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर मेडिकल ट्रीटमेंट को विस्तार देना है। एक सवाल के जवाब में डॉ पुरी ने कहा कि वह स्वयं चाहते हैं कि लोगों की समस्यायें उनके पास पहुँचे और संस्थान की समस्या लोगों तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि कोविड के इलाज को लेकर आरएएलसी में एक अलग से कोविड हॉस्पिटल बनाया जा रहा है। इसके चालू हो जाने से संस्थान में नान कोविड मरीजों को पूर्व की तरह इलाज उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने कहा कि कोविड हॉस्पिटल के संचालन के लिए अतिरिक्त मैनपावर की सहमति सरकार की तरफ से मिल गई है। वहीं पोस्ट कोरोना मरीजों के साथ आ रही समस्याओं के निदान के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा इस दिशा में भी कदम उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनका पूरा ध्यान कंटेंनमेंट, कंट्रोल और क्वालिटी पर होगा।

## जीपीओ में कार्यरत डाकिए की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**हजरतगंज** स्थित जीपीओ में एक डाकिए की मौत हो गई है। डाक विभाग प्रशासन जहां मामले को सामान्य मौत बता रहा है, वहीं डाक कर्मियों का कहना है कि डाकिए की मौत कोरोना के वजह से हुई है। दरअसल अनंगल किशोर प्रधान डाकघर जीपीओ में डाकिए का काम कर रहे थे। पिछले कई दिनों से वह छुट्टी पर चल रहे थे। जीपीओ के डाक कर्मचारियों का कहना है कि उनकी तकलीफ जब कम नहीं हुई तो कोरोना जांच कराई गई जो पॉजिटिव पाई गई और वह अस्पताल में भर्ती हो गए। कुछ दिनों बाद उनकी रिपोर्ट निगेटिव आई और अस्पताल से उन्हें छुटी मिल गई। हालांकि दूसरे ही दिन तबियत बिगड़ने के बाद उनकी मौत हो गई।

जीपीओ के कर्मियों ने श्रद्धांजलि सभा भी सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए की। वही अधिकारियों का कहना है कि डाकिए को पहले से ही ज्वाइंडिस थी। इतना ही नहीं जीपीओ में बड़े स्तर पर सैनिटाइजेशन का काम शुरू कर दिया गया है। साथ ही कैंप लगाकर डाक कर्मियों के स्वास्थ्य की जांच भी की जाएगी।

# अपने अधिकार को लेकर पीएम व सीएम को ज्ञापन भेजेंगे फार्मासिस्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अपने** अधिकार की मांग को लेकर स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर प्रदेश भर के फार्मासिस्ट प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजेंगे। ज्ञापन भेजने की प्रक्रिया में प्रदेश के विभिन्न निकायों में कार्यरत 18000 फार्मासिस्ट शामिल होंगे।

राजकीय फार्मासिस्ट महासंघ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि आज महासंघ के प्रांतीय पदाधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग कर बैठक की गई। उन्होंने कहा कि देश में कर्मचारियों की स्थिति गुलामों जैसी है। विभिन्न प्रदेशों में कर्मचारी आचरण नियमावली अंग्रेजों के समय की बनी हुई है, जिसे आज तक संशोधित नहीं किया गया । इसी प्रकार ज्यादातर नियमावलियां उसी समय की बनी हुई है, जबकि वर्तमान में लोकतांत्रिक व्यवस्था के अनुरूप उसमें अब तक परिवर्तन किया जाना अत्यंत आवश्यक था। कर्मचारियों को संविधान के द्वारा प्रदत्त मूल अधिकारों से भी वंचित होना पड़ रहा है। अभी भी देश में फार्मेसी एक्ट का परिपालन पूरी तरीके से नहीं हो रहा हैए फार्मासिस्ट दोयम दर्जे का कर्मचारी बनकर रह गया है। जबकि तमाम विकसित देशों में फार्मासिस्ट को महत्वपूर्ण दर्जा हासिल है लेकिन उत्तर प्रदेश में अभी तक इनको उनके मूल अधिकार तक प्राप्त नहीं हो सके हैं। वेतनमान के मामले में प्रदेश के फार्मासिस्ट अपने समकक्ष कर्मचारियों से पीछे होते जा रहे हैं। डब्ल्यूएचओ और अंतर्राष्ट्रीय मानक के अनुरूप पदों का सृजन नहीं हो पा रहा है। हॉस्पिटल फार्मेसी लगभग समाप्त होती जा रही है जिससे रेडीमेड फार्मेसी के कारण जनता को नुकसान पहुंच रहा है । महामंत्री अशोक कुमार ने बताया कि कर्मचारियों को अभी तक राजनीतिक अधिकार प्राप्त नहीं है ना ही ट्रेड यूनियन के अधिकार मिल सके हैं ।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष जेपी नायक ने बताया कि 2005 के बाद पुरानी पेंशन प्रणाली समाप्त कर नई पेंशन प्रणाली प्रारंभ कर दी गई है जो असुरक्षित है। उपाध्यक्ष ओपी सिंह ने कहा कि जब पूरे देश में एक समान विधान लागू करने की बात प्रधानमंत्री कह रहे हैं तो देश में एक समान वेतनमान और भत्ते क्यों नहीं होने चाहिए। जिला अध्यक्ष एसएन सिंह एवं सचिव जीसी दुबे ने कहा कि कर्मचारियों को लगातार उनके अधिकारों से वंचित किया जा रहा है इसलिए 14 अगस्त को सभी कर्मचारी इप्सेफ के आह्वान पर अधिकार दिवस मनाते हुए अपने अधिकारों के लिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज रहे हैं।

## हाईवे पर लूट की सूचना से हड़कंप

**मोहनलालगंज।** कनकहा मोड़ के निकट हाईवे पर दिन दहाड़े किराना दुकानदार से लूट की सूचना ने बुधवार को हड़कंप मचा दिया। हालांकि तहकीकात में जुटी पुलिस ने पिकप लोडर से ही पौने दो लाख रुपए बरामद कर लूट की वारदात को नकार दिया है। फिलहाल मामले की जांच की बात कही जा रही है। मोहनलालगंज के कनकहा निवासी किराना दुकानदार धर्मेन्द्र साहू का भतीजा आशीष बुधवार को दिन में करीब 3 बजे ड्राइवर संजय के साथ पिकप लोडर लेकर दाल लेने लखनऊ जा रहा था। आरोप है कि रायबरेली हाईवे पर कनकहा मोड़ के निकट बाइक सवार बदमाश ओवरटेक करने के बाद जबरन पिकप रुकवा कर पिटाई के बाद ड्राइवर संजय और आशीष से तमंचे की नोंक पर दो लाख पचपन हजार रुपए लूटकर फरार हो गए। आशीष की सूचना पर मौके पर पहुंचे पुलिस अफसरों ने कुछ देर में ही पिकप की तलाशी से एक लाख पछत्तर हजार रुपए बरामद करने का दावा किया है।

## अपर मुख्य सचिव ने किया अस्पतालों का निरीक्षण

**लखनऊ।** राजधानी में कोरोना संक्रमित मरीजों के लगातार मिलने के सिलसिले को देखते हुए बुधवार को अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश अवस्थी ने मंडल और जिले के अधिकारियों संग कोविड मरीजों का इलाज कर रहे अस्पतालों का निरीक्षण किया। अपर मुख्य सचिव अवनीश अवस्थी के साथ कमिश्नर मुकेश मेश्राम, डीएम अभिषेक प्रकाश भी मौजूद थे।

अपर मुख्य सचिव अवनीश अवस्थी सबसे पहले इंटीग्रल मेडिकल कॉलेज पहुचे। यहां के प्रधानाचार्य और प्रबंधन के साथ आईसीयू में वेंटिलेटर और एचएफएनसी क्षमता के बारे में जानकारी हासिल की। इसके बाद उन्होंने सहारा, केजीएमयू, प्रसाद मेडिकल कॉलेज, ऐरा मेडिकल कॉलेज आदि का निरीक्षण किया। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि आईसीयू बेडों की संख्या बढ़ाने के इंतजाम अस्पताल शुरू कर दें।



बुधवार को राजधानी में हुई झमाझम बारिश

# पालकेश्वर मंदिर में धूमधाम से मनी कृष्ण जन्माष्टमी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कृष्ण** जन्माष्टमी नगर निगम में स्थिति पालकेश्वर महादेव मंदिर में धूमधाम से मनायी गयी। कृष्ण जन्माष्टमी पर अखंड रामचारित मानस का पाठ किया गया। पर्व मनाने के दौर ान सभी भक्तगण द्वारा सोशल डिस्टिंसिंग का विशेष ध्यान रखा गया। वहीं, अलग-अलग वार्डों में भव्य कृष्ण जन्माष्टमी मनायी गयी।

बुधवार को लालबाग स्थित नगर निगम मुख्यालय में पालकेश्वर महादेव मंदिर में कर्मचारियों द्वारा कृष्णजन्माष्टमी मनायी गयी। उप्र नगरनिगम कर्मचारी के अध्यक्ष राजेश सिंह ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कृष्णजन्माष्टमी मनायी गयी। कृष्ण जन्माष्टमी पर श्रीराम चरितमानस का अखंड पाठ किया गया। कर्मचारियों ने भक्तिभाव के साथ प्रसाद वितरण किया। साथ ही सोशल डिस्टिंसिंग का विशेष ध्यान रखा गया। वहीं, अलग-अलग वार्डों में भव्य कृष्ण जन्माष्टमी मनायी गयी। इंदिराप्रियदर्शनी वार्ड में शिव कुमार शर्मा द्वारा जन्माष्टमी का आयोजन किया गया, जिसमें पंडित अनुज शर्मा ने वासुदेव और अखिल ने कृष्ण का रूप धर सबकों मंत्र मुग्ध कर दिया कर दिया। साथ ही श्लोक, अराध्या शर्मा ने राधाकृष्ण पर नृत्य कर सबको भाव विभोर किया। पार्षद दिलीप श्रीवास्तव द्वारा वार्ड मैथिलीशरण गुप्त में भूतनाथ सहित विभिन्न इलाकों के कृष्णा जन्माष्टमी को देखते हुए साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा गया।

# वाहन स्वामी के खिलाफ केस दर्ज, चालक गिरफ्तार

### चिनहट में कई गाड़ियों में मारी थी टक्कर, चार लोग हुए थे घायल

**लखनऊ।** चिनहट थाना क्षेत्र में जिन बिगड़ैल रईसजादों मंगलवार को कहर बरपाया था उनमें से एक को पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। ज्ञात हो कि चिनहट के कस्बा चौकी इलाके में स्थित अयोध्या हाईवे पर एक निजी स्कूल के पास मंगलवार देर शाम को हादसा हो गया था। इंस्पेक्टर धनंजय कुमार पांडेय ने बताया कि मंगलवार शाम करीब 7 बजे बाराबंकी की ओर से आ रही एक अनियंत्रित होंडा सिटी कार चालक ने अयोध्या हाईवे पर खड़ी गाड़ियों में जोरदार टक्कर मार दी थी। इसमें करीब चार लोग हताहत हुए थे। जबकि बाइक और दो अन्य कारें क्षतिग्रस्त हो गई थी। बुधवार को पीड़ितों की तहरीर पर होंडा सिटी कार यूपी 65 डीडी 099 9 के चालक के खिलाफ कई संगीन धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। उक्त कार बनारस जनपद निवासी नारायण प्रताप सिंह के नाम पर पंजीकृत है। इंस्पेक्टर ने बताया कि दुर्घटना के वक्त कार दानिश नाम का युवक चला रहा था। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही पूछताछ की गई है और कोविड जांच के बाद कार्रवाई की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अफसरों की उदासीनता से स्थानीय दुकानदारों ने अयोध्या हाईवे के सर्विस लेन को कब्जा कर रखा है। ऐसे में आवागमन की दिक्कत तो होती ही है।

# अनुभवी चालक ही चलाएंगे आगरा एक्सप्रेस वे पर बसें

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लखनऊ** से दिल्ली के बीच रोडवेज बसों का सफर पहले से और सुरक्षित होने जा रहा है। 351 किलोमीटर के आगरा एक्सप्रेस पर बसों की स्टेयरिंग अब अनुभवी ड्राइवरों के हाथों में होगी। इससे बस दुर्घटनाएं काफी हद तक कम होगी। बस में वही ड्राइवर तैनात किए जाएंगे, जिन्होंने बीते पांच वर्षों के दौरान कोई भी बस दुर्घटना न की हो। ये ड्राइवर एसी बसों के साथ साधारण बसों में भी तैनात किए जाएंगे।

यात्रियों की सुरक्षा और परिवहन निगम की छवि, दोनों सुराधने के लिए एमडी डॉ राजशेखर हर बिंदुओं पर लगातार समीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने सुरक्षित सफर के मद्देनजर 15 अगस्त से आगरा एक्सप्रेस वे पर चलनी वाली बसों में अनुभवी



चालकों की तैनाती का निर्णय लिया है। वर्तमान में प्रदेश भर के पूर्वांचल क्षेत्रों से करीब 28 बस डिपो से दिल्ली की बसें आगरा एक्सप्रेस होकर आवागमन कर रही हैं। इस व्यवस्था को लागू करने के लिए एमडी ने संबधित क्षेत्रीय प्रबंधकों को दिशा निर्देश भेज दिया है।

### रोडवेज के कोरोना योद्धाओं पर बनाई फिल्म

लखनऊ। लॉकडाउन के दौरान प्रवासी मजदूरए कोचिंग छात्र-छात्राएं व अन्य राज्यों के काम कर रहे लोगों को रोडवेज बसों से पहुंचाए जाने की विषय परिस्थितियों पर फिल्म बनाई गई है। ये फिल्म परिवहन निगम के सेंट्रल रीजनल वर्कशाप कर्मचारी संघ के महामंत्री जसवंत सिंह की बेटी कीर्तिका चौहान ने बनायी है। सेवा भाव के जरिए इस सहासिक काम को फेम ऑर्गनाइजर द्वारा सजीव चित्रण किया गया है।

## यात्रियों की भीड़ को देखते हुए चलाई गईं अतिरिक्त बसें

**लखनऊ।** इन दिनों लखनऊ से दिल्ली व सहारनपुर के अलावा पश्चिमी जिलों में जाने वाले यात्रियों की भीड़ बस अड्डे पहुंच रही हैं। जिसकों देखते हुए परिवहन निगम अपनी रद्द एसी व साधारण बसों को फिर से दिल्ली व सहारनपुर समेत विभिन्न जनपदों के लिए अतिरिक्त बसों का संचालन शुरू किया है। यात्रियों को ये बसें कैसरबाग और आलमबाग बस अड्डे से हर घंटे पर मिलेंगी। बुधवार को भी कैसरबाग और आमलमबाग बस अड्डे से करीब 80 अतिरिक्त बसें यात्रियों को लेकर दिल्ली समेत कई पश्चिमी जनपदों में भेजी गई। क्षेत्रीय प्रबंधक पल्लव बोस ने बताया कि बीते तीन दिनों से बस अड्डों पर यात्रियों की संख्या बढ़ी हैं। जहां के भी यात्री बस अड्डे पहुंच रहे हैं उन्हें गंतव्य स्थान तक के लिए बसें उपलब्ध कराई जा रही है। अतिरिक्त बसें अब रोजाना दोनों बस अड्डों से संचालित होंगी। वहीं दूसरी ओर कैसरबाग बस अड्डे पर स्वतंत्रता दिवस के मौके पर बुधवार को चेकिंग अभियान चलाया गया। जहां वेटिंग हाल, बस अड्डा परिसर व प्लेटफार्म, टिकट काउंटर समेत बसों के अंदर भी चेकिंग की गई।

## नाली के विवाद में मारपीट, कई घायल

**लखनऊ।** इटौंजा के अटेसुआ गांव में मालती परिवार संग रहती हैं। पीड़िता की मानें तो बुधवार सुबह जल निकासी को लेकर गांव में रहने वाले प्रवीण से कहासुनी हो गयी। विवाद बढ़ने पर प्रवीण के परिवारीजन लाठी डण्डे व बांके से लैस होकर आ गये। सभी ने मिलकर उस पर हमला बोल दिये। शोर-शराबा सुनकर बेटा व बेटी बीच बचाव करने आये। तो दबंगों ने उनकी भी पिटाई कर दी।

इस दौरान प्रवीण ने मालती पर बांके से हमला कर दिया। हडकम्प मचने पर ग्रामीणों को जुटता देख आरोपी धमकी देते फरार हो गये। बाद में बुरी तरह से घायल पीड़िता बेटी व बेटे संग थाने पहुंची। जहां करीब डेढ़ घंटे बैठाये रखने के बाद पुलिस ने फरियाद सुनी। सभी को इलाज के सीएचसी भेजा। फिर मामले की जांच शुरू कर दी।

# करोड़ों खर्च फिर भी कराह रही गोमती

## ● नालों से आ रहा गंदा पानी बन रहा प्रदूषण का कारण

## लॉकडाउन के दौरान आयी थी प्रदूषण के स्तर में कमी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**राजधानी** लखनऊ स्थित गोमती नदी का स्वच्छता और निर्मलता से दूर दूर का नाता नहीं है। बीते दो दशकों में प्रदेश में बारी बारी से तीन दलों की सरकारें आईं, गोमती सफाई के नाम पर करोड़ों रुपया खर्च हुआ लेकिन आज भी लखनऊ में गोमती नदी की स्थिति किसी बड़े नाले से कम नहीं है क्योंकि आज भी गोमती नदी में गो घाट से पिपरा घाट के बीच करीब दो दर्जन नालों का गंदा पानी लगातार आ रहा है।

कोरोना के चलते लगाए गए लॉकडाउन के दौरान गोमती नदी का पानी पहले की अपेक्षा काफी साफ दिखाई पड़ने लगा था। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों की मानें तो जनवरी 2020 की तुलना में अप्रैल और मई के बीच डिजॉल्व ऑक्सीजन, बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड, टोटल व फीकल कॉलीफॉर्म काफी घट गए थे जिससे गोमती के पानी में प्रदूषण की कमी आई थी। शहर के नौ स्थानों घैला पुल, कुड़िया घाट, शहीद स्मारक, आइआइटीआर के सामने, खाटू श्याम मंदिर, भैसा कुंड, रिवरफ्रंट व भरवारा निकट इकाना स्टेडियम पर गोमती नदी के नमूनों की जांच की गई। वैज्ञानिकों ने पाया कि लॉकडाउन के दौरान जब सब कुछ बंद था, उस दौरान गोमती में प्रदूषण की मात्रा काफी कम हो गई थी। लेकिन जबसे लॉकडाउन की व्यवस्था समाप्त की गई है तब से गोमती की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है।

लखनऊ स्थित गोमती नदी में अभी भी बड़ी संख्या में नालों का गंदा पानी व कचरा सीधे गिर रहा है जिसके चलते गोमती नदी एक बड़े गंदे नाले के रूप में दिखाई पड़ने लगी है। पूर्ववर्ती सरकारों के द्वारा गोमती नदी के साफ–सफाई एवं पुनरुद्धार के नाम पर करोड़ों रुपया पानी की तरह बहा दिया गया। नालों का गंदा पानी गोमती में जाने से रोकने के लिए कई एचटीपी प्लांट लगाने की कार्य योजना बनी, जिसमें से मात्र दो प्लांट ही काम कर रहे हैं बाकी एचटीपी प्लांट निर्माणाधीन है। प्रदेश सरकार के निर्देशों के बावजूद भी इनके निर्माण की गति काफी धीमी है जिसके चलते आज भी बड़ी मात्रा में नालों का गंदा पानी गोमती नदी में प्रवाहित हो रहा है। नदी में गिरने वाले नालों के गंदे पानी के चलते गोमती रिवर फ्रंट एवं गोमती बैराज के आसपास लगातार दुर्गंध बनी रहती है।

गोमती नदी की साफसफाई में काफी लंबे समय से काम कर रहे रिद्धि किशोर गौड़ ने बताया कि जब तक गोमती नदी में गिरने वाले सभी नालों के गंदे पानी को रोका नहीं जाएगा तब तक गोमती की सफाई असंभव है।

# डांटने पर घर से भागा मासूम तीन घंटे बाद बरामद



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**आशियाना** थाना क्षेत्र में रहने वाला एक मासूम होमवर्क पूरा न करने पर डांट खाने के बाद मंगलवार शाम अपने घर से भाग निकला। परिजनों की सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस ने तीन घंटे के कड़ी मशक्कत के बाद मासूम को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

आशियाना थाना प्रभारी संजय राय ने बताया कि सेक्टर एन में रहने वाले कक्षा 5 के छात्र दस वर्षीय अक्षांश शुक्ला को उसके पिता आशीष शुक्ला ने होमवर्क पूरा न होने डांट लगाई थी जिससे नाराज हो अक्षांश ग्यारह सौ रुपये अपने पास रख घर से निकल गया। परिजनों के द्वारा शाम लगभग 8 बजे उसके लापता होने की जानकारी पुलिस को दी और छात्र का हुलिया बताया। जिस पर अधिकारियों को जानकारी देकर मासूम की तलाश में चार टीमें लगाई गयीं, साथ ही प्रदेश की पॉलीगाऊन व कंट्रोल रूम को सूचना कर छात्र का हुलिया बताया गया। देर रात लगभग 11 बजे चेकिंग के दौरान मासूम आशियाना चौराहे से बरामद कर लिया गया। जिसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

# तहसील में उप कोषागार बन्द खरीदार और अधिवक्ता परेशान

**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**तहसील** में उप कोषागार का संचालन बन्द होने से रजिस्ट्री कराने पहुंच रहे खरीदारों को स्टाम्प की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। अधिवक्ताओं की मानें तो लाख रुपये से अधिक का स्टाम्प लेने के लिए खरीदारों को कलेक्ट्रेट तक की दौड़ लगानी पड़ रही है। तहसील बार एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष ने प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग उठाई है।

मोहनलालगंज तहसील में हमेशा से उप कोषागार का संचालन होता आया है। जिससे रजिस्ट्री कराने के लिए पहुंचने वाले खरीदारों को लाखों रुपए के स्टाम्प बेहद आसानी से तहसील में ही मिल जाते थे। लेकिन फरवरी में अचानक से तहसील में संचालित हो रहे उप कोषागार को बन्द कर दिया गया। जिसके बाद से लाख रुपए से अधिक का स्टाम्प लेने के लिए खरीदारों को बेहद परेशानी उठानी पड़ रही है। तहसील बार एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया उप कोषागार का संचालन बन्द होने से स्टाम्प की काफी समस्या है। तहसील अधिकारियों को मामले का संज्ञान लेकर जल्द से जल्द दोबारा उप कोषागार का संचालन शुरु कराना चाहिए। एसडीएम किंशुक श्रीवास्तव ने बताया मामले में सीटीओ से बातचीत करके समस्या का समाधान कराने की हरसंभव कोशिश की जाएगी।

# उद्योगों को फायदा पहुंचाने के लिए वेंडर मीट में हुई चर्चा

## ● आरडीएसओ ने किया आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**भारतीय** रेलवे के रिसर्च विंग आरडीएसओ ने देश के उत्तरी भागों में स्थित उद्योगों के लाभ के लिए एक वर्चुअल वेंडर मीट का आयोजन किया । इस मीट को उद्योग जगत और इसमें शामिल हुए 150 से अधिक प्रतिनिधियों की ओर से शानदार प्रतिक्रिया मिली । वैब प्लेटफार्म की बाध्यता के चलते अनेक लोगों को भी ऐसी ही आगामी बैठकों में भाग लेने का सुझाव दिया गया । आरडीएसओ के महानिदेशक वीरेन्द्र कुमार और विशेष महानिदेशक वैंडर डेवलैपमेंट एके पांडे की ओर से किए गए प्रयासों के अंतर्गत, देश के सभी उद्योगों को क्षेत्रवार शामिल करने के लिए वैंडर मीट का कार्यक्रम बनाया गया है । अखिल भारतीय स्तर पर इन बैठकों का समन्वय गोपाल कुमार, पीईडी, क्वालिटी एशोरेंस मैकेनिकल और शमिन्दर सिंह पीईडी क्वालिटी एशोरेंस सिगनल एवं दूरसंचार द्वारा किया जा रहा है ।

अपनी तरह की इस पहली वर्चुअल वैंडर मीट को सम्बोधित करते हुए आरडीएसओ के विशेष महानिदेशक वैंडर डेवलैपमेंट एके पांडे ने कहा कि अनुमोदन प्रक्रिया को सरल करने और अनुसंधान को बेहतर बनाने के लिए आरडीएसओ ने अनेक महत्वपूर्ण प्रयास किए हैं । लोकेश सिंह कार्यकारी निदेशक क्वालिटी एशोरेंस मैकेनिकल और पराग कुमार गोयल कार्यकारी निदेशक क्वालिटी एशोरेंस संकेत एवं दूरसंचार नई दिल्ली ने आरडीएसओ की ऑनलाइन वैंडर अनुमोदन प्रक्रिया और व्यापर करने में सुगमता बढ़ाने के लिए किए गए उपायों तथा 5 से कम स्रोतों वाली मदों के विवरण का विस्तृत प्रेजेंटेशन दिया। प्रतिनिधियों को यह भी बताया गया कि 5 स्रोतों से कम वाली आरडीएसओ नियंत्रित मदों के लिए वैंडरों को स्वयं ही पंजीकृत करने में प्रोत्साहन देने के लिए पहले ही अनेक उपाय किए गए हैं । 5 स्रोतों से कम वाली मदों के लिए पंजीकरण प्रभार मध्यम,लघु उद्योगों के लिए डेढ़ लाख रुपए से घटाकर दस हज़ार रूपये और अन्यों के लिए 2,50000 रूपये से घटाकर 50,000 रूपये कर दिया है । पंजीकरण प्रक्रिया से लेकर आवेदन को मंजूरी प्रदान करने की सभी प्रक्रियाएं ऑनलाइन हैं । भारत के आत्मनिर्भरता और मेक इन इंडिया प्रयासों के अंतर्गत घरेलू विनिर्माताओं को प्राथमिकता दी जायेगी । सामग्री पूरी खरीद डिजीटल प्लेटफॉर्म से की जाती है । विवरणोंएड्राइंगए तकनीकी दस्तावेजों की सूची एवं सभी दस्तावेज आरडीएसओ की वैबसाइट पर उपलब्ध हैं और निरूशुल्क डाउनलोड किए जा सकते हैं। पंजीकरण, परीक्षण, परामर्श प्रभार इत्यादि के लिए भुगतान केवल ऑनलाइन है। इसके अलावा प्रोटो टाइप परीक्षण प्रभारों को सभी वैंडरों के लिए 50 प्रतिशत या अधिक तक कम किया गया। प्रमुख उद्योग प्रतिनिधियों ने इस बैठक में भाग लिया और आरडीएसओं के इस प्रयास की सराहना की। आरडीएसओ अधिकारियों ने उद्योगों के प्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए प्रश्नों को जबाब दिए । बैठक में लुधियाना के उद्योगपतियों ने बडे उत्साह के साथ भाग लिया। उद्योग जगत की प्रतिक्रिया बहुत सकारात्मक रही ।

# पिता की डांट से नाराज किशोरी ने लगाई फांसी, मौत

**लखनऊ ।** सुशान्त गोल्फसिटी इलाके में पिता की डांट से नाराज होकर एक किशोरी ने फांसी लगा ली। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सुशांत गोल्फसिटी थाना क्षेत्र के सौनाई कजेहरा गांव निवासी रामनारायण की सोलह वर्षीय पुत्री मुस्कान ने परिजनों से नाराज होकर पंखे से कुंडे से दुपट्टे के सहारे लटक गई। घटना की जानकारी परिजनों को हुई तो दरवाजा तोड़कर उसे बाहर निकालकर इलाज के लिए सीएचसी ले गए। लेकिन डक्टरों ने उसे वहां मृत घोषित कर दिया और घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुँची गोसाईंगंज पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज कर केस सुशांत गोल्फसिटी पुलिस को सौंप दिया।

## दो दिन बाद भी लुटेरों को नहीं पकड़ सकी पुलिस

**लखनऊ।** राजधानी के चिनहट थाना क्षेत्र के दो दिन पहले बुजुर्ग महिला के साथ हुई लूट मामले में पुलिस अभी तक लुटेरों को पकड़ने में नाकाम दिख रही है। हालांकि पुलिस सीसीटीवी के जरिए लुटेरों को जल्द गिरफ्तार करने का दावा कर रही है। ज्ञात हो कि सोमवार शाम करीब 6 बजे कमता इलाके के पंचवटी निवासी कृष्णा सिंह पत्नी मधुसूदन सिंह घर सामने खड़ी थी। उसी समय अचानक बाइक सवार बदमाश आए और धक्का देकर गिरा दिया। उसके बाद गले से चेन लूटकर मौके से फरार हो गए थे। छीनाझपटी के दौरान बुजुर्ग महिला को चोटें आईं थी।

## आस्ट्रेलिया व कनाडा के दो विश्वविद्यालयों में सीएमएस छात्रा का चयन



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर (प्रथम कैम्पस) की मेधावी छात्रा साक्षी आहूजा ने उच्च शिक्षा हेतु आस्ट्रेलिया एवं कनाडा के दो विश्वविद्यालयों में चयनित होकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस प्रतिभाशाली छात्रा को आस्ट्रेलिया की यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न एवं कनाडा के किंग्स यूनिवर्सिटी कालेज ने उच्चशिक्षा हेतु आमन्त्रित किया गया है। साक्षी ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा एवं शैक्षणिक उत्कृष्टता के दम पर यह उपलब्धि अर्जित की है एवं अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों व सीएमएस के वातावरण को दिया है। मुख्य जन–सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि इस वर्ष अभी तक सीएमएस के 89 छात्रों ने अमेरिका, इंग्लैण्ड, कैनडा, आस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, जर्मनी आदि विभिन्न देशों के ख्यातिप्राप्त विश्वविद्यालयों में चयनित होकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है, जिनमें से अधिकतर को स्कॉलरशिप प्राप्त हुई है।

## पांच हजार का इनामिया बदमाश दबोचा



**लखनऊ।** विभूतिखण्ड पुलिस ने 5000 रूपए के इनामिया बदमाश को धर दबोचा। पकड़े गए बदमाश के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज था।प्रभारी निरीक्षक संजय शुक्ला ने बताया कि बुधवार को डीसीपी पूर्वी चारू निगम के निर्देश पर एडीसीपी अमित कुमार व एसीपी स्वतंत्र सिंह के पर्यवेक्षण में अपराधियों की धर पकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा था। उसी समय मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर फरार चल रहे 5000 रूपए के इनामिया बदमाश जहानाबाद जनपद फतेहपुर निवासी राशिद को पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ गोवध अधिनियम, पशु क्रूरता निवारण अधिनियम समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज था। जिसके खिलाफगैंगस्टर में भी कार्रवाई की गई थी।

## जश्न-ए-आज़ादी ने आयोजित किया मुशायरा और कवि सम्मेलन

**लखनऊ।** स्वतंत्रता दिवस उत्सव पर आयोजित कार्यक्रमों के क्रम में जश्न–ए–आज़ादी ट्रस्ट के तत्वाधान में बुधवार को मुशायरे और कवि सम्मेलन का आयोजन जूम एप के माध्यम से आयोजित किया गया। ट्रस्ट के सदस्य वामिक खान ने सबका स्वागत किया। शायरों में अरविंद पांडे, पंछी जालौन, सोनिया सिंह ,मीनाक्षी त्रिपाठी, शहजादे कलीम, असलम खान, मोहम्मद सलीम ने अपने कलाम से जश्न ए आजादी पर रोशनी डाली। इस मौके पर जश्न ए आजादी ट्रस्ट के मुरलीधर आहूजा, निगहत खान, अब्दुल वहीद, जुबेर अहमद, संजय सिंह और अन्य लोगों ने डॉ राहत इंदौरी की मौत पर अफसोस व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि पेश की।

## घर में ही सोया था परिवार, हो गई चोरी

**लखनऊ।** मड़ियांव में एक परिवार घर में ही सोता रहा और अंदर घुसे चोर हजारों का माल समेट ले गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरुबकर दी है। पुलिस के मुताबिक मड़ियांव के हरीश कुमार एक निजी कंपनी में सीनियर एक्सिक्यूटिव पद पर कार्यरत है। पीड़ित के अनुसार मंगलवार रात परिवार के सभी लोग घर के नीचे वाले हिस्से में सोए थे। देर रात छत के कमरे से चोर ने लैपटॉप, कपड़े व अन्य सामान चोरी कर ले गए। परिवारीजनों को बुधवार सुबह उठने पर चोरी की जानकारी हुई।

## पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

**लखनऊ।** जानकीपुरम में संदिग्ध परिस्थितियों में बुधवार शाम को एक युवक का शव पेड़ से लटकता मिला। राहगीरों ने शव लटकता देख पुलिस को सूचना दी। शव की सूचना मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि तलाशी के दौरान मिले मोबाइल से मृतक की शिनाख्त से पता चला कि वह बीकेटी कोतवाली निवासी 30 वर्षीय अर्जुन का शव है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पेड़ पर नायलॉन की रस्सी से लटक रहे युवक के घुटने जमीन से छू रहे थे। लोगों ने हत्या की आशंका जताई है।

# जनसमस्याओं को लेकर सरकार के विरुद्ध संघर्ष तेज किया जाएगा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**तहरीक** फिक्र–ए–मिल्लत फाउण्डेशन के महासचिव मोहम्मद हनीफ ने पश्चिम विधानसभा में लोगों से मुलाकात की, जिस पर जनता ने उनके सामने क्षेत्रीय समस्याांएं रखी।

खान ने कहा कि कोरोना महामारी की मार झेल रही जनता के प्रति सरकार का रवैया बेहद असंवेदनशील रहा हैं। बिजली की आवाजाही, दूषित पानी व सड़कों की खस्ता हालत से जनता त्रस्त हैं। समय रहते नालो की सफ ाई न होने के चलते जल भराव की समस्या भी विकराल रुप ले चुकी हैं। उन्होने कहा कि इन सभी मुद्दों पर सरकार के विरुद्ध संघर्ष को और तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि साम्प्रदायिक राजनीति की बैसाखियों के सहारे ऐसे–ऐसे लोग चुनाव जीत कर संसद और विधानसभा पहुँच गए, जो कभी भी अपनी छवि के दम पर जनप्रतिनिधि नहीं बन सकते थे। यही कारण हैं कि आज वह सभी नेता जनता की सुध नही लेना चाहते। लोकतंत्र में एक नेता की यह जिम्मेदारी हैं कि वह हर परिस्थिति में जनता के हितो की रक्षा करें, साथ ही जनता को भी यह सुनिश्चित करना होगा कि वह नेताओं के सामाजिक व राजनैतिक योगदान के आधार पर उनका चुनाव करें। खान ने कहा कि पैसे के दम पर राजनैतिक दलो में अपनी पैठ रखने वाले कारोबारी लोग जनता के हिमायती नही हो सकते हैं। प्रजातंत्र में किराए की भीड़ से क्रांति नही हो सकती।

# घंटों ठप रही आपूर्ति, पावर हाउस पर उपभोक्ताओं ने किया प्रदर्शन

**संवाददाता।** सरोजनीनगर



**कृष्णालोक** सहित तकरीबन आधा दर्जन कालोनियों की विद्युत आपूर्ति कई घंटों तक ठप रहने से आक्रोशित विद्युत उपभोक्ताओं ने गहरू पावर हाउस पर जमकर हंगामा किया। हंगामा कर रहे इन विद्युत उपभोक्ताओं का आरोप था कि कई घंटे तक विद्युत आपूर्ति शुरू न होने पर जब कि यहां के एसडीओ से शिकायत की गई तो उन्होंने हम क्या करें कहकर अपना पल्ला झाड़ लिया। इससे आक्रोशित यहां की तकरीबन आधा दर्जन कालोनियों के सैकड़ों विद्युत उपभोक्ताओं के साथ ही प्रभावित कम्पनियों के मालिकों ने गहरू पावर हाऊस परिसर में धरना–प्रदर्शन के साथ ही हंगामा करना शुरू कर दिया। हंगामें की खबर मिलते ही विद्युत विभाग के आला अधिकारियों ने कर्मचारियों को भेजकर फाल्ट ढूढ़ना शुरू कर दिया।

गहरू विद्युत उपकेन्द्र के अन्तर्गत कृष्णालोक कॉलोनी निवासी ब्लाक प्रधान संघ के पूर्व अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह मुताबिक चन्द्रषेखर आजादनगर फीडर 11 हजार वोल्टेज विद्युत लाइन का एक खंभा अवध कॉलेजिएट के पास काफी समय पहले टूट गया था। जिसे बदले बिना ही विद्युत विभाग ने लाइन चालू कर दी थी। मंगलवार शाम बारिश जोरदार बारिश के दौरान यह खंभा झुक गया और तार टूट गए। इसकी वजह से इस लाइन से जुड़े सभी मोहल्लों और कालोनियों के अलावा फैक्ट्रियों व बंथरा थाने की आपूर्ति ठप हो गई। उपभोक्ताओं ने इसकी सूचना उसी समय गहरू पावर हाउस पर दी, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। उपभोक्ताओं का कहना है कि विद्युत कर्मचारियों के साथ उन लोगों को भी जुट कर खंभा ठीक कराने में मदद करनी पड़ी। लेकिन खबर लिखे जाने तक 24 घण्टे बीतने के बाद भी विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी थी।

# जर्जर सड़कें खोल रहीं सरकारी दावों की पोल

**संवाददाता।** बख्शी का तालाब



**सत्ता** में आने के बाद से ही योगी सरकार प्रदेश की सड़कों को दुरूस्त कर फर्राटा भरने के लायक बनाने की बातें करती आयी है। लेकिन हक़ीक़त कागज़ी दावों के इतर है। हर तरफ गड्ढो में तब्दील सड़कें राहगीरों के लिए मुसीबतों का सबब बनी हुई हैं। जिनपर निकलकर रोज़ाना लोग चोटिल हो रहे हैं।

सड़कों का यह हाल किसी दूर दराज के जिलों का नहीं बल्कि राजधानी का प्रवेश द्वार कहे जाने वाले बख्शी का तालाब क्षेत्र का है । रैथा रोड से निकलकर आईआईएम दुबग्गा रोड को जोड़ने वाली सड़क तराई के गांवों को शहर तक पहुंचाने का मुख्य व एक मात्र ज़रिया है । इसपर सैरपुर पूरब गांव पश्चिम गांव टंटापुर सरौरा धो बैला जैसे दर्जनों गांवों के लोग गुजरते हैं । लेकिन इस संपर्क मार्ग की हालत बहुत ही ख़राब है। सड़कों में बड़े बड़े गड्ढे हो गये हैं। जिनपर निकलना ख़तरे से खाली नहीं है। सरौरा के शिवम यादव ने बताया कि सड़क की यह दशा डंपरों के निकलने के कारण हुई है। यहां से रोजाना सैकड़ों की संख्या में निकलने वाले डंपरों ने सड़क का यह हाल किया है। वहीं अस्ती रोड से नगुवामऊ की रोड का हाल और बुरा है। इस सड़क पर दिनोहरी खंतारी मवई कला जैसे दर्जनों गांवों के आने जाने का एकमात्र रास्ता है। यहीं हाल शिवपुरी कठवारा लिंक रोड मंझोरीय पर्वतपुर मार्ग भौली बीकेटी, सैरपुर भौली संपर्क मार्ग जैसी दर्जनों सड़के राहगीरों की राह की दुश्वारियों को बढ़ा रहीं हैं। बीकेटी में अंडर पास बनाने के लिये धरना कर रहे प्रसपा के पूर्व प्रत्यासी गनेश रावत ने बताया कि किसान पथ बनाने के नाम पर हो रही खुदाई से डंपरों के चलने से क्षेत्र की सड़कें पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी हैं। अधिकारियों के बार बार शिकायतों का कोई परिणाम नही निकला है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत पचपेड़ा रिछैया**
**विकास खण्ड निघासन–खीरी उ.प्र.**

पत्रांक–मेमो / टेण्डर प्रकाशन / पंचायतघर निर्माण कार्य दिनांक–11.08.2020

**अल्पकालीन निविदा/आमन्त्रित सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पचपेड़ा रिछैया के अन्तर्गत वर्ष 2020–21 की स्वीकृत कार्य से मनरेगा योजना व केन्द्रीय वित्त के अन्तर्गत ग्राम पंचायत पचपेड़ा रिछैया में पंचायत घर निर्माण कार्य व बाउन्ड्रीवाल निर्माण कार्य कराया जाना है, कार्य पर प्रयुक्त होने वाली निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्म से सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा दिनांक 13.08.2020 से 15.08.2020 को सायं 3:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर आमन्त्रित की जा रही है, निविदा दिनांक 16.08.2020 को सायं 3:00 बजे निविदा दाताओं के समक्ष खोली जायेंगी, निविदा स्वीकृत / अस्वीकृत करने का समस्त अधिकार ग्राम पंचायत का होगा। मनरेगा योजना व केन्द्रीय वित्त के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्य की सामग्री का विवरण निम्न प्रकार है।

1-सीमेन्ट, 2-150 श्रेणी ईंट, 3-40 एम0एम0 रोड़ा, 4-मौरंग, 5-पेन्ट, 6-व्हाईट सीमेन्ट, 7-प्राईमर, 8-बालू, 9-गिट्टी, 10-डिस्टेम्पर, 11-समोसम, 12-लोहा (सरिया), 13-सीट, 14-शीशा, 15-दरवाजा आदि।

नियम व शर्तें :

1. निविदा के सम्बन्ध में निविदा समिति का निर्णय सर्वमान्य होगा।
2. निविदा से सम्बन्धित किसी जानकारी हेतु कार्यालय से सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है।
3. भुगतान के समय जी0एस0टी0 एवं अन्य टैक्स देय होगा।
4. किसी एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये स्वीकृत करने व अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**श्रीमती रिंकी**
प्रधान
ग्राम पंचायत-पचपेड़ा रिछैया
विकास खण्ड-निघासन-खीरी

**श्री धीरेन्द्र कुमार सिंह**
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत-पचपेड़ा रिछैया
विकास खण्ड-निघासन-खीरी

**कार्यालय ग्राम पंचायत सिंगाही देहात**
**विकास खण्ड निघासन–खीरी उ.प्र.**

पत्रांक–मेमो / टेण्डर प्रकाशन / पंचायतघर निर्माण कार्य दिनांक–11.08.2020

**अल्पकालीन निविदा/आमन्त्रित सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सिंगाही देहात के अन्तर्गत वर्ष 2020–21 की स्वीकृत कार्य से मनरेगा योजना व केन्द्रीय वित्त के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सिंगाही देहात में पंचायत घर निर्माण कार्य व बाउन्ड्रीवाल निर्माण कार्य कराया जाना है, कार्य पर प्रयुक्त होने वाली निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्म से सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा दिनांक 13.08.2020 से 15.08.2020 को सायं 3:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर आमन्त्रित की जा रही है, निविदा दिनांक 16.08.2020 को सायं 3:00 बजे निविदा दाताओं के समक्ष खोली जायेंगी, निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का समस्त अधिकार ग्राम पंचायत का होगा। मनरेगा योजना व केन्द्रीय वित्त के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्य की सामग्री का विवरण निम्न प्रकार है।

1-सीमेन्ट, 2-150 श्रेणी ईंट, 3-40 एम0एम0 रोड़ा, 4-मौरंग, 5-पेन्ट, 6-व्हाईट सीमेन्ट, 7-प्राईमर, 8-बालू, 9-गिट्टी, 10-डिस्टेम्पर, 11-समोसम, 12-लोहा (सरिया), 13-सीट, 14-शीशा, 15-दरवाजा आदि।

नियम व शर्तें :

1. निविदा के सम्बन्ध में निविदा समिति का निर्णय सर्वमान्य होगा।
2. निविदा से सम्बन्धित किसी जानकारी हेतु कार्यालय से सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है।
3. भुगतान के समय जी0एस0टी0 एवं अन्य टैक्स देय होगा।
4. किसी एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये स्वीकृत करने व अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**श्री रामविलास**
प्रधान
ग्राम पंचायत-सिंगाही देहात
विकास खण्ड-निघासन-खीरी

**श्री विवेक कुमार सिन्हा**
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत-सिंगाही देहात
विकास खण्ड-निघासन-खीरी

# योगी ने दिया 30 तक कार्य पूरा करने का निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर



**प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज बी.आर.डी. मेडिकल कालेज में निर्माणाधीन 500 बेडेड सुपर स्पेसियलेस्ट बाल चिकित्सालय का निरीक्षण का 30 अगस्त तक कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कोविड-19 की समस्या से निपटने के लिए बचाव एवं उपचार का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है जिसके कारण स्थिति नियंत्रण में है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में कोविड-19 के नियंत्रण के लिए देश के अन्दर जो कार्य योजना बनाई गयी इन सबका अक्षरशः पालन उत्तर प्रदेश ने किया। देश की सबसे बड़ी आबादी का प्रदेश होने के बावजूद हम लोग काफी हद तक उत्तर प्रदेश के अन्दर कोरोना संक्रमण को रोकने में सफल हुए है लेकिन सतर्कता और बचाव अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कोरोना में सतर्कता एवं बचाव इसलिए आवश्यक है कि अब अनलाक में ट्रेने चल रही है, घरेलू उड़ाने भी प्रारम्भ है, इस दृष्टि से हम लोगों ने डोर टू डोर सर्वे एवं कान्टेक्ट टेऋसिंग के लिए 70 हजार टीमें पूरे प्रदेश में बनाई। हर जनपद में कमान एण्ड कन्ट्रोलरूम की स्थापना की गयी है जो हर एक व्यक्ति को ट्रेस कर सके, हर संदिग्ध केस का सैम्पल लेकर उसकी कोरोना की जांच कर सके। उन्होंने कहा कि एक लाख से अधिक जांच प्रतिदिन किया जा रहा है, प्रदेश में एक लाख 51 हजार से अधिक बेड उपलब्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके अतिरिक्त लेवल-2 एवं लेवल-3 के हास्पिटल की आवश्यकता महसूस की जा रही है, गोरखपुर में बी.आर.डी. मेडिकल, पूर्वी उ.प्र., बिहार, नेपाल के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराता है। बीआरडी मेडिकल कालेज में 200 बेड का कोविड हास्पिटल संचालित है इसके अतिरिक्त बाल चिकित्सा संस्थान के भवन को भी 300 बेड का एक नया डेडिकेटेड कोविड अस्पताल बनाने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा शिक्षा विभाग को निर्देश दिये गये है कोविड अस्पताल बनाने के लिए किसी भी संसाधन की कमी न होने दी जाये। इस अस्पताल के बन जाने से देवरिया, कुशीनगर, महराजगंज के वासियों को भी और बेहतर सुविधा उपलब्ध करायी जा सकेगी।

### डेडिकेटेड कोविड अस्पताल बनाया जाए

**मुख्यमंत्री ने जिला** प्रशासन को निर्देश दिया गया है कि 100 बेड टी.बी. चिकित्सालय में 100 बेड डेडिकेटेड कोविड अस्पताल बनाया जाये और लेवल-2 एवं लेवल-3 की सुविधाएं प्रदान की जाये। उन्होंने कहा कि लेवल-2 एवं लेवल-3 के अस्पताल संचालन के लिए मैन पावर की टेऋनिंग भी कराया जाये। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त हर जनपद को भी निर्देश दिया गया है कि वे लेवल-2 एवं लेंवल-3 के कोविड अस्पताल बनाये जिसमें वेन्टीलेटर अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की जाये। वर्तमान में प्रदेश के अन्दर 500 से अधिक लेवल-1 तथा 77 लेवल-2 एंव 26 लेवल-3 के कोविड अस्पताल है। उन्होंने कहा कि लोगों की जान बचाने के लिए कही दवा, संसाधन एवं अन्य कोई कमी नहीं आने दी जायेगी। प्रत्येक व्यक्ति का जीवन हमारे लिए महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर मण्डलायुक्त जयन्त नार्लिकर, जिलाधिकारी के. विजयेन्द्र पाण्डियन, प्रधानाचार्य बीआरडी मेडिकल कालेज सहित राजकीय निर्माण निगम के जी.एम. एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहें।

# श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर रामलला को भेंट किए गए हरे रंग के नए वस्त्र

- भगवान कृष्ण की जन्माष्टमी बुधवार को पड़ने के कारण हरे रंग का वस्त्र रामलला को पंडित कल्कि जी महाराज ने किया भेंट

संवाददाता। अयोध्या



**पांच** अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रामलला के भव्य मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन किए वह दिन भी बुधवार था और भगवान श्री राम लला ने हरे रंग का नवरत्न जड़ित वस्त्र पहना था। जिसको रामा दल ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित कल की राम जी महाराज ने भेंट किया था। आज भी बहुत दुर्लभ संयोग है जब भगवान कृष्ण योग योगेश्वर का जन्मोत्सव भी बुधवार को पड़ रहा है इस दिन भी रामलला हरे रंग का वस्त्र पहनेंगे जिसको पंडित कल की राम जी महाराज ने की भेंट किया है। पंडित कल्कि राम जी महाराज 2014 से मोदी जी की सफलता के लिए अयोध्या के सरयू तट पर अनवरत अनुष्ठान कर रहे हैं और महीने में पढ़ने वाली दो एकादशी और प्रत्येक त्यौहार पर रामलला को नए वस्त्र अर्पित करते है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों की सफलता के निमित्त श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर श्रीराम लला को पहनायी जाने वाली नवीन पोशाक का एक सेट मुख्य पुजारी श्रीसत्येन्द्रदास जी से भेंट कर अर्पित करते हुए प्रधानमंत्री मोदीजी के प्रयासों की सफलता एवं स्वस्थ्य दीर्घायुष्य जीवन की प्रार्थना करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री राम जन्मभूमि के मुख्य पुजारी श्रीसत्येन्द्रदास जी ने बताया कि यह पहला अवसर है जब श्रीराम लला जन्माष्टमी पर नयी पोशाक धारण करेंगे। इससे पहले पुरानी पोशाक में ही श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाता रहा है। पंडित कल्कि जी महाराज ने बताया की रामलला के जन्म उत्सव पर तो अयोध्या में भव्य उत्सव मनाया जाता है लेकिन भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव पर रामलला दिव्य नया वस्त्र पहने गे जो हरे रंग का भेंट किया जा रहा है क्योंकि भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव बुधवार को पड़ रहा है। उन्होंने बताया प्रधानमंत्री मोदीजी के लिए निःस्वार्थ निष्कपट भाव से आयोजित 5 वर्षीय महानुष्ठान में सनातन धर्म के सभी पर्वों एवं माह की चार पवित्र तिथियों पर एक वर्ष से नयी पोशाक और जन्म भूमि पर फहराया जाने वाला धर्म ध्वज विगत 6वर्षों से प्रधानमंत्री मोदीजी के निमित्त अर्पित किया जा रहा है ।

# प्रदेश के सभी धार्मिक स्थलों का चौमुखी विकास हो : नंदी

संवाददाता। अयोध्या



**यूपी** के नागरिक उड्डयन, अल्पसंख्यक मुस्लिम वक्फ एवं हज विभाग मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नंदी ने सर्किट हाउस में कहा कि अयोध्या में छोटी सी हवाई पट्टी थी। जिसमें करीब 600 एकड़ भूमि का अधिग्रहण करके हम प्रभु श्रीराम के नाम पर एक बहुत बड़ा एयरपोर्ट बनाने जा रहे है। सरकार की मंशा है कि प्रदेश के सभी धार्मिक स्थलों का चौमुखी विकास हो। उन्होने कहा कि सरकार कतार में खड़े अंतिम व्यक्ति के विकास के लिए कटिबद्ध है। जिसके लिए कई योजनाएं प्रदान की गयी है। इस दौरान उन्होने महानगर जिलाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा व जिलाध्यक्ष संजीव सिंह से संगठनात्मक गतिविधियों के विषय में जानकारी ली। महानगर जिलाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने कहा कि अयोध्या में विकास के नये युग का सूत्रपात हुआ है। आने वाले समय में यहां का पयर्टन समृद्धि की पटकथा लिखेगा। इस अवसर पर अरविंद सिंह, परमानंद मिश्रा, शैलेन्दर कोरी, तिलकराम मौर्या, दिवाकर सिंह, राजेश सिंहए राजू सिंह मौजूद रहे। इस दौरान पार्षद अनुभव जायसवाल अन्नू ने नगर निगम के वार्ड लालबाग में वक्फ बोर्ड की जमीन पर लिंकरोड़ व सीवर लाईन, सौन्दर्यीकरण हेतु अनापत्ति दिये जाने की मांग को लेकर पत्र दिया। इस दौरान प्रेम श्रीवास्तव, महेन्द्र पाण्डेय, प्रदीप यादव, अनिल श्रीवास्तव, अभय द्विवेदी, रवि श्रीवास्तव मौजूद रहे।

## गौशाला में आग लगने से दो जानवरों की मौत

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**बीती** रात अचानक छप्परनुमा गौशाला में आग लग जाने से दो जानवरों की जलकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे हल्का लेखपाल वा डॉक्टर ने आवश्यक कार्यवाही कर अधिकारियों को रिपोर्ट सौंप दिया है । मामला मंगलवार रात जैतपुर थाना क्षेत्र के रतना गांव की है। गांव निवासी अभिमन्यु पुत्र राम कुबेर प्रजापति के छप्परनुमा गोशाला में मंगलवार की रात अचानक आग लग गई। आग बुझाने के लिए ग्रामीणों ने काफी प्रयास किया परंतु आग ने अपना भयंकर रूप पकड़ लिया जिसके कारण गौशाला के अंदर कीमती दो पैसे आग की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गई तत्पश्चात दोनों भैसो ने दम तोड़ दिया। सूचना पर बुधवार की सुबह हल्का लेखपाल रामजीत एवं पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ राकेश वर्मा ने पहुचकर आवश्यक कार्यवाही कर उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट सौंप दिया है।

# रेलवे स्वच्छता के बारे में लोगों को कर रहा जागरूक

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर



**रेल मंत्रालय** के निर्देशानुसार भारतीय स्वतंत्रता दिवस पर्व के अवसर पर देशव्यापी विशेष स्वच्छता अभियान, पूर्वोत्तर रेलवे पर पूरे समर्पण भाव से चलाया जा रहा है। पूर्वोत्तर रेलवे मुख्यालय, गोरखपुर एवं तीनों मंडलों-लखनऊ, इज्जतनगर एवं वाराणसी में विशेष स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत प्रतिदिन रेलवे स्टेशनों, रेल पथ, कार्यालयों एवं आवासीय कॉलोनियों में सघन साफ-सफाई के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है, जिनका मार्गदर्शन, पर्यवेक्षण एवं निरन्तर निगरानी वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा की जा रही है। इस अभियान के अन्तर्गत स्वच्छता के महत्व के बारे में लागों को जागरूक करने के प्रयास भी किये जा रहे है। विशेष स्वच्छता अभियान में स्वयंसेवी संस्थाओं, चैरिटेबल ट्रस्ट, एन.जी.ओ. तथा स्काउट गाइड आदि की सक्रिय सहभागिता भी सुनिश्चित की जा रही है। इसी क्रम में महिला संविदा मजदूरों को भी इस स्वच्छता अभियान में सक्रिय रूप से भागीदार बनाया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि विशेष स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत विभिन्न साफ-सफाई के कार्यक्रमों में कोविड-19 के संक्रमण के मद्देनजर सभी आवश्यक निर्देशों जैसे-मास्क पहनाए, सैनिटाइजर का प्रयोग एवं सामाजिक दूरी आदि का पालन किया जा रहा है। रेल यात्रियों सहित आम जनता में साफ-सफाई संबंधी जागरूकता के लिये स्टेशनों, रेल परिसरों एवं कॉलोनियों में साफ-सफाई की उपयोगिता तथा गन्दगी फैलने से होने वाली बीमारियों तथा अन्य बुरे परिणामों के बारे में विभिन्न माध्यमों से जानकारी दी जा रही है।

पूर्वोत्तर रेलवे के तीनों मंडलों में सभी छोटे-बड़े स्टेषनों, रेल ट्रैक, एप्रोच रोड, सर्कुलेटिंग एरिया, प्लेटफार्मों, प्रसाधनों, पेय जल स्थलों आदि की गहनता से सफाई की जा रही है। इसी क्रम में रेलवे कार्यालयों, लोको शेड, कैरिज एण्ड वैगन डिपों आदि रेल आवासों की भी बड़े पैमाने पर साफ-सफाई की जा रही है। शहरी क्षेत्र में रेल ट्रैक तथा रेलवे ट्रैक के किनारे जगह-जगह पड़े कूड़ा करकट को हटाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। सभी मंडलों में इंजीनियरिंग, यांत्रिक विभाग की ई.एन.एच.एम. शाखा, मेडिकल विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा इस अभियान में विशेष सक्रियता एवं लगन से कार्य कर इसे पूर्ण रूप से सफल बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी है।

## क्विक न्यूज

### भरतकुंड सरोवर में डूब कर बालक की मौत

**रानीबाजार, अयोध्या।** जनपद अयोध्या तहसील सोहावल अयोध्या प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर भरतकुंड मे सुभम गौड़ लल्लू पुत्र राम सागर गौड़ निवासी.मैनुद्दीनपुर पूराकलन्दर अयोध्याएकी भरतकुण्ड सरोवर में। नहाते समय डूबकर मौत हो गई घर वालो का रो रो कर बुरा हाल है। लाश शील करके बीकापुर पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम के लिए भेजी गई।गाँव ने आज एक और नौनिहाल बालक खो दिया। मिली जानकारी के मुताबिक बालक को सरोवर से बाहर निकालकर बीकापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया वहाँ पर मौजूद डाक्टर ने बालक को मृत्यु घोषित किया। मृत्यु के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

### विकास-निर्माण कार्यों की समीक्षा आज

**गोरखपुर।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 13 अगस्त को सायं 4 बजे से विकास/निर्माण कार्यो की समीक्षा बैठक विकास भवन सभागार में आहूत की गयी है, जिसमें शासन के विकास की प्राथमिकताओं कार्यक्रमों की प्रगति रिर्पोट माह जुलाई की विस्तृत समीक्षा की जायेगी। बैठक के दौरान कोविठ-19 के दिशा निर्देशों का पालन रिना अनिवार्य होगा। यह जानकारी देते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने बताया है कि विकास कार्यों की समीक्षा बैठक सायं 4 बजे से 5 बजे तक, तथा निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक सायं 6 बजे से 8 बजे तक सुनिश्चित की गयी है।

### बंदियों से 20 तक नहीं होगी मुलाकात

**गोरखपुर।** कोरोना वायरस के प्रकोप से बचाव एवं रोकथाम के लिए लोक हित में जिला कारागार में निरुद्ध सभी बन्दियों की मुलाकात करने हेतु आने वाले उनके परिजनों, मित्रों आदि की मुलाकात 11 अगस्त से 20 अगस्त तक रोक लगायी जाती है। लोक हित में 20 अगस्त तक किसी भी बन्दी की मुलाकात उनके मित्रों, परिजनों आदि से नहीं करायी जायेगी। उक्त जानकारी वरिष्ठ अधीक्षक जिला करागार ने दी है।

### भाजपा आईटी प्रमुख के पद पर हुयी औपचारिक नियुक्ति



जिला आई टी सेल प्रमुख का स्वागत करते जिलाध्यक्ष

**अम्बेडकरनगर।** भारतीय जनता पार्टी ने अपने संगठन के सबसे महत्वपूर्ण भूमिका वाले प्रभार सोशल मीडिया आई टी सेल को चुस्त दुरुस्त बनाए रखने के लिए प्रदेश नेतृत्व की संस्तुति पर भाजपा जिला अध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने विश्वसनीय चेहरे अकबरपुर नगर मंडल निवासी विद्यार्थी परिषद अयोध्या के कार्यालय प्रमुख रहे मनीष कुमार मिश्र को भारतीय जनता पार्टी सोशल मीडिया आई टी विभाग जिला संयोजक पद पर नियुक्त कर जिले में सोशल मीडिया आई टी से संबंधित भाजपा के कार्यों के सम्पादन की जिम्मेदारी सौंपी है।जिला आई टी प्रमुख के रूप में मनीष मिश्र की नियुक्ति पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुमन पांडेय, रमेश चंद्र गुप्त,जिला महामंत्री मिथिलेश त्रिपाठी,अमरेंद्र कांत सिंह,जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय,जिला मंत्री दिलीप पटेल,दीपक तिवारी,सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की जिला सहसंयोजक उपमा पांडेय,आर्थिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक कमलेश मौर्य व जिला कार्यालय प्रभारी अतुल वर्मा ने बधाई देते हुए प्रसन्नता व्यक्त किया है।

# नरसिंह नारायण सिंह बार एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्वाचित

- रनर प्रत्याशी इन्द्रमणि शुक्ला को आठ मतों से दी शिकस्त
- रमेश सिंह मंत्री पद पर निर्वाचित घोषित

संवाददाता। अम्बेडकरनगर।



जीत के बाद समर्थकों से घिरे नरसिंह नारायण सिंह — पायनियर

**जिला** बार एसोसिएशन की सम्पन्न हुई मतगणना में वरिष्ठ अधिवक्ता नरसिंह नारायण सिंह अध्यक्ष पद पर निर्वाचित घोषित किये गये। सचिव पद पर रमेश सिंह को निर्वाचित घोषित किया गया। मतगणना की शुरूआत से ही अध्यक्ष पद के उम्मीदवार नरसिंह नारायण सिंह व इन्द्रमणि शुक्ला के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। इन्द्रमणि शुक्ला प्रत्येक चक्र की मतगणना के उपरान्त 30 से 40 मतों के अन्तर से पीछे रहे। अन्तिम चक्र की मतगणना में नरसिंह नारायण सिंह ने 345 मत पाकर इन्द्रमणि शुक्ला को महज आठ मतों से शिकस्त दे दी। इन्द्रमणि शुक्ला को 337 मत प्राप्त हुए। अध्यक्ष पद के दो अन्य उम्मीदवार अम्बिका सिंह व ओम प्रकाश श्रीवास्तव अपनी खास उपस्थिति नही दर्ज करा सके। अम्बिका सिंह को केवल 47 व ओम प्रकाश श्रीवास्वत को केवल 48 मत ही मिले। एक अन्य प्रत्याशी राजेन्द्र प्रसाद पटेल 156 मत पाकर तीसरे स्थान पर रहे। मंत्री पद पर 328 मत पाकर रमेश सिंह निर्वाचित घोषित किये गये। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी रवीन्द्र कुमार उपाध्याय को 282 मत मिले। शैलेन्द्र कुमार तिवारी 134 व हरिगोविन्द यादव को 174 मत मिले। इसके अलावां उपाध्यक्ष पद पर सन्तराम गुप्ता तथा कोषाध्यक्ष पद पर धर्मेन्द्र कुमार मिश्र विजयी घोषित किये गये। महत्वपूर्ण बात यह है कि अध्यक्ष व मंत्री पद पर निर्वाचित दोनों प्रत्याशी एक ही गांव के रहने वाले हैं। उल्लेखनीय है कि बार एसोसिएशन के चुनाव के लिए मतदान गत सोमवार को सम्पन्न हुआ था लेकिन मंगलवार को न्यायालय में अवकाश होने के कारण मतगणना बुधवार को सम्पन्न हुई। मतगणना की शुरूआत से ही न्यायालय परिसर में गहमा-गहमी देखी जाने लगी थी। निर्वाचित घोषित किये जाने के बाद अध्यक्ष नरसिंह नारायण सिंह व मंत्री रमेश सिंह ने सभी अधिवक्ताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## चोरों ने घर के बरामदे से पार कर दी बोलेरो

**अम्बेडकरनगर।** थाना क्षेत्र जैतपुर के अचल नगर निवासी संजीव कुमार पुत्र रामआसरे तिवारी ने जैतपुर थाने में अपनी बोलोरो चोरी होने की तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार संजीव कुमार पुत्र राम आसरे तिवारी निवासी ग्राम अचल नगर थाना क्षेत्र जैतपुर प्रतिदिन की भांति अपनी बोलोरो यू.पी.45एफ021को अपने बरामदे में खडी करके श्रीकृष्ण जी की जन्माष्टमी का पूजा अर्चना करके देर रात मकान के अंदर सो गये.सुबह उठकर देखा तो बोलोरो गायब थी।.पीडित ने तत्काल 112 नं पर काल करके बोलेरो चोरी होने की सूचना दी। मौके पर पहुची पी.आर.बी.के सिपाही ने जाच पडताल की लेकिन कोई जानकारी नही मिली।.भुक्तभोगी ने जैतपुर थाने में तहरीर देकर कार्यवाई करने की गुहार लगाई।

# बैंक का सहायक कैशियर कोरोना पाजिटिव पाया गया

**अम्बेडकरनगर।** इब्राहिमपुर थाना क्षेत्र के उतरेथु बाजार में स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा का सहायक कैशियर कोरोना पॉजिटिव पाया गया है जिसके बाद एलडीएम के आदेश पर शाखा 48 घंटे के लिए बंद कर दी गई है । स्थानीय प्रशासन ने अपनी तरफसे कोई कदम नही उठाया है। इब्राहिमपुर थाना क्षेत्र के उतरेथू बाजार में स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा के सहायक कैशियर मनीष कुमार चौधरी शुक्रवार को बैंक में काम करने के बाद छुट्टी लेकर अपने घर मऊ जनपद गए जहां पर जिला अस्पताल में उन्होंने कोरोना टेस्ट करवाया। उसके बाद उनकी पहली कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई, दुबारा कोरोना टेस्ट के लिए सेम्पल भेजा गया है। चार दिन बीत चुके हैं लेकिन वहाँ के स्थानीय प्रशासन ने अम्बेडकरनगर को कोई सूचना नही दिया है। बैंक कर्मियों ने बैंक में ग्राहक सेवा पर स्वविवेक से रोक लगा दी है। उक्त मामले को उपजिलाधिकारी टांडा को अवगत कराया गया लेकिन कोई प्रशासनिक सूचना न होने की वजह उप जिलाधिकारी टांडा ने आवश्यक कार्यवाही करने से साफ इनकार कर दिया। वही बैंक की तरफ से भी लापरवाही बरती जा रही है।स्थानीय प्रशासनिक अमले की कार्यप्रणाली पर सवाल उठना वाजिब है क्योंकि खबर लिखे जाने तक तक कोई भी मदद बैंक कर्मियों को नही मिला है। जब तक प्रशासनिक सूचना का इंतजार किया जाएगा तब तक कोरोना कई लोगो को अपने चपेट में ले चुका होगा। यह बात इस कोरोना काल मे सिद्ध भी हो चुकी है। शुक्रवार के बाद मंगलवार तक शाखा का संचालन जारी था। मंगलवार को सूचना मिलते ही इंचार्ज शाखा प्रबंधक अरविंद कुमार मौर्या ने शाखा को बंद तो कर दिया लेकिन कर्मचारियों के जांच की जहमत नही उठा सके।

## बाइक की टक्कर से साइकिल सवार युवक की मौत का केस न दर्ज करने पर हुआ रोडजाम

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** इनायतनगर थाने के हैरिंग्टनगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के मलेथू बुजुर्ग चिरंगीबीर के पास हुए एक्सीडेंट का केस न दर्ज करना पुलिस के लिए सिरदर्द बन गया। बीकापुर थाना क्षेत्र के रामपुर जोहन निवासी कुद्दू राम 45 पुत्र घिसई प्रसाद घर से सब्जी लेने के लिए साइकिल से 7 अगस्त को घर से निकले थे कि विपरीत दिशा से आ रही प्लैटिना बाइक सवार ने युवक को जबरदस्त टक्कर मार दी थी। जिससे युवक बुरी तरह घायल हो गया था। आनन फानन उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ भिजवाया गया। जहां बुधवार को इलाज के दौरान उसकी में मौत हो गई।लखनऊ में पीएम के बाद मृतक के शव को परिवार वालों को सुपुर्द कर दिया गया। मृतक युवक के भतीजे शैलेंद्र कुमार ने बताया कि हम लोगों का परिवार काफी गरीब है। काफी अनुनय विनय के बाद भी इनायतनगर पुलिस ने एक्सीडेंट का एफआईआर नहीं दर्ज किया। प्रशासन द्वारा कोई भी मदद नहीं मिली।

# अब हो सकेगा उदासीनता के शिकार श्री त्रिपुरारि कुंड का सुंदरीकरण

- श्री अंबिका सोशल वेलफेयर सोसाइटी अयोध्या ने महापौर को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता। अयोध्या






**श्री अंबिका** सोशल वेलफेयर सोसाइटी अयोध्या के अध्यक्ष पंकज कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में अयोध्या नगर निगम के महापौर ऋषिकेश उपाध्याय को एक ज्ञापन सौंपकर श्री त्रिपुरारी कुंड एवं मंदिर का सौन्दर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार कराये जाने के संबंध में मांग की गई जिस पर महापौर श्री उपाध्याय ने कहा कि जल्द ही इस पौराणिक स्थल को योजना में शामिलकर लिया जाएगा और इसका सौन्दर्यीकरण कराया जाएगा स महापौर को संबोधित ज्ञापन में कहा गया है कि गत 5 अगस्त 2020 को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 05 शताब्दियों से प्रतीक्षित अयोध्या में मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्री राम के मन्दिर निर्माण का भूमि पूजन हुआ और जल्द ही मंदिर निर्माण कार्य पूर्ण भी हो जाएगा। इसके साथ ही अयोध्या एक विस्तारित पर्यटन नगरी के रूप में पूरे देश विदेश में अपना परचम लहराएगी। इसी क्रम में पुराणों में वर्णित पौराणिक स्थलों का सौंदर्यीकरण भी कराया जा रहा है स श्री श्रीवास्तव ने कहा कि आपको अवगत कराना है कि एडवर्ड तीर्थ विवेचनी सभा द्वारा अयोध्या शहर से मात्र 8 किलोमीटर के दायरे में व सूर्य कुंड से 2 किलोमीटर स्थित तिहुरा उपरहार, दर्शननगर जनपद अयोध्या के110 नम्बर अंकित श्री त्रिपुरारि कुण्ड आज भी लोगों द्वारा अवैध अतिक्रमण एवं पर्यटन विभाग की उदासीनता के कारण मात्र एक छोटे से तालाब के रूप में दर्ज है। श्री अम्बिका सोशल वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष पंकज कुमार श्रीवास्तव और महासचिव अधिवक्ता शीतला प्रसाद के अनुसार इस स्थल का महात्म स्कंद पुराण के वैष्णव खण्ड एव रूद्रयामल जैसे वैदिक ग्रन्थों में वर्णित है। लोकोक्ति है कि त्रेतायुग में भगवान राम जन्म के समय भगवान शिव एवं माता पार्वती कैलाश पर्वत से अयोध्या आए और अपने पहचान को गुप्त रखने के लिए नगर स्थिति दक्षिण. पूर्व छोर पर इसी स्थान पर वास किया और वहीं से भगवान राम के बाल रूप का दर्शन करते रहे। लोकोक्ति यह भी है कि दो हजार वर्ष पूर्व महाराजा विक्रमादित्य ने श्री त्रिपुरारी महादेव मंदिर का जीर्णोद्धार करायाए यह मन्दिर जीवंत आस्था का परिचायक है और और इस मंदिर पर कार्तिक पूर्णिमा व शिवरात्रि के अवसर पर उत्सव आज भी मनाया जाता है। जहां पर हजारों भक्तों का भगवान श्री त्रिपुरारि को अभिषेक करने का तांता लगा रहता है। समिति की तरफ से भी हर वर्ष साफ सफाई व भंडारे का आयोजन किया जाता है। इतने बड़े आस्था व पौराणिक केन्द्र होने के बावजूद शहर से 09 किलोमीटर दूर स्थित श्री त्रिपुरारि कुण्ड आज भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकता के बावजूद पर्यटन विभाग की उदासीनता का शिकार है। ज्ञापन में मांग की गई है कि पौराणिक श्री त्रिपुरारी कुण्ड मन्दिर स्थित तिहुरा उपरहार, दर्शननगर जनपद अयोध्या के सौन्दर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार कराये जाने का कष्ट करें। श्री अंबिका सोशल वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष पंकज कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि अयोध्या नगर निगम के महापौर ऋषिकेश उपाध्याय से श्री त्रिपुरारी कुंड व मंदिर की पौराणिकता के संबंध में विस्तृत बताया गया जिस पर उन्होंने कहा कि अयोध्या के ऐतिहासिक स्थल को भी अपनी योजना में शामिल किया जाएगा।

## नेपाल का कारनामा

### बुद्ध की विरासत पर कब्जे का प्रयास

**चीन** ने भारत के पड़ोसियों को कर्ज के जाल में फंसाने के बाद अब उनको राजनीतिक रूप से हमारे खिलाफ खड़ा करने का प्रयास जारी रखा है। अब तक नेपाल, बांग्लादेश व श्रीलंका 'चीन के साथ व्यापार' व 'भारत के साथ ऐतिहासिक संबंधों' की रणनीति पर काम करते हुए इस प्रक्रिया में दोनों एशियाई महाशक्तियों से रियायतें प्राप्त करते थे। लेकिन ऐसा लगता है कि नेपाल भारत के साथ सभ्यतामूलक संबंधों व साझा इतिहास को तोड़ कर अपना स्वतंत्र स्थान बनाना चाहता है जो इस महाद्वीप के जन्म को देखते हुए असंभव लगता है। नेपाली प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली अब नेपाली मूल के साझा सांस्कृतिक प्रतीकों पर कब्जा कर उनकी विरासत पर बौद्धिक अधिकार करना चाहते हैं। पहले उन्होंने बिना किसी ऐतिहासिक प्रमाण के कहा कि भगवान राम ने नेपाल में अयोध्या नामक स्थान पर जन्म लिया था और अब वे बुद्ध के नेपाली होने का दावा कर रहे हैं। यह विवाद विदेश मंत्री एस. जयशंकर के सीआईआई में भाषण से शुरू हुआ जिसमें उन्होंने कहा था कि महात्मा गांधी और भगवान बुद्ध दो महान भारतीय थे। विभिन्न नेपाली नेताओं ने फौरन प्रतिक्रिया करते हुए इस बयान को आपत्तिजनक बताया जिनमें विपक्षी नेताओं व पूर्व प्रधानमंत्री माधव कुमार नेपाल शामिल हैं। आधिकारिक बयान में ऐतिहासिक व पुरातात्विक प्रमाणों पर जोर देते हुए सिद्ध किया गया था कि बुद्ध का जन्म नेपाल के लुम्बिनी में हुआ था। भारत ने भी विवाद समाप्त करने के लिए कहा कि बुद्ध के लुम्बिनी में जन्म लेने पर कोई संदेह नहीं है, पर बुद्ध की विरासत पर दोनों देशों का साझा है। भारत ने कभी




बुद्ध पर सांस्कृतिक कब्जे का प्रयास नहीं किया और हमेशा पूरी दृढ़ता से उनका जन्म नेपाल में होना बताया है। इसी प्रकार नेपाल भी इस तथ्य से इनकार नहीं कर सकता है कि उन्होंने अपना अधिकांश जीवन भारत में बिताया था, बोधगया में बुद्धत्व प्राप्त किया था, सारनाथ में प्रमुख उपदेश दिए थे तथा कुशीनगर में परिनिर्वाण प्राप्त किया था। भगवान राम और भगवान बुद्ध को उनके भूगोल के बजाय दर्शन के आधार पर परिभाषित किया जाना चाहिए जिसे सारी दुनिया ने स्वीकार किया है।

हालांकि, भारत भगवान बुद्ध की कर्मभूमि थी और उन्होंने सच्चे धर्म के प्रचार हेतु लगभग पूरे भारत की यात्रा की थी, पर उनके अनुयाइयों ने इसे भारत की तुलना में दक्षिणपूर्व एशिया के अधिकांश देशों में ज्यादा जीवन्त बनाए रखा। क्या इसका अर्थ है कि वे उनके विशाल दृष्टिकोण पर दावा करने लगेंगे? इस प्रकार रवीन्द्रनाथ टैगोर भारत व बांग्लादेश दोनों के हैं। हिंदू देश तथा भारत से सटा होने के कारण नेपाल के साथ इतिहास, संस्कृति व जनता के बीच सबसे मजबूत साझा संबंध हैं। इसी कारण दोनों देशों के बीच सीमा खुली है। अब सांस्कृतिक बाधायें खड़ी करने से स्पष्ट है कि ओली भारत के साथ परस्पर निर्भरता के संबंध तोड़ कर चीन का मुहरा बनना चाहते हैं। चीन ने नेपाल में सांस्कृतिक राजनय भी तेज की है और वह वहां 2015 में भूकंप के दौरान टूटे मंदिर व तीर्थस्थलों के पुनर्निर्माण में सहायता कर रहा है। ओली ने भारत के खिलाफ मानचित्र युद्ध छेड़ कर लिपुलेख दर्रे पर भारतीय दावे को खारिज करने के लिए ब्रिटिश युग के मानचित्रों की अलग व्याख्या की है। यह इस तथ्य के बावजूद है कि इस दर्रे को भारत और चीन के बीच 1954 में हस्ताक्षरित संधि में भारत का प्रवेश द्वार माना गया है। चीन ने कैलाश मानसरोवर तीर्थयात्रियों को भेजने के नई दिल्ली द्वारा तैयार नई सड़क पर आपत्ति नहीं की थी और इस दर्रे से दोनों देशों के बीच व्यापार होता था। लेकिन नेपाल ने नया मानचित्र पेश कर विवाद पैदा किया। यदि नेपाल यही दृष्टिकोण अपनाना जारी रखता है तो इसका अर्थ होगा कि उस पर चीन का शिकंजा कस गया है। हालांकि, भारत द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करते हुए कोविड-19 के खिलाफ संघर्ष में नेपाल की सहायता कर रहा है, पर वह चीन का मुकाबला नहीं कर सकता है जिसका नेपाल की एफडीआई में हिस्सा अब 90 प्रतिशत से अधिक हो गया है।

# दुनिया में युवा बेरोजगारी की समस्या

अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस का लक्ष्य हमारे नौजवानों की एक सबसे गंभीर समस्या को उजागर करना है। उनमें रोजगार, शिक्षा व कौशल से वंचित लोगों की संख्या बढ़ रही है।



बलवंत मेहता सिमी मेहता अर्जुन कुमार

**हर** वर्ष 12 अगस्त को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस-आईवाईडी के रूप में मनाया जाता है ताकि वर्तमान दुनिया में नौजवानों की बढ़ती चुनौतियों व समस्याओं को उजागर किया जा सके। पहली बार 2000 में आईवाईडी का लक्ष्य नौजवानों को समाज के मामलों में सहभागी बनाने तथा उनका सकारात्मक योगदान प्राप्त करने पर लक्षित था। इस वर्ष आईवाईडी की थीम 'वैश्विक कार्रवाई में नौजवानों की सहभागिता' है। इसमें उन तरीकों पर जोर दिया गया है जिनसे नौजवान स्थानीय, राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर राष्ट्रीय व बहुराष्ट्रीय संस्थानों व प्रक्रियाओं को समृद्ध बनाना तथा यह सबक सीखना है कि अपने प्रतिनिधित्व व सहभाग को औपचारिक संस्थागत राजनीति में कैसे शामिल किया जाए।




संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या अनुमानों के अनुसार दुनिया भर में 15-29 वर्ष आयु वाले नौजवानों का हिस्सा 1.8 बिलियन है। दुनिया के कुल नौजवानों में हर पांचवां, यानी लगभग 20 प्रतिशत भारतीय है और उनकी संख्या 366 मिलियन है। इससे भारत में उनका महत्व स्पष्ट हो जाता है। नौजवानों के सामने अनेक समस्यायें हैं और उनमें सर्वाधिक गंभीर मुद्दा ऐसे नौजवानों की संख्या बढ़ना है जो रोजगार, शिक्षा और प्रशिक्षण से वंचित, संक्षेप में कहा जाए तो नीट हैं।

नीट नौजवानों को अनेक स्तर के सामाजिक व आर्थिक हाशियाकरण का सामना करना पड़ता है और उनके मुख्यधारा विकास में पीछे रह जाने की आशंका होती है। संरा. द्वारा 2015 में स्वीकृत टिकाऊ विकास लक्ष्यों-एसडीजी, 2030 में 8.6 के लिए खासतौर से एजेंडा बनाया गया है। इसमें अगले 15 वर्षों में नीट नौजवानों की संख्या में काफी कमी लाने का आह्वान है।

ग्लोबल इम्प्लायमेंट टेंड्स फार यूथ 2020 में बताया गया है कि सभी देशों की श्रमशक्ति में नौजवानों की सहभागिता लगातार घट रही है। नौजवानों की संख्या 1999 से 2019 के बीच एक बिलियन से बढ़ कर 1.3 बिलियन हो गई है, पर कार्यबल में शामिल नौजवानों की संख्या में कमी आई है और यह 568 मिलियन से घट कर 497 मिलियन रह गई है, फिर चाहे उनको रोजगार मिला हो या वे बेरोजगार हों। दुनिया भर में सर्वाधिक चिन्ता की बात यह है कि हर पांच में से एक नौजवान को वर्तमान समय में नीट के रूप में परिभाषित किया गया है। 15 से 24 वर्ष की आयु वाले ऐसे नौजवानों में 30 प्रतिशत लड़कियां व 13 प्रतिशत लड़के हैं। इसका अर्थ है कि 1.3 बिलियन नौजवानों में 267 मिलियन दुनिया भर में श्रम बाजार में न अनुभव प्राप्त कर रहे हैं, न उनको काम से आमदनी मिल रही है और वे शिक्षा व कौशल संवर्धन से भी वंचित हैं। इसका अर्थ है कि उनके श्रम का सही उपयोग नहीं हो रहा है।

वर्तमान समय में भारत में नौजवानों की संख्या दुनिया में सबसे अधिक है। भारत की राष्ट्रीय युवा नीति, 2014 में इनको 15-29 वर्ष आयुवर्ग का व्यक्ति माना गया है। 2011 के जनगणना आंकड़ों के अनुसार नौजवान देश में कुल जनसंख्या का 28 प्रतिशत हैं और भारत की राष्ट्रीय आय में उनका योगदान 34 प्रतिशत से अधिक है। नवीनतम अनुमानों के अनुसार भारत की कुल 1.3 बिलियन जनसंख्या में उनका हिस्सा 27 प्रतिशत है। हालांकि, एक बड़ा सकारात्मक घटनाक्रम सेकेंड्री व उच्च शिक्षा स्तर पर बढ़ता प्रवेश है जिसके परिणामस्वरूप बेहतर कौशल वाले कर्मचारी उपलब्ध हैं तथा दुनिया के अनेक देशों के शानदार रोजगार में उनका हिस्सा बढ़ा है।

2017-18 के पीरियाडिक लेबर फोर्स सर्वे-पीएलएफएस के अनुसार जनसंख्या के नौजवान तबके में बेरोजगारी की दरों में काफी वृद्धि हुई है। ज्यादा चिन्ताजनक स्थिति 15 से 29 आयुवर्ग के शिक्षित नोजवानों में बढ़ती बेरोजगारी है जो 2011-12 में 6.1 प्रतिशत से बढ़ कर 2017-18 में 17.8 प्रतिशत हो गई। खासकर तकनीकी डिग्रीधारकों की स्थिति सबसे ज्यादा खराब है जहां बेरोजगारी दर लगभग 37.3 प्रतिशत है जो परास्नातकों व उससे उच्च शिक्षा प्राप्त नौजवानों में 36.2 प्रतिशत, स्नातकों में 35.2 प्रतिशत तथा औपचारिक व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त नौजवानों में 33 प्रतिशत है। युवतियों में श्रम उत्पादकता सहभागिता तथा बेरोजगारी की स्थिति ज्यादा खराब है। महिलायें बड़ी संख्या में कार्यबल से बाहर हो रही हैं, पर जो वहां हैं उनमें भी पुरुषों की तुलना में बेरोजगारी अधिक है। यह बात अन्य शिक्षित व प्रशिक्षित महिलाओं के बारे में भी सही है और वर्तमान कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण और खराब हुई है।

कल्पना की जा सकती है कि भारत में 'उद्योग-प्रासांगिक' औपचारिक व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त नौजवानों के लिए रोजगार के बेहतर अवसर होंगे। लेकिन 2017 में जनसंख्या के केवल 1.8 प्रतिशत हिस्से को ही औपचारिक व्यावसायिक या तकनीकी प्रशिक्षण मिला था। विकसित देशों में ऐसी शिक्षा पाने वाले नौजवानों का प्रतिशत 50-80 प्रतिशत होता है। 2017-18 में औपचारिक प्रशिक्षण प्राप्त नौजवानों का लगभग 33 प्रतिशत हिस्सा बेरोजगार था। लगभग एक तिहाई प्रशिक्षित युवक व एक तिहाई से अधिक प्रशिक्षित युवतियां बेरोजगार थीं। हालांकि, ऐसे प्रशिक्षण से वंचित नौजवानों का 62.3 प्रतिशत हिस्सा कार्यबल से बाहर था।

नीट की बढ़ती संख्या भी चिन्ता का विषय है जो 2004-05 में 70 मिलियन से बढ़ कर 2017-18 में 116 मिलियन हो गई है। सरकार ने स्थिति से निपटने के लिए 'स्किल इंडिया' मिशन शुरू किया है। इसमें कौशल प्रशिक्षण व बेरोजगारी के बीच खाई पाटने के अनेक प्रयास शामिल हैं। इस अभियान में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना-पीएमकेकेवाई तथा राष्ट्रीय अप्रेटिंसशिप प्रमोशन योजना शामिल हैं। पीएमकेकेवाई में मुफ्त प्रशिक्षण की व्यवस्था है, लेकिन औपचारिक प्रशिक्षण पाने वाले अनेक नौजवानों को फीस देनी पड़ी है। पीएलएफएस 2017-18 आंकड़ों के अनुसार केवल 16 प्रतिशत नौजवानों को सरकारी औपचारिक प्रशिक्षण योजनाओं का लाभ मिला है। हालांकि, लगभग 73 प्रतिशत नौजवानों ने पूरा प्रशिक्षण प्राप्त किया। आधे नौजवानों का प्रशिक्षण काल एक साल से अधिक था तथा लगभग 30 प्रतिशत को दो साल का प्रशिक्षण मिला।

2016 में शारदा प्रसाद के नेतृत्व में गठित समिति ने सेक्टर स्किल परिषदों-एसएससी को मजबूत करने का सुझाव दिया था। समिति ने बताया था कि कार्यक्रम के लिए आबंटित धन की उपयुक्त निगरानी होनी चाहिए। कुल मिला कर देश के अधिकांश नौजवान अब भी औपचारिक प्रशिक्षण के दायरे से बाहर हैं और उनमें से अनेक ने महीनों व्यावसायिक प्रशिक्षण पाने के लिए अपना पैसा खर्च किया। लेकिन इसके बावजूद उनमें से कुछ बेरोजगार हैं। पीएमकेकेवाई के लिए बाद में बजटीय आबंटन में कटौती से स्पष्ट है कि सरकार इसके क्रियान्वयन से संतुष्ट नहीं थी।

अनेक अर्थशास्त्रियों व शोधकर्ताओं का सुझाव है कि यदि नौजवान समुचित रूप से कुशल हों और उनको श्रम बाजार में समाहित किया जाए तो वे देश की आर्थिक प्रगति में काफी बड़ा योगदान कर सकते हैं। अगले दो दशकों में भारत में नौजवानों की संख्या निश्चित रूप से बढ़ेगी। यह विशाल मानव संसाधन क्षमता के साथ एक बड़ी चुनौती भी है। बेरोजगारों की संख्या में वृद्धि से उच्च शिक्षा, कौशल विकास, जनसंख्या लाभांश व भारत के भविष्य पर अनेक सवाल उठते हैं। रोजगारों की गुणवत्ता, बेहतर कार्यस्थल, पदोन्नति, वेतन, आकांक्षाओं, सीमित रोजगारों के कारण बढ़ती प्रतियोगिता, रोजगारों की ठेका प्रकृति, मानसिक स्वास्थ्य, उद्यमिता के अवसर तथा नौजवानों में खोज की भावना पैदा करने जैसी कुछ अन्य समस्यायें भी हैं। कोविड-19 वैश्विक महामारी के समय में देश 'न्यू इंडिया' व 'आत्मनिर्भर भारत' का दृष्टिकोण विकसित कर रहा है।

ऐसे में हमें देश की युवा जनसंख्या में आत्मविश्वास को मजबूत करते हुए उनकी महत्वाकांक्षाओं को बल प्रदान करना चाहिए।

# समग्र राष्ट्रीय जल कानून की आवश्यकता

"भारत को एक समग्र राष्ट्रीय जल अधिनियम की आवश्यकता है जिसमें देश में जल संबंधी मुद्दों के समाधान के लिए नियमों व सिद्धांतों का संग्रह होना चाहिए।"



**रत्नेश कुशवाहा**
(लेखक पटना उच्च न्यायालय में अधिवक्ता हैं)

**जल** एक अद्वितीय पदार्थ है क्योंकि यह धरती पर मौजूद उन चंद चीजों में से एक है जो नैसर्गिक रूप से ठोस, तरल और गैस के रूप में अस्तित्वमान है। हमारे ग्रह पर अनुमानत: एक अरब घन किलोमीटर जल विद्यमान है जो धरती की सतह के लगभग तीन चौथाई हिस्से में फैला हुआ है। यद्यपि यह मात्रा बहुत ज्यादा प्रतीत होती है, मगर इसका एक प्रतिशत से भी कम हिस्सा ताजा और प्रयोग करने योग्य है और वह झीलों, तालाबों, नदियों एवं भूजल में पाया जाता है। यद्यपि ग्रह पर जल के बगैर जीवन का अस्तित्व संभव नहीं होता, धरती की सतह पर विद्यमान लगभग 97 प्रतिशत जल लवणीय महासागरों में है और विलवणीकरण के बगैर यह पीने के लिए उपयुक्त नहीं है। अत:, यहीं पर पृथ्वी का ताजा जल भूमंडल पर फैला हुआ है : ताजे जल का 70 प्रतिशत बर्फीली चोटियों में निहित है, एक प्रतिशत से भी कम ताजा जल पहुंच के योग्य है, ब्राजील, रूस, कनाडा, इंडोनेशिया, चीन और कोलंबिया में विश्व का 50 प्रतिशत ताजे जल के भंडार मौजूद हैं। दुखद रूप से, विश्व की जनसंख्या का लगभग एक तिहाई हिस्सा जलाभाव से पीड़ित देशों में पाया जाता है, जिसे देश में जल उपभोग एवं जल की उपलब्धता के अनुपात के तौर पर परिभाषित किया जाता है। मध्यम तथा उच्च अभाव वाले देश उनकी उपलब्ध आपूर्ति के 20 प्रतिशत से अधिक का उपभोग करते हैं।

भारत में विश्व की लगभग 17 प्रतिशत जनसंख्या निवास करती है और यहां पर कुल जल भंडारों का मात्र 4 प्रतिशत उपलब्ध है। हमारे देश में, वार्षिक वर्षा का 50 प्रतिशत लगभग एक महीने में आ जाता है, जिससे हमारी सीमित जल संभरण क्षमता के चलते उपयुक्त उपयोग नहीं हो पाता है। हम कुल वर्षा का केवल 36 प्रतिशत उपयोग करते हैं जो भंडारित किए गए जल के लगभग 252 अरब घन मीटर में रूपांतरित होता है जबकि कुल वर्षा की मात्रा लगभग 690 घन मीटर है। भारत अभी भी जल प्रदूषण, जल शुद्धता एवं संग्रहणीय जल की बिगड़ती स्थिति जैसे मुद्दों से जूझ रहा है। ये सब कारक आने वाले वर्षों में अभाव की स्थिति पैदा कर सकते हैं। वो भी, हमारे देश के अधिकतर हिस्सों में। इसके बावजूद, भारत में जल संबंधी कानून अधिकतर राज्यों का विषय बने हुए हैं। ये विविध प्रकार



के औपचारिक एवं अनौपचारिक कानूनों, विविध नियमों एवं सिद्धांतों के अनुरूप बनाए गए हैं जो संकीर्ण एवं कामचलाऊ तरीके से बीते वर्षों के दौरान विकसित हुए हैं। भारतीय संविधान ने राज्यों को इस क्षेत्र में विधायन करने के लिए अधिकृत किया है। इसलिए, उनके पास सिंचाई, नहरों, जल प्रबंधन, तटबंधों आदि से संबंधित नियम एवं दिशा निर्देश निर्धारित करने की शक्तियां हैं।

यद्यपि भारतीय संसद ने 1974 में जल अधिनियम को अपनाया था लेकिन अधिनियम का ध्येय जल प्रदूषण की रोकथाम एवं नियंत्रण तथा जल की समग्र देखभाल एवं पुनरुर्स्थापना को लेकर अपर्याप्त था। इसका अर्थ है कि उसे प्रदूषण स्तर मापने एवं प्रदूषण फैलाने वालों को दंडित करने के लिए बनाया गया था। वर्तमान स्थिति में, जहां भारत में प्रदूषण तीव्र गति से बढ़ रहा है और जल संसाधन सीमित हैं, विविध चुनौतियां उभर रही हैं, यथा, भूजल का अंधाधुंध दोहन, जल स्रोतों का अतिक्रमण और जल प्रदूषण। मृतप्राय नदियों को पुनर्जीवित करने, नदियों को जोड़ने, नदी, नहरों व अन्य जल धाराओं के निकट स्थित इलाकों के अधिकार एवं दो देशों में बहने वाले जल संसाधनों को साझा करने को लेकर पड़ोसी देशों के साथ मोल-भाव किए जाने जैसे विविध मुद्दे विद्यमान हैं। इन चुनौतियों के अलावा, यदि हम विकास के परिप्रेक्ष्य में जल संसाधनों का विश्लेषण करते हैं, तो देश में आंतरिक जलमार्गों, नदियों को परस्पर जोड़ने एवं बेहतर सिंचाई योजनाओं के लिए जल प्रबंधन अथवा मत्स्य एवं मखाना गुच्छों को विकसित करने जल आधारित आर्थिक परियोजनाओं को बढ़ावा देने, जैसे क्षेत्रों में बहुत कुछ करने की आवश्यकता है।

भारत में जल से संबंधित वर्तमान कानूनी ढांचे के साथ मानवाधिकारों के आयाम जुड़े हुए हैं। संपूर्ण परिदृश्य यह है कि जल के क्षेत्र में बहुत से सिद्धांत और नियम विद्यमान हैं तथा संपूर्ण व्यवस्था का अभाव है। यह अधिकतर औपनिवेशिक शासन की विरासत है, जो सिंचाई कार्यों पर अधिक ध्यान केंद्रित करता था। इसके परिणामस्वरूप, भारत में प्रयुक्त होने वाले जल संबंधी कानूनों के मूलभूत सिद्धांत इन सिंचाई कानूनों से लिए गए हैं, जैसे कि उत्तर भारत नहर एवं जल निकासी कानून, 1873। उसके पश्चात, मध्य प्रदेश सिंचाई अधिनियम, 1931, जल विनियमन कानून, 1941 तथा सबसे नया बिहार सिंचाई अधिनियम, 1997 जैसे कानून अस्तित्व में आए, जिनमें यह व्यवस्था दी गई है कि सतह के जल पर सभी अधिकार राज्य सरकारों के पास होंगे। एक रुझान जिसका पालन और उल्लेख भी किया जाना चाहिए वह है सभी हिस्सेदारों को विश्वास में लेकर राष्ट्रीय जल कानूनों का औपचारिकीकरण किया जाना। इससे अंतत: सहजता एवं सर्वसम्मति से अस्तित्वमान स्थानीय कानूनों को हटाया जाना चाहिए, जल संसाधन का प्रत्येक हिस्सा एवं उसे संघटकों को समाहित किया जाना चाहिए तथा जल संबंधी मुद्दों का समग्रता से समाधान किया जाना चाहिए।

कोई भी कानून राष्ट्र अथवा राज्य की सत्ता के अधीन प्रस्तावित नियमों का संग्रह होता है जिससे कि जल संसाधनों के उचित उपयोग एवं संरक्षण को सुनिश्चित किया जा सके। भारत को एक समग्र राष्ट्रीय जल कानून की आवश्यकता है जिसमें देश के समक्ष विद्यमान तथा निकट भविष्य में सामने आने वाले जल संबंधी मुद्दों के समाधान के लिए नियमों व सिद्धांतों का संग्रह होना चाहिए।

## आप की बात

### यूपीएससी और हिंदी

**यूपीएससी** परीक्षा भारत की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक है। स्वाभाविक है कि आयोग परीक्षा के लिए कई तरह की तैयारियाँ करती हो, लेकिन हिंदी के प्रति ओच्छी नजरिये से बार - बार परिणाम के पीछे हिंदी छात्रों की भविष्य लटकी मिलती है। आज आयोग यूपीएससी परीक्षा के सवालों में ऐसे शब्दों का चयन करते हैं जो खुद हिंदी माध्यम के छात्रों के भी समझ से परे है। जैसे सर्जिकल स्ट्राइक के स्थान पर शल्यक प्रहार, डिजिटलीकरण के स्थान पर अंगीकृत आदि। खैर, ये तो कुछ नहीं यूपीएससी के अनुवादक द्वारा अंग्रेजी के एक ही शब्द के बदले हिंदी के कई शब्दों का प्रयोग अलग-अलग शब्दों में अलग-अलग स्थान पर किया जाता है। अभ्यार्थी को प्रतिवर्ष आयोग के ऐसे ही अजीबोगरीब तीर को झेलना पड़ता है, जिससे ना केवल हिंदी भाषी बल्कि गैर हिंदी भाषी भी चारों खाने चित हो जाते हैं। वर्ष 2011 से पूर्व हिंदी भाषा से सिविल सेवा के प्रारंभिक परीक्षा में सफल अभ्यार्थी 40 प्रतिशत से भी अधिक थे, वहीं अब मुश्किल से 3.4 प्रतिशत ही हैं। अर्थात अंग्रेजी भाषा से सफल होने वाले बच्चों की प्रतिशत लगभग 97 प्रतिशत के आस पास है। इससे आयोग की हिंदी के प्रति उदासीनता स्पष्ट दिखती है।

- **मंकेश्वर महाराज**, मधेपुरा

### भगवान का अद्भुत अवतार

**भगवान** श्री कृष्ण का अवतार बहुत ही अद्भुत है। महाभारत के युद्ध को टालने का उन्होंने भरसक प्रयत्न किया। किंतु जब बात नहीं बनी तो उन्होंने महाभारत रूपी धर्म युद्ध का समर्थन किया और पांडवों के पक्ष में खड़े होकर धर्म, नीति, न्याय और सत्य का साथ दिया। अर्जुन ने जब युद्ध से किनारा करना चाहा तो गीता के अलौकिक ज्ञान से उसका पथ प्रदर्शन किया। कर्मयोग, ज्ञानयोग, भक्तियोग एवं समत्व योग का सुंदर उपदेश पूरे संसार को कृष्ण ने ही दिया है। यथार्थ में गीता के द्वारा श्री कृष्ण जीवन जीने की कला से हमें परिचित करवाते हैं। कर्मयोग का आश्रय लेकर मानव कार्य करते हुए भी कर्मों से निर्लिप्त रह सकता है। ज्ञान योग हमें आत्मा सो परमात्मा, के सहज सिद्धांत से अवगत करवाता है। भक्ति योग के द्वारा परमात्म तत्व का सात्विक रस ईश्वर की अनुभूति करवा सकता है। सुखद एवं दुखद दोनों परिस्थितियों में ना तो हर्ष का अतिरेक हो और नहीं विषाद में डूब कर उदासीनता का भाव हमारे मन मस्तिष्क पर हावी हो, यही समत्व योग का मूल संदेश है। श्रीकृष्ण ने अपनी बाल लीलाओं के माध्यम से बचपन की मस्ती, सहजता, वाक चातुर्य और आनंद को भी अभिव्यक्ति प्रदान की है।

- **ललित महलकारी**, इंदौर


### भाजपा की पल्ला झाड़ो राजनीति

**चाहे** मध्य प्रदेश में राजनीतिक उथल-पुथल हो या राजस्थान या अन्य किसी राज्यों में जब भी कुर्सी के लिए धींगा-मुस्ती होती है तो भाजपा पल्ला झाड़ लेती है कि यह कांग्रेस का अंदरूनी मामला है। इसमें भाजपा का कोई लेना देना या भूमिका / हस्तक्षेप नहीं है। अब जब सचिन पायलट एंड कंपनी पुन: घर वापसी के लिए तैयार हुए तो भाजपा कब तक बकरे की मां खैर मनाएगी की तर्ज पर कह रही है कि राजस्थान में कांग्रेस आखिर कब तक सरकार बचाएगी! क्या यह भाजपा का कथनी के विपरीत आचरण नहीं है ! एक तरफ कांग्रेस का अंदरूनी मामला बता कर स्वयं को लोकतंत्र हितैषी बताती है, दूसरी तरफ इस प्रकार की प्रतिक्रिया क्या दर्शाती है! यानी पर्दे के पीछे जो भी खेल होता है वह भाजपा ही रचती है,जो किसी के घरेलू मामले की कमजोर कड़ी को ढूंढ कर आग लगाने का काम करती है। अपने आप को भाजपा आदर्श व राष्ट्रवादी पार्टी कहने से नहीं आघाती हैं, जिसको शोभा नहीं देते है ऐसे दोयम दर्जे के लोकतंत्र विरोधी कार्य!

- **हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया





"**मेरा** मानना है कि सार्वजनिक विमर्शों में वार्ता, शिष्टता और मर्यादा की रेखा होनी चाहिए और अपने 20 वर्ष के राजनीतिक जीवन में मैंने उसे कभी पार नहीं किया।

- **सचिन पायलट**
कांग्रेस नेता

**मैं** चुनाव बाद जी-7 बैठक करने का अधिक इच्छुक हूं। उसके पश्चात हम उसे वीडियो कांफ्रेंसिंग अथवा बैठक के माध्यम ये आयोजित कर सकते हैं।

- **डोनाल्ड ट्रंप**
अमेरिकी राष्ट्रपति





**मैंने** पिछले वर्ष अंतरिम अध्यक्ष के तौर पर सोनिया जी के चयन का स्वागत किया था लेकिन उनसे अनंतकाल तक यह बोझ उठाने की अपेक्षा करना न्यायसंगत नहीं होगा।

- **शशि थरूर**
कांग्रेस नेता"

बीएचयू अस्पताल की लापरवाही

# मृत डिप्टी सीएमओ के परिजनों को मिली दूसरे की लाश

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**कोरोना** काल में बीएचयू अस्पताल की लापरवाही किसी से छिपी नहीं है। हद तो तब हो गई जब जब कोराना पीड़ित डिप्टी सीएमओ जंगबाहदुर की मौत इलाज के दौरान हो गई और उनके परिजनों को किसी अन्य की लाश सौंप दी गई। बीएचयू अस्पताल की लापरवाही का यह पहला मामला नहीं है इससे पहले भी कई मरीजों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है। यहां कभी मरीजों को घंटों तक भर्ती होने के लिए एम्बुलेंस में पड़े रहने की बात हो या किसी मरीज के साथ डॉक्टरों के अमानवीय व्यवहार ने बीएचयू की साख को बट्टा ही लगाया है। ताजा मामला बहुत ही हाई प्रोफाइल है। मिली जानकारी के अनुसार लगातार कोरोना मरीजों की सेवा में लगे वाराणसी के डिप्टी सीएमओ जंगबाहदुर की मौत इलाज के दौरान गयी है। लेकिन बीएचयू अस्पताल ने लापरवाही का रिकॉर्ड तोड़ते हुए उनके शव की जगह किसी और का शव परिजनों को सौप दिया। इस मामले का खुलासा उस समय हुआ जब डिप्टी सीएमओ के पुत्र अपने पिता का अंतिम संस्कार संस्कार कर रहे थे। उसी दौरान गाजीपुर के पहुंचे कोरोना से मृत महिला के परिजन ने बताया की अंतिम संस्कार किया जा रहा है वह उनका नहीं है। गौरतलब है कि जनपद के कोरोना योद्धा एडिशनल सीएमओ डॉ जंगबहादुर की देर रात बीएचयू के कोविड हॉस्पिटल में मृत्यु हो गयी। इस बात की पुष्टि जिलाधिकारी ने कि है। डॉ जंगबहादुर को कोरोना पॉज़िटिव आने पर गैलेक्सी हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया था। जहाँ दो दिन पूर्व लिया गया उनका सैम्पल निगेटिव आया था लेकिन दुबारा की गयी जांच में देर रात उनकी रिपोर्ट पॉज़िटिव आयी और उन्हें गंभीर अवस्था में गैलेक्सी से बीएचयू में आईसीयू में शिफ्ट किया गया था। जहाँ इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। बता दें की डॉक्टर जंग बहादुर कोरोना संक्रमण के शुरआती दौर से लेकर स्वयं के संक्रमित होने तक जनपद में कोविड हॉस्पिटल कोविड मेडिकल स्टाफ और क्वारंटाइन सेंटर्स की व्यवस्था को अपने कुशल निर्देशन में संपन्न करवा रहे थे।

## शवों की अदला-बदली मामले में जांच समिति गठित

**वाराणसी।** मृतकों के शवों की अदला.बदली के मामले में काशी हिंदू विश्वविद्यालय सर सुन्दरलाल चिकित्सालय के चिकित्सा अधीक्षक प्रोण् एसके माथुर ने बुधवार सायं प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दुख जताया और बताया कि घटना की एक समिति द्वारा जांच के आदेश दे दिये गए हैं। यह समिति संपूर्ण तथ्यों और परिस्थितियों का विश्लेषण करेगी इसके बाद इस संदर्भ में उचित कार्रवाई नियमानुसार की जाएगी। चिकित्सा अधीक्षक के मुताबिक मरीज़ की 12 अगस्त की भोर में दुखद मृत्यु हुई। वे कोरोना से पीड़ित थे और इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हुई। उसी के आस पास कोरोना से पीड़ित एक अन्य वृद्ध मरीज़ मृत अवस्था में आईसीयू में लाए गए थे। अलग अलग स्थानों पर संपूर्ण कार्यवाही के बाद शवों को एक ही प्रकार के बॉडी बैग में शवगृह में रख दिया गया था। ऐसा संज्ञान में आया है कि एक मरीज़ के परिजनों द्वारा दूसरे शव को प्राप्त कर लिया गया। जबकि दूसरे मृतक के परिजनों द्वारा शव देखने पर ज्ञात हुआ कि ये शव उनके मरीज़ का नहीं है। चिकित्साधीक्षक के मुताबिक एक मरीज़ की 12 अगस्त की भोर में दुखद मृत्यु हुई। वे कोरोना से पीड़ित थे और इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हुई। उसी के आस पास कोरोना से पीड़ित एक अन्य वृद्ध मरीज़ मृत अवस्था में आईसीयू में लाए गए थे। अलग अलग स्थानों पर संपूर्ण कार्यवाही के बाद शवों को एक ही प्रकार के बॉडी बैग में शवगृह में रख दिया गया था। ऐसा संज्ञान में आया है कि एक मरीज़ के परिजनों द्वारा दूसरे शव को प्राप्त कर लिया गया। जबकि दूसरे मृतक के परिजनों द्वारा शव देखने पर ज्ञात हुआ कि ये शव उनके मरीज़ का नहीं है। इस घटना की एक समिति द्वारा जांच के आदेश दे दिये गए हैंए जो संपूर्ण तथ्यों और परिस्थितियों का विश्लेषण करेगी। इसके बाद इस संदर्भ में उचित कार्रवाई नियमानुसार की जाएगी।

# प्रताड़ना का आरोप लगा 28 चिकित्सा अधिकारियों ने सौंपा इस्तीफा

● नाराज चिकित्सा अधिकारियों ने कहा कि करते रहेंगे काम



पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी, लखनऊ

**एडिशनल** सीएमओ की मौत से उपजे सवालों के बीच बुधवार की दोपहर 28 चिकित्सा अधिकारियों ने सीएमओ डॉ. वीबी सिंह को सामूहिक इस्तीफा सौंप दिया। इस्तीफा सौंपने की सूचना मिलते ही जिले में हड़कंप मच गया है। सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारियों ने इस सामूहिक इस्तीफे की वजह सहायक नोडल अधिकारी व डिप्टी कलेक्टर पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया है। 28 प्रभारी चिकित्साधिकारियों ने सीएमओ को लिखित इस्तीफा दिया है। उन्होंने कहा है कि वे चिकित्सा सेवा कार्य करते रहेंगे। चिकित्साधिकारियों ने आरोप लगाया है कि प्रशासनिक अधिकारी स्वास्थ्य कर्मियों के साथ बैठकों में दुर्व्यवहार करते हैं। उन्हें अपने टारगेट की ही परवाह रहती है। स्वास्थ्य कर्मियों के दिन रात मेहनत को तबज्जो नहीं दी जाती। उनके साथ असम्मानजनक व्यवहार किया जाता है। बताया जाता है कि जिले के 28 चिकित्साधिकारी दुर्गाकुंड स्थित मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय पर पहुंच सीएमओ को सामूहिक इस्तीफा सौंप दिया। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों पर दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया। इस संदर्भ में उन्होंने एडीएम सिटी प्रेषित आरोप पत्र के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। चिकित्साधिकारियों ने अपर मुख्य सचिव की बैठक में अनुपस्थित रहने पर मृत एडिशनल मुख्य चिकित्साधिकारी जंगबहादुर को कोविड बार रूम में ड्यूटी लगाने के डीएम के आदेश पर भी नाराजगी जताई। कहा कि डॉक्टर जंग बहादुर दिनरात कर्तव्य कर रहे थे। अस्वस्थता के कारण बैठक में उपस्थित नहीं हो पाए थे। वे हृदय रोगी थे। डीएम के इस आदेश से काफी दुखी भी थे। अंततः हृदय की बीमारी के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया जहां वे कोरोना पॉजिटिव निकले। वहीं चिकित्सा प्रभारियों के सामूहिक इस्तीफे पर प्रांतीय चिकित्सा संघ के अध्यक्ष डॉ. सचिन वैश्य का कहना है कि कोविड 19 के दौर में चिकित्सा प्रभारियों पर दबाव बनाना अनुचित है।

## संक्रमितों का ग्राफ बढ़ा

**वाराणसी।** बीएचयू लैब से बुधवार को प्राप्त जांच रिपोर्ट के मुताबिक कुल 127 नए कोरोना संक्रमित मिले हैं। इसके साथ ही कुल कोरोना संक्रमितों की संख्या पांच हजार को पार कर गई है। बीएचयू से बुधवार को मिले जांच रिपोर्ट के मुताबिक कुबित अस्पताल की बजाय होम क्वॅरेंटाइन में रिकवरी रेट बेहतर है। गौरतलब है कि होम आइसोलेशन के 1724 में से 125 स्वस्थ्य हुए हैं जबकि कोविड अस्पताल में इलाज करा रहे 1626 में से 34 मरीजों की रिपोर्ट निगेटिव आने पर उन्हें स्वस्थ घोषित करते हुए अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। वहीं इलाज के दौरान 24 घंटे में दो मरीजों ने दम तोड़ दिया। इस तरह जिले में अब तक कुल 91 मरीजों की मौत कोरोना से हो चुकी है। तेजी से फैल रहे संक्रमण के बीच जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग की टीम संक्रमण से बचाव के लिए लोगों को जागरूक करने के साथ ही तेजी से जांच में जुटी है। सर्विलांस टीम संदिग्ध मरीजों की पहचान व उनकी जांच में जुटी है। संक्रमण की दर लगातार दूसरे दिन कम होना से प्रशासन को थोड़ा राहत मिली है। जिले में अब कुल कोरोना मरीजों की संख्या बढ़कर 5003 हो गई है। वहीं इनमें से 3350 मरीज ठीक होकर अपने अपने घरों को लौट चुके हैं

# कोरोना जांच के लिए वाराणसी में बढ़ाई जा रही टीम



पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**जिला** स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष एवं जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा ने कोरोना के नि:शुल्क जांच का दायरा बढ़ाते हुये आबादी में अधिक से अधिक लोगों विशेषकर कोरोना पॉज़िटिव के संपर्कियों और इसके मिलते जुलते लक्षणों वाले व कोमोर्बिड मरीजों जांच तेजी से करने को कहा है। जांच सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 2 सदस्यीय अतिरिक्त 28 टीमों का गठन कराया है जिनके द्वारा रैपिड टेस्ट एंटीजन किट से स्थल पर ही जांच और आरटीपीसीआर जांच के लिए नमूने लिए जाएंगे। इस क्रम में आज 57 एलए का प्रशिक्षण मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में हुआ। इन्हें आगामी दो दिन तक फील्ड में भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। तदोपरांत इन टीमों द्वारा कोरोना की जांच का कार्य प्रारम्भ कर दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने काशी विद्यापीठ दर्जनों क्षेत्रों में कोरोना पॉज़िटिव मरीजों के दृष्टिगत स्वास्थ्य विभाग को आगे और जांच टीमों को बढ़ाने का निर्देश दिया है। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व जिलाधिकारी ने सात प्राइवेट हॉस्पिटलों में पहुँचने वाले गंभीर मरीजों जिन्हें तत्काल भर्ती कर इलाज या इमरजेंसी ऑपरेशन या किसी अन्य प्रोसीजर की जरूरत है उनके कोरोना की नि:शुल्क जांच के लिए हॉस्पिटलों को रैपिड टेस्ट एंटीजन किट उपलब्ध कराया गया है। आज इन प्राइवेट हॉस्पिटलों के लैब टेकनीशियनों को सीएमओ कार्यालय में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संजय राय के संयोजन में पैथालोजिस्ट डॉ दीपिका चतुर्वेदी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। संबन्धित हॉस्पिटलों को एंटीजन किट से जांच के उपरांत रिजल्ट ऑनलाइन पोर्टल पर अंकित करना अनिवार्य होगा।

## तकनीक आधारित उत्कृष्ट रचना तैयारः सिन्हा

**प्रयागराज।** शक्तिशाली एएमडी रीज़ेन चार हजार सीरीज एचएस प्रोसेसर के साथ चौदह इंच फॉर्म फैक्टर में गेमिंग लैपटॉप के लिए पहली बार मुख्य फोकस पतला और हल्का होना है। ताइवानी टेक कंपनी आसुस रिपब्लिक ऑफगेमर्स आरओजी ने आज स्टेट ऑफ़ द आर्टस उत्पाद जेफिरस जी चौदह को लॉन्च करके उत्कृष्ट गेमिंग अनुभव देने वाली सोच को मजबूती प्रदान की है। लांच पर अर्नाल्ड सु बिज़नेस हेड कंज्यूमर एंड गेमिंग पीसी सिस्टम बिज़नेस ग्रुप आसुस इंडिया और विनय सिन्हा मैनेजिंग डायरेक्टर सेल्स एएमडी इंडिया ने संयुक्त रूप से बताया कि ज़ेफिरस जी चौदह वास्तव में आसुस का आकर्षक तकनीकी और डिज़ाइन आधारित उत्कृष्ट रचना है।

# कोरोना महामारी जागरूकता को निभाएं भूमिकाः जैन

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**राष्ट्रव्यापी** लॉकडाउन और सोशल डिस्टेंसिंग मानदंडों का पालन करते हुए प्रतिभागियों को डिजिटल रूप से एक लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से प्रशिक्षित किया जा रहा है। जिसमें सभी प्रतिभागियों के लिए क्विज वीडियो इंटरैक्टिव टूल और अतिरिक्त पठन सामग्री उपलब्ध होती है। कोविड 19 से निपटने के लिए की साझेदारी सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को बढ़ाने पर ध्यान देने के साथ विप्रो जीई हेल्थकेयर इंडिया के साथ साझेदारी में आरबी द्वारा संचालित एक प्रमुख फ्लैगशिप कार्यक्रम डेटॉल बनाएगा स्वस्थ इंडिया ने कोविड 19 के उग्र प्रसार के बीच फ्रंट लाइन स्वास्थ्य कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है।एकीकृत साझेदारी कार्यक्रम का उद्देश्य महाराष्ट्र उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के दो सौ पचास से अधिक स्वास्थ्य कर्मियों को प्लान इंडिया और जागरण पहल के जमीनी समर्थन से प्रशिक्षित करना है। कोविड 19 के चलते भारत के कुछ सबसे कमजोर समुदायों को संकट के भीतर एक और संकट का सामना करना पड़ रहा है। साझेदारी की पहल पर टिप्पणी करते हुए आरबी हेल्थ के दक्षिण एशिया के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट गौरव जैन ने कहा इस अभूतपूर्व महामारी को लेकर काफी चिंतित हैं। इसका असर देश भर में हमारे स्वास्थ्य देखभाल योद्धाओं के कमजोर पड़ने के रूप में सामने आया है।

# दूसरे दिन भी मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

● ज्वाला देवी सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित हुई सज्जा प्रतियोगिता

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज



**श्रीकृष्ण** जन्माष्टमी के अवसर पर बुधवार को भी सामाजिक दूरी का पालन करते हुए स्कूल और कॉलेजों तथा घरों घरों में मुरली मनोहर पूजे गए। श्रीकृष्ण के जन्मदिवस को लेकर मंदिरों में तो कार्यक्रम नही हो सके। लेकिन इसके साथ ही घरों में तमाम कार्यक्रम आयोजित किये गए। घर घर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। भजन गाकर भक्तों ने आरती पूजन किया। इस दौरान व्रत आदि भी रखा गए। ज्वाला देवी सरस्वती शिशु मन्दिर सिविल लाइन्स में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर राधा कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। जिसमें अभिभावकों ने घर पर भैया बहिनों को राधा कृष्ण के रूप में सजाकर विद्यालय के व्हाट्सएप्प ग्रुप पर फोटो और वीडियो क्लिप शेयर किया। प्रधानाचार्य सुमंत पांडेय ने बताया कि सज्जा प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहिनों को पुरुस्कृत भी किया जायेगा। प्रधानाचार्य सुमन्त पाण्डेय ने वीडियो क्लिप के द्वारा सभी भैया बहिनों को भगवान श्रीकृष्ण के जीवन लीला से अवगत कराते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर लूकरगंज श्यामा सदन में हर वर्ष की भांति श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। इस मौके पर अखिल निगम आकांक्षा निगम श्रुति निगम कान्हा आदि रहे। गाड़ीवान टोला स्थित राधामोहन दास मंदिर में भगवान श्री कृष्ण का पूजन अर्चन किया गया। इस मौके पर गुरु जी के साथ मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र श्रीवास्तव समेत तमाम कृष्ण भक्त मौजूद रहे। इसके अलावा भी कई मंदिरों में श्री कृष्णा का श्रृंगार किया गया था। उन्हें आकर्षक फूलों से सजाया गया। इसके बाद उनका अर्धरात्रि तक पूजन किया गया।

## साठ परिवारों को वितरित की गई खाद्य सामग्री

**प्रयागराज।** जनप्रिय सेवा संस्थान प्रतापगढ़ एवं अलीगढ़ एलुमिनी एसोसिएशन वाशिंगटन डीसी यूएसए के संयुक्त तत्वावधान में प्रयागराज के नगर निगम क्षेत्र करैली में अल्पसंख्यक एवं गरीबों कोविड 19 के कारण राशन वितरित किया गया। जो रोजी रोटी खो चुके हैं उनकी सहायता के लिए खाद्य सामग्री एवं अन्य संक्रमण से सुरक्षित रखने हेतु सामग्री साठ गरीब परिवारों को सामग्री वितरित की गई। खाद्य सामग्री एवं अन्य सामग्री के पैक में दस किलोग्राम चावल दस किलोग्राम आटा पांच किलोग्राम अरहर की दाल पांच किलोग्राम आलू दो किलोग्राम तेल सब्जी मसाले दो किलोग्राम नमक पांच पीस साबुन सेनेटाइजर एवं मास्क आदि दिया गया। संस्था के अध्यक्ष अन्जर खान ने बताया कि यह राहत सामग्री अल्पसंख्यकों तथा गरीब मजदूरों को जो कि कोविड 19 के कारण अपनी रोजी रोटी खो चुके हैं उनको सहायतार्थ दी जा रही है। उन्होंने बताया कि यह सामग्री जनप्रिय सेवा संस्थान प्रतापगढ़ की तरफ से अलीगढ़ एलुमिनी एसोसिएशन वाशिंगटन डीसी यूएसए द्वारा अल्पसंख्यकों गरीबों हेतु है। सामग्री वितरण में शफीक सिद्दीकी साकिब जिया रहे।

# ट्रिपल आइटी का स्थापना दिवस मनाया गया

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज



**भारतीय** सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान का 22 वां स्थापना दिवस समारोह बुधवार को धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर परिसर में वृक्षारोपण तो किया ही गया साथ ही परिसर के आवासों में रह रहे परिवारों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। निदेशक प्रोफेसर पी नागभूषण ने संस्थान को नई ऊँचाईयों पर ले जाने का संकल्प दोहराया। विद्यार्थियों को फॉर्मूला अनंत के लिए योजना और आज के लिए कार्य के माध्यम से नींव को मजबूत करने के लिए कहा। विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा और कौशल के माध्यम से अभिनव भारत बनाने के लिए प्रेरित किया। उन सभी लोगों को बधाई दी जिन्होंने पिछले वर्षों में ट्रिपलआईटी इलाहाबाद में योगदान दिया था। निदेशक ने संस्थान की नींव को परिवार की तरह बताया। कहा हम आत्म अनुशासित रहते हुए एकजुटता हमारी मूलभूत प्रतिबद्धता है। हमें अपने नींव का सम्मान करते रहना होगा। कहा जिस प्रकार से नींव पर बड़ी इमारते खड़ी की जाती हैं उसी प्रकार उन्होंने हम सभी को पाल पोष कर इस योग्य बनाया है। हम अपनी यात्रा के मार्ग को आत्मसात करेंगे और भविष्य की प्रगति के मुद्दों की चुनौतियों को स्वीकार करेंगे। कहा कि हम सभी छात्र संकाय कर्मचारी और अधिकारी वैश्विक महामारी में भी समय से आनलाइन परीक्षा कराना समय पर परिणाम घोषित करना और नये सत्र की पढ़ाई जारी रखना एक जुटता का प्रमाण है। हम लोगों ने सेमेस्टर को सफलतापूर्वक पूरा किया है। उन्होंने छात्रों के लिए ग्रीष्मकालीन सेमेस्टर हमेशा की तरह सारी शैक्षिक गतिविधियाँ आनलाइन के माध्यम से चल रही हैं। प्रोफेसर उमाशंकर तिवारी ने कहा कि वैश्विक महामारी के समय सूचना प्रौद्योगिकी का महत्व और बढ़ गया है। हम लोग भले ही सामाजिक दूरी बना कर रह रहे हैं लेकिन प्रौद्योगिकी के माध्यम से एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। संस्थान में कार्यरत संकाय सदस्य अधिकारी व कर्मचारी जिनके माता पिता उनके साथ रह रहे हैं उनको निदेशक द्वारा साल और वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। उनके द्वारा परिसर में अशोक और आम के सैकड़ों वृक्ष लगाए गए। संचालन डीन विद्यार्थी डॉक्टर विजय चौरसिया डीन ने किया। इस अवसर पर प्रोफेसर शिर्शु वर्मा प्रोफेसर शेखर वर्मा पंकज मिश्र आदि उपस्थित रहे।

# राजनीति से प्रेरित न हो विदेश नीतिः एमजे अकबर

● महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ व पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ के संयुक्त तत्वावधान वेबिनार का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी




**महात्मा** गांधी काशी विद्यापीठ व पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ के संयुक्त तत्वावधान में विभिन्न आर का आयोजन किया गया। इस मौके पर वर्तमान परिदृश्य में भारत की विदेश नीति विषयक अंतरराष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। अंतरराष्ट्रीय वेबिनार के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता राज्य सभा सांसद एमजे अकबर ने कहा कि विदेश नीति विदेश राजनीति नहीं है। अपितु यह एक नीति है जिससे हम अपने पड़ोसियों एवं दूसरे राष्ट्र के साथ व्यवहार और संबंध बनाते है। उन्होंने कहा कि पड़ोसी वह नहीं है जिसके साथ हमारी भौतिक सीमा लगती है वरन आज के समय में पड़ोसी वह है जिस तक हमारी सीधी पहुंच है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत की विदेश नीति एक नए दौर में पहुंच चुकी है। अब वह एकपक्षीय नहीं बहुपक्षीय हो गई है। संभावनाओं के नए दौर खुले है। बढ़ते आवगमन के दौर में सुंदर देश भी सुस्पष्ट विदेश नीति के कारण निकटस्व पड़ोसी बन गए है। प्रधानमंत्री की स्पष्ट विदेश नीति से भारतीय लोकतंत्र का सुदृढ़ विकास हो रहा है। वेबिनार की अध्यक्षता करते हुए महत्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी के कुलपति प्रोफेसर टीएन सिंह ने कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम अर्थातपूरा विश्व ही हमारा अपना है। इसके साथ ही उन्होंने उदहारण देते हुए बताया कि किस भगवान श्रीराम के लंका विजय करने के बाद भी वहां का शासन विभीषण को सौंप दिया। यह हमारी सभ्यता और संस्कृति में सार्वभौमिक स्वीकार्यता की नीति को प्रकाशित करता है। अंतरराष्ट्रीय वेबिनार को बतौर विषिष्ट अतिथि विदेश नीति विशेषज्ञ डॉ पुष्पेन्द्र पी सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का संचालन आयोजन सचिव डॉण् पारिजात सौरभ ने किया संयोजक डॉ केके सिंह ने किया। अतिथियों का औपचारिक स्वागत प्रोफेसर निरंजन सहाय और धन्यवाद ज्ञापन डॉ ऊर्जस्विता सिंह ने किया। कार्यक्रम में डॉण् चंद्रशेखर सिंह के अलावा अवधेश सिंह डॉण् मोनिका सरोज और डॉ राकेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

## संगोष्ठी में हुई युवा भारत की बात

**वाराणसी।** अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना काशी हिंदू विश्वविद्यालय व गोरखपुर विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आधुनिक भारत और युवा विषयक ऑनलाइन राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के क्षेत्रीय निदेशक डॉ अशोक श्रोति ने किया। अपने उद्घाटन भाषण में उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि युवा भारत के महापुरुषों के जीवन का अध्ययन करें। उन्होंने युवाओं से भारत के गौरवशाली इतिहास को जानने ए उसे पढ़नेए उसे समझने और वर्तमान भारत के समक्ष जो चुनौतियां हैं उसके समाधान हेतु कार्य करने का आह्वान किया । संगोष्ठी का विषय प्रवर्तन करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ बाला लखेंद्र ने कहा कि वैश्विक पटल पर भारत एक युवा राष्ट्र के रूप में सर्वाधिक युवाओं वाला देश है।

# सीआरपीएफ ने किया डीएवी कॉलेज को सेनेटाइज



पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी


**कोरोना** वायरस के बढ़ते संक्रमण के बीच बुधवार को सीआरपीएफ ने औसानगंज स्थित डीएवी पीजी कॉलेज का संपूर्ण सेनेटाइज़ेशन किया। सीआरपीएफकी 95 वीं बटालियन के जवानों ने पूरे परिसर को सेनेटाइज़ किया। महाविद्यालय के मुख्य द्वार से होते हुए पुरानी बिल्डिंग के प्राचार्य कक्ष से लेकर प्रबंधक कक्ष कार्यालय कॉन्फ्रेंस हॉल और अन्य सभी कक्षाओं को सेनेटाइज़ किया गया। सीआरपीएफ 95 बटालियन के कामांडेन्डेट नरेंद्र पाल सिंह के निर्देशन में सब इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह सहित 5 जवानों की टीम ने पूरे साजो सामान के साथ परिसर को सेनेटाइज़ किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉण् सत्यदेव सिंह एवं प्रबन्धक अजीत सिंह यादव ने इस कार्य के लिए पूरी टीम को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर अनुभाग अधिकारी कुँवर शशांक शेखर सिंह ने टीम का स्वागत किया।

पायनियर
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 13 अगस्त 2020



# स्वदेशी का अर्थ सभी विदेशी उत्पादों का बहिष्कार नहीं

**भाषा।** नई दिल्ली



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने बुधवार को कहा कि स्वदेशी का अर्थ जरूरी नहीं कि सभी विदेशी उत्पादों का बहिष्कार किया जाए। उन्होंने कहा कि केवल ऐसी प्रौद्योगिकी या उत्पादों का आयात किया जाए जिसकी देश में पारंपरिक रूप से कमी है या स्थानीय स्तर पर उपलब्ध नहीं है। कोविड-19 के मद्देनजर आत्मनिर्भरता और स्वदेशी की प्रासंगिकता का जिक्र करते हुए भागवत ने कहा कि महामारी ने स्पष्ट कर दिया है कि वैश्विकरण के वांछित परिणाम प्राप्त नहीं हुए हैं और एक आर्थिक मॉडल सभी जगहों पर लागू नहीं होता है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद देश की जरूरतों के अनुरूप आर्थिक नीति नहीं बनी और दुनिया एवं कोविड-19 के अनुभवों से स्पष्ट है कि विकास का एक नया मूल्य आधारित मॉडल आना चाहिए।

भागवत ने साथ ही कहा कि स्वदेशी का अर्थ जरूरी नहीं कि सभी विदेशी उत्पादों का बहिष्कार किया जाए। भागवत ने डिजिटल माध्यम से प्रो. राजेन्द्र गुप्ता की दो पुस्तकों का लोकार्पण करते हुए दुनिया को एक बाजार की बजाए एक परिवार समझने और आत्मनिर्भरता के साथ सद्भावनापूर्ण सहयोग की जरूरत को रेखांकित किया। भाजपा नीत राजग सरकार के आत्मनिर्भर भारत अभियान का समर्थन करते हुए सरसंघचालक ने कहा कि स्वदेशी का अर्थ देशी उत्पादों और प्रौद्योगिकी को प्राथमिकता देना है लेकिन इसका मतलब सभी विदेशी उत्पादों का बहिष्कार नहीं है। उन्होंने कहा कि केवल ऐसी प्रौद्योगिकी या सामग्रियों का आयात किया जाए जिसकी देश में पारंपरिक रूप से कमी है या स्थानीय स्तर पर उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि हमें इस बात पर निर्भर नहीं होना चाहिए कि हमारे पास विदेश से क्या आता है, और यदि हम ऐसा करते हैं तो हमें अपनी शर्तों पर करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि विदेशों में जो कुछ है, जरूरी नहीं कि उन सभी का बहिष्कार करना है लेकिन अपनी शर्तो पर लेना है। भागवत ने कहा कि ज्ञान के बारे में दुनिया से अच्छे विचार आने चाहिए। उन्होंने कहा कि अपने लोगों, अपने ज्ञान, अपनी क्षमता पर विश्वास रखने वाला समाज, व्यवस्था और शासन चाहिए। सरसंघचालक ने कहा कि भौतिकतावाद, जड़वाद और उसकी तार्किक परिणति के कारण व्यक्तिवाद और उपभोक्तावाद जैसी बातें आई। ऐसा विचार आया कि दुनिया को एक वैश्विक बाजार बनना चाहिए और इसके आधार पर विकास की व्यख्या की गई। उन्होंने कहा कि इसके फलस्वरूप विकास के दो तरह के मॉडल आए। इसमें एक कहता है कि मनुष्य की सत्ता है और दूसरा कहता है कि समाज की सत्ता है। भागवत ने कहा, इन दोनों से दुनिया को सुख प्राप्त नहीं हुआ। यह अनुभव दुनिया को धीरे धीरे हुआ और कोविड-19 के समय यह बात प्रमुखता से आई। अब विकास का तीसरा विचार (मॉडल) आना चाहिए जो मूल्यों पर आधारित हो। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत की बात इसी दृष्टि से कही है। सरसंघचालक ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद जैसी आर्थिक नीति बननी चाहिए थी, वैसी नहीं बनी। आजादी के बाद ऐसा माना ही नहीं गया कि हम लोग कुछ कर सकते हैं। अच्छा हुआ कि अब शुरू हो गया है। सरसंघचालक ने कहा कि आजादी के बाद रूस से पंचवर्षीय योजना ली गई, पश्चिमी देशों का अनुकरण किया गया। लेकिन अपने लोगों के ज्ञान और क्षमता की ओर नहीं देखा गया।



मथुरा में भारी बारिश के बाद सड़क पर भरे हुए पानी से गुजरते लोग।

# बंगाल में बेरोजगारी की दर 40 प्रतिशत तक हुई कम: ममता



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को दावा किया कि जब देशभर में बेरोजगारी की दर अब तक के उच्चतम स्तर 24 प्रतिशत पर है, उस समय राज्य में बेरोजगारी दर में 40 प्रतिशत की कमी आई है। बनर्जी ने अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर कहा कि राज्य में एक लाख बेरोजगार युवाओं को कर्म साथी प्रकल्प के तहत आत्मनिर्भर बनाने के लिए सब्सिडी और बाजार से कम ब्याज दर पर ऋण दिया जाएगा।

उन्होंने ट्वीट किया, आज अंतराष्ट्रीय युवा दिवस है। पश्चिम बंगाल सरकार युवाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। बंगाल सरकार ने कर्म साथी प्रकल्प नाम से नई योजना शुरू की। एक लाख बेरोजगार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए बाजार से कम ब्याज दर पर ऋण एवं सब्सिडी दी जाएगी। उन्होंने कहा, जब भारत में बेरोजगारी की दर 24 प्रतिशत है, जो कि अब तक की सबसे उच्चतम दर है, उस समय पश्चिम बंगाल में बेरोजगारी की दर 40 प्रतिशत तक कम हुई है।

बनर्जी ने उम्मीद जताई कि अतीत की तरह पश्चिम बंगाल के मेहनती एवं प्रतिभावान युवा देश का नेतृत्व करेंगे और उसका भविष्य उज्ज्वल बनाएंगे। उन्होंने कहा, हमें अपने युवाओं पर गर्व हैं। वे भविष्य हैं। नई पीढ़ी हमारे देश को आगे लेकर जाएगी। युवा प्रतिभावान, दक्ष एवं मेहनती हैं। उनके आज के सपने कल साकार होंगे।

# शहडोल जेल की 14 महिला बंदी कोरोना वायरस से संक्रमित

**शहडोल, (मप्र)।** शहडोल जेल में 14 महिला बंदी कोरोना वायरस से संक्रमित पाई गई हैं। शहडोल जिला जेल अधीक्षक जी के नेटी ने बुधवार को बताया की सिंगरौली जिले की बैढ़न जेल से नौ अगस्त को 14 महिला कैदियों को शहडोल जेल में स्थानांतरित किया गया था। उन्होंने बताया कि यहां आने पर महिला बंदियों को जांच के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया जहां उनकी कोविड-19 जांच के लिए उनके नमूना लिए गए थे। नमूना लेने के बाद उन्हें शहडोल जेल के वार्ड में रखा गया था। नेटी ने बताया कि 11 अगस्त को 14 महिला बंदियों की जांच रिपोर्ट में उनके कोरोना वायरस से संक्रमित होने का पता चलने के बाद सभी को उपचार के लिए शहडोल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। इन महिला बंदियों के साथ एक डेढ़ माह का बच्चा भी है, उसका भी नमूना जांच के लिए लिया गया है।

# राजस्थान में राजनीतिक घमंड की हार: शिवसेना

**भाषा।** मुंबई

**शिवसेना** ने बुधवार को कहा कि राजस्थान में ऑपरेशन लोटस की विफलता राजनीतिक घमंड की हार है। शिवसेना की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब कुछ दिन पहले ही कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सचिन पायलट की बैठक के बाद राजस्थान में राजनीतिक संकट के मैत्रिपूर्ण समाधन के संकेत मिले हैं। शिवसेना के मुखपत्र सामना के संपादकीय में कहा गया है कि राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ऑपरेशन लोटस का ही ऑपरेशन करके भाजपा को सबक सिखाने का काम किया है।

ऑपरेशन लोटस से शिवसेना का तात्पर्य अन्य पार्टियों में कथित तौर पर दलबदल कराने की भाजपा की कोशिशों से है। शिवसेना ने चुटकी लेते हुए कहा, महाराष्ट्र में तड़के किया गया यह ऑपरेशन विफल हो चुका है। कम से कम अब तो भाजपा को इससे सबक लेनी चाहिए। कुछ फर्जी डॉक्टरों द्वारा महाराष्ट्र में ऑपरेशन करने की नई तारीख अब सितंबर में है।

मुखपत्र में प्रत्यक्ष तौर पर पिछले साल राजभवन में तड़के जल्दबाजी में आयोजित शपथग्रहण समारोह का हवाला दिया गया है। शिवसेना और भाजपा के बीच मुख्यमंत्री पद की साझेदारी को लेकर एकमत नहीं बनने पर गठबंधन से शिवसेना बाहर हो गई थी। इस समारोह में भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। शिवसेना ने बाद में राकांपा और कांग्रेस के साथ मिलकर महाराष्ट्र में सरकार का गठन किया।

शिवसेना ने भाजपा पर आरोप लगाया कि जहां उसकी सरकार नहीं है, वहां वह राज्यों में सरकारों को अस्थिर करने में इस कदर व्यस्त है कि जैसे देश के सामने दूसरी कोई परेशानियां ही नहीं है। मुखपत्र में यह कहा गया, कोरोना वायरस महामारी के जाने का कोई संकेत नहीं है। बेरोजगारी बढ़ रही है और अर्थव्यवस्था रसातल में है। इन सभी को पटरी पर लाने के बजाय भाजपा दूसरे राज्यों की सरकारों को गिराने में व्यस्त है। क्या यह राजनीतिक मानसिक बीमारी का संकेत नहीं है?

उद्धव ठाकरे नीत पार्टी ने कहा, शोले फिल्म के गब्बर सिंह की तरह ऑपरेशन लोटस का डर पैदा किया गया है। लेकिन राजस्थान में इस ऑपरेशन का विफल होना राजनीतिक घमंड की विफलता को दिखाता है। शिवसेना ने कहा कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ बैठक के बाद कांग्रेस नेता सचिन पायलट पार्टी के हित में काम करने के लिए सहमत हो गए और गहलोत ने एक महीने के लंबे गतिरोध के बाद अपनी सरकार बचा ली है। मुखपत्र में कहा गया कि पायलट गहलोत के सामने कमजोर खिलाड़ी साबित हुए हैं। मराठी भाषा के मुखपत्र में कहा गया, गहलोत ने अपनी सरकार बचाने के लिए सबकुछ किया। गहलोत के खिलाफ करीब एक महीने तक बगावत के बाद पायलट जयपुर लौट आए हैं। उन्होंने मंगलवार को कहा कि उन्होंने पार्टी से किसी भी पद की मांग नहीं की और प्रतिशोध की कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए।

## क्विक न्यूज

### लेह में हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर तैनात किए गए

**बेंगलुरु** हिंदुस्तान एयरॉनोटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने बुधवार को कहा कि वायुसेना के मिशन में सहयोग के लिए कम समय के नोटिस पर उसके द्वारा निर्मित दो हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर (लेह के) ऊंचाई वाले स्थान पर तैनात किए गए है। एचएएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक आर माधवन ने कहा, सशस्त्र बलों की खास एवं विशिष्ट जरूरतों को पूरा करने के लिए विशेष डिजाइन के तहत विकसित यह दुनिया का सबसे हल्का लड़ाकू हेलीकॉप्टर (एलसीएच) है जो आत्मनिर्भर भारत में एचएएल की अहम भूमिका को परिलक्षित करता है। यहां कंपनी के मुख्यालय ने एक बयान में कहा कि वायुसेना उपप्रमुख एयर मार्शल हरजित सिंह अरोड़ा ने हाल ही में एचएएल के टेस्ट पायलट विंग कमांडर (सेवानिवृत) सुभाष पी जॉन के साथ एक ऐसे अभियान में हिस्सा लिया और इस दौरान ऊंचाई वाले स्थान से इस हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर ने उड़ान भरकर एक छद्म लक्ष्य को भेदा। बयान में कहा गया है, उसके बाद वह हेलीकॉप्टर इसी क्षेत्र में बड़े ही जोखिम वाले एक हेलीपैड पर उतरा। एलसीएच ने बहुत ही कम तापमान वाले अग्रिम स्थानों पर तेज तैनाती के अपने कौशल का सफल परिचय दिया। एचएएल के अनुसार एलसीएच अपनी अत्याधुनिक प्रणाली और उच्च सटीक हथियारों की वजह से बहुत ही अहम हथियार प्रणाली है। रात हो या दिन, वह किसी भी तरह के लक्ष्य को भेदने में समर्थ है। उसमें ऊंचाई वाले क्षेत्रों में समुचित हथियार ले जाने की क्षमता है। एचएएल ने कहा कि वायुसेना और सेना को करीब 160 ऐसे हेलीकॉप्टरों की जरूरत है। बयान के अनुसार रक्षा खरीद परिषद ने 15 ऐसे हेलीकॉप्टरों की प्रारंभिक खेप के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

### झारखंड सरकार ने तुष्टिकरण की सारी सीमा पार कर दी: भाजपा

**रांची।** भाजपा ने आरोप लगाया कि झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार ने तुष्टिकरण की सारी सीमाओं को पार कर दिया है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि एक ओर झारखंड सरकार की मेधा डेयरी रमजान मुबारक का विज्ञापन देती है और अपने कार्यालय में इफ्तार पार्टी मनाने की छूट देती है। दूसरी तरफ, भगवान श्री राम के मंदिर के लिए भूमि पूजन के अवसर पर मेधा के कार्यालय में मिठाईयां बांटने वाले व्यक्ति को चेतावनी पत्र दे दिया जाता है। शाहदेव ने यह आरोप लगाते हुए कहा कि राम मंदिर के लिए मिठाई बांटने वाले व्यक्ति को दिए गए चेतावनी पत्र में ऐसा दुबारा करने पर कड़ी कार्वाई करने की चेतावनी दी गई है। साथ ही कहा गया है कि कार्यालय में दूसरे धर्म के भी लोग है इसलिए ऐसा करना गैर वाजिब है। शाहदेव ने कहा की भाजपा इस दोहरी नीति की कड़ी निंदा करती है और सरकार से मांग करती है कि वह अविलम्ब इस पत्र को वापस ले। साथ ही इसे जारी करने वाले अधिकारी को बर्खास्त करे।

### जन्माष्टमी का प्रसाद खाने के बाद 26 लोग बीमार

**औरंगाबाद।** महाराष्ट्र के परभणी जिले में जन्माष्टमी का प्रसाद खाने के बाद कम से कम 26 मजदूर बीमार हो गए। ऐसा संदेह है कि संबंधित प्रसाद के विषाक्त होने के कारण यह घटना हुई। अधिकारियो ने बुधवार को बताया कि मंगलवार की इस घटना में प्रभावित हुए सभी लोग खतरे से बाहर है। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि उन्होंने उस निजी अस्पताल से संपर्क किया है जहां मजदूरों को उपचार के लिए ले जाया गया था। संपर्क किए जाने पर सोनपेठ के पास स्थित अस्पताल के एक डॉक्टर ने बताया कि दिघोल गांव से ताल्लुक रखने वाले मजदूरों को प्रसाद खाने के बाद उल्टी होने लगी। उन सभी का उपचार किया गया और मंगलवार की रात सभी को वापस भेज दिया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि सभी प्रभावित लोग ठीक हो गए है।

### कोरोना संक्रमण से पुडुचेरी के पूर्व मंत्री एलुमलाई की मौत

**पुडुचेरी।** पुडुचेरी के पूर्व स्थानीय प्रशासन मंत्री ए. एलुमलाई की बुधवार को यहां केंद्र सरकार के जिपमेर अस्पताल में कोविड-19 संक्रमण से मौत हो गई। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण निदेशक एस मोहन कुमार ने पीटीआई भाषा को बताया कि एलुमलाई (53) को संक्रमित पाए जाने के बाद मंगलवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बुधवार को उन्होंने दम तोड़ दिया। उनके परिवार में पत्नी और तीन बेटे है। वर्ष 2001 में तत्कालीन मुख्यमंत्री एन रंगासामी की अगुवाई वाले कांग्रेस मंत्रिमंडल में एलुमलाई स्थानीय प्रशासन मंत्री रहे। वह राज्य के पुडुचेरी एग्रो सर्विसेज एंड इंडस्ट्रियल कारपोरेशन के अध्यक्ष भी रहे।

### अबतक 32.71 करोड़ पैन-कार्ड को आधार से जोड़ गया

नई दिल्ली। सरकार ने बुधवार को कहा कि बायोमेट्रिक पहचानपत्र आधार से अबतक 32.71 करोड़ स्थाई खाता संख्या (पैन) जोड़े जा चुके है। माई गॉव इंडिया ने ट्विटर पर लिखा है, आधार से 32.71 करोड़ से अधिक पैन जोड़े जा चुके है। सरकार पहले ही आधार को पैन से जोड़ने की तारीख बढ़ाकर 31 मार्च, 2021 कर दी है। ट्वीट के अनुसार 29 जून तक 50.95 करोड़ पैन आबंटित किए गए हैं। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण 12 अंको वाला आधार जारी करता है जबकि आयकर विभाग किसी, व्यक्ति या इकाई को 10 अंको (अंग्रेजी और अंको को मिलाकर) वाला पैन जारी करता है।

# बेंगलुरु हिंसा : कांग्रेस, जद (एस) ने शांति बहाल करने के लिए सरकार को मदद का दिया आश्वासन

**भाषा।** बेंगलुरू

**कर्नाटक** में विपक्षी दल कांग्रेस और जद (एस) ने शहर के हिंसा प्रभावित इलाकों में शांति बहाल करने के लिए बुधवार को राज्य सरकार का साथ देने का आश्वासन दिया और दोषियों के खिलाफ तत्काल कार्वाई की मांग की। दोनों पार्टियों के नेताओं ने कहा कि ऐसी खबरें हैं, जिससे इसके एक सोची समझी साजिश होने का संदेह उत्पन्न होता है।



बेंगलुरु में संप्रदाय विशेष द्वारा की गयी हिंसा और आगजनी के बाद तैनात पुलिस

विपक्ष के नेता सिद्धरमैया ने ट्वीट किया, कवल ब्यारसंद्र में हुई हिंसा और लोगों को उकसाने वाले सोशल मीडिया की निंदा करता हूं। उन्होंने कहा, मैं इलाके में रहने वाले हिंदू और मुस्लिम दोनों से संयम बरतने, शांति कायम रखने और सद्भाव के साथ रहने की अपील करता हूं। सिद्धरमैया ने मामले पर बेंगलुरू पुलिस आयुक्त से बात करने की जानकारी देते हुए कर्नाटक सरकार को शांति बहाल करने के लिए पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा, हमारा तजुर्बा हमें बताता है कि साम्प्रदायिक दंगों में नुकसान केवल बेकसूर लोगों का ही होता है। मैं दोनों धर्मो के नेताओं से बात कर समस्या का सौहार्दपूर्वक हल निकालने और इलाके में शांति बहाल करने की अपील करता हूं।

राज्य कांग्रेस के प्रमुख डी. के. शिवकुमार ने हिंसा की निंदा करते हुए कहा कि किसी को भी कानून अपने हाथ में नहीं लेना चाहिए और हम कानून के तहत की जा रही हर कार्वाई में सरकार को पूर्ण समर्थन का आश्वासन देते हैं। उन्होंने कहा, सार्वजनिक सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाया जाना बर्दाश्त नहीं किया जा सकता .... मैंने मीडिया से भड़काऊ ट्वीट के बारे में भी सुना है। जिसने भी यह किया है, यह गलत है.. यह पूरी घटना ही गलत है। कांग्रेस ने विधायकों की एक बैठक भी आज बेंगलुरू में बुलाई गई है। शिवकुमार ने कहा, हमारे विधायक कल रात मौके पर गए थे लेकिन स्थिति पर काबू नहीं पाया जा सका। मुझे मीडिया में आ रही खबरों से पता चला है कि यह एक सोची समझी साजिश थी। कांग्रेस विधायक अखंड श्रीनिवास मूर्ति के एक कथित रिश्तेदार द्वारा सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किए जाने के बाद हुई हिंसा को काबू करने के लिए पुलिस द्वारा की गई गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हुए हैं।

बेंगलुरू के पुलिस आयुक्त कमल पंत ने कहा, पुलिस की गोलीबारी में तीन लोग मारे गए। उन्होंने बताया कि बेंगलुरू के पुलाकेशी नगर में हुई हिंसा के मामले में 110 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जद (एस) के वरिष्ठ नेता एच. डी. गौड़ा ने भी ट्वीट करके हिंसा की निंदा की और सरकार से घटना में शामिल लोगों के खिलाफ कठोर कार्वाई की मांग की।

# राजस्थान संकट भाजपा के लिए सबक, खरीद फरोख्त की उसकी राजनीति नाकाम रही

**कोलकाता।** लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने बुधवार को कहा कि राजस्थान के राजनीतिक संकट के समाधान से भाजपा की खरीद-फरोख्त की राजनीति को गहरा झटका लगा है। सचिन पायलट जैसे युवा नेताओं को पार्टी का भविष्य बताते हुए चौधरी ने भाजपा को अपने ही खेल में हरा देने के लिए राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के राजनीतिक कौशल की सराहना की। राजस्थान प्रकरण ने इस मिथक को तोड़ दिया है कि भाजपा और उसके हथकंडों को नहीं पराजित किया जा सकता है। खरीद-फरोख्त की भाजपा की राजनीति नाकाम हो गई है। चौधरी ने कहा, यह देखना आनंददायक था कि भाजपा इस डर से अपने ही विधायकों को दूसरे राज्यों में भेज रही थी कि वे कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा को उनके ही खेल में हराया जा सकता है और राजस्थान इसका एक उदाहरण है। कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) के सदस्य ने कहा, अशोक गहलोत के राजनीतिक कौशल ने भाजपा को पीछे हटने के लिए मजबूर कर दिया। मैं बहुत खुश हूं कि सचिन पायलट राजस्थान लौट गए हैं। घटनाक्रम साबित करता है कि हम किसी भी संकट को सौहार्दपूर्वक हल कर सकते हैं। सचिन पायलट जैसे नेता हमारी पार्टी के भविष्य हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या राजस्थान के राजनीतिक गतिरोध के समाधान से पार्टी में राहुल गांधी का कद ऐसे नेता के रूप में बढ़ा है, जो संकटों का हल कर सकते हैं, चौधरी ने कहा कि उन्होंने 2018 में कर्नाटक में सरकार के गठन के दौरान ही अपनी क्षमताओं को साबित कर चुके हैं। चौधरी ने कहा, राहुल गांधी को अपने नेतृत्व कौशल को साबित करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने 2018 में कर्नाटक सरकार के गठन के दौरान यह साबित कर दिया जब उन्होंने भाजपा के मुंह से जीत छीन ली। कुछ लोगों के विश्वासघात के कारण हमने 2019 में भाजपा के हाथों सत्ता खो दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने भी राजस्थान संकट के हल में अहम भूमिका निभाई।

# जहानाबाद के लिए चिराग बनकर आए करुणा सागर

***जहां भी जायेगा, वह रोशनी लुटायेगा***
***किसी चिराग का अपना मकां नहीं होता।***

कोरोना काल में जहानाबाद के लिए चिराग बनकर आये एक शख्स की कहानी कुछ ऐसी ही है। वह शख्स है भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ पदाधिकारी अपर पुलिस महानिदेशक तमिलनाडु सम्प्रति निदेशक आधुनिकीकरण ब्यूरो आफ पुलिस रिसर्च एण्ड डेभलपमेंट दिल्ली करुणा सागर। अपने नाम को जीता हुआ यह शख्स इस वैश्विक महासंकट की घड़ी में जहानाबाद के लिए मसीहा बनकर सामने आया।

कोरोना को करुणा से जीतेंगे, प्रधानमंत्री के इस आह्वान को आभूषण बना जहानाबाद की सेवा का संकल्प लिया और अनुकरणीय सेवा की। अपर पुलिस महानिदेशक करुणा सागर के सौजन्य से रिलायंस फाउंडेशन के द्वारा खाद्य सामग्री का चार सौ बैग जिला प्रशासन को सौंपा गया। सागर की पहल पर स्टार हेल्थ इंश्योरेंस लिमिटेड चेन्नई द्वारा रेडक्रॉस सोसायटी, जहानाबाद को खाद्य सामग्री के पांच सौ बैग तैयार करने के लिए चार लाख बारह हजार पांच सौ रुपये दिया गया। जिलाधिकारी सह प्रसिडेंट रेडक्रॉस सोसायटी, जहानाबाद के निर्देश पर रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा खाद्य सामग्री का पांच सौ बैग तैयार कर जिला प्रशासन को सौंपा गया। इतना ही नहीं उन्होंने अरवल रेडक्रॉस सोसायटी को भी प्रवासी श्रमिकों की सेवा के लिए सहयोग प्रदान किया। जिलाधिकारी सह प्रसिडेंट रेडक्रॉस सोसायटी अरवल की देख-रेख में प्रवासी श्रमिकों के लिए रेडक्रॉस सोसायटी अरवल द्वारा संचालित भोजनालय को महती सहयोग प्रदान किया। बतातें चलें कि विगत कई वर्षों से विविध रूपों में जहानाबाद की सेवा सागर करते आ रहे हैं। इसकी एक लम्बी फेहरिस्त है। चाहे रेडक्रॉस सोसायटी जहानाबाद हो या यहां के जरूरतमंद आमजन उन्होंने पूरी संवेदनशीलता से सहयोग दिया है। उत्तर बिहार के बाढ़ पीड़ितों के सहायतार्थ रेडक्रॉस सोसायटी जहानाबाद बिहार को एवं जाड़े के मौसम में हजारों लोगों के बीच अपने मित्रों के सहयोग से कम्बल वितरित कर सेवा भावना का उल्लेखनीय कार्य किया है।



करुणा सागर

बतातें चलें कि सागर के द्वारा ऐसे और भी अनेक कार्य किये गये हैं जो उनके नाम को सार्थक करता है। पटना जिला के अपने गांव धमौल में परिजनों, पुरजनों एवं पास-पड़ोस के ग्रमीणों की मांग पर स्वयं एवं अपने निकटतम मित्रों, सहयोगियों के सहयोग से दक्षिण भारतीय स्थापत्य शैली में मदुरई के कारीगरों द्वारा भव्य मंदिर का निर्माण कराया। इस मंदिर का प्राण-प्रतिष्ठा फरवरी 2007 में सम्पन्न हुई। मंदिर निर्माण के पीछे उनका उद्देश्य सामाजिक सामंजस्य को बढ़ावा देना रहा। 2005 से ही वे अपने पूरे इलाके के जरूरतमंद लोगों की सेवा करते आ रहे हैं। साड़ी, धोती, कम्बल आदि का वितरण यह कहते हुए करते आ रहे हैं कि मैं इसी माध्यम से आप सबों के साथ नेह का नाता जोड़ रहा हूँ। मैं अपने मूल का मूल्य समझता हूँ। स्कूली बच्चों के लिए 2006 में खेलकूद प्रतियोगिता का स्तरीय आयोजन कर बच्चों में खेलकूद की भावना को बढ़ावा दिया। विविध खेलों में अव्वल चयनित बच्चों समेत सभी 250 प्रतिभागियों को घर में उपयोग आनेवाले बर्तन देकर अनूठे पुरस्कार से उस समय के जहानाबाद सांसद गणेश प्रसाद के द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस पुरस्कार के पीछे सागर की भावना रही कि रोज उपयोग में आनेवाले ये बर्तन बच्चों के माता-पिता को याद दिलाता रहेगा कि मेरा बच्चा इसे अपनी प्रतिभा से जीतकर लाया है। जहानाबाद के विद्यालयी छात्र-छात्राओं के लिए पेन्टिंग कार्यशाला का आयोजन कराया। स्वामी सहजानंद सरस्वती पुस्तकालय, जहानाबाद के सभागार में बिहार के ख्याति प्राप्त चित्रकार राजू कुमार द्वारा चित्रकला की बारीकियां सिखाई गयी। 15 दिन तक चले इस कार्यशाला का उद्घाटन और समापन उस समय के एसडीएम भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी डाक्टर नवल किशोर चौधरी ने किया। सामाजिक दृष्टिकोण से सबसे महत्वपूर्ण कार्य सागर के नेतृत्व में मंदिर के माध्यम से संगत-पंगत का आयोजन करवाया गया, जिसमें पूरे पंचायत के सभी जातियों के नर-नारियों को एकसाथ बैठाकर खिलाया गया।

इस सामाजिक बदलाव कार्यक्रम के साक्षी बने बिहार धार्मिक न्यास परिषद के तत्कालीन अध्यक्ष आचार्य किशोर कुणाल जी। इस कार्यक्रम का लक्ष्य था-समाज में जाति,धर्म, छुआछूत आदि भेदभाव को मिटाकर सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देना। ऐसे अनेक कार्य उनके द्वारा होता रहता है जो उनके मन और हृदय में बैठे सामाजिक दायित्व की प्रबल भावना का उदाहरण है। पटना जिला के एक छोटे से गांव धमौल की धरती पर करुणा, दया,प्रेम, सहिष्णुता, परोपकार आदि मानवोचित गुणों का पल्लवन सागर के अन्दर बचपन से ही हो रहा था। गांव के स्कूल से निकलकर लोयला स्कूल, पटना से मैट्रिक की परीक्षा पास की। पटना कालेज, पटना से इन्टरमीडिएट करने के बाद उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज महाविद्यालय में नामांकन लिया एवं स्नातक और स्नातकोत्तर डिग्री हासिल कर आईपीएस बन तमिलनाडु में पुलिस पदाधिकारी के रूप में अनुकरणीय ख्याति अर्जित की।

मानवोचित गुणों का विकास जो बचपन में हो चुका था, वह बढ़ता ही गया और उसका प्रस्फुटन समय-समय पर समाज के सामने होता आ रहा है। सामर्थ्यवान सज्जनों से सहयोग प्राप्त कर सामर्थ्यहीन की सेवा का संकल्प सागर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का मूलाधार है। यहाँ पर मुश्ताक आजीज की पंक्ति को उद्धृत करना समीचीन प्रतीत हो रहा है:-

***ये रोशनी का पयंबर है इसकी बात सुनो***
***सदाकतों के सहीफे सुना रहा है चराग।***

# कांग्रेस प्रवक्ता राजीव त्यागी का निधन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव त्यागी का बुधवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 52 साल के थे। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा और कांग्रेस के कई अन्य वरिष्ठ नेताओं ने दुख जताते हुए कहा कि त्यागी विचारधारा के प्रति समर्पित नेता थे। राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस ने आज अपना एक बब्बर शेर खो दिया। पार्टी सूत्रों ने कहा कि गाजियाबाद के वैशाली में अपने आवास पर एक टीवी परिचर्चा में भाग लेने के कुछ ही देर बाद त्यागी को दिल का दौरा पड़ा और वह बेहोश हो गए। इसके बाद उन्हें गाजियाबाद के यशोदा अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन वह बच नहीं सके। यशोदा अस्पताल के डॉक्टर पद्म सिंह पाल के मुताबिक, राजीव त्यागी की तबियत अचानक से खराब हुई और करीब साढ़े छह बजे उन्हें अस्पताल लाया गया। त्यागी का कल दिन में गाजियाबाद के हिंडन नदी के समीप श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार किया जाएगा।



मुंबई में बुधवार को जन्माष्टमी के अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण के रूप में तैयार किए गए बच्चों ने तोड़ी दही हांडी

# आत्मनिर्भर भारत संरक्षणवाद को प्रोत्साहित नहीं करता है: वेंकैया

**भाषा।** नई दिल्ली

**उपराष्ट्रपति** एम वेंकैया नायडू ने बुधवार को कहा कि कोविड-19 महामारी के बाद दुनिया पहले जैसी नहीं रहेगी, ऐसे में भारत जैसे देशों के लिए सही अर्थो में आत्मनिर्भर बनकर कठिन परिस्थितियों से मुकाबला करने में समर्थ अर्थव्यवस्था का निर्माण करने की जरूरत है।

उपराष्ट्रपति ने नेताजी- भारत की स्वंत्रता और ब्रिटिश अभिलेख पुस्तक के लोकार्पण कार्यक्रम में कहा, आत्मनिर्भर भारत कारोबारी बाधा खड़ा करने या संरक्षणवाद को प्रोत्साहित करने की बात नहीं करता है बल्कि भारत की अंतर्निहित ताकत को पहचानने और विभिन्न क्षेत्रों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने पर जोर देता है। नायडू ने कहा कि कोविड-19 महामारी के बाद दुनिया पहले जैसी नहीं रहेगी। ऐसे में भारत



जैसे देशों के लिए सही अर्थो में आत्मनिर्भर बनकर कठिन परिस्थितियों से मुकाबला करने में समर्थ अर्थव्यवस्था का निर्माण करने की जरूरत है।

उन्होंने कहा, मुझे इस बात की खुशी है कि सरकार ने आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करने के उपायों के तहत हाल ही में रक्षा क्षेत्र के 101 उत्पादों पर आयात रोक लगाने की घोषणा की। नायडू ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जिक्र करते हुए कहा, हमारी युवा पीढ़ी को भारत के इतिहास के प्रति जागरूक होना चाहिए। देशभर से स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और पराक्रम की कहानियों को पाठ्यक्रम में रेखांकित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नेताजी का दृढ़ विश्वास था कि हम सब सबसे पहले भारतीय हैं, धर्म, जाति, क्षेत्रीय और भाषाई पहचानें बाद में आती हैं।

उपराष्ट्रपति ने कहा, हमारे स्वाधीनता आंदोलन के दौरान नेताजी का साहसी और ओजस्वी नेतृत्व युवाओं के लिए अनुकरणीय और प्रेरणा का स्रोत है। नेताजी का विश्वास था कि महान राष्ट्र अपनी नियति स्वयं लिखते हैं। उन्होंने लोगों में भी यह विश्वास जगाया। उन्होंने कहा कि आज अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस भी है और इस अवसर पर वह युवाओं से नए भारत के निर्माण के लिए नेताजी के जीवन से प्रेरणा लेने की अपील करते हैं।

## गृहमंत्री अमित शाह ने अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर दी शुभकामनाएं


**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी और कहा कि किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति उसके युवा होते हैं। शाह ने सिलसिलेवार ट्वीट कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार स्किल इंडिया, स्टार्ट अप इंडिया, मेक इन इंडिया और नई शिक्षा नीति जैसे अपने अभूतपूर्व निर्णयों से लगातार एक ऐसे इकोसिस्टम का निर्माण कर रही है, जिसमें युवाओं की अपार क्षमताओं को और निखारा जा सके। उन्होंने कहा, किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति उसके युवा होते हैं। भारत वास्तव में बहुत ही भाग्यशाली राष्ट्र है, जिसके पास कौशल से परिपूर्ण इतनी परिवर्तनात्मक और अभिलाषी युवाशक्ति है। शाह ने कहा कि कुशल और उत्साही युवाओं में अवसरों का सर्वश्रेष्ठ लाभ उठाने की क्षमता होती है। उन्होंने कहा, मुझे हमारी युवा शक्ति पर पूर्ण विश्वास है कि वे प्रधानमंत्री मोदी के न्यू इंडिया के स्वप्न को साकार करने के लिए निरंतर प्रयास करते रहेंगे।

# रूस के कोविड-19 टीके के बारे में वैज्ञानिकों को संदेह

**भाषा।** नई दिल्ली

**रूस** के कोविड-19 का टीका विकसित करने पर संदेह को लेकर भारत समेत दुनिया के कई वैज्ञानिकों का कहना है कि समय की कमी को देखते हुए इसका समुचित ढंग से परीक्षण नहीं किया गया है और इसकी प्रभावशीलता साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत नहीं हो सकते हैं।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मंगलवार को घोषणा की थी कि उनके देश ने कोरोना वायरस के खिलाफ दुनिया का पहला टीका विकसित कर लिया है जो कोविड-19 से निपटने में बहुत प्रभावी ढंग से काम करता है। इसके साथ ही उन्होंने खुलासा किया था कि उनकी बेटियों में से एक को यह टीका पहले ही दिया जा चुका है। इस देश को अक्तूबर तक बड़े पैमाने पर टीके का निर्माण शुरू होने की उम्मीद है और आवश्यक कर्मचारियों को पहली खुराक देने की योजना बना रहा है। हालांकि विज्ञान समुदाय के कई लोग इससे प्रभावित नहीं हैं। पुणे में भारतीय विज्ञान संस्थान, शिक्षा और



अनुसंधान से एक प्रतिरक्षाविज्ञानी विनीता बल ने पीटीआई-भाषा से कहा, जब तक लोगों के पास देखने के लिए क्लीनिकल परीक्षण और संख्या समेत आंकड़े नहीं हैं तो यह मानना मुश्किल है कि जून 2020 और अगस्त 2020 के बीच टीके की प्रभावशीलता पर सफलतापूर्वक अध्ययन किया गया है। उन्होंने कहा, क्या वे नियंत्रित मानव चुनौती अध्ययनों के बारे में बात कर रहे हैं? यदि हां, तो यह सबूत सुरक्षात्मक प्रभावकारिता की जांच करने के लिए भी उपयोगी है।

अमेरिका के माउंट सिनाई के इकान स्कूल ऑफ मेडिसिन में प्रोफेसर फ्लोरियन क्रेमर ने टीके की सुरक्षा पर सवाल उठाए। क्रेमर ने ट्वीटर पर कहा, निश्चित नहीं है कि रूस क्या कर रहा है, लेकिन मैं निश्चित रूप से टीका नहीं लूंगा जिसका चरण तीन में परीक्षण नहीं किया गया है। कोई नहीं जानता कि क्या यह सुरक्षित है या यह काम करता है। वे एचसीडब्ल्यू (स्वास्थ्य देखभाल कार्यकर्ता) और उनकी आबादी को जोखिम में डाल रहे है। भारतीय प्रतिरक्षा विद सत्यजीत रथ ने क्रेमर से सहमति जताई। नई दिल्ली के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इम्यूनोलॉजी से प्रतिरक्षाविज्ञानी ने कहा, हालांकि यह इसका उपयोग प्रारंभिक सूचना है, लेकिन यह इसकी प्रभावशीलता का सबूत नहीं है।

इसकी प्रभावशीलता के वास्तविक प्रमाण के बिना वे टीके को उपयोग में ला रहे हैं। वायरोलॉजिस्ट उपासना रे के अनुसार विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने टीके के निर्माताओं को निर्धारित दिशानिर्देशों का पालन करने के लिए कहा है। रे ने कहा कि रूसी अधिकारियों के पास चरण एक और दो के परिणाम हो सकते हैं, लेकिन चरण तीन को पूरा करने में इतनी तेजी से विश्वास करना मुश्किल होगा जब तक कि आंकड़े सार्वजनिक रूप से उपलब्ध न हो।

# सीएम पद के उम्मीदवार को लेकर मंत्रियों के विचार पार्टी की राय नहीं: जयकुमार

**भाषा।** चेन्नई



**तमिलनाडु** विधानसभा चुनाव 2021 के लिए मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार को लेकर अन्नाद्रमुक के दो मंत्रियों के अलग-अलग विचारों पर पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने बुधवार को कहा कि उनकी सोच को पार्टी की आधिकारिक राय नहीं माना जा सकता और इस तरह का फैसला पार्टी का उपयुक्त निकाय करेगा।

राज्य के मत्स्य पालन मंत्री डी जयकुमार ने यह भी कहा कि सार्वजनिक रूप से अपने विचार व्यक्त करने से अन्नाद्रमुक की जीत सुनिश्चित करने की पार्टी कार्यकर्ताओं की कोशिशें कमजोर पड़ सकती हैं। तमिलनाडु में 2011 से अन्नाद्रमुक सत्ता में है। दरअसल, राज्य के डेयरी विकास मंत्री के टी राजेन्द्र बालाजी ने मौजूदा मुख्यमंत्री के पलानीस्वामी को ही अगले चुनाव में इस पद का उम्मीदवार बनाने का मंगलवार को पुरजोर समर्थन किया था। उन्होंने कैबिनेट के अपने साथी तथा मदुरै के नेता एस के राजू के विपरीत अपने विचार व्यक्त किए थे। सहकारिता मंत्री राजू ने सोमवार को कहा था कि अगले साल विधानसभा चुनाव के बाद अगर पार्टी फिर से सत्ता में आती है तो निर्वाचित विधायक मुख्यमंत्री का चुनाव करेंगे।

दो मंत्रियों के अलग-अलग विचारों पर जयकुमार ने कहा कि अन्नाद्रमुक के सभी कार्यकर्ताओं की इच्छा 2021 के चुनाव में भी पार्टी को जीत हासिल करते देखना है और इस तरह सार्वजनिक रूप से अपने विचार व्यक्त करने से उनकी कोशिशें कमजोर पड़ सकती हैं। उन्होंने कहा कि एम जी रामचंद्रन और जे जयललिता के समय से शक्तिशाली कार्यकारी परिषद और महा परिषद ही अहम फैसले लेती रही है। हमें ऐसे बयान देकर अपने विरोधियों को मौका नहीं देना चाहिए।

# लड़ाई के बाद भूलने-माफ करने, कसमें-वादों का दौर

## ● गुजर गया सियासी तूफान, अब देश, प्रदेश, जनता और लोकतंत्र के हित में एक साथ काम करेंगे गहलोत-पायलट

**पायनियर समाचार सेवा।** जयपुर

**राजस्थान** में कांग्रेस आलाकमान के दखल से थमे सियासी घमासान के बाद अब दोनों खेमे (गहलोत-पायलट) देश, प्रदेश और जनता के हित में मिल जुलकर काम करने की कसमें खा रहे हैं। मंगलवार को घर लौटे सचिन पायलट ने तो एक दिन बाद बुधवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बीती ताही बिसार दे पर अमल करने और आगे बढ़ने की बात कही। बाड़ेबंदी से निकले अपने समर्थक विधायकों से मुलाकात के दौरान बड़ा दिल दिखाते गहलोत ने कहा कि यह लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई है लिहाजा उन्हें भूलो और माफ करो का रास्ता अपनाना होगा। हालांकि, बागियों की वापसी से



उनका खेमा नाराज दिखा जिस पर सीएम ने समझाया कि कई बार सहन करना पड़ता है।

आगे बढ़कर हाथ मिलाने में पायलट गुट भी पीछे नहीं रहा। पायलट के साथ मंत्री पद से बर्खास्त किए गए विश्वेंद्र सिंह ने कहा कि यह (एक माह लंबा सियासी खींचतान भरा एपिसोड) एक टेस्ट मैच था जो कि ड्रॉ हो गया है और वे लोग पैवेलियन लौट आए हैं। उन्होंने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि वे लोग बागी नहीं हैं। उन लोगों ने पार्टी के खिलाफ कभी एक शब्द भी नहीं कहा। विश्वेंद्र सिंह ने बाद में यह भी स्पष्ट किया कि टेस्ट मैच ड्रॉ होने की बात कहना सिर्फ एक मजाक था लेकिन, दरअसल गहलोत को और मजबूत होकर उभरने का दम भरने वालों को दिया गया यह एक संकेत था कि इस सियासी घमासान में न कोई जीता, न कोई हारा यानी सत्ता हो या संगठन दोनों (गहलोत-पायलट) बराबरी पर खड़े हैं। इससे पहले, गहलोत ने संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि इस लड़ाई में इतनी बड़ी संख्या में विधायकों ने उनका साथ दिया। हिंदुस्तान में शायद ही पहले कभी ऐसा हुआ होगा जब 100 से ज्यादा विधायक इतने लंबे समय के लिए एक साथ रुके होंगे। यह लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई है जो आगे भी जारी रहेगी। उनकी गुजारिश है कि सभी लोग मिलकर आगे बढ़ें। बात जारी रखते मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की जनता ने बड़े भरोसे के साथ कांग्रेस की सरकार बनाई थी। अब उनकी जिम्मेदारी है कि उसे बहाल रखें। सुशासन से देश व प्रदेश की सेवा करें और कोरोना महामारी का डटकर मुकाबला करें। राजस्थान की जनता ने संकट की घड़ी में फोन करके विधायकों की हौसला आफजाई की है ताकि सरकार स्थिर बनी रहे। ऐसे में अब उन्हें दोगुनी शक्ति के साथ उनकी सेवा करनी है।

# राज्य स्तर पर अल्पसंख्यक समूहों की पहचान के वास्ते दिशानिर्देशों के लिए जनहित याचिका

**भाषा।** नई दिल्ली

**राज्य** स्तर पर अल्पसंख्यक समूहों की पहचान के लिए दिशा-निर्देश तैयार करने का केन्द्र को निर्देश देने के लिए उच्चतम न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की गई है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अल्पसंख्यकों के लिए बनी योजनाओं का लाभ उनको मिल सकें। यह जनहित याचिका भाजपा नेता और अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय ने दायर की है। इस याचिका में अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थान कानून, 2004 की धारा 2(एफ) की वैधता को भी चुनौती दी गई है। याचिका में कहा गया है कि अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थान कानून की यह धारा केन्द्र को अनियंत्रित अधिकार ही नहीं देती बल्कि यह साफतौर पर मनमानी, अतार्किक और आहत करने वाली है। अधिवक्ता अश्विनी कुमार दुबे के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया है कि अल्पसंख्यकों के निमित्त बनी योजनाओं के लाभ से असली अल्पसंख्यक वंचित रह जाते हैं और इसका लाभ पूरी तरह से बहुमत वाले समूहों को मिल जाता है जो संविधान मे प्रदत्त मौलिक अधिकारों का अतिक्रमण है। याचिका में यह घोषित करने और निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि यहूदी, बौद्ध और हिन्दू धर्म को मानने वाले, जो लद्दाख, मिजोरम, लक्षद्वीप, कश्मीर, नगालैंड, मेघालय, अरूणाचल प्रदेश, पंजाब और मणिपुर में अल्पसंख्यक है, टीएमए पाई प्रकरण में शीर्ष अदालत की व्यवस्था ओर भावनाओं के अनुरूप अपने शिक्षण संस्थान स्थापित कर सकते हैं और उनका प्रशासन कर सकते हैं। टीएमए पाई फाउण्डेशन प्रकरण में न्यायालय ने व्यवस्था दी थी कि राज्य को यह अधिकार है कि वह राष्ट्र हित में अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों को बेहतर योग्यता वाले शिक्षक प्रदान करने के लिए नियम बनाए ताकि शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर लक्ष्य हासिल किया जा सके।

# पंजाब सरकार ने 12वीं कक्षा के छात्रों के बीच मुफ्त स्मार्टफोन बांटे

**भाषा।** चंडीगढ़

**पंजाब** की कांग्रेस सरकार ने चुनाव घोषणा पत्र में किए गए वादे को पूरा करते हुए बुधवार को बहुप्रतीक्षित स्मार्टफोन योजना की शुरूआत की और सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले 12 वीं कक्षा के कुछ छात्रों के बीच मोबाइल सेट वितरित किए। इस योजना की शुरूआत पंजाब में कांग्रेस की सरकार बनने के तीन साल से अधिक समय बीत जाने के बाद हुई है। पंजाब में 2017 में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान प्रदेश के युवाओं को स्मार्टफोन देना, एक मुख्य चुनावी वादा था। पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने यहां वीडियो कांफ्रेंस के जरिए पंजाब स्मार्ट कनेक्ट योजना की शुरूआत की। उन्होंने सांकेतिक तौर पर 12 वीं कक्षा के छह छात्रों को स्मार्टफोन दिया। इसके बाद पूरे प्रदेश में 26 स्थानों पर विभिन्न मंत्रियों, विधायकों एवं अन्य ने स्मार्ट फोन का वितरण किया। इस योजना की शुरूआत होने के बाद विभिन्न जिलों में प्रत्येक मंत्रियों ने विभिन्न स्थानों पर व्यक्तिगत रूप से छात्रों के बीच 20 से ज्यादा फोन वितरित किए। इस योजना के तहत पहले चरण में सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले 12 वीं कक्षा के 1,74,015 छात्र लाभान्वित होंगे। योजना का पहला चरण इस साल नवंबर तक पूरा होगा।


चडीगढ़ में विद्यार्थियों को निशुल्क स्मार्ट फोन देते पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह

## सिद्धरमैया की दूसरी जांच में संक्रमण की पुष्टि नहीं

**बेंगलुरु।** कोरोना वायरस संक्रमण का एक निजी अस्पताल में उपचार करा रहे कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया की दूसरी कोविड-19 जांच रिपोर्ट निगेटिव आई है और उन्हें बृहस्पतिवार को अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी। सिद्धरमैया के कार्यालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। वहीं, विधानसभा में विपक्ष के नेता ने बुधवार को अपना 72वां जन्मदिन मनाया। एक बयान में बताया गया कि सिद्धरमैया अब पूरी तरह से स्वस्थ हो गए हैं। बयान में कहा गया, चिकित्सकों के अनुसार दूसरी बार गले से लार के नमूनों की और रक्त की जांच की गई और रिपोर्ट में संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई है। सिद्धरमैया को चार अगस्त को मणिपाल अस्पताल में भर्ती किया गया था। उन्हें सिर्फ शुरुआती दो दिनों तक बुखार रहा और इसके बाद उनमें संक्रमण के कोई लक्षण नहीं थे। बयान के अनुसार, चिकित्सकों ने बताया कि सिद्धरमैया को कल अस्पताल से छुट्टी मिल जाएगी।

# कर्नाटक में बस में आग लगने से पांच की मौत

**भाषा।** बेंगलुरु

**चित्रदुर्ग** जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार सुबह बेंगलुरु आ रही एक बस में आग लग गई जिसमें तीन बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में कई लोग घायल हो गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार बस में कुल 32 लोग सवार थे। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, राष्ट्रीय राजमार्ग-4 पर तड़के साढ़े तीन बजे एक बस में आग लगने से पांच लोगों की मौत हो गई। बस बीजापुर से बेंगलुरु जा रही थी। उन्होंने बताया कि मृतकों की अभी तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। हादसे में झुलस गए कई लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने संदेह जताया कि आग तब लगी जब बस सड़क किनारे खड़ी थी। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।



# पेज एक का शेष

## आधी रात...

गैस के गोले दागे और बाद में गोलियां चलाईं, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। कर्नाटक की सत्ताधारी भाजपा ने बुधवार को कांग्रेस पर उन दंगाइयों के खिलाफ मुखर न होने का आरोप लगाया जिन्होंने विपक्ष के एक विधायक पर बेंगलुरु में हमला किया। भड़की हिंसा में कांग्रेस की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए भाजपा ने कहा ऐसा लगता है कि तुष्टिकरण ही उसकी एकमात्र आधिकारिक नीति बन गई है।भाजपा महासचिव पी मुरलीधर राव ने सिलसिलेवार ट्वीट कर कहा, शर्मनाक और घृणास्पद। बेंगलुरु में कल हुई हिंसा पर कर्नाटक कांग्रेस चुप है। छद्मधारी इस दंगे के खिलाफ मुखर नहीं हैं। बेंगलुरु को अभी दंगों के डर से आजादी की आवश्यकता है। वहीं कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने यह दावा किया कि इस घटना से कानून-व्यवस्था की विफलता साबित हुई है।

## भारत समेत...

सिस्टेमा के बिन्नोफार्मा दवा कारखाने में वैक्सीन का बड़े पैमाने पर उत्पादन शुरू कर दिया है। वैक्सीन को दो खुराक में तैयार किया गया है। इसमें मानव एडिनोवायरस के दो सेरोटाइप होते हैं। प्रत्येक में नए कोरोनो वायरस का एस-एंटीजन होता है, जो मानव कोशिकाओं में प्रवेश करता है और एक प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया उत्पन्न करता है। विशेषज्ञों का मानना है कि चरण-1 और चरण-2 के टेस्ट सुरक्षा और प्रभाव के बारे में पता लगाने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। ये बहुत छोटे हैं। पारंपरिक रूप से नियामक वैक्सीन को मंजूरी देने के लिए चरण-3 के ट्रायल के लिए कहते हैं। आमतौर पर चरण-3 का ट्रायल 20,000-40,000 लोगों पर किया जाता है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि जिन्हें टीका लगाया जा रहा है, वास्तविक दुनिया में कोविड-19 के संक्रमण से रोक सकता है और यह कितने समय तक प्रभावी रहता है।

## सुशांत सुसाइड...

आत्महत्या की तो इतना हो रहा है, परसों सतारा में एक किसान ने कहा कि उनके जिले में 20 किसानों ने आत्महत्या कर ली, लेकिन उस पर बात नहीं हो रही। दरअसल, बॉलिवुड ऐक्टर सुशांत सिंह राजपूत की मौत बिहार बनाम महाराष्ट्र की लड़ाई बन गई है। पवार से पहले शिवसेना सांसद संजय राउत भी इस मुद्दे पर अपनी राय रख चुके हैं। इसके अलावा एनसीपी नेता माजिद मेमन के सुशांत को लेकर दिए बयान पर विवाद खड़ा हो गया। माजिद मेमन ने बुधवार को एक ट्वीट कर कहा कि सुशांत सिंह राजपूत को उनकी मौत के बाद उनकी जिंदगी से कहीं ज्यादा लोकप्रियता मिल रही है। मीडिया में उन्हें जितनी जगह मिल रही है, उतनी तो हमारे प्रधानमंत्री या अमेरिका के राष्ट्रपति को भी नहीं मिलती होगी। हालांकि इस बयान पर विरोध उठने के बाद पार्टी के प्रवक्ता नवाब मलिक ने सफाई देते हुए कहा कि यह माजिद का निजी बयान है और पार्टी का इससे कोई लेना-देना नहीं है।

## कोविड-19...

संख्या 16 लाख के आंकड़े को पार कर गई है तथा ठीक होने की दर बढ़कर 70.38 प्रतिशत के आंकड़े पर पहुंच चुकी है। देश में इस समय कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या 6,43,948 है। यह संख्या देश में अब तक सामने आए इस महामारी के कुल मामलों की 27.64 प्रतिशत है। ए लोग सक्रिय चिकित्सकीय निगरानी में हैं। मंत्रालय ने कहा कि मरीजों के लगातार ठीक होने के कारण बीमारी को हरा चुके लोगों तथा उपचाराधीन मरीजों के बीच लगभग 10 लाख का अंतर हो चुका है। अस्पतालों में अच्छे और प्रभावी चिकित्सकीय उपचार, मरीजों को समय पर उचित इलाज उपलब्ध कराने के लिए एंबुलेंस सेवा पर अधिक ध्यान दिए जाने जैसे कदमों का परिणाम सफलता के रूप में निकला है। मंत्रालय ने कहा, परिणामस्वरूप, भारत में मृत्युदर वैश्विक मृत्युदर की तुलना में कम रही है। वर्तमान में यह 1.98 प्रतिशत है। इसने कहा कि भारत में मंगलवार को पिछले 24 घंटे में 7,33,449 नमूनों की जांच की गई। कुल जांच संख्या अब 2.6 करोड़ से अधिक हो गई है। प्रति 10 लाख की आबादी पर जांच का आंकड़ा बढ़कर 18,852 तक पहुंच गया है। मंत्रालय ने कहा कि भारत में प्रयोगशाला नेटवर्क को लगातार मजबूत किया जा रहा है। देश में इस समय कोविड-19 जांच संबंधी।,421 प्रयोगशालाएं हैं जिनमें से 944 सरकारी और 477 निजी प्रयोगशालाएं हैं।

## राजधानी में...

और पारा में 12 लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई है। इसके अलावा नाका में 7, गोमती नगर विस्तार में 4, अलीगंज में 8, मड़ियांव में 7, कैसरबाग में 3, विकासनगर में 8, सआदतगंज में 9, कृष्णानिगर में 7, चिनहट में 6, सुशांत गोल्फ सिटी में 6, गुडंबा में 5, जानकीपुरम में 5 और आशियाना में 5 लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई है। केजीएमयू प्रवक्ता डॉ. सुधीर सिंह के मुताबिक राजधानी निवासी 62 वर्षीय पुरुष को 24 जुलाई को भर्ती किया गया था। रोगी को उच्च रक्तचाप और मधुमेह की समस्या थी। इससे उनको किडनी की बीमारी हो गयी थी। इलाज के दौरान मौत हो गई। इसी तरह वीरसिंहपुर प्रतापगढ़ निवासी 65 वर्षीय पुरुष को 7 अगस्त को भर्ती किया गया था। रोगी को उच्च रक्तचाप और कोरोनरी आर्टरी डिजीज की समस्या थी। इससे उनको किडनी की बीमारी हो गयी थी। इलाज के दौरान आज मौत हो गई।

## सूबे में...

प्रयागराज में 227, बरेली में 183, गोरखपुर में 224, झांसी में 77, जौनपुर में 44, मेरठ में 54, मुरादाबाद में 100, बलिया में 48, अलीगढ़ में 63, आगरा में 18, देवरिया में 83, आजमगढ़ में 92, सहारनपुर में 106, बाराबंकी में 50, गाजीपुर में 38, अयोध्या में 66, शाहजहांपुर में 35, बस्ती में 306, रामपुर में 19, बुलंदशहर में 46, हरदोई में 42, कुशीनगर में 106, संत कबीर नगर में 24, हापुड़ में 23, सुल्तानपुर में 64, सिद्धार्थनगर में 87, महाराजगंज में 66, पीलीभीत में 66, गोंडा में 72, चंदौली में 22, मथुरा में 35, उन्नाव में 64 , कन्नौज में 19, संभल में 20, बहराइच में 47, मुजफ्फरनगर में 47, मिर्जापुर में 16, इटावा में 30, सोनभद्र में 62, मैनपुरी में 32, बिजनौर में 34, सीतापुर में 62, अमरोहा में 33, फिरोजाबाद में 23, प्रतापगढ़ में 59, लखीमपुर खीरी में 45, रायबरेली में 31, मऊ में 72, जालौन में 16, फतेहपुर में 24, भदोही में 7, फर्रुखाबाद में 24, बागपत में 13, बदायूं में 27, अमेठी में 14, औरैया में 13, शामली में 16, ललितपुर में 35, कासगंज में 13, कौशांबी में 4, कानपुर देहात में 17, बलरामपुर में 20, अंबेडकरनगर में 10, हमीरपुर में 11, बांदा में 20, हाथरस में 3, महोबा में 12, चित्रकूट में 5, श्रावस्ती में 19 कोरोना वायरस के संक्रमित मरीज पाए गए।

# भूटान में लॉकडाउन से पश्चिम बंगाल के रास्ते दोनों देशों के बीच होने वाला कारोबार रूका

**भाषा।** अलीपुरद्वार (पश्चिम बंगाल)

**भूटान** में कोरोना वायरस संक्रमण के बढ़ते मामलों को रोकने के लिए लागू लॉकडाउन की वजह से पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार जिले में जायगांव के रास्ते होने वाले भारत-भूटान कारोबार को फिलहाल रोक दिया गया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अलीपुरद्वार जिले के एक अधिकारी ने बताया कि पड़ोसी देश में मंगलवार से सम्पूर्ण लॉकडाउन प्रभावी होने के बाद भारत के जायगांव और भूटान के फुएनत्सोलिंग के सीमा द्वार बंद कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया, जायगांव सीमा से होने वाला कोरबार पूरी तरह से रूक गया है। इसके बावजूद, दोनों आरे की सीमाओं पर कोई वाहन नहीं फंसा हुआ है क्योंकि भूटानी प्रशासन ने अलीपुरद्वार जिला प्रशासन को लॉकडाउन की पूर्व सूचना दे दी थी। इससे हमें समुचित कदम उठाने का मौका मिल गया। पश्चिम बंगाल के तीन जिलों- अलीपुरद्वार, जलपाईगुड़ी और कलिम्पोंग- की सीमा भूटान के साथ लगती है लेकिन इस पड़ोसी देश के साथ ज्यादातर कारोबार जायगांव-फुएनत्सोलिंग रास्ते से ही होता है। सूत्रों ने बताया कि भूटान जायगांव के रास्ते मुख्य रूप से पारंपरिक परिधान, आभूषण, शहद, अदरक, और दुग्ध उत्पाद निर्यात करता है और सब्जियां, अनाज, दवाएं, कपड़े और चाय आयात करता है।

## एटलेटिको की महिला टीम के चार सदस्य पॉजिटिव

**मैड्रिड**। बार्सीलोना के खिलाफ चैम्पियंस लीग मैच से पहले एटलेटिको मैड्रिड महिला फुटबॉल टीम के चार सदस्य पिछले 10 दिन में कोरोना वायरस जांच में पॉजिटिव पाए गए हैं। टीम ने बताया कि हाल ही में खिलाड़ियों, कोचों और टीम के अन्य सदस्यों के नए सिरे से टेस्ट कराने के बाद नतीजे आए हैं। पिछले सप्ताह एक खिलाड़ी के पॉजिटिव पाए जाने के बाद दोबारा जांच कराई गई। इसके बाद से सारी अभ्यास गतिविधियां बंद कर दी गई थी और आगे भी बंद रहेगी। क्लब ने कहा कि संक्रमित खिलाड़ियों में कोई लक्षण नहीं पाए गए हैं। आने वाले दिनों में उनकी फिर जांच होगी।

## बार्सिलोना का फुटबालर कोराना पॉजिटिव मिला

**बार्सिलोना**। बार्सिलोना फुटबॉल क्लब ने बुधवार को कहा कि उसका एक खिलाड़ी कोरोना वायरस जांच में पॉजिटिव पाया गया है और वह उसकी चैम्पियंस लीग टीम का हिस्सा नहीं है। बार्सिलोना ने खिलाड़ी के नाम का खुलासा नहीं किया लेकिन कहा कि वह, सीनियर टीम के किसी भी खिलाड़ी के संपर्क में नहीं था जिन्हें लिस्बन की यात्रा करनी है। बार्सिलोना का सामना पुर्तगाल में शुक्रवार को चैम्पियंस लीग के क्वार्टरफाइनल में बायर्न म्यूनिख से होगा।

## कोरोना वायरस के कारण पेरिस मैराथन रद्द

**पेरिस**। पेरिस मैराथन के आयोजकों ने बुधवार को कहा कि नई तारीख को ढूंढने के लगातार प्रयासों के बावजूद कोरोना वायरस के कारण इसे रद्द कर दिया गया। इस मैराथन का आयोजन पहले अप्रैल में होना था लेकिन फिर इसे अक्टूबर में कराने का फैसला किया गया। आयोजकों ने कहा कि उन्होंने हाल में इस रेस को नवंबर में आयोजित करने की कोशिश की लेकिन यात्रा पाबंदियों के कारण इसे कराना संभव नहीं था। आयोजकों ने बयान में कहा कि विदेश से आने वाले कई धावकों के लिए 14-15 नवंबर के लिए उपलब्ध कराना मुश्किल था, जिसे देखते हुए फैसला किया गया कि बेहतर यही होगा कि हम श्नेडर इलेक्ट्रिक मैराथन डि पेरस का आयोजन 2021 में करें।

## एलपीजीए में तीन भारतीय गोल्फर हिस्सा लेंगी

नॉर्थ बेरविक (**स्कॉटलैंड**)। भारत की तीन महिला गोल्फर अदिति अशोक, दीक्षा डागर और त्वेसा मलिक गुरुवार से शुरू हो रहे लेडीज स्कॉटिश ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के साथ पहली बार एलपीजीए टूर्नामेंट में एक साथ हिस्सा लेंगी। लेडीज यूरोपीय टूर (एलईटी) की शीर्ष प्रतियोगिता लेडीज स्कॉटिश ओपन को 2017 से एलपीजीए की संयुक्त मान्यता हासिल है और यह चौथी बार है जब दोनों टूर मिलकर प्रतियोगिता का आयोजन कर रहे हैं। पहले दौर में दीक्षा को स्टेफनी काइरियाकू और यू ल्यू के साथ टूर्नामेंट की शुरुआत करनी है जबकि अदिति को स्कॉटलैंड की स्टार कार्ली बूथ और दक्षिण अफ्रीका की ली आन पेस के साथ खेलना है। त्वेसा अपने अभियान की शुरुआत ईलिमी नोह और एमिली क्रिस्टीन पेडरसन के साथ करेंगी।

## चेन्नईयिन एफसी ने एली सेबिया का अनुबंध बढ़ाया

**चेन्नई**। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) टीम चेन्नईयिन एफसी ने ब्राजील के डिफेंडर एली सेबिया का अनुबंध 2020-21 सत्र के लिए बढ़ा दिया है। क्लब ने यह जानकारी दी। चेन्नईयिन एफसी के बयान में सेबिया के हवाले से कहा गया, चेन्नईयिन एफसी के साथ जुड़े रहने को लेकर मिली खुशी को मैं शब्दों को बयां नहीं कर सकता। मेरे परिवार और मुझे क्लब, प्रशंसकों और चेन्नई शहर से जो प्यार मिला है उसकी बराबरी नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि पिछले सत्र में हम फाइनल में हार गए थे।

## अमन गुप्ता स्ट्रोक प्ले में पांचवें स्थान पर

बेंडन ड्यून्स (**अमेरिका**)। युवा गोल्फर अमन गुप्ता ने एक ओवर 73 के लचर प्रदर्शन के बावजूद संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर रहते हुए 120वीं यूएस एमेच्योर गोल्फ चैंपियनशिप के मैच प्ले वर्ग में जगह बनाई। पहले दौर के बाद शीर्ष पर चल रहे भारतीय मूल के अमेरिकी अमन ने दूसरे दौर में पांच बर्डी लगाई लेकिन वह छह बोगी भी कर बैठे जिससे उनका स्कोर एक ओवर रहा। कल बेंडन ट्रेल्स में 64 का स्कोर बनाने वाले अमन के रिकॉर्ड को एक ही दिन में विल्सन फुर ने नौ अंडर 62 के स्कोर से तोड़ दिया।

## सेविला यूरोपा लीग के सेमीफाइनल में

डुइसबर्ग (**जर्मनी**)। अंतिम लम्हों में लुकास ओकामपोस के हैडर से दागे गोल की बदौलत सेविला ने वोल्वरहैम्प्टन को 1-0 गोल से हराकर यूरोपा लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेविला की टीम भाग्यशाली रही जब वोल्व्स के राउल जिमिनेज शुरुआत में ही पेनल्टी को गोल में बदलने में नाकाम रहे। सेविला ने इसके बाद धीरे धीरे मैच पर नियंत्रण बनाया और 88वें मिनट में एडर बेनेगा के क्रॉस पर हैडर से ओकामपोस के गोल की मदद से।-0 की बढ़त बना ली जो निर्णायक साबित हुई।

# रायल्स के क्षेत्ररक्षण कोच दिशांत याग्निक कोरोना पॉजिटिव निकले

### लीग फ्रेंचाइजी में वायरस संक्रमण का पहला मामला मिला

वाददाता। नई दिल्ली

**इंडियन** प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी राजस्थान रायल्स ने बुधवार को घोषणा की कि उनके क्षेत्ररक्षण कोच दिशांत याग्निक को कोविड-19 जांच में पॉजिटिव पाया गया है। यह लीग फ्रेंचाइजी में कोरोना वायरस संक्रमण का पहला मामला है। लुभावनी टी-20 लीग में हिस्सा लेने के लिए टीम को अगले हफ्ते संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के लिए रवाना होना है जो 19 सितंबर से 10 नवंबर तक खेली जाएगी। भारत में कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों को देखते हुए आईपीएल के 13वें चरण को यूएई में कराने का फैसला किया गया। फ्रेंचाइजी ने बयान में कहा कि राजस्थान रायल्स यह सूचित करना चाहता है कि उनके क्षेत्ररक्षण कोच दिशांत याग्निक को कोविड-19 पॉजिटिव पाया गया है। यह परीक्षण यह ध्यान में रखते हुए किया गया कि टीम सदस्यों को यूएई के लिए फ्लाइट पकड़ने के लिए अगले हफ्ते मुंबई में इकट्ठा होना है। इसमें कहा गया, फ्रेंचाइजी ने यूएई की यात्रा करने वाले सभी खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ और प्रबंधन के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड द्वारा सिफारिश की गई दो जांच के अलावा एक अतिरिक्त परीक्षण कराने का फैसला किया था। आईपीएल दल में यह पहला मामला है। याग्निक इस समय अपने गृहनगर उदयपुर में हैं और उन्हें 14 दिन के अनिवार्य पृथकवास के लिए अस्पताल में भर्ती किए जाने की सलाह दी गई है।

दो हफ्ते के पृथकवास को पूरा करने के बाद याग्निक के बीसीसीआई कोविड प्रोटोकॉल के अनुसार दो परीक्षण कराए जाएंगे और इनमें नेगेटिव पाए जाने की स्थिति में ही उन्हें टीम के साथ जुड़ने की अनुमति दी जाएगी। यूएई में पहुंचने के बाद याग्निक को अगले छह दिनों तक अलग रहना होगा और तीन कोविड-19 जांच करानी होंगी। फ्रेंचाइजी ने बयान में कहा, दो नेगेटिव रिपोर्ट आने के बाद उन्हें यूएई में पहुंचने के बाद छह दिन अलग रहने और तीन परीक्षण में नेगेटिव आने के बाद टीम से जुड़ने की अनुमति दी जाएगी। फ्रेंचाइजी ने यह भी पुष्टि की कि कोई भी खिलाड़ी पिछले 10 दिन में याग्निक के संपर्क में नहीं था। घरेलू सर्किट में राज्य टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके याग्निक और फ्रेंचाइजी दोनों ने इसके बारे में ट्वीट किया और उनसे पिछले 10 में करीबी संपर्क में आने वाले सभी लोगों से अलग रहने और कोविड-19 जांच कराने का अनुरोध किया।

रायल्स ने बयान में कहा कि पिछले 10 दिन में दिशांत के साथ करीबी संपर्क में रहने वाले सभी लोगों से हम पृथक में रहने और कोविड-19 जांच कराने का अनुरोध करते हैं। हम पुष्टि कर सकते हैं कि राजस्थान रायल्स या अन्य आईपीएल के खिलाड़ी पिछले 10 दिन में उनके करीबी संपर्क में नहीं थे। इसमें कहा गया कि हम उनके जल्दी ठीक होने की कामना करते हैं और जल्द ही यूएई में रायल्स शिविर में जुड़ने की उम्मीद लगाए हैं।

बाएं हाथ के विकेटकीपर बल्लेबाज याग्निक ने 25 आईपीएल मैचों में 170 रन बनाए। 37 साल के याग्निक ने 2004 में प्रथम श्रेणी पदार्पण किया था और 50 मैचों में 1754 रन बनाए थे। 41 लिस्ट ए मैचों में उन्होंने 945 रन बनाए।

## अनअकैडमी आईपीएल टाइटल प्रायोजक अधिकार हासिल करने को बोली लगाएगी

भाषा। नई दिल्ली

**शिक्षा** प्रौद्योगिकी कंपनी अनअकैडमी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्रायोजकों में से एक है और अब उसकी निगाहें लीग के टाइटल प्रायोजन अधिकार हासिल करने पर लगी हैं और वह इस साल चीनी मोबाइल फोन कंपनी वीवो की जगह लेने के लिए अपनी बोली सौंपने को तैयार है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक अधिकारी ने पुष्टि की कि अनअकैडमी ने बोली लगाने के लिए फार्म लिया है लेकिन इसके आगे कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। सीनियर अधिकारी ने नाम नहीं बताने की शर्त पर कहा कि मैं यह पुष्टि कर सकता हूं कि अनअकैडमी ने दिलचस्पी दिखाई है और बोली लगाने के लिए पेपर लिए हैं। मैंने सुना है कि वे बोली सौंपेंगे और इस बारे में गंभीर हैं। इसलिए पंतजलि अगर बोली लगाता है तो उसे प्रतिस्पर्धा मिलेगी। भारत और चीन की सीमा पर सैनिकों के बीच हुई भिंड़त के कारण इस साल वीवो ने टाइटल प्रायोजन अधिकार से हटने का फैसला किया जो सालाना 440 करोड़ रुपये देता था।

# विश्व कप के एशियाई क्वालीफाइंग मुकाबले 2021 तक स्थगित

### भारतीय फुटबॉल टीम इस साल कोई मैच नहीं खेलेगी

भाषा। नई दिल्ली

**कोरोना** वायरस महामारी के कारण 2022 फीफा विश्व कप के एशियाई क्वालीफाइंग मुकाबले 2021 के लिए स्थगित होने के बाद भारतीय फुटबॉल टीम इस साल कोई मैच नहीं खेलेगी। एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने 2022 विश्व कप और 2023 एशियाई कप के अक्टूबर और नवंबर में होने वाले सभी पुरुष क्वालीफायर मुकाबलों को स्थगित कर दिया है। भारत ने पिछला अंतरराष्ट्रीय मुकाबला पिछले साल नवंबर में मस्कट में ओमान के खिलाफ खेला था जो संयुक्त क्वालीफाइंग मैच था। भारत यह मैच 0-1 से हार गया था। भारत विश्व कप क्वालीफायर के अगले दौर में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो चुका है लेकिन अब भी 2023 एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करने की दौड़ में बना हुआ है। टीम को आठ अक्टूबर को स्वदेश में कतर से भिड़ना था जबकि इसके बाद नवंबर में अफगानिस्तान के खिलाफ स्वदेश में और बांग्लादेश के खिलाफ उसकी सरजमीं पर मुकाबले खेलने थे। भारत अगर ग्रुप में तीसरे स्थान तक रहता है तो 2023 एशियाई कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में सीधे प्रवेश कर जाएगा। खेल की वैश्विक संस्था फीफा और एएफसी ने संयुक्त बयान जारी करके कहा कि कई देशों में कोरोना वायरस महामारी से जुड़ी मौजूदा स्थिति को देखते हुए फीफा और एशियाई फुटबॉल परिसंघ ने संयुक्त रूप से फैसला किया है कि फीफा विश्व कप कतर 2022 और एएफसी एशियाई कप चीन 2023 के आगामी क्वालीफाइंग मुकाबलों को 2021 में खेला जाएगा। मुकाबले अक्टूबर-नवंबर 2020 की अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों की विंडो के दौरान होने थे। फीफा और एएफसी ने कहा कि कोरोना वायरस महामारी के दौरान सभी प्रतिभागियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए फीफा और एएफसी एक साथ मिलकर काम करना जारी रखेंगे और क्षेत्र में स्थिति पर करीबी नजर रखेंगे।

# 19 अगस्त से शुरू होगा राष्ट्रीय हॉकी शिविर

भाषा। नई दिल्ली

**पुरुष** हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह सहित छह खिलाड़ियों के कोविड-19 जांच में पॉजिटिव होने से अस्पताल में भर्ती होने के बावजूद भारत की राष्ट्रीय हॉकी टीमों के लिए ट्रेनिंग शिविर तय समयानुसार 19 अगस्त से बेंगलुरू में शुरू हो जाएंगे। पुरुष और महिला टीमें बेंगलुरू में भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के दक्षिण केंद्र में ट्रेनिंग बहाल करेंगी। साइ के बुधवार को जारी बयान के अनुसार, भारतीय पुरुष और भारतीय महिला टीमें 14 दिन के पृथकवास को पूरा करने के बाद 19 अगस्त 2020 से खेल गतिविधियां शुरू करेंगी। हॉकी इंडिया के अधिकारियों और दोनों टीमों के मुख्य कोचों सहित खेल के हितधारकों के बीच चर्चा के बाद यह फैसला लिया गया। इसके अनुसार सभी खिलाड़ियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को सबसे बड़ी प्राथमिकता मानते हुए यह फैसला किया गया कि साइ के बेंगलुरू स्थित राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में खेल गतिविधियां शुरू की जाएंगी जो पहले निर्धारित किया गया था। छह खिलाड़ियों के कोविड-19 पॉजिटिव पाए जाने के बाद पुरुष हॉकी खिलाड़ियों का शिविर लगना अनिश्चित था। महिला शिविर के आयोजन पर हालांकि कोई संदेह नहीं था क्योंकि सभी कोरोन वायरस की जांच में नेगेटिव आई थीं। कप्तान मनप्रीत, स्ट्राइकर मनदीप सिंह, डिफेंडर सुरेंद्र कुमार, जसकरण सिंह, ड्रैग फ्लिकर वरुण कुमार और गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक को पॉजिटिव पाए जाने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। छह पॉजिटिव खिलाड़ी (ज्यादातर पंजाब से) 10 सदस्यीय समूह का हिस्सा थे जो एक साथ नई दिल्ली से पहुंचे थे। इस समय 33 पुरूष और 24 महिला खिलाड़ी शिविर के लिए बेंगलुरू में हैं। राष्ट्रीय शिविर के 30 सितंबर तक जारी रहने की उम्मीद है। साइ ने कहा कि शिविर लगाने का फैसला सर्वसम्मति से लिया गया और कड़े सुरक्षा प्रोटोकॉल के अंतर्गत ही इसका आयोजन किया जाएगा। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच ग्राहम रीड ने कहा कि खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ का स्वास्थ्य शिविर के दौरान पहली प्राथमिकता होगा।

## सीनियर खिलाड़ियों को लय में आने में मुश्किल नहीं होगी: बालाजी

**चेन्नई**। चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के कोच एल बालाजी ने बुधवार को कहा कि उनकी टीम में कई खिलाड़ी 30 साल से ऊपर की उम्र के हैं लेकिन यह उनके लिए नुकसानदेह नहीं बल्कि फायदेमंद ही साबित होगा। कोरोना वायरस के कारण लंबे ब्रेक के बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की टीमें 13वें चरण की तैयारी में जुटी हैं। महेंद्र सिंह धोनी (39 वर्ष) आगामी आईपीएल चरण में तीन बार की विजेता सीएसके की अगुआई करने को तैयार हैं जिसका आयोजन 19 सितंबर से 10 नवंबर तक संयुक्त अरब अमीरात में किया जाएगा। यह पूछने पर कि क्या सीनियर खिलाड़ियों को लय में आने में मुश्किल होगी तो बालाजी ने इससे इनकार करते हुए पीटीआई से कहा, मुझे नहीं लगता कि यह इतना मुश्किल होगा क्योंकि आपने पूरी जिंदगी यह खेल खेला है। इतने साल से इस खेल को समझते हो, जो सर्वश्रेष्ठ वापसी के लिए काम आएगा। उन्होंने कहा कि अनुभव निश्चित रूप से महत्वपूर्ण होगा। यह आईपीएल जैसे बड़े टूर्नामेंट में साबित हो चुका है।

# पूर्व खिलाड़ियों के अनुभव का उपयोग करें: द्रविड़



### पूर्व कप्तान ने बोर्ड के प्रदेश ईकाइयों से कहा

भाषा। मुंबई

**राष्ट्रीय** क्रिकेट अकादमी के प्रमुख राहुल द्रविड़ ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड की मान्य ईकाइयों के सदस्यों से बोर्ड द्वारा आयोजित एक वेबिनार में बातचीत के दौरान सुझाव दिया कि वे पूर्व खिलाड़ियों के अनुभव का अधिक से अधिक इस्तेमाल करें। विभिन्न प्रदेश ईकाइयों के सचिवों और क्रिकेट परिचालन प्रमुखों ने इस वेबिनार में भाग लिया। इसमें द्रविड़ के साथ बीसीसीआई एनसीए के शिक्षा प्रमुख सुजीत सोमासुंदर और ट्रेनर आशीष कौशिक भी शामिल थे। बातचीत मुख्य रूप से फिटनेस टाटा एकत्र करने और कोरोना महामारी के बीच फिटनेस ट्रेनिंग शुरू करने पर हुई। वेबिनार में भाग लेने वाली एक प्रदेश ईकाई के सचिव ने बताया कि राहुल ने कभी नहीं कहा कि यह अनिवार्य है लेकिन उन्होंने प्रदेशों को सुझाव दिया कि वे पूर्व खिलाड़ियों की सेवाएं लें। अन्य मसलों के बारे में पूछे जाने पर तीनों ने कहा कि एनसीए दो चरण में ट्रेनिंग बहाल करने की सोच रहा है जिसमें आनलाइन और शारीरिक ट्रेनिंग शामिल हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में 25 से 30 खिलाड़ियों का एक साथ अभ्यास करना संभव नहीं है। इसलिए प्रदेश टीमों के ट्रेनर और फिजियो आनलाइन और चरणबद्ध तरीके से अभ्यास कराएंगे।

## टी-20 विश्व कप के लिए श्रीलंका और यूएई होंगे भारत के बैकअप

नई दिल्ली। भारत अगर अगले साल टी-20 विश्व कप की मेजबानी नहीं कर पाता है तो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने श्रीलंका और संयुक्त अरब अमीरात को बैकअप के तौर पर रखा है। अभी टूर्नामेंट में पूरा एक साल बाकी है। इस साल आस्ट्रेलिया में होने वाला टी-20 विश्व कप कोरोना वायरस महामारी के कारण एक साल के लिए स्थगित कर दिया गया है। अगर कोरोना महामारी के कारण भारत में टूर्नामेंट नहीं हो पाता है तो श्रीलंका और यूएई को पुरुष टी-20 विश्व कप 2021 में बैकअप वेन्यू के तौर पर रखा गया है। आईसीसी ने पिछले सप्ताह पुष्टि की थी कि टी-20 विश्व कप 2021 भारत में और 2022 में आस्ट्रेलिया में होगा। किसी भी वैश्विक टूर्नामेंट में बैक अप वेन्यू के लिए एक मानक प्रोटोकॉल होता है। रिपोर्ट के अनुसार हर आईसीसी टूर्नामेंट के लिए बैक वेन्यू मानक प्रोटोकॉल के अनुसार ही तय होता है लेकिन कोरोना महामारी को देखते हुए इस बार इसका अतिरिक्त महत्व है। इसमें कहा गया कि कोरोना महामारी से भारत तीसरा सबसे बुरी तरह प्रभावित देश है। वहां अब तक 20 लाख से अधिक मामले आ चुके है।

# सेंसेक्स में चार दिन से जारी तेजी पर लगा विराम

भाषा। मुंबई

**बीएसई** सेंसेक्स में पिछले चार कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर बुधवार को विराम लग गया। सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी दोनों मामूली गिरावट के साथ बंद हुए। 30 शेयरों वाला सेंसेक्स कारोबार के दौरान एक समय 38,125.81 तक गिर गया था। यह अंत में 37.38 अंक यानी 0.10 प्रतिशत की हल्की गिरावट के साथ 38,369.63 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 14.10 अंक यानी 0.12 प्रतिशत टूटकर 11,308.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में सर्वाधिक नुकसान कोटक बैंक को हुआ। इसमें 2.10 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा, जिन अन्य प्रमुख शेयरों में गिरावट दर्ज की गई, उनमें सन फार्मा, बजाज फिनसर्व, एल एंड टी, बजाज फाइनेंस, एचयूएल और टाइटन शामिल हैं। दूसरी तरफ एचसीएल टेक, एसबीआई, टेक महिंद्रा, मारुति, महिंद्रा एंड महिंद्रा और अल्ट्रा टैक सीमेंट में 4.86 प्रतिशत तक की तेजी दर्ज की गई। कारोबारियों के अनुसार कमजोर वृहत आर्थिक आंकड़े और कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों को लेकर बाजार धारणा प्रभावित हुई। सरकार के मंगलवार को जारी आकंड़े के अनुसार कोराना वायरस संकट के कारण आर्थिक गतिविधियां प्रभावित होने से देश का औद्योगिक उत्पादन जून महीने में 16.6 प्रतिशत घट गया। इस बीच वैश्विक स्तर पर कोविड-19 संक्रमण के मामलों की संख्या 2.02 करोड़ को पार कर गई। वहीं भारत में संक्रमण के मामले 23 लाख से ऊपर हो गए हैं।

## गहरी मंदी की चपेट में ब्रिटेन: ऋषि सुनक

**लंदन**। ब्रिटेन में कोरोना वायरस महामारी पर काबू पाने के लिए लागू किए गए लॉकडाउन के चलते दूसरी तिमाही में जीडीपी में 20.4 प्रतिशत की कमी आई, जिसके साथ ही अर्थव्यवस्था आधिकारिक रूप से मंदी की चपेट में आ गई है। ब्रिटेन में लगातार दो तिमाही के दौरान नकारात्मक आर्थिक वृद्धि दर होने पर अर्थव्यवस्था को आधिकारिक रूप से मंदी में माना जाता है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (ओएनएस) के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2020 की पहली तिमाही में अर्थव्यवस्था 2.2 प्रतिशत घटी थी। ओएनएस के आंकड़ों पर प्रतिक्रिया देते हुए ब्रिटेन के वित्त मंत्री ऋषि सुनक ने कहा इससे संकेत मिलता है कि यह एक कठिन समय है और कई अन्य नौकरियां खत्म होंगी। सुनक ने स्काई न्यूज से कहा कि मैंने पहले भी कहा है कि आगे कठिन समय है।

# सर्वे: दुनिया के आधे युवा अवसाद व चिंता के शिकार

### कोविड-19 महामारी का प्रकोप

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**अंतरराष्ट्रीय** श्रम संगठन (आईएलओ) के एक सर्वेक्षण के मुताबिक कोविड-19 महामारी के प्रकोप के चलते दुनिया के आधे युवा अवसाद, चिंता के शिकार हैं, जबकि एक-तिहाई से अधिक भविष्य में अपने करियर को लेकर अनिश्चित हैं। आईएलओ के युवा और कोविड-19: नौकरियों, शिक्षा, अधिकारों और मानसिक कल्याण पर प्रभाव नामक सर्वेक्षण में पाया गया कि अगर तत्काल कदम नहीं उठाए गए तो युवाओं के ऊपर इस महामारी का गंभीर और लंबे समय तक चलते वाले प्रतिकूल प्रभावों का खतरा है। यह रिपोर्ट मंगलावर को जारी हुई। रिपोर्ट के मुताबिक, कोविड-19 महामारी ने हमारे जीवन के हर पहलू को बाधित कर दिया है। संकट की शुरुआत से पहले भी, युवाओं के सामाजिक और आर्थिक एकीकरण को लेकर लगातार चुनौती थी और यदि अब तत्काल कार्वाई नहीं की गई, तो युवाओं के महामारी से गंभीर रूप से पीड़ित होने की आशंका है, जिसका असर लंबे समय तक रहेगा। आईएलओ के इस सर्वेक्षण में 18 से 29 वर्ष तक उम्र वाले लोगों पर महामारी के कारण रोजगार, शिक्षा, मानसिक स्वास्थ्य, अधिकारों और सामाजिक सक्रियता से संबंधित असर के बारे में पता लगाया गया। सर्वेक्षण के तहत 112 देशों के 12,000 से अधिक लोगों की प्रतिक्रियाएं ली गईं, जिसमें बड़ा हिस्सा इंटरनेट का इस्तेमाल करने वाले शिक्षित युवाओं का है। सर्वेक्षण के तहत अनुमान जताया गया कि दुनिया भर में दो में एक (यानी 50 प्रतिशत) युवा चिंता या अवसाद का शिकार हैं, जबकि इनमें से 17 प्रतिशत शायद काफी अधिक प्रभावित हैं। इसके मुताबिक महामारी के कारण सीखने और काम करने को लेकर गंभीर व्यवधान पैदा हुआ है, जिसके युवाओं की मानसिक स्थिति कमजोर हुई है। सर्वेक्षण के मुताबिक 18 से 24 वर्ष की आयु वाले युवाओं की मानसिक स्थिति सबसे अधिक दबाव में है।

## पीएम मोदी आज ईमानदार करदाताओं के लिए एक विशेष मंच की करेंगे शुरुआत

भाषा। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी बृहस्पतिवार को ईमानदारी से कर चुकाने वालों के लिए पारदर्शी कराधान - ईमानदार का सम्मान नामक एक मंच का शुभारंभ करेंगे। वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से होने वाले इस आयोजन में केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण और वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य राज्य मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर भी उपस्थित रहेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि आयकर विभाग के अधिकारियों एवं पदाधिकारियों के अलावा विभिन्न वाणिज्य मंडलों, व्यापार संघों एवं चार्टर्ड एकाउंटेंट संघों के साथ-साथ जाने-माने करदाता भी इस आयोजन में शामिल होंगे। बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री पारदर्शी कराधान - ईमानदार का सम्मान के लिए जो प्लेटफॉर्म लॉन्च करेंगे वह प्रत्यक्ष कर सुधारों की यात्रा को और भी आगे ले जाएगा। केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने हाल के वर्षों में प्रत्यक्ष करों में कई प्रमुख या बड़े कर सुधार लागू किए हैं। पिछले वर्ष कॉरपोरेट टैक्स की दर को 30 प्रतिशत से घटाकर 22 प्रतिशत कर दिया गया एवं नई विनिर्माण इकाइयों के लिए इस दर को और भी अधिक घटाकर 15 प्रतिशत कर दिया गया। लाभांश वितरण कर को भी हटा दिया गया।

# सीआईएल ने कोयला परिवहन के लिए रेल भाड़ा कम करने की मांग की

भाषा। नई दिल्ली

**सार्वजनिक** क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने बुधवार को कहा कि उसने खदानों से 701 से 1,400 किलोमीटर तक की दूरी वाले घरेलू ग्राहकों को कोयला पहुंचाने के लिए भारतीय रेलवे से भाड़े में 15 प्रतिशत छूट मांगी है। सीआईएल ने एक बयान में कहा कि इस कदम का मकसद ग्राहक आधार बढ़ाना और आयात प्रतिस्थापन योजना के तहत नए ग्राहकों को जोड़ना है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, माल ढुलाई रियायत का विस्तार 701 से 1,400 किलोमीटर तक के ग्राहकों के लिए करने से कोयला मंगाने की लागत में कमी होने के चलते विदेशों से आयातित कोयले की जगह घरेलू खरीद में इजाफा होगा। सीआईएल से जुड़े 126 कोयला आधारित ताप संयंत्रों में 14 संयंत्र।,400 से अधिक दूरी पर स्थित हैं और उन्हें इस समय माल ढुलाई रियायत का लाभ मिलता है। बयान में कहा गया कि सीआईएल ने आयात प्रतिस्थापन योजना के दायरे में अधिक ग्राहकों को लाने के लिए रेलवे से दूरी आधारित माल रियायत देने के लिए कहा। सीआईएल की कुल आपूर्ति का लगभग 70 प्रतिशत कोयला जी 9 से जी12 श्रेणी का होता है और ऐसे में खपत बिंदु तक पहुंचे में कोयले की कुल लागत का 40 से 45 प्रतिशत हिस्सा सिर्फ भाड़े का होता है। रेलवे से माल ढुलाई के लिए 701 किमी से अधिक दूरी होने पर लागत बढ़ जाती है और यदि इस सीमा में आने वाले ग्राहकों को ढुलाई में रियायत दी जाए तो उनके लिए आयातित कोयला लेने की जगह घरेलू आपूर्ति बढ़ाना फायदेमंद होगा। बयान में कहा गया कि यह अनुरोध लौह अयस्क को दिए जा रहे लाभ के अनुरूप है।

## ईंधन की मांग जुलाई महीने में 11.7 प्रतिशत घटी

**नई दिल्ली**। देश में ईंधन की मांग में सुधार के बाद एक बार फिर इसमें नरमी आई है। आधिकारिक आंकड़े के अनुसार सालाना आधार पर जुलाई में ईंधन खपत में 11.7 प्रतिशत की कमी रही। इस बार जून के मुकाबले जुलाई में ईंधन मांग में 3.5 प्रतिशत की गिरावट आई है। ईंधन खपत को आर्थिक गतिविधियों का आईना माना जाता है। इसमें अप्रैल में 45 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई थी। इसका कारण कोरोना वायरस महामारी और उसकी रोकथाम के लिए लगाए गए लॉकडाउन के कारण आर्थिक गतिविधियों का ठप होना था। हालांकि लॉकडाउन में ढील के साथ मई और जून में मांग में तेजी आई। मासिक आधार पर खपत में वृद्धि दर्ज की गई। आंकड़े के अनुसार जुलाई में ईंधन की मांग घटकर 1.567 करोड़ टन रही जो एक साल पहले 2019 के इसी महीने में 1.775 करोड़ टन के मुकाबले 11.7 प्रतिशत कम है। वहीं इस बार जून में 1.624 करोड़ टन के मुकाबले जुलाई में खपत 3.5 प्रतिशत कम रही। पेट्रोलियम योजना और विश्लेषण प्रकोष्ठ के आंकड़े के अनुसार देश के ईंधन की कुल खपत में करीब 40 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाले डीजल की खपत जुलाई महीने में सालाना आधार पर 19.25 प्रतिशत घटकर 55.2 लाख टन रही।

## पर्यटन क्षेत्र को उबारने के लिए सरकार से तत्काल कदम उठाने की मांग

**नई दिल्ली**। पर्यटन व आतिथ्य सत्कार क्षेत्र की कंपनियों ने कोरोना वायरस महामारी से बुरी तरह प्रभावित इस क्षेत्र को उबारने के लिए सरकार से तत्काल कदम उठाने की बुधवार को मांग की। पर्यटन, यात्रा और आतिथ्य क्षेत्र के 10 संगठनों के राष्ट्रीय महासंघ फेडरेशन ऑफ एसोसिएशंस इन इंडियन टूरिज्म एंड हॉस्पिटलिटी (फेथ) व उसके सदस्य संगठनों के प्रतिनिधियों ने पर्यटन मंत्रालय के साथ एक बैठक में क्षेत्र को उबारने की विविध चरणों की रणनीतियां साझा की। फेथ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (परामर्श) आशीष गुप्ता ने कहा, फेथ को उम्मीद है कि भारतीय पर्यटन उद्योग को शीघ्रता से पटरी पर लाने को लेकर पर्यटन क्षेत्र के लिए मांग सृजन और आपूर्ति संरक्षण के उपायों को तत्काल लागू किया जाएगा। बयान में कहा गया कि संगठनय ने एक दोहरी कार्य बल रणनीति का भी प्रस्ताव किया। इसके तहत पर्यटन क्षेत्र को उबारने के लिए केंद्र सरकार के स्तर पर विभिन्न मंत्रालयों के एक कार्य बल और दूसरे स्तर पर विभिन्न राज्यों के एक कार्य बल का प्रस्ताव किया गया।

## फेसबुक अपनी कंटेंट समीक्षा रपट के सत्यापन के लिए जोड़ेगा बाहरी ऑडिटरों को

**नई दिल्ली**। सोशल मीडिया कंपनी फेसबुक अपनी सामुदायिक मानक प्रवर्तन रपट का बाहरी ऑडिटरों से स्वतंत्र सत्यापन कराएगी। फेसबुक की यह रपट उसकी कंटेंट नीति के अनुपालन और उससे जुड़े आंकड़ों को दिखाती है। अमेरिकी कंपनी फेसबुक ने ऐसी पहली रपट मई 2018 में पेश की थी। इसका मकसद कंपनी के सामुदायिक मानकों का उल्लंघन करने वाले छह प्रकार के कंटेंट (फेसबुक पर डाली जाने वाली पोस्ट, फोटो, वीडियो इत्यादि) पर नजर रखना है। कंपनी की यही नीति बताती है कि फेसबुक और इंस्टाग्राम पर क्या पोस्ट किया जा सकता है।

# कमला हैरिस होंगी अमेरिका में उपराष्ट्रपति पद की प्रत्याशी



वाशिंगटन में अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडेन भारतीय मूल की सीनेटर कमला हैरिस को उप राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित करने के बाद उनसे मिलते हुए

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका के** राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडेन ने भारतीय मूल की सीनेटर कमला हैरिस को उप राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार (अपना रनिंग मेट) चुना है। ऐसा पहली बार हुआ है, जब कोई अश्वेत महिला देश की किसी बड़ी पार्टी की ओर से उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनी हैं। यदि हैरिस उपराष्ट्रपति बन जाती हैं, तो वह इस पद पर काबिज होने वाली अमेरिका की पहली महिला होंगी और देश की पहली भारतीय-अमेरिकी उपराष्ट्रपति होंगी।हैरिस (55) के पिता अफ्रीकी और मां भारतीय हैं। वह अमेरिका के कैलिफोर्निया की सीनेटर हैं। पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा हैरिस को अकसर पथप्रदर्शक बताते हैं।

बाइडेन (77) ने मंगलवार दोपहर एक लिखित संदेश में इसकी घोषणा कर कई दिनों से जारी अटकलों को विराम लगा दिया। उन्होंने डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन से पहले यह घोषणा की है, जिसमें तीन नवम्बर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए बाइडेन को औपचारिक तौर पर नामित किया जाएगा।बाइडेन ने संदेश में कहा, जो बाइडेन यानी मैंने कमला हैरिस को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार चुना है। आपके साथ मिलकर हम ट्रम्प (अमेरिका के राष्ट्रपति) को मात देंगे। टीम में उनका स्वागत कीजिए। बाइडेन ने कहा कि देश को वापस पटरी पर लाने में वह सर्वश्रेष्ठ साझीदार होंगी।बाइडेन के चुनाव प्रचार अभियान ने कहा, जो बाइडेन देश को आगे बढ़ाने के लिए राष्ट्र को फिर से एकजुट करने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। बाइडेन को उप राष्ट्रपति पद की अहमियत के बारे में अच्छी तरह से पता है और उन्हें विश्वास है कि देश को पटरी पर वापस लाने में कमला हैरिस सर्वश्रेष्ठ साझीदार होंगी।

इससे पहले, बाइडेन ने हैरिस के परिवार को कैलिफोर्निया से लाने के लिए एक विशेष विमान भी भेजा था। इस बीच, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बाइडेन के इस फैसले पर हैरानी जताई है।ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम देखेंगे वह कैसे काम करती हैं। उन्होंने प्राइमरी में बेहद खराब प्रदर्शन किया था। उनके बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद थी। उन्होंने कहा, वह कई चीजों को लेकर चर्चा में थी, इसलिए मुझे बाइडेन द्वारा उनका चयन करने पर थोड़ा अचम्भा हो रहा है। अमेरिका में भारतीय-अमेरिकी समूहों ने बाइडेन द्वारा भारतीय मूल की सीनेटर को उपराष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार बनाए जाने की सराहना करते हुए कहा है कि यह अमेरिका में पूरे समुदाय के लिए गर्व और उत्सव का क्षण था।प्रख्यात भारतीय-अमेरिकी और इंडियास्पोरा के संस्थापक एम. आर. रंगास्वामी ने पीटीआई-भाषा से कहा, भारतीय-अमेरिकियों के लिए यह बेहद गर्व का पल है। भारतीय-अमेरिकी अब वास्तव में राष्ट्रीय ताने-बाने में एक मुख्यधारा में है। प्रमुख भारतीय-अमेरिकी समूह इम्पैक्ट और पीएसी ने फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि वे अभियान के लिए एक करोड़ डॉलर जुटाएंगे। इम्पैक्ट के कार्यकारी निदेशक नील मखीजा ने कहा, इस साल करीब 13 लाख भारतीय अमेरिकियों के वोट करने की उम्मीद है।

### ● हैरिस को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार चुनने के फैसले को अमेरिकी मीडिया ने ऐतिहासिक करार दिया

वहीं अमेरिका में मुख्यधारा के मीडिया ने राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडेन द्वारा भारतीय मूल की सीनेटर कमला हैरिस को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाए जाने को ऐतिहासिक करार दिया है।मीडिया ने इस फैसले का कुछ उसी तरह स्वागत किया, जैसा बराक ओबामा को 2008 में राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाए जाने पर किया गया था।हैरिस के पिता अफ्रीकी हैं और मां भारतीय हैं। उनके पिता जमैका के मूल निवासी हैं। हैरिस को उम्मीदवार बनाए जाने का फैसला जमैका में भी पहले पन्ने की सुर्खियां बन गया है। बाइडेन ने हैरिस को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार (अपना रनिंग मेट) चुना है। ऐसा पहली बार हुआ है, जब कोई अश्वेत महिला देश की किसी बड़ी पार्टी की ओर से उपराष्ट्रपति पद की उम्मीदवार बनी हैं। यदि हैरिस उपराष्ट्रपति बन जाती हैं, तो वह इस पद पर काबिज होने वाली अमेरिका की पहली महिला होंगी और देश की पहली भारतीय-अमेरिकी एवं अफ्रीकी-अमेरिकी उपराष्ट्रपति होंगी।हैरिस (55) इस समय अमेरिका के कैलिफोर्निया से सीनेटर हैं। पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा हैरिस को अकसर पथ-प्रदर्शक बताते रहे हैं। द वाशिंगटन पोस्ट ने बुधवार के अपने संस्करण में शीर्षक दिया, ऐतिहासिक कदम: बाइडेन ने उपराष्ट्रपति पद के लिए हैरिस को चुना। समाचार पत्र ने लिखा, किसी बड़ी पार्टी के टिकट से पहली अश्वेत महिला और पहली एशियाई-अमेरिकी महिला को ऐसे समय में उम्मीदवार बनाया गया है, जब देश नस्ली अतीत और भविष्य से जूझ रहा है। हैरिस राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार बनने की दावेदार रह चुकी हैं। न्यूयार्क टाइम्स ने शीर्षक दिया, बाइडेन ने उपराष्ट्रपति पद के लिए कमला हैरिस को चुना है, किसी बड़ी पार्टी के टिकट पर पहली अश्वेत महिला को चुना गया। द वाल स्ट्रीट जर्नल ने शीर्षक दिया, बाइडेन ने उपराष्ट्रपति पद के लिए हैरिस को नामित कर इतिहास रचा। इसने कहा कि भारतीय एवं जमैका के प्रवासियों की बेटी हैरिस 2016 में सीनेट में चुने जाने के बाद से डेमोक्रेटिक पार्टी की उभरती सितारा हैं। द लॉस एंजिलिस टाइम्स ने लिखा, कमला हैरिस उपराष्ट्रपति पद के लिए जो बाइडेन का ऐतिहासिक चयन हैं। जमैकन टाइम्स ने शीर्षक दिया, बाइडेन ने उपराष्ट्रपति पद के लिए कैलिफोर्निया की सीनेटर कमला हैरिस को चुना।इस बीच, उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के चयन की प्रक्रिया से अवगत डेमोक्रेटिक पार्टी के एक पदाधिकारी ने सीएनएन को बताया कि हैरिस को उनके अनुभव और पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा की सलाह पर उम्मीदवार चुना गया।ओबामा ने कहा कि हैरिस इस जिम्मेदारी के लिए पूरी तरह तैयार हैं और यह हमारे देश के लिए शुभ दिन है। इस बीच, पार्टी के एक अन्य उच्च पदाधिकारी ने बताया कि बाइडेन ने देश में नस्ली भेदभाव के खिलाफ चल रहे प्रदर्शनों के मद्देनजर उपराष्ट्रपति पद (अपनी रनिंग मेट) के उम्मीदवार के लिए कमला हैरिस को चुना।इससे पहले, जो बाइडेन डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से उपराष्ट्रपति पद के लिए मिशिगन की गवर्नर ग्रेचन व्हिटमर को चुनना चाहते थे। व्हिटमर ने मिशिगन में लोकप्रियता और कोरोना वायरस संक्रमण के खिलाफ अपने आक्रामक रवैए के कारण बाइडेन और उनकी चुनाव प्रचार मुहिम टीम का ध्यान खींचा था, लेकिन इसी बीच पुलिस कार्वाई में काले व्यक्ति जॉर्ज फ्लॉयड की मौत के बाद नस्ली भेदभाव और असमानता के खिलाफ देशभर में प्रदर्शन शुरू हो गए।

उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के चयन की प्रक्रिया से अवगत डेमोक्रेटिक पार्टी के उच्च अधिकारी ने बताया कि इन प्रदर्शनों के बीच व्हिटमर ने बाइडेन की टीम को लिखे पत्र में कहा था कि वह अपने नाम पर विचार किए जाने से सम्मानित महसूस कर रही हैं, लेकिन अब वह इस पद की उम्मीदवारी की दावेदार नहीं बनना चाहतीं। उन्होंने इस पद के लिए किसी अश्वेत महिला को उम्मीदवार बनाए जाने की सिफारिश की थी।अधिकारी ने बताया कि बाइडेन ने व्हिटमर से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उनसे अपने फैसले पर पुन: विचार करने को कहा था और वह उम्मीदवार बनने के लिए राजी हो गई थीं, लेकिन डेमोक्रेटिक पार्टी के अन्य सदस्य चाहते थे कि बाइडेन किसी अश्वेत महिला को उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनें। फ्लॉयड और अन्य काले अमेरिकियों की मौत के बाद देशभर में प्रदर्शन बढ़ने के बीच डेमोक्रेटिक पार्टी के कई सदस्यों ने बाइडेन से अपील की कि वे चुनाव में अश्वेत लोगों की महत्ता के मद्देनजर इस पद के लिए किसी अश्वेत महिला का चयन करें। उन्होंने बताया कि इन सभी बातों पर विचार करते हुए बाइडेन ने कैलिफोर्निया की सीनेटर कमला हैरिस को चुना।

## इतना अनादर करने पर भी बाइडेन का हैरिस का चुनाव करना हैरानी भरा: ट्रम्प

**भाषा।** वाशिंगटन



**अमेरिका के** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि वह इस बात से काफी हैरान हैं कि उनके डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी जो बाइडेन ने भारतीय मूल की सीनेटर कमला हैरिस को उप राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार (अपना रनिंग मेट) चुना है जबकि वह लगातार उनका अनादर करती रही हैं।

बाइडेन ने मंगलवार को भारतीय मूल की सीनेटर कमला हैरिस को उप राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार (अपना रनिंग मेट) चुना। ऐसा पहली बार हुआ है, जब कोई अश्वेत महिला देश की किसी बड़ी पार्टी की ओर से उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनी हैं। यदि हैरिस उपराष्ट्रपति बन जाती हैं, तो वह इस पद पर काबिज होने वाली अमेरिका की पहली महिला होंगी और देश की पहली भारतीय-अमेरिकी और अफ्रीकी उपराष्ट्रपति होंगी।हैरिस (55) के पिता अफ्रीकी और मां भारतीय हैं। वह अमेरिका के कैलिफोर्निया की सीनेटर हैं। पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा हैरिस को अकसर पथप्रदर्शक बताते हैं।ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम देखेंगे वह कैसे काम करती हैं। उन्होंने प्राइमरी में बेहद खराब प्रदर्शन किया था। उनके बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद थी।उन्होंने कहा, वह कई चीजों को लेकर चर्चा में थीं, इसलिए मुझे बाइडेन द्वारा उनका चयन करने पर थोड़ा अचम्भा हो रहा है। ट्रम्प ने एक सवाल के जवाब में कहा, इतना अनादर करने वाले व्यक्ति का चयन करना कठिन काम है। डेमोक्रेट प्राइमरी डिबेट के दौरान उन्होंने बाइडेन के बारे बेहद खराब बातें कहीं। मुझे लगा था कि वह उनका चयन नहीं करेंगे। वहीं उप राष्ट्रपति माइक पेंस का कहना है कि उन्हें हैरिस के चयन से कोई हैरानी नहीं हुई है।उन्होंने कहा, जैसा आप सभी को पता है कि कट्टरपंथी वाम बाइडेन और डेमोक्रेट पर हावी हो गए हैं। इसलिए उच्च कर, खुली सीमाओं, मांग पर गर्भपात आदि उनके वादों को देखते हुए, इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि उन्होंने सीनेटर हैरिस को चुना है। पेंस और हैरिस के बीच सात अक्टूबर को उप राष्ट्रपति के पद के लिए डिबेट होगी।

## अमेरिका ने ईरान पर हथियार प्रतिबंधों अनिश्चितकाल तक बढ़ाने के लिए संरा प्रस्ताव को संशोधित किया

**एपी।** संयुक्त राष्ट्र

**अमेरिका ने** मंगलवार को एक संशोधित प्रस्ताव वितरित किया है, जो ईरान पर संयुक्त राष्ट्र के हथियार प्रतिबंध को अनिश्चितकाल के लिए विस्तारित कर देगा। अमेरिका ने इसके लिए 15 सदर्स्य संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से और अधिक समर्थन मांगा है, जहां वीटो की शक्ति रखने वाले पांच स्थाई सदस्य देशों में शामिल रूस और चीन ने सख्त विरोध जताया है। अमेरिकी राजदूत केली क्राफ्ट ने कहा कि नए मसौदे में सुरक्षा परिषद के विचारों पर गौर किया गया है और वही किया गया है जिस बारे में हर कोई जानता है कि क्या होना चाहिए--ईरान को मुक्त रूप से पारंपरिक हथियारों की खरीद-फरोख्त करने से रोकने के लिए हथियार प्रतिबंध को विस्तारित किया जाए। उन्होंने कहा, यह महज सामान्य बात है कि दुनिया में आतंकवाद के नंबर एक प्रायोजक देश को विश्व को कहीं अधिक नुकसान पहुंचाने के साधन नहीं दिए गए हैं। सुरक्षा परिषद के राजनयिकों ने कहा कि संशोधित मसौदा अंतिम रूप में वृहस्पतिवार को पेश किया जा सकता है और इसे शुक्रवार को मतदान के लिए रखा जा सकता है। बहरहाल, यह नया प्रस्ताव अभी सार्वजनिक नहीं किया गया है। राजनयिकों ने कहा कि संशोधित मसौदा जून में वितरित किए गए मूल मसौदे से छोटा है। मसौदा में कई प्रावधान किए गए हैं जिस पर कुछ राजनयिकों को आपत्ति हो सकती है। उल्लेखनीय है कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर 2010 में संयुक्त राष्ट्र ने तेहरान पर बड़ी विदेशी हथियार प्रणाली की खरीद पर प्रतिबंध लगा दिया था।

## क्विक न्यूज

### श्रीलंका में नए मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण हुआ, राजपक्षे परिवार के चार सदस्य बनें मंत्री

**कोलंबो।** श्रीलंका के नए मंत्रिमंडल ने बुधवार को शपथ ली, जिसमें शक्तिशाली राजपक्षे परिवार के चार सदस्य शामिल हैं। राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे ने रक्षा मंत्रालय अपने पास ही रखा है, जबकि वित्त मंत्रालय का प्रभार नव निर्वाचित प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे को दिया गया है। कैंडी शहर में मंत्रिमंडल के सदस्यों ने राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे और उनके बड़े भाई एवं प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे की उपस्थिति में शपथ ग्रहण की। राष्ट्रपति के बड़े भाई महिंदा राजपक्षे को वित्त मंत्रालय सहित तीन मंत्रालयों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। महिंदा के बड़े बेटे नमल राजपक्षे को युवा मामले एवं खेल मंत्री बनाया गया है, 2010 में उनके संसद में प्रवेश करने के बाद पहली बार उन्हें मंत्रिमंडल में जगह मिली है। श्रीलंका की मीडिया में आई खबर के मुताबिक राष्ट्रपति के सबसे बड़े भाई चमल राजपक्षे को भी मंत्रिमंडल में जगह मिली है। साथ ही वह आंतरिक सुरक्षा मामलों के राज्य मंत्री भी रहेंगे। उनके बेटे, शीषेंद्र राजपक्षे को राज्य मंत्री पद दिया गया है। मंत्रिमंडल की एक मुख्य विशेषता यह है कि प्रख्यात नेता दिनेश गुनवर्द्धना को फिर से विदेश मंत्री नियुक्त किया गया है, जबकि क्षेत्रीय सहयोग का एक राज्य मंत्रालय भी सृजित किया गया है जो विदेश मंत्रालय से संबद्ध होगा। राजपक्षे नीत एसएलपीपी ने पिछले हफ्ते हुए संसदीय चुनाव में 225 सदर्स्य संसद की रिकार्ड 145 सीटों पर जीत दर्ज की। संसद का प्रथम सत्र 20 अगस्त को होने वाला है। सिंगापुर के अलावा श्रीलंका एशिया के उन गिने-चुने देशों में शामिल है, जहां कोरोना वायरस महामारी के बीच आम चुनाव हुए हैं।

### पाकिस्तान में कोविड-19 के मामलों की संख्या बढ़कर 2,85,921 हुई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पिछले 24 घंटे में कोविड-19 के 730 नए मामले सामने आने के बाद देश में कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों की संख्या बढ़कर 2,85,921 हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि वायरस से 17 और लोगों की जान जाने से मृतक संख्या बढ़कर 6,129 हो गई है। मंत्रालय ने बताया कि अभी तक 2,63,193 लोग ठीक हो चुके हैं। वहीं, 785 मरीजों की हालत गंभीर है। मंत्रालय के मुताबिक सिंध में सबसे अधिक।,24,556 मामले सामने आए हैं जबकि पंजाब में 94,715, खैबर पख्तूनख्वा में 34,859, इस्लामाबाद में 15,296, बलूचिस्तान में 11,956, गिलगित बल्तिस्तान में 2,382 और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में 2,157 लोगों के कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। अभी तक देश में 21,86,442 नमूनों की जांच हो चुकी है, जिनमें से 20,631 नमूनों की जांच पिछले 24 घंटे में की गई।

### ऑस्टेलिया कोविड-19: विक्टोरिया में 21 लोगों की मौत, कर्फ्यू तोड़ने वालों पर लगा जुर्माना

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया प्रांत में कोरोना वायरस संक्रमण से बुधवार को रिकॉर्ड 21 लोगों की मौत हो गई और संक्रमण से बेहद प्रभावित शहर मेलबर्न में संक्रमण के 410 नए मामले सामने आने के बाद यहां कड़ा लॉकडाउन लगाया गया है।राज्य के प्रीमियर डेनियल एंड्रूज ने बताया कि मरने वाले 25 लोगों में से 16 लोग वृद्धाश्रमों से हैं। हालांकि विक्टोरिया में नए मामलों में कमी आई है जिसकी वजह से अधिकारियों में थोड़ी उम्मीद जगी है कि महामारी का प्रसार कम हो रहा है। ऑस्ट्रेलियाई ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन (एबीसी) की एक खबर के मुताबिक मेलबर्न के तीन लोगों पर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के लिए जुर्माना लगाया गया है। इन लोगों ने एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें ए सभी रात का कर्फ्यू तोड़ते हुए मैक्डॉनल्ड्स की ओर जाते हुए दिख रहे हैं।एबीसी ने बताया कि पांच मिनट के इस वीडियो में विद्यार्थी सड़कों पर चलते, चालाकी से पुलिस अधिकारियों से छुपते हुए और रेस्त्रां के भीतर नाचते हुए दिखाई दे रहे हैं। विक्टोरिया पुलिस ने पुष्टि की है कि प्रत्एक विद्यार्थी पर।,178 अमेरिकी डॉलर का जुर्माना लगाया गया है।

## तुर्की के ड्रोन हमले में दो वरिष्ठ कमांडरों की मौत: इराकी सेना

**एपी।** बगदाद

**इराक की** सेना ने मंगलवार को कहा कि तुर्की के ड्रोन हमले में देश के दो वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों की मौत हो गई। ऐसा पहली बार हुआ है जब इराक के उत्तरी हिस्से में कुर्द विद्रोहियों को खत्म करनेवाले तुर्की के अभियान में इराक के उच्च सुरक्षा अधिकारी मारे गए हैं।इराक की सेना के बयान के अनुसार इरबिल के उत्तरी हिस्से के ब्राडोस्ट क्षेत्र में ड्रोन ने बॉर्डर गार्ड्स के एक वाहन को निशाना बनाया। इस हमले में दो कमांडर और वाहन के चालक की मौत हो गई।ब्राडोस्ट के मेयर ने बताया कि बॉर्डर गार्ड्स के दूसरे ब्रिगेड के कमांडर जनरल मोहम्मद रूश्दी और तीसरे रेजिमेंट के कमांडर ब्रिगेडियर जुबैर हाली की इहसान चेलेबी में हमले में मौत हो गई। उन्होंने बताया कि ए क्षेत्र में नई चौकियां बना रहे थे। तुर्की की सेना के अधिकारियों से इस संबंध में टिप्पणी लेने के लिए संपर्क नहीं हो सका।इराक के विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में इस हमले की निंदा करते हुए कहा गया कि यह इराक की संप्रभुता का उल्लंघन है और इस तरह के लगातार हमले द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा करने के लिए उकसा रहे हैं। तुर्की के रक्षा मंत्री की बृहस्पतिवार को होने वाली यात्रा को इराक ने रद्द कर दिया है।इराक के दो सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि बॉर्डर गार्ड्स के ए कमांडर गुप्त तरीके से कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) के सदस्यों से मिल रहे थे और इसी दौरान यह हमला हुआ। तुर्की पीकेके को आतंकवादी संगठन मानता है और उसने कई अभियानों में उत्तरी इराक में इनके ठिकानों के ऊपर बमबारी की है।सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि इस हमले में पांच अन्य लोगों की मौत हुई। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि वे सैन्य कर्मी थे या असैन्य नागरिक थे।उत्तरी इराक में पीकेके के एक अधिकारी ने बताया कि बैठक ब्राडोस्ट में हुई और इस बैठक का उद्देश्य क्षेत्र में स्थिरता लाना था।



वाशिंगटन में आयोजित वूमेन ग्लोबल डेवलपमेंट और प्रासपेरिटी पर आयोजित एक कार्यशाला में व्याख्यान देंती अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बेटी इवांका

## नेतन्याहू के खिलाफ प्रदर्शन, कोविड-19 संकट के बीच युवाओं के सब्र का बांध टूटा, मांगा इस्तीफा

**एपी।** यरूशलम,



**इजराइली प्रधानमंत्री** बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच कोविड-19 संकट से निपटने के तरीकों को लेकर जारी प्रदर्शनों के साथ उनके इस्तीफे की मांग जोर पकड़ रही है। नेतन्याहू के खिलाफ रैलियों में बड़ी संख्या में ऐसे प्रदर्शनकारी शामिल हो रहे हैं, जो युवा हैं, मध्यम वर्ग से हैं और जिनका राजनीति से बहुत कम जुड़ाव रहा है। उन्हें लगता है कि नेतन्याहू के कथित भ्रष्ट शासन और कोरोना वायरस से निपटने के उनके तरीकों ने इन युवाओं के भविष्य को अंधकार में धकेल दिया है। यह एक ऐसा माहौल है जो जिसका देश के नेताओं के लिए गहरे निहितार्थ होंगे।

यरूशलम स्थित थिंक टैंक और प्रदर्शन आंदोलनों में विशेषज्ञता रखने वाले इजराइल डेमोक्रेसी इंस्टीट्यूट की शोधार्थी तामर हरमन ने कहा, प्रदर्शनकारी मुख्य रूप से मध्य वर्ग के हैं। वे बरोजगार हो गए हैं। नेतन्याहू के खिलाफ प्रदर्शनों में शामिल हुई सॉफ्टवेयर विशेषज्ञ एवं 25 वर्षीय शाचर ओरेन ने कहा, यह केवल कोविड-19 संकट और सरकार के इससे निपटने के तरीकों से संबद्ध नहीं है। बल्कि यह लोगों से भी संबद्ध है जिनके पास भोजन और जीवन की अन्य आवश्यक जरूरतों का खर्च नहीं उठा पा रहे हैं। मैं उनमें से एक व्यक्ति हूं। ओरेन उन हजारों लोगों में एक हैं, जो नेतन्याहू के आधिकारिक आवास के बाहर एक सप्ताह में कई बार एकत्र हुए और उनसे इस्तीफे की मांग की।कई युवा प्रदर्शनकारियों की या तो नौकरी चली गई है या वे अपने भविष्य को लेकर सशंकित हैं। वे प्रधानमंत्री के खिलाफ सड़कों पर उतर गए हैं और नेतन्याहू के खिलाफ नारे लगा रहे हैं।

वहीं, नेतन्याहू ने प्रदर्शनकारियों को वामपंथी या अराजकतावादी करार देते हुए खारिज करने की कोशिश की है। इस तरह के दावों के बावजूद किसी भी विपक्षी दल द्वारा इन प्रदर्शनों को आयोजित करने का संकेत नहीं दिख रहा है। ज्यादातर प्रदर्शनों में नेताओं की भागीदारी नहीं है। इजराइल में राजनीतिक प्रदर्शन की लंबी परंपरा रही है, चाहे यह शांति समर्थक कार्यकर्ता हों, या वेस्ट बैंक के बाशिंदे या अति रूढ़िवादी यहूदी। प्रदर्शनों की नई लहर कहीं अधिक व्यापक, मुख्यधारा की अपील प्रतीत हो रही है।

बेरोजगारी बढ़ने पर नेतन्याहू और उनके प्रतिद्वंद्वी बेन्नी गांत्ज ने मई में 34 कैबिनेट मंत्रियों के साथ एक गठबंधन बनाया। यह देश के इतिहास में सबसे बड़ी सरकार है। तीन चुनावी गतिरोध के बाद एक आपात सरकार के लिए दोनों नेताओं के बीच मई में सहमति बनी थी। इसका लक्ष्य वैश्विक महामारी के दौरान देश की राजनीति स्थिर करना था। लेकिन 100 दिन के अंदर ही उनकी गठबंधन सरकार आर्थिक संकट और प्रदर्शनों की लहर जारी रहने से गिरने के कगार पर पहुंच गई है।

गठबंधन के पास बजट पर समझौता के लिए महज दो हफ्ते रह गए हैं, अन्यथा देश चौथे चुनाव की ओर बढ़ जाएगा। मतभेद इस कदर बढ़ गए हैं कि इस हफ्ते की मंत्रिमंडल की बैठक रद्द करनी पड़ी। अच्छी खासी तनख्वाह के अलावा ए मंत्री वाहन चालक, सुरक्षा गार्ड आदि जैसी सुविधाएं और अन्य भत्ते पा रहे हैं। विश्वविद्यालय की छात्रा स्ताव पिलत्ज ने बताया कि उन्होंने प्रदर्शनकारियों में एक समान बात यह महसूस की, उन्हें लगता है कि राजनीतिक माहौल में कुछ गड़बड़ी है और नागरिकों की तकलीफ को सुनने वाला कोई नहीं है।

## वैश्विक स्वास्थ्य एजेंसी ने रूस के कोविड-19 टीके को लेकर किया सुरक्षा परीक्षण का आग्रह

**एपी।** मियामी

**रूस द्वारा घोषित** कोविड-19 टीके के विनिर्माण और वितरण के लिए क्षेत्र के संस्थानों द्वारा बातचीत किए जाने की खबरों पर पैन अमेरिकन हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन ने चिंता जताई है और कहा है कि मानक, सघन सुरक्षा और प्रभाव को लेकर इस टीके के अभी परीक्षण किए जाने चाहिए। संगठन के उपनिदेशक जरबास बरबोसा ने एक ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में वाशिंगटन से कहा कि किसी टीके की सुरक्षा और प्रभाव सुनिश्चित करने के लिए उसका बड़े ध्यान से मूल्यांकन किया जाना चाहिए। ब्राजील में पारना राज्य की सरकार ने कहा कि वह कोविड-19 के टीके के विकास में भागीदारी के लिए रूस के दूतावास से बातचीत कर रही है और बुधवार को रूसी राजदूत के साथ एक तकनीकी बैठक होगी।निकारगुआ ने पूर्व में कहा था कि वह रूसी टीके के उत्पादन पर विचार कर रहा है। सोमवार को उपराष्ट्रपति रोसारियो मुरिलो, राष्ट्रपति की पत्नी डेनियल ओर्टेगा ने पुन: दोहराया कि उनका देश टीके के उत्पादन और यहां तक कि इसके निर्यात के लिए रूस के संस्थानों के संपर्क में है। बारबोसा ने कहा कि टीका अभी सभी आवश्यक चरणों से नहीं गुजरा है जिससे कि इसे विश्व स्वास्थ्य संगठन या पैन अमेरिकन हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन इसे मान्यता दे सके। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्वास्थ्य अधिकारी रूस के अधिकारियों से इस बारे में बात कर रहे हैं कि वे अपने डेटा और चिकित्सकीय परीक्षणों की समीक्षा करें।

### ● किसी टीके की सुरक्षा और प्रभाव सुनिश्चित करने के लिए उसका बड़े ध्यान से मूल्यांकन किया जाना चाहिए: बरबोसा

# ‘यहां हर स्थिति से सामंजस्य स्थापित करने को तत्पर रहना होता है’



**निर्देशक आशीष आर शुक्ला ‘देव डी तथा प्राग’ जैसी फिल्मों में निर्देशन का दायित्व निभा चुके हैं। अब वो अपना नया प्रोजेक्ट ‘बहुत हुआ सम्मान’ को जल्द ही रिलीज़ करेंगे। फिल्म को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज़ करने से वित्त किस प्रकार प्रभावित हो सकते हैं से लेकर अनदेखी के सीज़न दो के बारे में भी जानकारी प्रदान की। प्रस्तुत है उनसे बातचीत के प्रमुख अंश...**

■ **‘बहुत हुआ सम्मान’ किस बारे में है?**

ये फिल्म पूरी तरह से वेब सीरीज़ अनदेखी से अलग है। मैं या तो डार्क थ्रिलर या क्राइम या फिर डार्क कॉमेडी तथा व्यंग बनाता हूं जो मुझे प्रिय होते हैं। फिल्म बनारस की पृष्ठभूमि पर है और ये दो मेकेनिकल इंजीनियरिंग छात्रों के बारे में ही है। उसी कॉलेज का एक पूर्व छात्र संजय मिश्रा बने हैं। वो क्रांतिकारी स्वभाव के हैं और कैंपस स्थित एक बैंक को लूटने का प्लान बनाते हैं। वो वहां से भागने में भी सफल रहते हैं। फिल्म यहीं से प्रारंभ होती है।

■ **आपने फिल्म और वेब सीरीज़ दोनों ही निर्देशित की हैं। दोनों में से कौन अच्छा है?**

बात कौन अच्छा है की नहीं है। मैं तो कहानी सुनाता हूं और सुनाने के लिए मुझे एक कहानी तो चाहिये ही। ये कहीं की भी कहानी हो सकती है–टीवी, एड फिल्म, फिल्म या वेब सीरीज़ तथा वृत्तचित्र आदि माध्यम ही कहानी कहने के माध्यम हैं। ये कुछ सेकेंड्स से लेकर कुछ घंटे तक की हो सकती है। किसी भी माध्यम पर अच्छी फिल्म बनाना ही मेरा काम है। वेब सीरीज़ में आपको चरित्र विकसित करने का समय मिलता है। फिल्म में कुछ सीमाएं होती हैं। कई बार तो हमारे पास कहने को काफी कुछ होता है ऐसे में हम सीरीज़ के सीक्वेल तक करते हैं। ऐसे देखें तो वेब सीरीज़ एक श्रेष्ठ विकल्प है क्योंकि हम इसमें चरित्र को गहराई प्रदान कर सकते हैं।

■ **क्या ओटीटी प्लेटफार्म पर फिल्म रिलीज़ करने से उसके वित्त प्रभावित होते हैं?**

मैं इसका उत्तर देने के लिए सही स्थिति में नहीं हूं। इसके लिए निर्माता अधिक उपयुक्त होगा। लोगों को महामारी का अनुमान नहीं था और उन्होंने एक निष्चित बजट पर फिल्म बनाई। लेकिन अब उन्हें बजट को दुबारा से देखना होगा जो स्टारकास्ट तथा ओटीटी पर रिलीज़ के अनुसार होना चाहिये, न केवल ओटीटी पर अपितु सैटेलाइट, टीवी, इंटरनेशनल एवं डीवीडी पर भी इसे रिलीज़ किया जा सकता है। अब इस निर्णय से या तो लाभ होगा या हानि। अत: अब लोग अपने बजट का पुनर्मूल्यांकन करेंगे ताकि उन्हें किसी प्रकार का नुकसान न हो। ये सही है कि अब कंटेंट का ही जमाना है।

■ **क्या महामारी ने मनोरंजन उद्योग के भविष्य को बदल कर रख दिया है?**

नहीं ऐसा तो नहीं है। ऐसी कई बातें रही हैं जिनसे इंडस्ट्री प्रभावित हुई है। इसमें आप मंदी और मीटू अभियान का नाम ले सकते हैं जिन्होंने इंडस्ट्री को प्रभावित किया था। हमें यहां हर स्थिति में सामंजस्य स्थापित करने के लिए तैयार रहना पड़ता है। चुनौतियां तो हैं ही। लेकिन हम इसमें से काम करने की राह बना लेंगे।

■ **अनदेखी के लिए आपको कहानी कहां से मिली?**

मैं इस प्रोजेक्ट पर कुछ विलंब से जुड़ा था। इसकी स्क्रिप्ट पिछले दो साल से लिखी जा रही थी। जब मैं इससे जुड़ा तो इसकी स्क्रिप्ट लगभग पूरी हो चुकी थी। इस शो के निर्माता और रचनाकार सिद्धार्थ सेनगुप्ता ने मुझे बताया कि इसकी कहानी समाचार पत्रों की छोटी छोटी क्लिपिंग पर आधारित है जो समाचार तो होते हैं लेकिन लोग इसपर सहानुभूति प्रकट करने के बाद पन्ना पलट देते हैं इसका मूल विचार लोगों से पूछना था कि उन परिस्थितियों में उन्होंने क्या किया होता। जब मुझे इसकी स्क्रिप्ट मिली तो मैं कहानी के पैनेपन से सन्न रह गया था। मुझे पता था कि मुझे इसके साथ न्याय करना होगा। ऐसा लेखन तो वास्तव में दुर्लभ होता है।

■ **क्या आपको इतनी अच्छी प्रतिक्रिया की आषा थी?**

सच कहूं तो नहीं थी। हमें पता था कि ये अच्छी कहानी है और हमारा दृष्टिकोण भी नया था। लेकिन चूंकि इसमें कोई बड़ा नाम नहीं था हमें इससे अधिक की आषा नहीं थी। लेकिन इसके बाद लॉकडाउन हो गया और लोगों के पास देखने का समय आ गया। लोगों द्वारा की गई प्रषंसा हमारे काम आ गई।

■ **हम समझते हैं कि इसका दूसरा सीज़न आ रहा है। क्या आप इसके बारे में कुछ बताएंगे कि ये कब शूट करना प्रारंभ कर देंगे?**

मुझे इसकी कहानी नहीं पता। वो इसे लिख रहे हैं। जब वो संतुष्ट हो जाएंगे तभी हमें पता चलेगा कि कहानी क्या है। यदि सबकुछ ठीक रहा तो अगले साल तक हम इसकी शूटिंग प्रारंभ करने की स्थिति में होंगे जो मार्च के आसपास हो सकती है। लेकिन इतना बता दूं कि इस बार ये बड़ी, बेहतर और कई आश्चर्य लिए होगी।

■ **सामान्यत: सीक्वेल से निराशा होती है। ये कितना महत्वपूर्ण होता है कि कहानी जहां छोड़ी थी वहीं से प्रारंभ हो?**

अनदेखी 2 में ऐसा नहीं होने वाला क्योकि मेरी कहानी पूरी नहीं हुई है। मेरे पास अभी बहुत कुछ कहने को है। हमारे पास अच्छे लेखक हैं अत: हम किसी बात से संतुष्ट नहीं होने वाले। ऐसा होता है कि कई बार लोग शो को फ्रैंचाइजी समझने लगते हैं और कहानी को विकसित करना ही नहीं चाहते। यदि अनदेखी के साथ मैंने ऐसा कुछ होते हुए देखा तो मैं ही इसे समाप्त कर दूंगा। लेकिन अभी तो हमारे पास सीज़न 3 तक की सामग्री है।

■ **आगे की योजना क्या है?**

मैं अपनी दूसरी वेब सीरीज़ पर काम कर रहा हूं। लेकिन इसके बारे में बात करना अभी शीघ्रता होगी क्योंकि हमने अभी इसके बारे में आधिकारिक रूप से कुछ भी नहीं बताया है। लेकिन इतना बता दूं कि ये रोमांटिक–प्रतिशोध वाली कहानी होगी।

---

## फिल्मी गीतकारों को श्रेय दिलाने के लिए लड़ेंगे किरकिरे

भाषा। इंदौर



**संगीत** के अलग-अलग माध्यमों पर फिल्मी गीतकारों को उनके क्रेडिट (श्रेय) (गीतकार के नाम का उल्लेख) से वंचित किए जाने के खिलाफ लामबंद कलाकारों में शामिल स्वानंद किरकिरे का कहना है कि शब्द शिल्पियों के रचनात्मक वजूद को नकारने की कोशिश हमेशा से की जाती रही है। लेकिन वे अपनी पहचान का जायज हक लेकर रहेंगे। फिल्मी गीतकारों ने इस हक की मांग को लेकर मुहिम छेड़ रखी है और उन्होंने कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर हमें क्रेडिट दे दो यार के शीर्षक से खास गीत भी पेश किया है। इन गीतकारों में शामिल किरकिरे ने कहा, क्रेडिट देने को लेकर फिल्मी गीतकारों के साथ हमेशा से दोयम दर्जे का बर्ताव किया जाता रहा है। जायज क्रेडिट की मांग लेकर हम गीतकारों की यह लड़ाई दशकों से चल रही है। उन्होंने कहाकि शुरुआत में ऑल इंडिया रेडियो पर कोई फिल्मी गीत बजाए जाते वक्त श्रोताओं को सिर्फ यह बताया जाता था कि गाना किन हीरो–हीरोइन पर फिल्माया गया है। तब साहिर लुधियानवी ने कड़े संघर्ष के बाद गीतकारों को भी रेडियो पर पहचान दिलाई थी। बाद में जावेद अख्तर ने इस मुहिम को आगे बढ़ाया। किरकिरे ने कहा कि वक्त के साथ फिल्म संगीत के माध्यमों में बदलावों के बावजूद श्रेय के मामले में गीतकारों के साथ भेदभाव बरकरार है। उन्होंने कहा, इन दिनों ज्यादातर लोग अलग–अलग मोबाइल ऐप और अन्य ऑनलाइन माध्यमों पर फिल्मी गीत सुन रहे हैं। लेकिन नए जमाने के इन माध्यमों पर भी गीतकारों को उनके जायज क्रेडिट से वंचित किया जा रहा है। इन माध्यमों को चलाने वाली देशी–विदेशी कम्पनियां अड़ियल रवैया अपनाते हुए ढर्रा बदलना ही नहीं चाह रही हैं। जाहिर तौर पर खफा किरकिरे ने कहा, संगीत के ऐप्स पर फिल्मी गीतकारों के नाम पर कितनी प्लेलिस्ट हैं? ऐसा लगता है कि हमें इन ऐप्स पर कलाकार माना ही नहीं जा रहा है। यह पूछे जाने पर कि फिल्मी गीतकारों को उनके श्रेय से वंचित किए जाने की असल वजह क्या है, बहती हवा–सा था वहै (थ्री इडियट्स 2009) जैसे मशहूर गाने लिखने वाले 48 वर्षीय रचनाकार ने कहा, शायद इसके पीछे कुछ लोगों की यह मानसिकता काम करती है कि किसी संगीत माध्यम पर गीतकार को उसका क्रेडिट दिए जाने पर वह अन्य कलाकारों से सशक्त हो जाएगा। आखिर यह असुरक्षा की कैसी भावना है? किरकिरे ने तंज और तल्खी के साथ कहा, शायद उन्हें लगता है कि फिल्मी गीत लिखना कौन–सा बड़ा काम है? उन्होंने बताया कि फिल्मी गीतकारों को श्रेय दिए जाने की मांग को लेकर सोशल मीडिया पर जनता को जोड़ने का अभियान चलाए जाने के साथ ही कानूनी विकल्पों पर भी विचार किया जा रहा है। बावरा मन देखने चला एक सपना सरीखा हिट गीत रचने और फिल्म हजारों ख्वाहिशें ऐसी (2005) में इसे आवाज भी देने वाले किरकिरे ने कहा, हम देखेंगे कि क्रेडिट की यह लड़ाई कितनी लम्बी चलती है। लेकिन हम यह लड़ाई अधूरी कतई नहीं छोड़ेंगे क्योंकि यह हमारे रचनात्मक वजूद का सवाल है।

---

## लाल बहादुर शास्त्री की मृत्यु पर प्रश्न खड़े करती एक पुस्तक




# ‘हू किल्ड शास्त्री?: द ताशकंद फाइल्स’

**फिल्म निर्माता और लेखक विवेक अग्निहोत्री की नई पुस्तक ‘हू किल्ड शास्त्री?: द ताशकंद फाइल्स, सूचना के अधिकार के अंतर्गत एक प्रधानमंत्री की रहस्यमयी मृत्यु पर प्रश्न खड़ा करती है।**

अपनी पुस्तक ‘अरबन नक्सल: द मेकिंग ऑफ बुद्धा इन अ ट्रैफिक जाम, लिखने के बाद ‘हू किल्ड शास्त्री?: द ताशकंद फाइल्स, शीर्षक से अब एक और रोचक पुस्तक ले कर आ रहे हैं।

द ताशकंद फाइल्स, बुद्धा इन अ ट्रैफिक जाम, धन धना धन गोल जैसी हिट और सार्थक फिल्मों में पटकथा लेखन के लिए लोकप्रिय विवेक अग्निहोत्री ने हमारे लोकप्रिय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की रहस्यमयी मृत्यु पर पुस्तक लिख रहे हैं। लेखक के अनुसार ‘स्वतंत्र भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की रहस्यमयी मृत्यु पर लिखी इस पहली पुस्तक में उनकी अस्वाभाविक मृत्यु की हर संभव कोण से पड़ताल की गई है।’

अपनी पुस्तक पर टिप्पणी करते हुए अग्निहोत्री ने बताया, ‘चार साल पहले मुझे लगा कि लोकतंत्र में हर नागरिक का सबसे पहला मौलिक अधिकार सच जानने का अधिकार होता है। लेकिन ये कैसे संभव है यदि हम भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की ताशकंद में रहस्यमयी मृत्यु के बारे में ही नहीं जानते हों। ये यात्रा इस सच को जानने के लिए सभी स्रोतों से जानने हेतु आरटीआई के अंतर्गत संघर्ष की ही कहानी है। हमने निर्णय किया कि हम इतिहास का पीछा करेंगे और शास्त्री जी की मृत्यु के पीछे के रहस्य पर से परदा हटा कर रहेंगे और इस क्रम में 1962 में चीन से पराजय से लेकर आपातकाल तक की राजनीति का भी अनुभव हुआ कि किस प्रकार भारत को बेचा गया और मेरा तो निष्कर्ष है कि जिन लोगों ने भारत को बेचा वे ही शास्त्री जी की मृत्यु के जिम्मेदार हैं। राजनीति में ये मेरी आध्यात्मिक यात्रा जैसी थी और ये बताती है कि आध्यात्मिकता तथा नैतिकता के अभाव के चलते ही ऐसा हुआ कि भारत पीढ़ी दर पीढ़ी खराब स्थिति में आता गया। ये पुस्तक नई पीढ़ी के




लिए एक चेतावनी भी है क्योंकि इसमें बताया गया है कि उन्हें नैतिक राजनीति करनी चाहिये और सदा सच जानने के अधिकार की रक्षा हेतु संघर्ष के लिए तत्पर रहना चाहिये।’

विवेक की निर्देशक की भूमिका वाली फिल्म ‘द ताशकंद फाइल्स’ (2019) के साथ एक हैशटैग प्रश्न भी था– हू किल्ड शास्त्री? उस दुर्भाग्यशाली सुबह के लगभग आधी सदी बाद भी ये प्रश्न अनुत्तरित है– क्या शास्त्री की वास्तव में स्वाभाविक मृत्यु हुई थी? या फिर ये राजनीतिक असहमति के चलते उनकी हत्या थी। निर्देषक के अनुसार उन्हें एक ट्वीट के कारण ही उनकी मृत्यु संबंधी रहस्य विषय पर काम करने के लिए प्रेरणा मिली।

फिल्म निर्माता और लेखक ने इस पुस्तक को लॉन्च से पहले उपलब्ध कराने के लिए ऑनलाइन व्यवस्था की है। प्री ऑर्डर तथा फीडबैक के लिए सोशल मीडिया पर पुस्तक का आवरण निर्गत कर दिया गया है। पुस्तक बुक स्टैंड्स पर 28 अगस्त तक उपलब्ध होगी।

वर्तमान में विवेक अब अपनी नई परियोजना ‘द कश्मीर फाइल्स’ पर काम प्रारंभ करने वाले हैं।

---

## करीना के घर आने वाला है दूसरा नन्हा मेहमान



भाषा। मुंबई

**बॉलीवुड** अभिनेता सैफ अली खान और उनकी पत्नी करीना कपूर ने बुधवार को कहा कि उनके यहां दूसरा बच्चा होने वाला है। दोनों ने एक आधिकारिक वक्तव्य जारी कर करीना के गर्भधारण की सूचना दी और शुभचिंतकों को धन्यवाद दिया। वक्तव्य में कहा गया, हमें यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि हमारे परिवार में नया सदस्य आने वाला है। सभी शुभचिंतकों को उनके प्रेम और समर्थन के लिए धन्यवाद। करीना (39) ने अपने पहले बच्चे तैमूर को 20 दिसंबर 2016 को जन्म दिया था। उस समय बच्चे का नाम तैमूर रखते ही लोगों ने सोशल मीडिया पर तैमूर नाम के मूल पर सवाल उठाने शुरू कर दिए थे। पैदा होने के कुछ समय बाद ही तैमूर इंटरनेट पर छा गए थे और आज भी पैपराजी चौबीस घंटे उसकी तस्वीरे लेने को बेताब रहते हैं। 49 वर्षीय सैफ ने पांच साल के प्रेम प्रसंग के बाद करीना से अक्टूबर 2012 में शादी की थी। इससे पहले उनकी शादी अभिनेत्री अमृता सिंह से हुई थी जिससे उनकी अभिनेत्री बेटी सारा और बेटा इब्राहिम हैं।

## असम के थिएटर में काम करने वाले लोगों ने सरकार से आर्थिक मदद मांगी

**गुवाहाटी।** असम में थिएटरों में काम करने वाले लोगों ने मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल से आर्थिक सहायता की मांग की है क्योंकि वे कोविड–19 महामारी के मद्देनजर कई मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। असम के थिएटर कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल प्रोफेशनल थिएटर वर्कर्स ने शनिवार को मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें उनकी मदद के लिए मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप की मांग की गई है। प्रतिनिधिमंडल के एक सदस्य ने कहा कि कोरोना वायरस महामारी ने कई थिएटर कलाकारों, रंगमंच कर्मियों और कर्मचारियों के कॅरियर को बुरी तरह प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि थिएटर कर्मचारियों को गंभीर आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि उनके पास इस महामारी के कारण लगभग चार महीने से कोई काम नहीं है। ज्ञापन में कहा गया है, कई सब्जियां बेच रहे हैं, जबकि कुछ दिहाड़ी मजदूर बन गए हैं। कुछ थिएटर में इस्तेमाल की जाने वाली चीजों को बेच कर गुजारा कर रहे हैं। राज्य भर में थिएटर समूहों के विभिन्न विभागों में काम कर सैकड़ों लोग अपनी आजीविका कमाते हैं। ये लोग पटकथा लेखन, अभिनय, मंच सजाने, मेकअप और लाइट जैसे अलग–अलग विभागों में काम करते हैं।

---

## आठ करोड़ के गहनों से राधा–कृष्ण की मूर्तियों को सजाया गया

भाषा। ग्वालियर

● **ग्वालियर के ऐतिहासिक गोपाल मंदिर में सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गयी**

**मध्यप्रदेश** के ग्वालियर के ऐतिहासिक गोपाल मंदिर में जन्माष्टमी के अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण और राधाजी की मूर्तियों को लगभग आठ करोड़ रुपए के सोने और कीमती नगों से जड़े जेवरों से सजाया गया है। ये जेवरात सिंधिया राजवंश द्वारा ग्वालियर नगर निगम को दिए गए हैं। कोरोना वायरस महामारी के चलते इस बार मंदिर में भक्तों को प्रवेश नहीं दिया जा रहा है और दर्शन के लिए मंदिर के बाहर बड़े–बड़े टीवी स्क्रीन लगाए गए हैं। इसके साथ ही भक्तों को फेसबुक लाइव के जरिए भी दर्शन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। मंदिर में भगवान के जेवरों की सुरक्षा के लिए हथियारों से लैस पुलिस बल को तैनात किया गया है। ग्वालियर के फूलबाग में सिंधिया रियासतकालीन गोपाल मंदिर है। इस मंदिर में राधा–कृष्ण की प्राचीन प्रतिमा है और हर साल जन्माष्टमी के पर्व पर प्रतिमाओं को सोने–चांदी के जेवरात पहनाए जाते हैं। ये जेवरात सिंधिया राजवंश ने ग्वालियर नगर निगम को सौंप दिए थे। देश की आजादी के बाद ए जेवर बैंक के लॉकर में रखे रहे तथा वर्ष 2007 से इन जेवरों को फिर से निकाला गया और जन्माष्टमी पर इनसे राधा–कृष्ण की प्रतिमा का श्रृंगार किया जाता है। नगर निगम के आयुक्त संदीप माकिन ने बताया, बुधवार को जन्माष्टमी पर पुलिस बल की सुरक्षा में बैंक लॉकर से जेवर, श्रृंगार सामग्री और चांदी के बर्तन लाए गए। पूजा अर्चना के बाद राधा–कृष्ण की प्रतिमा का श्रृंगार किया गया। रात्रि एक बजे के बाद ये जेवर जिला कोषालय में रखे जाएंगे। इसके बाद सुबह इन गहनों को बैंक की लॉकर में रख दिया जाएगा।



उन्होंने बताया कि राधा–कृष्ण के श्रृंगार में करीब आठ करोड़ रुपए के जेवर व अन्य सामग्री का उपयोग किया जाता है। इसमें सफेद मोती वाला पंचगढ़ी हार लगभग आठ लाख रुपए कीमत का, सात लढ़ी हार जिसमें 62 असली मोती और 55 पन्ने हैं, इसकी कीमत करीब 25 लाख रुपए है। इसके अलावा सोने के तोड़े तथा सोने का मुकुट कृष्ण भगवान पहने हुए हैं, जिनकी कीमत भी लगभग 80 लाख रुपए है। राधाजी का ऐतिहासिक मुकुट जिसमें पुखराज और माणिक जड़ति के पंख हैं तथा बीच में पन्ना लगा है। तीन किलोग्राम वजन के इस मुकुट की कीमत लगभग पांच करोड़ रुपए आंकी गई है तथा इसमे लगे 16 ग्राम पन्ने की कीमत लगभग 25 लाख आंकी गई है। उन्होंने बताया कि राधा–कृष्ण के श्रृंगार के लिए लगभग 25 लाख रुपए के जेवर उपलब्ध हैं जिनमें श्रीजी तथा राधाजी के झुमके, सोने की नथ, कंठी, चूड़ियां, कड़े इत्यादि से भगवान को सजाया गया है। माकिन ने बताया कि भगवान के भोजन इत्यादि के लिए भी प्राचीन बर्तनों की सफाई करके इस दिन इसमें भगवान को भोग लगाया गया है। लगभग 80 लाख रू. कीमत के चांदी के विभिन्न बर्तनों से भगवान की भोग आराधना की गई है। इसमें भगवान की समई, इत्र, पिचकारी, धूपदान, चलनी, सांकड़ी, छत्र, मुकुट, गिलास, कटोरी, कुभकरिणी, निरंजनी आदि सामग्री का भी प्रदर्शन किया जा रहा है।

## फिल्म दृश्यम के निर्देशक निशिकांत कामत लीवर संबंधी बीमारी के कारण अस्पताल में

**हैदराबाद।** मुंबई मेरी जान , दृश्यम और मदारी जैसी फिल्मों के निर्देशक निशिकांत कामत फिल्मों को लीवर संबंधी बीमारी के इलाज के लिए अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती कराया गया है। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कामत को 31 जुलाई को भर्ती कराया गया था और फिलहाल वह वरिष्ठ डॉक्टरों की निगरानी में हैं। अस्पताल प्रशासन उनके स्वास्थ्य की स्थिति को लेकर चुप्पी साधे हुए है, निर्देशक के एक करीबी सूत्र ने कहा, कामत कुछ समय से लीवर सिरोसिस से पीड़ति हैं। सूत्र ने कहा, वह हैदराबाद के एक अस्पताल के आईसीयू में है। उनकी हालत गंभीर है। 50 वर्षीय कामत ने 2005 में मराठी फिल्म डोंबिवली फास्ट के साथ अपने निर्देशन की शुरूआत की। उनकी सबसे बड़ी हिट अजय देवगन–तब्बू अभिनीत फिल्म दृश्यम थी, जो इसी नाम की मलयालम फिल्म की रीमेक थी।



# बैराजों से छोड़े गए पानी से 25 हजार की आबादी घिरी

● बाढ़ पीड़ितों को नहीं मिल पा रही है पर्याप्त मदद, भोजन की गंभीर समस्या

संवाददाता। सीतापुर


बाढ़ का पानी घुसने से परेशन ग्रामीण

**शारदा व** घाघरा में बैराजों से छोड़ा गया 4 लाख 70 हजार क्यूसेक पानी सीतापुर के गांजरी क्षेत्र में समस्याओं का सैलाब लेकर आया है। बिसवां व महमूदाबाद के साथ ही लहरपुर तहसील के 150 गांव पानी से घिर गए हैं। तसहील बिसवां के 50 और महमूदाबाद के 20 गांव पूरी तहर जलमग्न हो गए हैं। करीब 25 हजार आबादी पानी में फंस गई है। बाढ़ पीड़ितों को भोजन के साथ शौच जाने की दिक्कत हैं। प्रशासन पर्याप्त मदद नहीं उपलब्ध करा है। राहत के नाम पर सिर्फ कुछ पीड़ितों को खाद्यान्न किट उपलब्ध कराई गई है और नाव तैराई जा रही हैं।

**खतरे के निषान** पर पहुंची नंदिया-समय के साथ ही घाघरा रौद्र रूप धारण करती जा रही है। पिछले 24 घंटे में नदी खतरे के निशान से 30 सेंटीमीटर ऊपर पहुंच गई है। नदी का विकराल रूप देख ग्रामीणों की रूह कांप रही है। बिसवां के परमेष्वरपुर, पासिनपुर, लालपुर, ठेकेदारपुर, दर्जिनपुर, दर्जिनरेती, रंडाकोड़र, खरपत्तूपुर, बदनपुर, स्वामीनगर, चटपुरवा, गौरी, कनौजीपुरवा, शंकरपुरवा, अयोध्यापुर सहित दो दर्जन से अधिक गांवों मे पानी घुस गया है।

**रामपुरमथुरा के** कई गांवो में हो रहा कटान-रामपुर मथुरा के गांव कनरखी में घाघरा दोहरी मुसीबत का सबब बन गई है। नदी बाढ़ के साथ ही कटान का दंष भी दे रही है। किसानों की कृशि योग्य जमीन कटान कर रही है। सोतीपुरवा, बंगाली पुरवा, अर्जुनपुरवा, कनरखी घाट,कैलाश पुरवा ,चतधारी पुरवा व बलेस्वर पुरवा पानी से घिरे हैं। कनरखी स्कूल से घाट तक जाने वाला मार्ग बन्द हो गया है। पंडित पुरवा जाने वाले मुख्य मार्ग पर भी पानी बह रहा है। बाढ़ पीड़ितों ने बंधे पर शरण लेनी शुरू कर दी है।

**जरूरतमंदो तक नहीं** पहुंच रही मद्द-बाढ़ग्रस्त क्षेत्र के पीड़ितों को मदद उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन सक्रिय हो गया है। पिछले दो दिनों से अधिकारी क्षेत्र में भ्रमण करके खाद्यान्न किट का वितरण करने में लगे हैं। हालांकि सभी जरूरतमंदों तक मदद नहीं पहुंच रही है। बुधवार को तहसीलदार राजकुमार गुप्ता रंडाकोड़र व चहलारीघाट बंधा के तीन सौ और दर्जिनरेती में 50 पीड़ितों को खाद्यान्न किट उपलब्ध कराई।

## लहरपुर विधायक ने किया बाढ़ व कटान क्षेत्र का भ्रमण

**क्षेत्रीय** विधायक सुनील वर्मा ने सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता वीके सिंह के साथ बाढ़ व कटान प्रभावित गांव बरछता, बुधवा व रायमरोड़ गांव पहुंचकर जायजा लिया। विधायक ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने सवाल भी पूछे। एसडीओ अभिलाख सिंह ने बताया कि गांव में हुए बचाव कार्यों के कारण कटान से मुक्ति मिली है, गांव में पानी कम होने पर बरछटा में बचाव कार्य षुरू कराया जाएगा। भ्रमण के दौरान एसडीएम लहरपुर आरडी राम, सुबोध कुमार, मण्डल अध्यक्ष सलिल श्रीवास्तव, अजय पटेल, अशोक सिंह, मयंक त्रिपाठी, आरिफ कमाल, आशुतोष तिवारी आदि मौजूद रहे।

जिले को मिली एक उपलब्धि.....

# शिवांक ने बनाया गोल्डेन बुक ऑफ वर्ल्ड में रिकार्ड

संवाददाता। सीतापुर



योग करते शिवांक

**सीतापुर को** स्वतंत्रता दिवस पर नील गांव के शिवांक अवस्थी ने उपलब्धि दिलाई है। शिवांक ने 8 मिनट 32 सेकेण्ड तक लगातार पद्म बकासन लगाकर गोल्डेन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड बनाया है। यह अमेरिकी संस्था है, जो कि गिनीज व लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की तहर ही बड़े व अच्छे कार्यों को दर्ज करती है। षिवांक की उपलब्धि में प्रख्यात योग गुरू स्वामी महेश योगी की संस्था दिव्य भारत निर्माण एवं दिव्य योग पीठ संस्था की अहम भूमिका रही है। संस्था ने शिवांक का वीडियो गोल्डेन बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड कार्यलय भेजा था, जिसका परीक्षण करने के बाद शिवांक को इस रिकॉर्ड से नवाजा गया है। इससे पहले यह रिकॉर्ड कोटा राजस्थान के शुभम पिहुलकर के नाम था। पिहुलकर ने लगातार 2 मिनट 16 सेकेण्ड तक पद्म बकासन लगाकर रिकॉर्ड बनाया था। शिवांक इससे पहले भी कई कीर्तिमान स्थापित कर चुके हैं। वर्ष 2019 में योगा फेडरेशन की ओर से आयोजित योग प्रतियोगिता में उन्होंने मंडल लेवल पर गोल्ड मेडल और स्टेट लेवल पर सिल्वर मेडल हासिल किया था।

## किसान सेवा केन्द्रों पर नहीं मिल रही खाद

संवाददाता। सीतापुर

**जिलाधिकारी की** बैठक में खाद की उपलब्धता को लेकर कृषि महकमें की ओर से किए गए बड़े-बड़े दावे मौके पर फेल हो गए हैं। धान और गन्ना में टॉप ड्रेसिंग का समय चल रहा और केन्द्रों से यूरिया गायब है। ताजा मामला शाहजलालपुर कस्बे का है। यहां के किसान सेवा केंद्रों पर खाद नहीं है। किसान परेशान हैं। .शक सेवा केंद्र के संचालक उपेंद्र पाल ने बताया कि एक माह से खाद नहीं मिली है। उधर किसान महेश कुमार यादव,सुरेश कुमार, राघवेन्द्र कुमार ने बताया कि कुछ प्राइवेट दुकानों पर थोड़ी बहुत खाद है, दुकानदार 50 से 60 रूपए महंगी बोरी बेच रहे हैं।

## सांसद ने किया जनसम्पर्क

**हरगांव सीतापुर।** सांसद धौरहरा रेखा वर्मा ने अशरफअली इंटर कॉलेज में जनसम्पर्क करके कस्बे के निर्माणधीन मोक्ष धाम का किया निरीक्षण किया। अध्यक्ष नगर पंचायत गफार खान को दिशा निर्देश दिए। सांसद ने भीखपुर और नवीन नगर स्थित पत्थर शिवाला मंदिर पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात करके सम्मानित भी किया। सुनील त्रिपाठी बब्लू मंडल अध्यक्ष संजय जयसवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष बृजेंद्र शुक्ला, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश वर्मा, प्रधान अमरजीत सिंह बाटू, वीरेंद्र मिश्र बच्चा, मोनू सिंह, शुभम अवस्थी, दीपू पांडे, रामजी कटियार, संजय दीक्षित आदि भी सांसद के साथ मौजूद रहे।


हरगांव-जनसम्पर्क करती सांसद रेखा वर्मा

## विश्व हिन्दू परिषद की हुई बैठक, बनी रणनीति



बैठक के बाद मौजूद विहिप कार्यकर्ता

संवाददाता। सीतापुर

**बुधवार को** विश्व हिन्दू परिषद कार्यालय पर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगे की रणनीति बनाई गई। इस मौके पर अवध प्रान्त संगठन मंत्री राजेन्द्र सिंह, जिला संगठन मंत्री कमलेश, सहमंत्री राजेन्द्र, जिला कोषाध्यक्ष वंशीधर पाठक, जिला उपाध्यक्ष रामदयाल राजवंशी, उमेश कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, श्याम सिंह, डा. धर्मराज सिंह, सुधाकर आदि मौजूद रहे।

बढ़ता जा रहा कोरोना का कुनबा

## 24 घंटे में मिले कोरोना पॉजिटिव के 61 केस

संवाददाता। सीतापुर




सीतापुर में कोरोना का कहर तीखा ही होता जा रहा है। पिछले 24 घंटे में 61 नए कोरोना के मरीज मिले हैं। महोली में 7 नगर पंचायत कर्मी, 1 सभासद 1 स्वास्थ्य कर्मी सहित 13 कोरोना मरीज मिले हैं। सिधौली में 11 कोरोना पॉजिटिव निकले हैं, जिनमें सीता रसोई, कसमण्डा व बेहमा में 5-5, बरईजलालपुर, दलेलनगर, मुराऊखेड़ा, बिगहिया, हनुमानपुर व बिरासी में 1-1 मरीज मिला है। इसके अलावा केसरीगंज, रेउसा, तालगांव व बरेठी मे भी1-1 मरीज निकला है, जबकि 4 मरीज गैरजनपदों के हैं।

### कोरोना से हुई 6वीं मौत

सीतापुर में कोरोना से 6ठी मौत हो गई है। लखनऊ के अपोलो अस्पताल में भर्ती स्टेशन रोड मिश्रिख निवासी अजय किशोर ने दम तोड़ दी है। इससे पहले शिक्षक, एम्बुलेंस चालक सहित पांच लोगों को कोरोना अंतिम यात्रा पर भेज चुका है, जबकि सीतापुर के अस्पतालों में दो गैर जनपदों के कोरोना मरीजो की मौत भी हो चुकी है।

### कुर्सी विधायक हुए कोरोना पॉजिटिव

कोरोना भयावह होता जा रहा है। मास्क व सैनिटाइजर के साथ ही कई अन्य ऐतिहात बरतने के बावजूद बराबंकी की कुर्सी विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा को कोरोना ने जकड़ लिया है। उन्होंने सामजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए कोरोना पॉजिटिव होने की सूचना स्वयं फेसबुक पोस्ट करके दी है और सम्पर्क में आए लोगों को जांच कराने का सुझाव दिया है। साकेन्द्र सीतापुर भाजपा के जिलाध्यक्ष भी रह चुके हैं।

घर-घर जन्मे कान्हा.....

# हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैयालाल की



जन्माष्टमी पर सजे कृष्ण दरबार





संवाददाता। सीतापुर

**मंदिर व घर** मंगलवार रात हाथी घोड़ा पालकी जय हो कन्हैयालाल के जयकारों से गूंज उठे। गृहस्थों ने जन्माष्टमी मानाई गई। राजा कसमण्डा स्टेट के श्री राधा कृष्ण मंदिर में धूम रही। मनमोहक झांकी सजाई गई, श्रद्धालुओं ने फिजिकल डिस्टेंसिंग का पालन करके भगवान के दर्शन किए। प्रबंधक मधुकृष्ण पाण्डेय ने बताया कि इस वर्ष कोरोना संक्रमण के चलते मंदिर प्रांगण में भीड़ नहीं लगने दी गयी। शहर के पुलिस लाइन व पीएसी मंदिर में आज जन्मोत्सव मनाया जा रहा है।



### शिवशक्ति धाम कनकारी में मनी जन्माष्टमी

रेउसा के शिवशक्ति धाम कनकारी में कृष्ण जन्माष्टमी पर सतसंग की बयार बही। लखपति देवी सम्भू दयाल इंटर कॉलेज के सभागार में महात्मा तुलसी महाराज ने प्रवचन दिया। पूर्व ब्लॉक प्रमुख चंद्र कुमार बापू, नामित मिश्रा, मनीष, हीरू, राजकुमार अवस्थी, पुतुवा बाबा, विनोद बाजपेई, राजकिशोर शुक्ला, गंगा स्वरूप मिश्रा, बबलू मौर्य, सोबरन पांडेय आदि ने तुलसी महाराज के वचनों को सुना।

## क्विक न्यूज

### तीन अपहरणकर्ता गए जेल

**सीतापुर।** थाना खैराबाद इलाके में दो दिन पूर्व मनोहर अपहरण मामले में तीन अभियुक्तों को पुलिस ने जेल भेज दिया है। खैराबाद थानाध्यक्ष अजय यादव ने बताया अपहरणकर्ता डेमू, खुषीराम, महफूज को जेल भेज दिया गया है और मारुतिवैन भी बरामद कर ली गई है।

### टॉपटेन लिस्टेड अपराधी गिरफ्तार

**सिधौली सीतापुर।** सिधौली पुलिस ने टाप टेन लिस्टड़ अपराधी को गिरतार किया। कोतवाल अनिल ने बताया इसरार पुत्र नवी को गिरतार किया जो षातिर अपराधी है जिसे जेल भेज दिया गया है।

### परिवहन बस चालक समेत तीन की मार्ग दुर्घटना में मौत

**सीतापुर।** मार्ग दुर्घटना में परिवहन बस चालक समेत तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। मंगलवार को महोली के कुसैला गांव के निकट दो बाइकों की भिडंत में अढौरी निवासी अनुज की मौके पर ही मौत हो गई थी और दूसरे घायल रामकिषन की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं खैराबाद थाना क्षेत्र में परिवहन विभाग के चालक की मौत हो गई। देवरिया डिपो मंगलवार रात दिल्ली जा रही थी हाइवे पर बिनौरा गांव के पास बस की भिडंत टैक्टरट्राली से हो गई और इलाज के दौरान देवरिया निवासी बस चालक नीरज दुबे ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### गांव में भरा पानी

**सीतापुर।** विकास खण्ड सिधौली के गांव गोधना में सिंचाई विभाग की लापरवाही के चलते बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। छोटे लाल ,दुलारे ,फकीरे, फुरकान ,साकिर, मुस्लिम, जाबिर ,अशफाक, नौशाद, अख्तर, अजीज, दोस्त मोहम्मद ,सलीम व काजीब के घरों में पानी भर गया। छोटेलाल, फकीरे व साकिर के कच्चे मकान गिर गए हैं। लेखपाल सच्चिदानंद ने बताया कि निरीक्षण करके बचाव के प्रयास किए जा रहे हैं।

### धरा गया झोलाछाप डाक्टर अब्दुल गनी

**सीतापुर।** बीते दिनों थाना मानपुर इलाके के बिरैंचा गांव में पत्रकार को पीट-पीटकर मरणासन्न करने वाले झोलाछाप डाक्टर अब्दुलगनी को मानपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी धर्मप्रकाश शुक्ला ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है जबकि तीन अन्य अभियुक्तों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

### युवक ने की आत्महत्या

**सीतापुर।** थाना थानगांव इलाके में शराब के नशे में धुत युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। तरसेवरा निवासी 24 वर्षीय अनिल पुत्र झब्बू मंगलवार रात दोस्तों के साथ शराब पीकर घर आया जिसके बाद उसका षव कमरे में लटकता मिला। पुलिस ने षव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### करंट लगने से महिला की मौत

**सीतापुर।** थाना रेउसा इलाके के गांव लोखरिहापुरवा निवासी 35 वर्षीय गीता सिंह की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। गीता पंखा चलाने के लिए प्लग लगा रही थीं। इस दौरान उनको करंट लगा।

### सात शातिरों पर लगा गैंगस्टर

**सीतापुर।** एसपी आरपी सिंह की कार्यषैली ने अपराधियों की नेकल को और तेजी से कसना षुरु कर दिया है। बुधवार को महमूदाबाद और महोली पुलिस ने 7 अभियुक्तों के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई। कोतवाल महमूदाबाद अनिल पांडेय ने बताया अभियुक्त विष्वनाथ, रानू, बलराम, जितेंद्र और महोली कोतवाल राजेंद्र षर्मा ने राजू, संजय, सलाउद्दीन पर गैंगस्टर की कार्रवाई की गई। जिनकी सम्पत्ति जब्त की जाएगी।

### असलहे संग हुआ गिरफ्तार

**सीतापुर।** लहरपुर के गांव कोरैया गंगादास में बच्चों के विवाद में फायरिंग के मामले में पुलिस ने आरोपी नीलू शुक्ला को असलहे के साथ गिरफ्तार कर लिया है। बता दें मंगलवार को बच्चों के विवाद में दो पक्षों में मारपीट हुई थी जिसमें नीलू षुक्ला ने कालिका, श्रवण आदि पर फायर झोंक दी थी।

### दो घरों से हजारों की चोरी

**सीतापुर।** अटरिया थाना क्षेत्र में चोरों ने फिर आतंक मचाया। फरीदपुर निवासी जानकी के घर से चोरों ने 9 हजार की नकदी समेत एक मोबाइल चोरी कर लिया। अटरिया कस्बा निवासी अंजू के घर से भी चोरों ने बर्तन पार दिए। पीड़ितों ने थाने में तहरीर दी है।

### मशहूर राहत इंदौरी के निधन पर साहित्य जगत में शोक

**सीतापुर।** उर्दू जुबान के मशहूर शायर राहत इंदौरी साहब के निधन से साहित्यिक जगत गम के गुबार में डूब गया है। शोक संवेदनाओं का तांता लग गया है। राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक मस्त हफीज रहानी ने संवेदनाएं व्यक्त करते हुए बताया कि राहत इन्दौरी सीतापुर के कई मुशायरों में शरीक हुए हैं, इंदौरी ने कभी पैसों का मुतालबा नहीं किया था। सलीम अबख्तर, खुश्तर रहमान खाँ, रिजवान खाँ, मंजर यासीन, आरिफमोहम्मद आरिफ, महफूज रहमानी, यासीन इब्ने उमर, बद्र सीतापुरी, जिया रहमानी, शहाब वहीद, उजर आलम, काजिम हुसेन, मिर्जा जलीस बेग, अबूजर नोमान, अन्जर हस्सान खाँ और कमरूल हक खाँ के भी षोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

### विद्युत व्यवस्था बेहाल, ग्रामीण परेशान

**लहरपुर सीतापुर।** लहरपुर तहसील क्षेत्र के चांदपुर गांव के ग्रामीणों को विद्युत व्यवस्था रूला रही है। वोल्टेज इतना लो रहता कि बल्ब दिया की तरह जलता है और पंखा के पर गिनने में आ जाते हैं। लो वोल्टेज से परेशान ग्रामीणों ने एसडीओ लहरपुर को शिकायती प़त्र देकर गांव में 100 केवीए का ट्रांसफार्मर लगवाने मांग की है। 10 दिनों में वोल्टेज न सुधरने पर ग्रामीणों ने धरना प्रदर्षन करने की चेतावनी दी है। प्रहलाद, अमर कनौजिया, पवन कुमार, रंजीत तिवारी, गोविंद प्रसाद, विनोद यादव, रेनू, नीरज कुमार, दिनेश कुमार, चंद्रिका प्रसाद, राम प्रसाद, सरोज देवी, राम मिलन, बृजेश लालता प्रसाद, प्रमोद, राकेश कुमार, ममता, राधेश्याम, सुधा, कौशल कुमार आदि 70 ग्रामीणों ने शिकायती पत्र पर साइन किया है।

### मछरेहटा के गोसइनपुरवा में तेंदुए ने दी दस्तक

**सीतापुर।** मिश्रिख तहसील क्षेत्र में तेंदुआ ने बसेरा बना लिया है। आए दिन क्षेत्र के किसी न किसी गांव में तेंदुआ दस्तक दे रहा है। तहसील क्षेत्र के कई गांवों के बाद मंगलवार की रात तेंदुआ ने मछरेहटा के गांव गोसाइनपुरवा में धावा बोला। यहां रामपाल के घर के बाहर बंधी बकरी को उठा ले गया और मार डाला। ग्रामीणों ने षोर मचाते हुए तेंदुआ को खदेड़ा, सूत्रों की माने 10 जुलाई की रात इमलिया गांव हमला करके तेंदुआ ने एक महिला को घायल कर दिया था। वन विभाग ने हमलावर तेंदुआ को पकड़ने के लिए प्रयास षुरू कर दिए हैं। रेंजर प्रदीप अवस्थी ने बताया कि विभाग के कर्मचारी क्षेत्र में काम्बिंग कर रहे हैं, पिंजड़ा भी लगा दिया गया है।

# शाहजहांपुर में तीस मरीज मिले कोरोना वायरस से संक्रमित

संवाददाता। शाहजहांपुर

**जिले में** बुधवार को कोरोना वायरस संक्रमण के चलते एक और पत्रकार की मौत हो गई मृतक सतीश चंद गुप्ता कुछ दिन पूर्व कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए थे जिसके बाद उनको मेडिकल कॉलेज लखनऊ में भर्ती करा दिया जहां, वह आईसीयू में रखे थे । मृतक कई समाचार पत्रों में कार्य कर चुके हैं। वर्तमान में वे गांधी साप्ताहिक मे सहायक संपादक के रूप में कार्य कर रहे हैं। इसके साथ ही जिले में सरकारी कर्मचारी व व्यापारी तथा आम लोगो में तीस लोग में कोरोना वायरस की पुष्टि हुई कोरोना वायरस के पॉजिटिव मरीजों के मिलने से स्वाथ्य विभाग के अधिकारीयों की मुश्किलों में इजाफा हुआ जिले के अलग अलग ब्लाकों में मरीजों की तादात 1795 हो गई है इसमें एक हजार से ज्यादा एक्टिव मरीज है जबकि 728 मरीजो को उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया है । इसके साथ जिले में अबतक 18 कोरोना संक्रमण से संक्रमित मरीजों की मौत हो चुकी है मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया जिले में अबतक छह हजार से ज्यादा मरीजों का सैम्पल लिया गया । कई ब्लाकों में कोरोना संकरण से संक्रमित मरीज मिलने के बाद जिला अधिकारी के आदेश पर ढाई सौ मीटर के दायरे में आने वाले क्षेत्र को सील कर सेनेटाइज किया गया । एरिया को सील कर लोगो को घरों से निकलने से मना किया गया है इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने लोगो का स्वास्थ्य चेकअप कर डाटा तैयार किया । **जिले में 15 ब्लाकों में से 14 में कोरोना संक्रमित मरीज**

जिले में 15 ब्लाकों में 14 ब्लाक में कोरोना संक्रमित मरीजों मिलने से स्वास्थ्य विभाग की मुश्किलों में इजाफा हुआ है । अब केवल सिधौली ब्लाक में कोरोना संक्रमित न पाए जाने से इस ब्लाक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व पुलिस तथा बाशिंदे कोरोना के संक्रमण न पाए जाने से कुछ राहत महसूस कर रहे है स्वास्थ्य विभाग की टीम इन ब्लाकों में आ रहे मजदूरों की जानकारी लेकर उनके सिस्टम पर पैनी नजर बनाए है।

## कंटेनमेंट जोन को सेनेटाइज कर किया सील

**बिंदकी ( फतेहपुर )।** कोरोना वायरस संक्रमण लगातार बढ़ता जा रहा है। एक और कोरोना पॉजिटिव केस मिलने के बाद कंटेनमेंट जोन को सैनेटाइज कर सील कर दिया गया है। लोगों से कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव की हिदायत दी गई है। नगर में अब तक कुल 19 कंटेंटमेंट जोन घोषित हो चुके है। जिनकी पुष्टि अधिकारी कर चुके हैं। नगर में कोरोना वायरस संक्रमण लगातार बढ़ता जा रहा है। नगर के मोहल्ला जहानपुर में में एक युवक के कोरोना पॉजिटिव होने की पुष्टि के बाद नगर पालिका परिषद के सफाई इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह, कस्बा लेखपाल भान सिंह तथा सफाई नायक रोशन दुबे, धर्मेंद्र सोनकर आदि लोग सफाई कर्मचारियों के साथ जहान पुर मोहल्ला पहुचे। मोहल्ले के रास्तो गलियों तथा मकानों तथा प्रतिष्ठानों के बाहर सैनेटाइज किया गया तथा बांस बल्ली लगाकर कंटेंनमेंट जोन को सील कर दिया गया ताकि आवागमन ना हो सके और लोग कोरोना वायरस संक्रमण से बच सकें।

## एसडीएम ने किया बाढ़ ग्रस्त गांवों का निरीक्षण



**तिकुनियां-खीरी।** पहाड़ों पर हुई मूसलाधार बारिश से मोहाना नदी ने अपना रौद्र रूप धारण कर लिया है। क्षेत्र में बाढ़ ने दोबारा दस्तक दे दी है जिससे क्षेत्र के रननगर, दाराबोझी, इंदरनगर, जनकपुर गौढ़ी व बनवीरपुर बाढ़ का पानी भर गया है। गंगानगर डाक्टर घाट पर बसे डा. सुरेन्द्र सिंह का परिवार पलायन कर रहा है। कौड़ियाला मार्ग पर रपटा पर पानी तेज धार से बह रहा है जिससे सैकड़ों एकड़ धान व गन्ने की फसल का नुकसान हुआ है। नदी के कटान से कृषि योग्य जमीन व घर नदी के भेंट चढ़ गये। लोग क्षेत्र से पलायन करने पर लगे हैं। क्षेत्र के बाढ़ग्रस्त गांवों का एसडीएम ओपी गुप्ता ने भ्रमण किया। बाढ़ग्रस्त गांव जनकपुर, रननगर, बनवीरपुर, बेलापरसुआ आदि का भ्रमण किया गया। साथ ही ग्राम प्रधान मलूक सिंह सहित ग्राम वासियों से जानकारी ली और बाढ़ से जो लोग प्रभावित हैं उन्हें राशन वितरण एवं अन्य शासकीय सुविधाओं को तत्काल मुहैया कराए जाने का आश्वासन दिया। इस दौरान संबंधित ग्रामों के लेखपाल व सीएचसी प्रभारी लालजी पासी भी मौजूद रहे।

## शिविर लगाकर किया गया परीक्षण



**मैलानी-खीरी।** कोरोना वाइरस के चलते जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर चिकित्सकों की टीम ने मैलानी के सच्चिदानन्द धर्मशाला में पहुंचकर शिविर लगाकर निशुल्क कोरोना परीक्षण के दौरान 50 लोगों का सैम्पल लिया। इसमें सभी लोगों की रिपोर्ट निगेटिव आई। चिकित्सको की टीम में मैलानी चिकित्सा प्रभारी डा. संजीव कुमार, फार्मासिस्ट तुषार वर्मा, लखीमपुर से आये डा. नुसरत अभिषेक, एल टेक्नीशियन गुफरान, फार्मासिस्ट लैब टेक्नीशियन संघ कुमार व स्टाफ नर्स सोनी शर्मा मौजूद रही। परीक्षण के दौरान नगर पंचायत पति देवेंद्र प्रताप भी मौजूद रहे। इस दौरान नगर पंचायत कर्मचारियों ने कोरोना परीक्षण कराया जिसमें सभी लोगों की रिपोर्ट निगेटिव आई है।

## विहिप का मनाया गया स्थापना दिवस



**मोहम्मदी-खीरी।** विश्व हिंदू परिषद के स्थापना दिवस के अवसर पर नगर मोहम्मदी में अनुराग बाजपेई सह जिला संयोजक विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के आवास पर नगर कार्यालय का उद्घाटन जिलाध्यक्ष बांके बिहारी दीक्षित के द्वारा नारियल तोड़ व विधायक मोहम्मदी लोकेन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा फीता काट कर किया गया। प्रांत सहमंत्री ब्रजेश पाण्डेय के नेतृत्व में बैठक की गयी। जिसमें जिलाध्यक्ष बांके बिहारी दीक्षित एवं अनुराग बाजपेई सह जिला संयोजक द्वारा संगठन के सभी कार्यकर्ताओं को स्थापना दिवस की जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष भाजपा ज्योतिर्मय बरतरिया, जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा शैलेश तिवारी, दिनेश गुप्ता, वैभव प्रताप सिंह, पूर्व जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा, नगर संयोजक आशुतोष गुप्ता, राघवेंद्र सिंह, शिवेंद्र सिंह शिब्बू व सभी नगर कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

## कुर्की का आदेश किया चस्पा



**सिंगाही-खीरी।** डेढ़ साल पहले दर्ज मुकदमें में फरार चल रहे आरोपी के घर पर न्यायालय की ओर से जारी कुर्की के आदेश को पुलिस ने चस्पा किया है। भैरीडा निवासी रामकुमार पर दहेज हत्या का मुकदमा 23 मार्च 2019 को सिंगाही थाने में पंजीकृत किया गया था। अपर जिला न्यायाधीश ने फरार आरोपी के खिलाफ कुर्की का नोटिस जारी किया। विवेचक एवं सीओ प्रदीप कुमार वर्मा के आदेश पर बुधवार को कस्बा इंचार्ज बाबूराम ने आरोपी के घर कुर्की नोटिस चस्पा कर दी।

## जन्माष्टमी कार्यक्रम में आनलाइन सहभागिता की



**लखीमपुर-खीरी।** लखनऊ पब्लिक स्कूल में कृष्ण जन्माष्टमी हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। प्रधानाचार्य विजय सचदेवा ने दीप प्रज्जवलित किया। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षिकाओं एवं प्री प्राइमरी इंचार्ज नेहा मेहरोत्रा ने 'अक्षतम केशवम कृष्ण दामोदरम' आरती की सुंदर प्रस्तुति की। इस कार्यक्रम को स्कूल के नन्हें-मुन्ने बच्चों ने आनलाइन देखा एवं ऑनलाइन अपनी सहभागिता भी की। केजी कक्षा की श्रेया मिश्रा ने ऑनलाइन 'यशोमती मैया से बोले नंद लाला' पर मनमोहक गीत प्रस्तुत किया। नर्सरी व केजी कक्षा के हिमान्या, आरोही, आराध्य, अभय, अर्पित, आभास, आराध्या निगम, संपन्न अग्रवाल, अभिवर्धनम ने राधा, कृष्ण यशोदा, सुदामा आदि का सुंदर रूप धारण किया। एंजल कक्षा प्रथम ने आनलाइन अपने गीत पर उत्कृष्ट नृत्य प्रस्तुत किया। इस तरह से नन्हें-मुन्ने बच्चों ने कोरोना महामारी के दौर में भी अपने घरों में ही रहकर कृष्ण-जन्मोत्सव को अत्यंत हर्ष व उल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम में सोशल डिस्टेंसिंग का पूर्णता पालन किया गया। न्यूनतम शिक्षकों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रधानाचार्य विजय सचदेवा ने कृष्ण जन्मोत्सव के पावन पर्व की सभी को शुभकामनाएं दीं।

# वन स्टाप सेंटर में पुरुषों के प्रवेश पर होगी पाबंदी: डीएम

- डीएम ने स्टाप सेंटर का औचक निरीक्षण
- कैमरों के कंट्रोल रूम को भी देखा

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



मंगलवार को जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित आपकी सखी वन स्टाप सेंटर का औचक निरीक्षण किया और संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने वन स्टाप सेंटर में स्थापित विभिन्न कक्षों यथा पुलिस चौकी, प्रशासक कक्ष, अल्पावास गृह कक्ष, चिकित्सा सहायता कक्ष व कोविड हेल्प डेस्क सहित पूरे परिसर का विधिवत निरीक्षण किया। वहां कार्यरत स्टाफ से उनके कार्य दायित्वों के संबंध में जानकारी ली। डीएम ने वन स्टाप सेंटर की सेंट्रल मैनेजर रश्मि चौबे को निर्देशित किया कि इस सेंटर में पुरुषों के प्रवेश पर पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने कहा कि किसी भी असुविधा की दशा में वह तत्काल जिला प्रोबेशन अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी को अवगत कराएंगे जिससे त्वरित उसका निदान कराया जा सके। उन्होंने परिसर में लगे कैमरों के कंट्रोल रूम को भी देखा। डीएम ने सेंट्रल मैनेजर समेत पूरे स्टाफ को पूरी निष्ठा के साथ अपने कार्य दायित्वों को निष्पादन करने हेतु निर्देशित किया।

उन्होंने कहा कि यह एक अत्यंत संवेदनशील संस्थान है इसलिए यहां सतत निगरानी की महती आवश्यकता है। महिलाओं के साथ बढ़ती अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने, महिलाओं को न्याय दिलाने और समाज की मुख्यधारा में शामिल करने के लिए भारत सरकार की योजना 'वन स्टाप योजना' के अंतर्गत इसका संचालन किया जा रहा है। इस मौके पर जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार निगम ने इस योजना का मकसद के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हिंसा पीड़ित महिलाओं, बालिकाओं को एक ही छत के नीचे सहायता और सहयोग प्रदान किया जाता है। घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, मानव तस्करी, दहेज उत्पीड़न से पीड़ित महिलाओं को सहायता देने के साथ-साथ पीड़िताओं को चिकित्सकीय, विधिक सहायता, परामर्श, काउंसिलिंग और पुलिस परामर्श भी उपलब्ध कराया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार निगम, पुलिस क्षेत्राधिकारी तिवारी व महिला कल्याण अधिकारी आर्य मित्रा बिष्ट मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### जनपद में आज 36 और कोरोना धनात्मक

**फतेहपुर।** कोरोना वायरस संक्रमितो की ताजा रिपोर्ट में पिछले 24 घण्टे के दौरान जनपद में 36 और संक्रमितो की पुष्टि हुई है। जनपद में कोरोना के ऐक्टिव केस बढ़कर 262 हो गये हैं। वहीं स्वस्थ्य होने वालों की संख्या 503 है। कुल कोरोना संक्रमितों की संख्या 801 हो चुकी है। गौर तलब है कि जिले में कोरोना का संक्रमण थमने का नाम नहीं ले रहा है। रोजाना संक्रमितों की संख्या में इजाफा हो रहा है। कहा जा सकता है कि संक्रमण रोकने के बाबत् जहां सरकारी प्रयास नाकाफी साबित हो रहे हैं। वहीं आम जनमानस इस मद में गम्भीर ही नहीं है। ऐसी सम्भावनाओं से इन्कार नहीं किया जा सकता कि निकट भविष्य में हालात और भयावह हो सकतें हैं।

### कच्ची छत ढहने से वृद्धा की दबकर मौत

**फतेहपुर।** वर्षा ऋतु में प्रत्येक वर्ष घर गिरी की घटनाएं प्रकाश में आती हैं। इस वर्ष भी कई स्थानों पर अब तक घर गिरी की घटनाएं हो चुकी है। जिसमें कई लोग अपनी जान भी गवां चुके हैं। मंगलवार की देर रात ऐसी ही एक घटना फिर प्रकाश में आयी। कल्यानपुर थाना क्षेत्र रेवाड़ी बुजुर्ग गांव में रात करीब ढाई बजे कच्चे मकान की छत गिरने से 60 वर्षीय वृद्धा की मलबे में दबकर मौत हो गई। जिससे परिजनों के बीच कोहराम मच गया। गृहस्थी का सामान भी नष्ट हो गया। जानकारी के अनुसार रेवाड़ी बुजुर्ग गांव निवासी युसुफका कच्चा मकान है। मंगलवार की रात उसकी पत्नी 60 वर्षीय कमरुलनिशा घर पर सो रही थी। तभी रात ढाई बजे अचानक कच्ची छत भरभरा कर गिर गई। जिसके मलबे में वृद्धा दब गयी। चीख-पुकार सुनकर आये ग्रामीणों ने तत्काल घटना की जानकारी पुलिस को दी और मलबा हटाने का प्रयास शुरू कर दिया। जब तक महिला को बाहर निकाला गया तब तक उसकी मौत हो गयी थी। वृद्धा का शव देखकर परिजनों के बीच कोहराम मच गया। उनका रो-रोकर बुरा हाल रहा। उधर छत ढहने से गृहस्थी भी पूरी तरह बर्बाद हो गयी। प्रभारी निरीक्षक कल्यानपुर अनूप सिंह ने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन के लिए भेज दिया है।

### बेकाबू ट्रक की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ की मौत

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के सुल्ताननगर हाईवे पर बुधवार की शाम बेकाबू ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिसमें लगभग 45 वर्षीय एक अधेड़ की मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने चालक को ट्रक सहित हिरासत में ले लिया। जानकारी के अनुसार मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम धर्मपुर मजरे असवार तारापुर गांव निवासी राज बहादुर का पुत्र राम प्रताप की बड़ी पुत्री राजकुमारी पत्नी राहुल निवासी पछली थाना हुसैनगंज में ब्याही है। जिसकी पुत्री की आज छठी होने के कारण राम प्रताप, उसकी पत्नी रामपति व घर के अन्य सदस्य तथा गांव के ही एक युवक के साथ ज्वालागंज से विक्रम में बैठकर पुत्री की ससुराल जा रहे थे। जबकि राम प्रताप साथी के साथ मोटरसाइकिल में बैठकर जा रहा था। सुल्तानपुर के समीप सवारी भरने के लिए विक्रम रूका तभी आगे राम प्रताप भी रूक गया। इसी बीच पीछे बैठा साथी उतर गया। तभी अचानक पीछे से तेज रफ्तार आ रहे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे अधेड़ की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना कर भाग रहे चालक को पुलिस ने ट्रक सहित हिरासत में ले लिया है। हादसे के बाद जहां मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### पत्नी से झगड़ कर युवक ने फांसी लगा दी जान

**फतेहपुर।** मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम रैना में मंगलवार की रात पत्नी से लड़ने के बाद लगभग 32 वर्षीय एक युवक ने घर के अंदर धन्नी से फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार रैना गांव निवासी दयाराम पुत्र गजराज की शादी पांच वर्ष पूर्व ललिता से हुई थी। बताते हैं कि इतने साल बीत जाने के बावजूद भी जब वह मां न बन सकी तो दोनों के बीच अनबन रहने लगी। देर रात किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच झगड़ा हो गया। जिस पर दयाराम ने उस वक्त घर के अंदर धन्नी में रस्सी का फंदा डाल फांसी पर लटक गया जब घर के सभी लोग गहरी नींद सो रहे थे। सुबह जब परिजनों की नींद खुली तो सभी के पैरों तले जमीन खिसक गयी। दयाराम का शव फांसी पर लटक रहा था तभी इसकी सूचना क्षेत्रीय पुलिस को दे दी। घटनास्थल आयी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। हादसे के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया।

### 32 पर शांति भंग की कार्रवाई

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत बुधवार की सुबह आधा दर्जन से अधिक थानों की पुलिस ने दो दर्जन से अधिक लोगों के विरूद्ध 151 के तहत कार्रवाई की है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार बिन्दकी कोतवाली प्रभारी एक, बकेवर एक, किशनपुर चार, खखरेरू दो, सुल्तानपुर घोष तीन, ललौली पांच, थरियांव पांच, हथगाम तीन, असोथर एक तथा हुसैनगंज थानाध्यक्ष ने छह लोगों के विरूद्ध शांति भंग के तहत कार्रवाई की है।

## कोरोना से जंग: गुलाबी गैंग लोकतान्त्रिक ने महिलाओं को वितरित किये मास्क



**बहुआ ( फतेहपुर )।** गुलाबी गैंग लोकतान्त्रिक द्वारा प्रसारित सावधानी अभी बहुत जरुरी है जागरूकता पहल के तहत अध्यक्ष हेमलता पटेल के नेतृत्व में महिलाओं को मास्क वितरित किये गए। अध्यक्ष नें कहा कि कोरोना महामारी दिन प्रतिदिन अपने पैर पसार रही है, देश में कोरोना मामलों की संख्या 22 लाख के पार जा पहुंची है, ऐसे मे स्वास्थ्य व्यवस्था इंतजाम भी नाकाफी साबित हो रहे हैं, भारत व अन्य कई देश कोरोना महामारी से बचाव हेतु वैक्सीन का परीक्षण कर रहें हैं जिसकी सफलता दर की अनुकूल खबरे भी प्राप्त हुई हैं परन्तु अभी भी लोगों को अत्यधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है क्योंकि संक्रमण की रफ्तार बहुत तेज है और स्वयं से सावधानी बरतते हुए मास्क का प्रयोग व उचित सामाजिक दूरी बना कर संक्रमण को अधिक फैलने से रोका जा सकता है। इसके लिए आज हमने महिलाओं को मास्क वितरित करते हुए पुनः जागरूक किया एवं सरकार से हमारी यह मांग है की स्वास्थ्य व्यवस्था के पर्याप्त इंतजाम किए जाएं। इस दौरान सरला सिंह, सुमन, रेखा, काजल, प्रीती, सुधा, संयोगिता, राजरानी आदि महिलाएं मौजूद रहीं।

# रात के अंधेरे में हरे पेड़ों पर चल रहे आरे व कुल्हाड़े

संवाददाता। फतेहपुर

- पुलिस व वन विभाग ने धारण किया मौन

**जिले में हरे** पेड़ों की कटान वन विभाग व पुलिस की सांठगांठ से लंबे समय से होती आ रही है। लाख प्रयासों के बावजूद पेड़ों की कटान पर रोक नहीं लग पा रही है। एक ओर शासन-प्रशासन हर साल नए पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित करता है और उसी के तहत लाखों की तादाद में पौधे रोपित किए जाते हैं।

वहीं दूसरी ओर हरियाली के दुश्मन पेड़ों पर दिन रात आरे कुल्हाड़े चटकाते रहते हैं। पेड़ों की कटान का ही नतीजा है कि दूर-दराज के गांवों में कोयले की भट्ठियां अभी भी धधक रही है। इस ओर न तो पुलिस का ध्यान जा रहा है और ना ही वन विभाग कोई कार्रवाई कर रहा है। आंख फेरने के बदले इन्हें संचालकों द्वारा मोटी रकमें दी जा रही हैं।

जिले में साल दर साल पौधरोपण तो होता है लेकिन जितनी तादाद में पौधे रोपित किए जाते हैं उसके सापेक्ष हरियाली कहीं दिखाई नहीं पड़ती। जनपद के 13 विकास खंडों की आठ सौ चालीस ग्राम पंचायतों से गठित जिले में शहरी व ग्रामीण इलाके की आबादी 29 लाख के पार है। हर साल की तरह इस वर्ष भी 35 लाख के करीब पौध रोपित किए गए। रोपित किए गए इन पेड़ों को बचाने के लिए जिलाधिकारी संजीव सिंह ने नई कवायद शुरू की है। ग्राम पंचायत से लेकर ब्लॉक स्तर पर कर्मचारियों व अधिकारियों की जवाबदेही तय की जा रही है कि जो पेड़ लगाए जाएंगे उन्हें पाल पोष कर बड़ा भी करना है। केवल पौधे लगाकर कागजी खानापूरी नहीं की जानी है। इतना ही नहीं जिलाधिकारी ने अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पर्यावरणविद् पीपल बाबा से भी पौधों को बचाने के लिए कई चरणों में वार्ता की है। पीपल बाबा जनपद आकर यहां की मिट्टी व भौगोलिक स्थिति का आकलन कर अपना मार्गदर्शन दे चुके हैं। जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायतों की अवैध कब्जों से मुक्त होकर खाली हो रहीं सरकारी जमीनों पर क्लस्टर रूप में बरगद, पीपल, सहजन, पाकर आदि के पौधे रोपित किए जाने की योजना बनाई है। सब ठीक-ठाक रहा तो पीपल बाबा के फार्मूले को अपनाकर जिले को हरा-भरा किया जाएगा। इसकी जिलाधिकारी ने पूरी कार्ययोजना बना ली है और अंतिम दौर की वार्ता व कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया जाना है।अब तक जिले में हरियाली के रखवाले ही मनमानी करते आए हैं। पेड़ कटान के मामले में हथगांव, हुसैनगंज, सुल्तानपुर घोष, जाफरगंज, जहानाबाद, चांदपुर, गाजीपुर, मलवा, ललौली, सहित एक दर्जन के करीब थाना क्षेत्र ऐसे रहे हैं जहां बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटान हमेंशा से होती आ रही है। बड़ा खेल खेलने के लिए विभाग के अधिकारी भी पूरी सहभागिता निभाते रहे हैं और इसी का नतीजा रहा कि बिना प्रतिबंध वाले पेड़ों को काटने के लिए एक दो पेड़ों की अनुमति लेने के बाद लकड़ी के ठेकेदारों ने बाग के बाग उजाड़ दिए और इसके लिए थाना पुलिस को हर पेड़ के हिसाब से पैसा दिया जाता रहा है। शिकवा शिकायत होने पर जांच कागजों तक में सिमट कर रह गई। नतीजतन हरियाली के रखवाले तमाशा देखते रहे। पर्यावरण असंतुलन एवं बे मौसम हो रही बरसात, जाड़ा, गर्मी अंधाधुंध पेड़ों की कटान का ही नतीजा है। पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधे रोपित करने होंगे और इसके लिए आम जनता को भी आगे आना होगा। पौध रोपित करने से ज्यादा उनके संरक्षण व पालन पोषण की आवश्यकता है। जिससे रोपे जाने वाले पौधों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में बचाया जा सके। जिला प्रशासन को भी कड़े कदम उठाने होंगे और पेड़ों की कटान करने वालों पर सख्ती से कार्रवाई कर उन्हें जेल की सलाखों तक भेजना होगा और तो और पुलिस प्रशासन के जिम्मेदारों को भी इस ओर ठोस कदम उठाने होंगे। थाना पुलिस की सांठगांठ से होने वाले पेड़ कटान को रोकने के लिए कार्ययोजना बनाकर आगे बढ़ना होगा और दोषियों पर कार्रवाई करनी होगी तभी हरियाली को बचाया जा सकेगा।

# मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल सहित तीन के खिलाफ मामला दर्ज

संवाददाता। शाहजहांपुर

**रुहेलखंड** (वरुण अर्जुन) मेडिकल कॉलेज की बीएससी नर्सिंग की एक छात्रा के छत से कूद कर आत्महत्या के प्रयास के मामले में छात्रा की माँ की तहरीर पर पुलिस ने मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल सहित तीन के खिलाफमामला दर्ज किया

इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए क्षेत्राधिकारी तिलहर ने बताया बीएससी नर्सिंग की छात्रा की माँ की तहरीर पर मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल ए के शुक्ला, एम् एस केजी पाल सहित डॉ राकेश पाल के खिलाफधारा 342 ,596 के तहत मामला दर्ज कर जाँच की जा रही इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए उप जिला अधिकारी तिलहर ने बताया रुहेलखंड (वरुण अर्जुन) मेडिकल कॉलेज की बीएससी नर्सिंग की छात्रा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है उसके पेअर में कूदने की वजह से फैक्चर हो गया है उसका उपचार जारी है ज्ञात हो बाईट दिवस तिलहर इलाके में बंथरा गांव के पास हाईवे किनारे रुहेलखंड (वरुण अर्जुन) मेडिकल कॉलेज में कोविड 19 हास्पिटल में मेडिकल कॉलेज में बीएससी नर्सिंग की एक छात्रा अचानक पहली मंजिल से नीचे कूद गई थी । वह पलिया लखीमपुर की रहने वाली है। जमीन पर गिरने से उसकी गर्दन और पीठ में गंभीर चोटें आईं। जिसको जिला अस्पताल में भर्ती कराया है सूत्रों के मुताबिक छात्रा की ड्यूटी कोविड अस्पताल में लगाई गई थी लेकिन सुविधाएं नहीं बढ़ाई गईं। इसको लेकर वह मानसिक तनाव में आ गई और आत्मघाती कदम उठा लिया।



इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए तिलहर प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया कि छात्रा की ड्यूटी कोविड सेंटर में लगाने को लेकर घटना हुई थी । छात्रा कोविड में ड्यूटी नहीं करना चाहती थी। इस घटना को लेकर दो वीडियो वायरल हुए हैं। एक वीडियो में घायल छात्रा को कुछ लड़कियां उठाकर ले जा रही हैं। दूसरे वीडियो में छात्रा अपनी समस्या बता रही है। छात्रा कल्पना को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है उसके पेअर में फैक्चर आया है उसका इलाज जारी है

# नीमगांव थाने से फरार हो गया गौकशी का अभियुक्त

- फरार अभियुक्त कई मामलों में पकड़ा जा चुका है
- चार लोगों को पकड़कर लाई थी पुलिस

संवाददाता। बेहजम-खीरी

**एक तरफ खीरी** पुलिस को अपराधियों को पकड़ने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाना पड़ता है तो वहीं जिले के कुछ ऐसे थाने हैं जहां पकड़कर लाए गए अभियुक्त थाने से फरार हो जाते हैं। नीमगांव थाने में कुछ ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है। गौकशी मामले में पकड़कर लाया गया अभियुक्त थाने से फरार हो गया। बताते चलें कि मंगलवार को नीमगांव पुलिस गौकशी मामले में चार आरोपियों को पकड़कर थाने लाई थी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिसमे एक आरोपी पुलिस को चकमा देकर बुधवार की सुबह थाने से फरार हो गया। फरार आरोपी नीमगांव थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव में अपने जीजा के घर रह कर ऐसी घटना को अंजाम दे रहा था अब पुलिस अन्य तीन आरोपियों को जेल भेजने की तैयारी में है। इसके बावजूद भी नीमगांव पुलिस की जोरदार धरपकड़ जारी है। जिसमें बेहजम चौकी क्षेत्र से भी एक आरोपी रारी निवासी शादाब पुत्र नदीम को उठाया गया। पुलिस द्वारा उसको जेल न भेजकर उससे मोटी रकम वसूल करने का जरिया बनाया जा रहा है जबकि गोकशी के मामले में पकड़ा गया अभियुक्त कई बार गोकशी के मामले में जेल जा चुका है। गोकशी के मामले में क्षेत्र में एक सरगना के तौर पर कार्य करता है। उसके बावजूद भी नीमगांव पुलिस इसको जेल भेजने से क्यों कतरा रही है। गोकशी के मामले में तीन आरोपियों को सिर्फ क्यों जेल भेजा जा रहा है। शेष गोकशी के मामले में लिफ्ट आरोपी थाने से भी फरार हो रहे हैं। इस घटना में लिप्त आरोपियों की निरंतर गिरफ्तारी की जा रही है। उनको क्यों नहीं जेल भेजा जा रहा है जो पुलिस अभिरक्षा में मौजूद है। गौकशी मामले में कितने अभियुक्त शामिल हैं और अभी तक कितने लोग पकड़े गए हैं। इसका खुलासा प्रभारी इंस्पेक्टर करने से कतरा रहे हैं।

## विधायक ने किया बाढ़ग्रस्त क्षेत्र का निरीक्षण

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** गोला विधानसभा के अंतर्गत ब्लाक बिजुआ के मेहंदी, जौहरा, करसौर, कोरियानी, रेवतीपुरवा, डम्बल टांडा, रमेश्वरापुर, बझेड़ा तक विधायक अरविंद गिरि, जिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह, उपजाधिकारी अखिलेश यादव एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बाढ़, कटान व पूर्व निर्मित परियोजनाओं को सुरक्षित करने हेतु स्थलीय निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर वेद दीक्षित, प्रभाकर शर्मा, विधायक प्रतिनिधि जवाहर वर्मा, प्रधान मेहंदी, खरसौर, रूरा सुल्तानपुर, मालपुर, गोंदिया, बझेड़ा, बिग्गी सिंह, पप्पू सिंह, भोली गिरी, दिलीप यादव व शिवम आदि बाढ़ पीड़ित परिवार उपस्थित रहे।

# फर्रुखाबाद में जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित 22 पॉजिटिव

संवाददाता। फर्रूखाबाद

**पिछले** 24 घण्टों में जिला कार्यक्रम अधिकारी भरत प्रसाद के साथ 22 नए कोरोना संक्रमितों की पहचान होने के बाद जिले में अब कोरोना पॉजटिवों की संख्या 709 हो गयी।

अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि जिले में पिछले 24 घण्टों के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी भरत प्रसाद कोरोना पॉजटिव पाए गए। इसके साथ ही फर्रूखाबाद-फतेहगढ़ शहर के मोहल्ला सखावत हुसैन में तीन, बहादुरगंज तराई में एक, बरौन में एक, मोहल्ला शमशेर खानी में एक, बजरिया सुभाषनगर में तीन, हाथारोशन में एक, आवास विकास कालोनी में एक, रसीदपुर बढ़पुर में दो, नगला खैरबन्द में एक, नेकपुर चौरासी में एक, नेकपुर कलां में एक कोरोना संक्रमित पाए गए।

कमालगंज कस्बे के आजाद नगर में दो, शमसाबाद के ग्राम हस्नापुर में एक, मोहम्मदाबाद में एक, कायमगंज के नगला हरिबाबू में एक कोरोना पॉजटिव जांचोपरांत पाए गए।

प्रवक्ता ने बताया कि यह सभी किसी न किसी कोरोना पॉजटिव के सम्पर्क में आने से कोरोना संक्रमित हो गए। इन सभी कोरोना संक्रमित मरीजों को अलग-अलग कोविड-19 एल-1 अस्तपालों में उपचार के लिये भेजा गया।

जिला प्रशासन के प्रवक्ता ने बताया कि जिले में कोरोना संक्रमितों की संख्या बढ़कर 709 में से 420 लोग ठीक होकर अपने-अपने घरों को चले गए इसके साथ ही 47 प्रतिष्ठित लोगों को होम क्वारेंटाइन कर किया गया। जिसमें 13 लोगों की मौत हो गयी तथा 236 एक्टिव मरीजों का उपचार चल रहा है।

# कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में अनुपस्थित कर्मचारियों पर लटकी तलवार

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**कस्तूरबा** गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों की प्रेरणा पोर्टल पर उपस्थिति की स्थिति बहुत ही खराब है। इस पर परियोजना निदेशक ने नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने शत-प्रतिशत शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति की जिम्मेदारी बीएसए और डीसी को दी है। शत-प्रतिशत उपस्थिति न होने पर बीएसए और डीसी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण के चलते हैं विद्यालयों में छात्र-छात्रा छात्राओं का अवकाश चला है।

शिक्षक-शिक्षिकाओं के अलावा शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को विद्यालयों में समय से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में शिक्षक-शिक्षिकाओं के अलावा अन्य शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को प्रेरणा पोर्टल पर ओपनिंग और क्लोजिंग की सेल्फी भेजने के निर्देश दिए गए हैं। परियोजना से समीक्षा की गई तो जनपद की हालत बहुत ही दयनीय निकली। इस पर राज्य परियोजना निदेशक ने नाराजगी व्यक्त की है। जिले में कमालगंज, कायमगंज, राजेपुर, षमषाबाद और नवाबगंज कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में षिक्षक षिक्षिकाओं समेत 63 कर्मचारी तैनात है।

पिछले माह जब विद्यालय के स्टाफकी प्रेरणा पोर्टल पर उपस्थिति की स्थिति देखी गई तो सुबह के समय 44 कर्मचारियों ने उपस्थिति दर्ज कराई। षाम के समय में 4 कर्मचारियों की उपस्थिति समय से दर्ज की गई। 63 में से 19 स्टाफ डिफाल्टर घोशित किया गया । जो लगातार अनुपस्थित चल रहे हैं। 39 कर्मचारी के विद्यालय में देर से आने की सूचना दर्ज की गई। वही चार कर्मचारियों को समय से पहले स्कूल छोड़ने की जानकारी फीड की है। परियोजना की तरफ से बीएसए और डीसी को जिम्मेदारी दी गई है कि वह समय बद्ध तरीके से षत-प्रतिषत उपस्थिति दर्ज कराना सुनिष्चित करें। अन्यथा की स्थिति में बीएसए और डीसी जिम्मेदार होंगे। बीएसए लाल जी यादव ने बताया कि परियोजना से पत्र मिल गया है ।जिला समन्वयक बालिका शिक्षा को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में षत प्रतिषत स्टाफ की उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देष दिए गए हैं। लगातार अनुपस्थित चल रहे हैं शिक्षकों के अलावा अन्य कर्मचारियों पर कार्रवाई की तैयारी की जाएगी।

## 5758 शिक्षकों के सत्यापन का कार्य पूर्ण करने के निर्देश

**फर्रूखाबाद।** शासन के निर्देश के बावजूद परिषदीय प्राथमिक स्कूलों में कार्यरत शिक्षामित्रों और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में तैनात अंशकालिक अनुदेशकों के शैक्षिक प्रमाणपत्रों और आधार के सत्यापन का काम सुस्त गति से चल रहा है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया है कि सत्यापन 31 अगस्त तक पूरा कर लिया जाए। प्राथमिक स्कूलों में 2596 शिक्षको और 1668 शिक्षा मित्र व पूर्व माध्यमिक स्कूलों के 1230 शिक्षकों, 264 अनुदेशकों की तैनाती है। फर्जी नियुक्तियों पर नकेल कसने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग इनके सेवा विवरण को मानव संपदा पोर्टल पर अपलोड करा रहा है। साथ ही, उनके शैक्षिक प्रमाणपत्रों और आधार का सत्यापन भी करा रहा है। बेसिक शिक्षा विभाग ने 27 जून को शासनादेश जारी कर शिक्षामित्रों और अनुदेशकों का सेवा विवरण मानव संपदा पोर्टल पर अपलोड करने के साथ उनके डाटा और अभिलेखों का सत्यापन कराने का निर्देश दिया था। इसके क्रम में सर्व शिक्षा अभियान के राज्य परियोजना कार्यालय ने विगत तीन जुलाई को शिक्षामित्रों और अनुदेशकों का आधार सत्यापन और फिंगर प्रिंट स्कैनर खरीदने के बारे में निर्देश जारी किए थे। हाल ही में सर्व शिक्षा अभियान के राज्य परियोजना कार्यालय की ओर से की गई समीक्षा में शिक्षामित्रों और अनुदेशकों के प्रमाणपत्रों और आधार सत्यापन की स्थिति को असंतोषजनक पाया गया। इस पर माहानिदेशक ने नाराजगी व्यक्त की है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने 31 अगस्त की मियाद तय करते हुए बीएसए और डायट प्राचार्य को इसकी निगरानी करने का निर्देश दिया है। बीएसए लालजी यादव ने बताया कि सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों को 31 अगस्त तक सत्यापन कार्य पूर्ण करने के निर्देश दे दिए गए है।

# महिला की मौत के मामले में पति व सास सहित तीन पर रिपोर्ट

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**स्वर्गधाम** में अंतिम संस्कार रुकवाकर पुलिस ने मंगलवार देर शाम महिला का शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया था। उसके पिता की ओर से पति व सास सहित तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पिता के मौजूद न होने से बुधवार को पोस्टमार्टम नहीं हो सका।

जनपद शाहजहांपुर थाना रौजा के गांव लोधीपुर निवासी युवक आकाश मिश्रा ने करीब डेढ़ माह पहले बरेली निवासी युवती शबाना से प्रेमविवाह कर लिया था। शादी के बाद शबाना ने अपना नाम शिवानी मिश्रा रख लिया था। शिवानी अपने पति आकाश व सास के साथ फतेहगढ़ के मोहल्ला ग्रानगंज में किराए पर कमरा लेकर रह रही थीं। मंगलवार को उनकी संदिग्ध हालात में मौत हो गई थी। पुलिस ने पांचालघाट स्थित स्वर्गधाम पर अंतिम संस्कार रोककर शव पोस्टमार्टम हाउस भिजवाया था।

जनपद बरेली थाना शीशगढ़ के गांव बीसलपुर निवासी फरियाद ने फतेहगढ़ कोतवाली में आकाश मिश्राए उनकी मां रमा देवी उर्फ रामदेवी व ग्रानगंज निवासी रिश्तेदार बृजेश पांडेय के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। रिपोर्ट के अनुसार फरियाद की पुत्री शबाना को आकाश मिश्रा गत माह ले आया था। उन्होंने शीशगढ़ थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। 11 अगस्त को उन्हें पता चला कि पुत्री की मौत हो गई है।

शबाना को आकाश मिश्रा, उसकी मां रामादेवी व रिश्तेदार बृजेश पांडेय प्रताड़ित करते थे। आकाश ने उसके साथ शादी कर ली थी। रिपोर्ट लिखाने के बाद फरियाद पोस्टमार्टम हाउस नहीं आए। जिससे पोस्टमार्टम नहीं हो सका। फतेहगढ़ कोतवाली प्रभारी जयप्रकाश पाल ने बताया कि पिता मुकदमा दर्ज कराने के बाद कोतवाली से चले गए। शव उनकी सुपुर्दगी में दिया जाना था। इसी वजह से पोस्टमार्टम नहीं हो पाया। उनसे संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है।

## आर्थिक तंगी से परेशान युवक फांसी पर झूल गया

**कमालगंज फर्रुखाबाद।** आर्थिक तंगी से परेशान युवक नें घर में रखे गेंहू बेंचे और उसके पास उससे मिले रुपयों से रस्सी खरीदी और फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने पड़ताल के बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।थाना क्षेत्र के मोहल्ला अम्बेडकर नगर निवासी 22 वर्षीय करन पुत्र विजय कुमार बीते दिन शाम 4 बजे घर से निकल गया। इससे पहले उसने घर में रखे एक बोरी गेंहू यह कहकर बेंच दिये कि वह उन रुपयों से जयपुर जाकर नौकरी करेगा। लेकिन वह घर नही लौटा। परिजन देर रात होनें पर परेशान हुए । उन्होंने उसकी तलाश की लेकिन उसका पता नही चला। जिसके बाद सुबह पता चला कि उसने शराफत खां के आम के बाग में फांसी लगाकर जान दे दी।जिसके बाद परिजन मौके पर आया गये। उनका रो-रो कर बुरा हाल हो गया। पुलिस नें शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, महिला की मौत



संवाददाता। इटावा

**जनपद** में थाना फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र के अंतर्गत नेशनल हाइवे 2 पर तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार महिला को कुचल दिया। हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गयी। हादसे के बाद गुस्साए स्थानीय लोगो ने हाइवे को जाम करने का प्रयास किया लेकिन मौके पर पहुंची पुलिस ने गुस्साए लोगों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया। मृतक महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक थाना फ्रेंड्स कॉलोनी प्रमोद कुमार शुक्ला ने बताया कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत नेशनल हाइवे पर ट्रक ने बाइक सवार भाई बहन को टक्कर मार दी हादसे में महिला मधु की मौत हो गयी है। महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। सूचना पर एक्टिव हुई पुलिस ने फरार हुए ट्रक को उसके परिचालक समेत पकड़ लिया है। ट्रक चालक के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## मारपीट की शिकायत करने गये दिव्यांग दंपती को चौकी से भगाया

संवाददाता। शमसाबाद फर्रुखाबाद

**भतीजी** की शादी में दिए गए रुपये मांगने पर बड़े भाई ने दिव्यांग दंपती से गाली गलौज कर मारपीट की। शिकायत करने पर चौकी पुलिस ने दिव्यांग दपंती को फटकार कर भगा दिया। क्षेत्र के गांव प्रह्लादपुर निवासी ग्रामीण ने बड़े भाई की पुत्री की शादी में तीन साल पूर्व 93 हजार रुपये उधार दिए थे। भाई ने कुछ समय बाद रुपये वापस करने को कहा था। ग्रामीण जब रुपये मांगता तो भाई टालमटोल कर रहे थे। मंगलवार को ग्रामीण की पत्नी ने रुपये मांगे तो जेठ ने स्वजनों के साथ मिलकर मारपीट की। ग्रामीण ने आरोप लगाया कि जब वह चिलसरा चौकी पर शिकायत करने गए तो पुलिस ने कोई कार्रवाई न कर उन्हें हड़काकर भगा दिया।

# हाईवे पर जहरखुरानी गिरोह है सक्रिय

● घाटमपुर में युवक को नशीला पदार्थ खिलाकर सामान लेकर चंपत, एक घंटे बाद बैंक खातों से निकाली धनराशि, गिरोह बना पुलिस के लिये सरदर्द



संवाददाता घाटमपुर

**बीते** कई सालो से नेशनल और स्टेट हाईवे में सक्रिय जहरखुरानी के अलावा सायबर क्राइम करने वाला गिरोह सक्रिय है ताजी वारदात में बीती रात हमीरपुर निवासी एक युवक को फिर से अपना शिकार बना डाला, गिरोह ने घाटमपुर में जहरीला पदार्थ खिलाने के बाद उसका सारा सामान लूट कर चंपत हो गया आज होश में आने के बाद युवक ने आप बीती पुलिस को सुनायी है, हमीरपुर पुलिस इस मामले की छानबीन करने में जुट गयी है। जानकारी के मुताबिक पिछले दस अगस्त को हमीरपुर निवासी युवक शिवम शुक्ला कानपुर नौबस्ता से बीएड की प्रवेश परीक्षा देने के बाद हमीरपुर के लिये रोडबेज बस का इंतजार कर रहा था। नौबस्ता बंबा के पास आल्टो कार में चल रहा जहरखुरानी गिरोह ने युवक से हमीरपुर चलने की बात कहकर उसे कार में बैठा लिया। गिरोह के सदस्यो का कहना था कि उन्हे हमीरपुर जिले के कलौलीतीर गांव जाना है वहा से युवक को हमीरपुर छोड़ते हुये निकल जायेगा। जैसे ही कार घाटमपुर के पास आयी तभी उसमें बैठे गिरोह के चारो सदस्यों ने कार से उतरकर शीतल पेय की बोतल ले कर पीने लगे इसी बीच गिरोह का शिकार युवक लघुशंका करने चला गया और जब वापस आया तो गिरोह के लोग उसे डिस्पोजल ग्लास में नशीला पदार्थ मिलाकर दबाव बनाकर पिला दिया ठंडा पीते ही युवक को कुछ देर बाद चक्कर आने लगे, और वही बैठ गया तब तक कार चालक कार लेकर भाग निकले जहरखुरानी का शिकार युवक शिवम् शुक्ला ने बताया कि उसका बैग जिसमें मोवाइल, कपड़े, चार्जर व दस हजार रुपये भी पड़े थे वह भी ले गये। घटना के तुरंत बाद कोतवाली पुलिस हमीरपुर सक्रिय होकर घाटमपुर में जाकर मामले की छानबीन की हालाकि किसी प्रकार युवक रात में एक बजे हमीरपुर पहुचा तभी परिवारीजनों ने तुरंत उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहा डाक्टरो ने बताया कि युवक को जहरीला पदार्थ खिलाया गया है। यही नही गिरोह के सदस्यो ने एक घंटे बाद युवक की मोबाइल से नेटबैंकिंग की सहायता से दो खातो से छह हजार रुपये निकाल लिये, होस में आने बाद शिवम् ने एसपी हमीरपुर श्लोक कुमार व कोतवाली प्रभारी एसके पटेल को पूरी कहानी बतायी। हालाकि कोतवाली पुलिस ने मामले की छानबीन शुरु कर दी है इसके अलावा घटना स्थल घाटमपुर होने के कारण कोतवाल प्रभारी घाटमपुर सत्यदेव शर्मा को घटना की पूरी जानकारी दी गयी है। हमीरपुर पुलिस का कहना है कि जहरखुरानी करने के बाद सायबर क्राइम करना भी एक दिमाग का काम है मगर इस मामले में जांच कर घटना का खुलासा किया जायेगा। वही घाटमपुर के लोगो का कहना है कि जहरखुरानी गिरोह इस प्रकार की कई घटनाएं कर चुका है, कई लोगो से लूटपाट करने के बाद उन्हे जंगल कीओर फेक देता है। मगर पुलिस अभी इसे पकड़ नही पा रही है। घाटमपुर कोतवाली प्रभारी एसके शर्मा का कहना है कि मामला संगीन है जांच कर गिरोह को पकडा जायेगा।

# घर-घर नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की...

संवाददाता। इटावा



**नंद** के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की... कुछ इस तरह के जय घोष के साथ पूरे जनपद में जन्माष्टमी का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। वहीं कोरोना को ध्यान में रखते हुए लोगों ने घर में रहकर नंद के लाल का जन्मोत्सव मनाया। इस दौरान कई बाल गोपाल बच्चों ने कृष्ण के बाल रूप को धरा। यह बच्चे साक्षात कन्हैया ही लग रहे थे।

वहीं कई बच्चियों ने राधारानी भी बनी। बच्चों की इस मनोहारी छवि और चंचल छवि ने सभी के मन हो मोह लिया। वहीं जनपद के पुराना शहर छैराहा स्थित श्री राधा वल्लभ मंदिर पर श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव पूरी श्रद्धा के साथ मनाया गया। कोरोना काल में सोशल डिस्टेंसिंग का ध्यान रखते हुए पर्व मनाया गया। यह पहली बार था कि श्री राधा वल्लभ लाल जी महाराज को गर्भ गृह से बाहर नहीं निकाला गया। उनके स्थान पर छोटे ठाकुर जी का पंचामृत से अभिषेक किया गया। इस दौरान आए हुए भक्तों ने जन बधाइयां गाईं और नृत्य भी किया। राधा वल्लभ जी के आकर्षक श्रृंगार को देखकर भक्त विभोर होते रहे। मंदिर के महंत गोस्वामी प्रकाश चंद्र महाराज ने कोरोना को देखते हुए कन्हैया का जन्मोत्सव मनाया। जो श्रद्धालु शामिल होने के लिए आए उनकी थर्मल स्क्रीनिंग कराने के साथ ही हैंड सैनेटाइज कराने के बाद प्रवेश करने दिया गया। वहीं भक्तों को मंदिर प्रबंधन की ओर से मास्क भी वितरित किए गए। दोपहर 12 बजे के बाद महंत गोस्वामी प्रकाश चंद्र महाराज ने भक्तों के समक्ष एक मन पंचामृत से अभिषेक किया। उन्होंने वृंदावन धाम से आई आकर्षक पोशाक से ठाकुर जी का श्रृंगार किया।

# बरसात में ढह गया रानी नगर का नाला



संवाददाता। इटावा

**भरथना** में बीती रात झमाझम हुई तेज बरसात के चलते कस्बा के मोहल्ला रानी नगर में मन्दिर के सामने बना नगर पालिका परिषद का नाला पूरी तरह धरासाई हो गया। जिसके कारण आसपास के नालों का पानी उक्त नाला स्थित एक खेत मे एकत्रित हो रहा है। उक्त नाला निर्माण के दौरान निर्माण कम्पनी ने नाला की एक ओर करीब 60 फिट लम्बी दीवार बिना किसी सपोट के खड़ी करदी थी। जो बीती रात हुई तेज व झमाझम बरसात के कारण खेत की तरफ पलट गई है। मोहल्ला रानी नगर के वाशिंदे लक्ष्मी नारायण,सीताराम राम प्रकाश, नरेंद्र, आनन्द, आदेश, शौकीन गोविन्द आदि ने नगर पालिका परिषद के अधिकारियों से उक्त धरासाई हुए नाला का समय रहते निर्माण कराये जाने व उक्त स्थान पर उपजाऊ एक खेत को तालाब बनने से तत्काल बचाये जाने की मांग की है।

## भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया, भक्तों में खुशी की लहर

**फर्रूखाबाद।** अनादि काल से साकार बृहम के रुप में विश्व में सर्वत्र पूजे जाने वाले भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव श्रद्धालुओं में पूरे धूमधाम से मनाने का क्रम शुरु हो गया है। देश में कहीं.कहीं बीते दिन भी जन्माष्टमी का त्योहार मनाया गया।हर वर्ष की भांति इस बार भी गृहस्थ व साधु संत इस महापर्व को अपने अनुसार मनाने में व्यस्त हैं। अधिकांश लोगों ने कन्हैया का जन्मदिन मनाने के लिए धार्मिक व अध्यात्मिक तरीके से बुधवार का दिन चुना है। जिसमें लोगों का तर्क है कि भगवान श्रीकृष्ण का जन्म रोहिणी नक्षत्र में हुआ था। कन्हैया के जन्मोत्सव पर उत्सव जैसा माहौल है। हर तरफ जय.जय कृष्णा के भजन कीर्तन चल रहे हैं। घरों से लेकर मंदिरों में विविध प्रकार के अध्यात्मिक कार्यक्रम की तैयारियां चल रही हैं।

# ग्लैण्डर्स एण्ड फार्सी रोग का नहीं है कोई उपचार: डा. आईए सिद्दकी



संवाददाता। कानपुर देहात

**घोडों,** गधों, टटुओं व खच्चरों में पाये जाने वाला संक्रामक रोग लाइलाज है, यह बीमारी इन जानवरों से मनुष्यों में भी फैल सकती है। उक्त बातें रूरा पशुचिकित्सालय में तैनात मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ. आईए सिद्दकी ने बतायी। डॉ. सिद्दकी ने बताया कि पशुओं में इस बीमारी के लक्षण त्वचा में फोडे व घुमडियॉ, नाक के अन्दर फटे हुये छोले दिखना, तेज बुखार होना,नाक से पीला कनार, स्राव आना और सॉस लेने में तकलीफ धस्का व खॉसी के रूप में प्रभावित करती है। बीमार पशु के साथ रहने से, बीमार पशु के मुॅह व नाक से निकलने वाले स्राव से व बीमार प्शु के साथ चारा व पानी लेने से यह रोग फैलता है। इस बीमारी का कोई इलाज व टीका नहीं है। यह बीमारी पशुओं से मनुष्यों में फैलती है। पशुओं में इस बीमारी का सॅदेह होने पर नजदीकी सरकारी प्शुचिकित्सक व सम्पर्क में सम्पर्क करें पशु चिकित्सकों का समय समय पर पशुओं का नमूना परीक्षण हेतु लेने में सहयोग करें। रोगों की पुष्टि होने पर पशु को दर्द रहित मृत्युदिलाने में पशुचिकित्सक को सहयोग करना चाहिये। सोमवार से वुधवार तक पशुओं के अन्दर की जानकारी की जॉच के लिये नमूने संग्रहीत कर उनको जॉच के लिये हिसार भेजा गया।

# रूरा व आसपास के क्षेत्रों में कोरोना का कहर जारी

संवाददाता। रूरा, कानपुर देहात



**प्रदेश** की योगी सरकार व केन्द्र की मोदी सरकार कोरोना संक्रमण के लिये चाहें जितना जागरूक करे पर लोगों की लापरवाही व सरकार की गाइडलाइ का पालन न करना लोगों में भारी पडता दिखायी दे रहा है। रूरा में अब तक 7 लोगों के कोरोना की पुष्टि हो चुकी है इसी सप्ताह पॉच लोग कोरोना से संक्रमित हुये है हाटस्पाट बनाये लोग बेरोकटोक आवागमन कर रहे है जिससे इस बीमारी के बढने का खतरा और व्यापक हो गया है। वुधवार को भटौली गॉव में भी एक और व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाया गया है। रूरा नगर पॅचायत के अधिशासी अधिकारी पवन किशोर मौर्य ने लगातार कोरोना के मामले में हो रही बढोत्तरी पर यहॉ डेरा ही डाल रक्खा है सेनेटाइज की प्रक्रिया के साथ कस्बे के सभी प्रमुख स्थानों लाउडस्पीकर से कोरोना से बचाव व जागरूकता के सम्बन्ध में अनवरत सॅदेश प्रसारित किया जा रहा है। बिना जनसहभागिता व जनसहयोग से इस महामारी के खिलाफ युद्ध जीता नहीं जा सकता है। ईओ ने बताया कि कस्बे में कोविड-19 से प्रभावित 7 लोगों में दो लोगों की रिर्पोट नकारात्मक आयी है। शेष प्रभावित लोग केन्द्रीय विद्यालय के कोविड-19 अस्पताल में भर्ती है।

## रिटायर्ड अध्यापक नें फांसी लगाकर दी जान

**फर्रूखाबाद।** रिटायर्ड अध्यापक नें बीती रात फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों नें फिलहाल पुलिस को अभी सूचना नही दी है।कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के ग्राम लखरऊआ निवासी 71 वर्षीय हाकिम सिंह सेवा निवृत अध्यापक थे। उनके तीन बेटे दिल्ली में प्राइवेट नौकरी कर रहे है। घर पर एक पुत्रबधू संगीता पत्नी यशवीर और उसी 10 वर्षीय पुत्री खुशबू रहते है।

## जीती कोरोना से जंग लोगों ने किया स्वागत

**इटावा, भरथना(सं.)।** विकास खण्ड कस्बा स्थित मोहल्ला स्टेशन रोड़ स्थित श्री नगर के निवासियों ने मंगलवार की शाम 7 बजे उस समय खुशियां मनाना शुरु कर दिया जब बीते 9 दिनों पूर्व कोरोना जांच रिपोर्ट में कोरोना पॉजिटिव आने पर पहले से डायबिटिज व ब्लडप्रेशर रोग से पीड़ित मुन्नी देवी 58 बर्ष पत्नी रामस्वरूप कश्यप को कोरोना इलाज हेतु सैफई के एल वन हॉस्पिटल में जाना पड़ा। मंगलवार की देर शाम मुन्नी देवी के सुरक्षित घर लौटते ही यहाँ मुहल्लेवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस बीच कोरोना की जंग जीत कर सुरक्षित घर लौटी मुन्नी देवी की पुत्र बधू व पुत्र ने आरती उतारकर तिलक बन्दन किया। वहीं मुन्नी देवी के पति रिटायर्ड शिक्षक रामस्वरूप कश्यप ने अपनी पत्नी को पुष्पहार पहना कर स्वागत किया। इस अवसर पर मौजूद भाजपा सभासद ओमलता यादव ने कहा है कि कोरोना वायरस घातक बीमारी है इसकी चपेट में आने के बाद ठीक होकर सुरक्षित घर आना एक युद्ध जीतने के समान है।

## मोबाइल शॉप से लाखों के मोबाइल व नकदी उड़ाई



**फरुखाबाद(सं.)।** फतेहगढ़ कोतवाली से करीब 300 मीटर दूरी पर अज्ञात चोरों ने एक मोबाइल शॉप की दुकान का शटर तोड़कर लाखों रूपये कीमती मोबाइल व गुल्लक से नकदी उड़ाकर फरार हो गए। पुलिस ने बताया कि फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पुलमण्डी निवासी सचिन गुप्ता की एक दुकान कोतवाली से करीब 300 मीटर दूरी पर सेन्ट्रल बैंक के समीप मोबाइल शॉप की है। मंगलवार मध्य रात्रि में नही अज्ञात चोरों ने इस मोबाइल शॉप की दुकान का शटर तोड़कर अन्दर घुसकर कई लाख रूपये की कीमत के दर्जनों मोबाइल व एसेसरीज और गुल्लक से करीब साढ़े 6 हजार रूपये की नकदी उड़ा ले गए। बुधवार सुबह पड़ोसी दुकानदार मोबाइल शॉप के पास से गुजरे तो उन्होने शटर टूटा देखकर दुकान स्वामी सचिन गुप्ता को घटना की सूचना दी। इसके बाद मौके पर पहुॅची पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी।

# स्वतंत्रता दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया जायेगा : जिलाधिकारी

## ● होंगे विविध कार्यक्रमों के आयोजन

संवाददाता। प्रतापगढ़

**जिलाधिकारी** डा. रूपेश कुमार ने बताया कि 15 अगस्त को जनपद में 74वाँ स्वतंत्रता दिवस मनाया जायेगा। स्वतंत्रता दिवस पूरे उत्साह व भव्यता के साथ मनाया जायेगा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रम के आयोजन किये जायेगें। स्वतंत्रता दिवस के पर्व पर प्रत्येक कार्यालयों के समस्त कर्मचारी अपने-अपने कार्यालय में ध्वजारोहण हेतु उपस्थित रहेगें। किसी भी व्यक्ति या प्राइवेट संस्था को ध्वज फहराने का अधिकार प्राप्त है, बशर्ते राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान होना चाहिये। ध्वजारोहण के अवसर पर सरकार की परिलब्धियों की चर्चा अवश्य की जाये। सरकार द्वारा संचालित योजनाओं जैसे कन्या सुमंगला योजना, जल शक्ति योजना, गो-संरक्षण, देश भक्ति के सम्बन्ध में उपस्थित व्यक्तियों के साथ चर्चा की जाये। नगर पालिका परिषद, नगर पंचायतों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित आवासों/प्रतिष्ठानों पर धूमधाम के साथ व्यक्तिगत रूप से कार्यक्रम आयोजित किये जाये एवं झण्डारोहण भी किया जाये। उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रधानों को जिला पंचायत राज अधिकारी के माध्यम से सम्मानित किया जाये। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने कार्यालय में सेवानिवृत्त कार्मिकों को आमंत्रित करके एक विस्तृत विचार गोष्ठी आयोजित करेगें एवं यदि उनकी कोई समस्या है तो उसे सुनकर अपनी आख्या के साथ एक टिप्पणी प्रस्तुत करेगें जिससे उनकी समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित हो सके।

जिलाधिकारी ने 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम के सम्बन्ध में बताया है कि प्रात: 6.30 बजे से प्रात: 7 बजे तक प्रभात फेरी का आयोजन जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका द्वारा किया जायेगा। प्रात: 7 बजे से प्रात: 7.30 बजे तक जिला क्रीड़ाधिकारी, क्षेत्राधिकारी नगर एवं उपजिलाधिकारी सदर द्वारा स्टेडियम के अन्दर 5000 मीटर क्रास कंट्री केस सोशल डिस्टेसिंग को दृष्टिगत रखते हुये कराई जायेगी जिसमें विजेता को कलेक्ट्रेट में प्रात: 8 बजे पुरस्कृत किया जायेगा। प्रात: 8 बजे समस्त शासकीय तथा गैर शासकीय भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा।

# आग से महिला की मौत पति भी झुलसा

**सरीला ( हमीरपुर )।** जलालपुर थाना क्षेत्र के बरहरा गांव में राजमिस्त्री की 35 वर्षीय पत्नी ने शौचालय में घुस कर आग लगा ली बाद में आग का गोला बनकर आंगन में चीखने चिल्लाने लगी तब परिजनों को घटना की जानकारी हुई। महिला को बचाने में उसका पति भी झुलस गया है। मेडिकल कॉलेज उरई में इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। बरहरा गांव का लाल दीवान (32) पेशे से राजमिस्त्री है मंगलवार को किसी बात को लेकर उसका पत्नी रजनी (30) से विवाद हो गया। उसी से नाराज होकर रजनी रात के लगभग 2रू00 बजे शौचालय में शौच के लिए घुस गई। और केरोसिन डालकर आग लगा ली। आग का गोला बन कर बह आगन में चीखने चिल्लाने लगीं तब परिजनों को घटना की जानकारी हुयी। महिला को बचाने में उसका पति भी बुरी तरह झुलस गया। उसका भी इलाज मेडिकल कालेज उरई में चल रहा है। घटना के बाद महिला को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज ले गए जहां उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि महिला के एक लड़का और दो बेटियां हैं।थानाध्यक्ष जलालपुर रमापति मिश्रा ने बताया कि परिजनों ने उन्हें कोई सूचना नहीं दी है। उरई पुलिस द्वारा घटना की जानकारी दी गई थी। वहीं पर महिला के शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। कुरारा हमीरपुर 12 अगस्त थाना क्षेत्र के हरौली पुर गांव में बीती शाम महिला के साथ घर में घुसकर छेड़खानी और मारपीट करने की तहरीर तीन लोगों के खिलाफथाने में दी गई है पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है क्षेत्र के हरौली पुर गांव निवासी सविता देवी पत्नी सुनील शुक्ला ने थाने में तहरीर देकर बताया कि बीती शाम गांव निवासी अतुल सोनू हिमांशु पुत्र गढ़ देवी चरण शुक्ला ने घर में घुसकर अश्लील हरकतें करते हुए छेड़खानी की है मेरे शोर करने पर परिजनों के आने पर तीनों मौके से धमकी देकर भाग निकले वहीं पुलिस ने महिला की तहरीर पर पुलिस ने तीनों के खिलाफ छेड़खानी का मुकदमा दर्ज किया है।

## अब मौदहा में खुला जेनेरिक दवाओं का मेडिकल स्टोरलोगों को मिलेगी राहत

**मौदहा ( हमीरपुर )** मौदहा नगर में अब जेनेरिक दवाइयों की दुकान खुल गयी है। जिसमें अब यहां के निवासियों को नब्बे प्रतिशत तक सस्ती दवाएं मिल सकती है। मौदहा कस्बे के उपरौस मोहल्ला में समय मेडिकल स्टोर के नाम से जेनेरिक दवाइयों की दुकान खुल गयी है, जिसमें दवा इंडिया कंपनी के द्वारा दावा किया गया है कि उनके द्वारा खोली गयी इस शाखा में बाजार में उपलब्ध मेडिकल स्टोर की दवाइयों से सस्ती दवाइयां मिलेंगी। इस मेडिकल स्टोर के मालिक जीतेन्द्र गुप्ता ने बताया की मौदहा नगर बुंदेलखंड का काफी पिछड़ा क्षेत्र है। लोगों के पास रोजगार तक नहीं है, कैसे भी करके लोग अपना गुजर बसर कर रहे हैं, इस क्षेत्र में रोजगार की संभावनाएं नाम मात्र की है। यह क्षेत्र केवल कृषि पर आधारित है और यदि फसल अच्छी हो तो तभी यहां का व्यापार चलता है, इस लिए लोगों को राहत पहुंचाने यह जेनरिक दवा स्टोर खोला है, गरीब लोग जो अपने इलाज दवाओं के महंगे होने की वजह से नहीं कर पाते है।

## क्विक न्यूज

### रास्ते से निकलने को लेकर विवाद, महिला से की मारपीट

**जालौन (उरई)।** रास्ते से निकलने को लेकर हुए विवाद में दबंग ने महिला के साथ गाली, गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पीड़िता ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सींगपुरा निवासी राखी पत्नी राजकुमार ने पुलिस को बताया कि उनके गांव के ही दीपू रास्ते को निकलने को लेकर अक्सर विवाद करते रहते हैं। जिसके चलते वह परेशान हैं। आम रास्ते पर सभी लोगों का आना जाना लगा रहता है। इसके बाद भी दीपू विवाद करता है। बुधवार की सुबह वह रास्ते से निकल रही थी। तभी दीपू विवाद करते हुए गाली, गलौज करने लगा। मना करने पर दीपू ने उसके साथ मारपीट कर दी। शोरगुल सुनकर आसपास के लोगों को आता देख वह जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पीड़िता ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। वहीं, पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफमामला दर्ज कर जांच शुरू की।

### फिर निकले दो कोरोना संक्रमित मरीज

**जालौन (उरई)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहे कोरोना के रेपिड टेस्ट के दौरान 2 लोगों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आयी है। पुलिस ने दोनों संक्रमितों को कोरोना अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मंगलवार को हरीपुरा में निकली एक बच्ची के कोरोना पॉजिटिव रिपोर्ट के बुधवार को हुई उनके परिवार की कोरोना जांच करायी गयी जिसमें बच्ची के बाबा दादी की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आयी है। दोनों को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने उरई में कोरोना अस्पताल में भर्ती कराया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों लोगों की कांटेस्ट लिस्ट तैयार की जिनका गुरुवार को कोरोना टेस्ट कराया गया है। एक ही परिवार में 3 लोगों के कोरोना पॉजिटिव मिलने के बाद हाट स्पाट एरिया का क्षेत्र बड़ा कर दिया है।

### प्रतिबंधित पॉलीथिन पकड़ी, चार हजार जुर्माना वसूला

**जालौन (उरई)।** नगर पालिका परिषद की टीम बुधवार को अपरान्ह प्रतिबिंबित पोलीथीन के खिलाफ अभियान चलाया तथा 4 दुकानों पर 3.60 किग्रा पोलीथीन पकड़ कर 4 हजार रुपए जुर्माना वसूल किया गया है। सफाई निरीक्षक देवेंद्र सिंह की नेतृत्व में नगर पालिका परिषद द्वारा प्रतिबिंबित पोलीथीन के प्रयोग रोकने के लिये अभियान चलाया गया। दुकानों पर खुलेआम प्रतिबंधित पोलीथीन का प्रयोग करते हुए मुरलीमनोहर निवासी बलराम पुत्र चूरामल, सुनील कुमार पुत्र राजाराम, सरोज कुमार पुत्र जयराम के पास से 3.60 किग्रा प्रतिबंधित पोलीथीन पकड़ी। चारों दुकानों द्वारा प्रतिबिंबित पोलीथीन का प्रयोग करने पर बरामद पोलीथीन को जब्त किया गया तथा 1-1 हजार जुर्माना वसूल किया गया है। इस मौके पर राघवेन्द्र सिंह, सुनील कुमार, मुकीम उल्ला सम्मलित थे।

### तेज रफ्तार कार ने युवक को रौंदा

**जालौन (उरई)।** तेज रफ्तार कार ने युवक को टक्कर मारकर घायल किया। आसपास के लोगों ने युवक को अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं, पीड़ित युवक की मां ने अज्ञात कार चालक के खिलाफकोतवाली में मामला दर्ज कराया है। बुधवार की सुबह जीशान पुत्र बलवीर निवासी मोहल्ला भवानीराम किसी काम के चलते ब्लॉक कार्यालय के पास गया था। जब वह काम निपटाकर वापस लौट रहा था। तभी उरई से आ रहे तेज रफ्तार कार के चालक ने अनियंत्रित होकर जीशान को टक्कर मार दी। हादसे में जीशान गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने जीशान को अस्पताल में भर्ती कराया और परिजनों को सूचना दी। वहीं, हादसे के बाद कार चालक कार समेत मौके से भाग निकला। जिसके बाद जीशान की मां शारदा ने पुत्र से हादसे के बारे में जानकारी ली और कोतवाली में शिकायत दी है । पीड़ित की मां की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफमामला दर्ज कर कार चालक की तलाश शुरू की है।

### बुढ़ावली में बारिश में ढहा गरीब का कच्चा आशियाना

**कोंच(जालौन)।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत नदीगांव विकास खण्ड के ग्राम बुढ़ावली में बीते 2-3 दिनों से प्रायः रोज हो रही बारिश से गरीब मजदूर प्रमोद कुमार पुत्र हल्के प्रसाद का कच्चा घर पानी बैठने से मंगलवार को ढह गया जिसके चलते उसके पास जो थोड़ा बहुत ग्रहस्थी का सामान एवम राशन सामग्री थी वह मलबे में दबकर नष्ट हो गयी जिससे उसके समक्ष अब रोजी रोटी के साथ ही रहने की समस्या उत्पन्न हो गयी है।पीड़ित प्रमोद ने बताया कि वह गरीब मजदूर है इसके बाबजूद उसे अभी तक आवास, शौचालय, राशन कार्ड आदि किसी प्रकार की कोई सरकारी योजना का लाभ प्राप्त नहीं हुआ है जबकि कई बार वह प्रधान एवं सचिव से गुहार लगा चुका है। पीड़ित प्रमोद ने एसडीएम अशोक कुमार से मदद प्रदान किये जाने की मांग की है।

### करेंट से अधेड़ की मौत

**जालौन (उरई)।** घर की बिजली सही करते समय तारों में आ रहे करंट के चलते अधेड़ की मौत हुई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिहारी दाऊदपुर निवासी रविंद्र उर्फराजेंद्र (48) पुत्र बद्रीप्रसाद के घर बुधवार की सुबह बिजली चली गई। आसपास के लोगों के घरों में बिजली आ रही है। जब उसने देखा कि आसपास के घरों की बिजली आ रही और उसके घर की बिजली चली गई है। तो वह घर में बिजली के तारों को देखने लगा। किसी तार में कट लगा था। जो वह नहीं देख पाया। तार में आ रहे करंट के संपर्क में आते ही वह तारों से चिपक गया और चिल्लाने लगा। जब घर के लोगों ने उसे तार से चिपका देखा तो तार काटा और तत्काल उसे अस्पताल लाने लगे। लेकिन रास्ते में ही रविंद्र उर्फराजेंद्र ने दम तोड़ दिया। उसकी मौत की खबर जैसे ही घर पहुंची तो घर में कोहराम मच गया। किसी ने हादसे की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने मृतक के शव का पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। बता दें मृतक के दो पुत्र हैं।

### युवक के दो हत्याभियुक्त पुलिस ने दबोचे

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के निर्देश पर मऊ थाना क्षेत्र के शेषा सुबकरा गांव में नौ अगस्त को हुई युवक सुशील गौतम की हत्या के मामले में दो आरोपियों को पुलिस ने दबोच लिया है। बुधवार को मऊ थानाध्यक्ष सुभाषचन्द्र चौरसिया ने बताया कि नौ अगस्त को थाने के शिवपुर गांव के सुशील गौतम पुत्र भूपत गौतम की राधेश्याम मिश्रा आदि ने पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। इस मामले में संजय गौतम की सूचना पर राधेश्याम मिश्रा, बालकेश, विद्यासागर, लक्ष्मीनारायण पुत्रगण बालनाथ मिश्रा, गोलू मिश्रा पुत्र जीतनारायण, शिवमुनि पुत्र राधेश्याम व अश्वनी पुत्र बालकृष्ण निवासी तिलौली के खिलाफरिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस अधीक्षक ने घटना स्थल का निरीक्षण कर थानाध्यक्ष को आरोपियों की गिरफ्तारी के कड़े निर्देश दिये थे। थानाध्यक्ष ने नामजद आरोपियों में लक्ष्मीनारायण व गोलू उर्फ पंकज निवासी तिलौली को दबोचकर बलबा व हत्या के आरोप में जेल भेजा है। टीम में थानाध्यक्ष सुभाषचन्द्र चौरसिया के साथ दरोगा धनंजय राय, सिपाही शिवम मिश्रा व अमित कुमार शामिल रहे।

### शांति भंग में चालान

**कुरारा (हमीरपुर)।** कुरारा थाना क्षेत्र के झलोखर गांव निवासी महेंद्र कुमार पुत्र गरीबदास व पतारा ग्राम पंचायत के मजरा कोटरा गांव निवासी भूरा निषाद पुत्र छुट्टियां को थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर शांति भंग करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर चालान किया है।

## 26 हजार बच्चों को पिलाई जाएगी विटामिन ए की खुराक

**कदौरा ( जालौन )।** 13 अगस्त से 5 सितंबर तक चलने वाले बाल स्वास्थ्य पोषण माह को देखते हुए चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर अशोक कुमार ने स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए है बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य कर्मियों से कहा कि अपने अपने क्षेत्रों में तैयारिया पूर्ण कर ले बाल स्वास्थ्य पोषण अभियान में कोई बच्चा विटामिन ए की खुराक से वंचित न रह जाए किसी प्रकार की लापरवाही पर कड़ी विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि 117 गांव के 26 हजार बच्चों को विटामिन ए की खुराक दी जाएगी। 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को। ताकि बच्चों में रोगों से लड़ने की क्षमता बढ़े और उनको रतोंधी जैसी बीमारियों से बचाया जा सके इस अभियान में 82 स्वास्थ्य कर्मियों सहित आशा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का योगदान रहेगा जो डोर टू डोर बच्चों को विटामिन ए की खुराक देगी।



चिकित्सा अधीक्षक डा. अशोक कुमार।

# युवा दिवस पर किशोरियो को दी गयी स्वच्छता प्रबंधन के बारे में जानकारी

संबाददाता। हमीरपुर

**समर्थ फाउंडेशन** और सहयोग के द्वारा अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष में युवा किशोरियों के साथ कुरारा कस्वे में बैठक आयोजित की गई । जिसमें उन्हें युवाओं के लिए संचालित कार्यक्रम और स्वच्छता प्रबंधन पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित किशोरियों को संबोधित करते हुए देवेन्द्र गाँधी ने कहा कि आज सबसे ज्यादा भारत में युवा है। भारत युवाओं का देश है । युवाओं को आगे आना होगा। युवाओं को अपने स्वविवेक पर अपनी अच्छी और बेहतर जिंदगी जीवन यापन करने के लिए सही मार्गों की तलाश करनी होगी। भटकाव व दिग्भ्रमित वाले रास्तों पर ना चले।

उन्होंने बताया कि सरकार के द्वारा अनेक प्रकार के कार्यक्रमों व योजनाएं संचालित की जा रही है । जिनसे जिन से जुड़ने के लिए सभी को प्रयास करना चाहिए। वर्तमान में नई शिक्षा पॉलिसी में हुए बदलाव बहुत ही महत्वपूर्ण है। बच्चों और युवा किशोर किशोरियों को पढ़ने के और मार्ग प्रशस्त होंगे। उन्होंने कहा कि किशोरियों को व्यक्तिगत स्वच्छता प्रबंधन की तरफ भी ध्यान देना होगा। कोविड -19 कोराना जैसी वैश्विक महामारी के दौर में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। मास्क प्रयोग करें। 2 गज दूरी बनाए रखें। इसके साथ-साथ साबुन से हाथ लगातार धोते रहे। भीड़भाड़ वाली जगहों पर न जाये। केवल जरूरत के समय ही बाहर निकले। ग्राम में ग्राम में आयोजित को संबोधित करते हुए महिला कार्यकर्ता सीता आदि ने बताया कि किशोरियों को शिक्षा की तरफ ध्यान देना होगा और पढ़ लिखकर अपने पैरों पर मजबूती से खड़ा होना चाहिए इस दौरान बंदरों ने भाग लिया कार्यक्रम के दौरान सोशल डिस्टेंसिंग ध्यान रखा गया। किशोरियों ने बताया कि वर्तमान में स्कूल बंद है। ऑनलाइन पढ़ाई हो रही है । लेकिन उनके पास मोबाइल नहीं है , जिससे उन्हें पढ़ने में दिक्कत हो रही है। इसी प्रकार से स्कूल बंद होने के कारण उन्हें घर पर काम भी अधिक करने पड़ते है। उन्हें मोबाइल मिल जाये ऐसी योजना बनाई जाए। ताकि हमारी पढ़ाई न रुके। इस दौरान सुनील, सीता, उर्मिला, दिव्या आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रही।

# मुहाना में विधायक ने चौपाल लगा सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



चौपाल में ग्रामीणों की समस्यायें सुनते विधायक।

**उरई ( जालौन )।** विधायक गौरीशंकर वर्मा ने डकोर ब्लॉक की ग्राम पंचायत मुहाना में बुधवार को आयोजित चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। कोरोना कि वजह से सोशल डिस्टेंसिंग के पालन कराने के लिए लोगों से अपील की व गांव में हो रहे कार्यों का हाल भी जाना। गांव में बनी सड़कों को देखा, व लोगों से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने को कहा। केंद्र सरकार ने पीएम आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन योजना, महिला सशक्तिकरण, पंडित दीनदयाल विद्युत परियोजना, प्रधानमंत्री सड़क योजना, खाद्य सुरक्षा योजना प्रवासियों को राशन किट आदि योजनाओं के जनहित के लिए ही संचालित की हैं। अधिकारियों व कर्मचारियों को सभी समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए। व ग्राम में बनी गौशाला का निरीक्षण किया व गाय को गुड़ भी खिलाया और गौशाला व पंचायत परिसर में वृक्षारोपण भी किया। साथ में गुरु प्रसाद शर्मा, दिवाकर शास्त्री पूर्व जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा, सुभाष पिंडारी, प्रशान्त तिवारी, मोनू मिश्रा, वीर सिंह राजपूत, शिवकुमार राजपूत आदि मौजूद रहे।

# दो गज की दूरी में क्षेत्र को करें सीज: शानू

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय जनउद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय वरिष्ठ संगठन मंत्री शानू गुप्ता ने देश के प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि देश की अर्थव्यवस्था की रीढ व्यापारियों की दशा बेहद नाजुक होती जा रही है। व्यापारियों को जीविका चलाने में प्रदेश सरकार के लॉकडाउन नियमों में भारी परेशानी हो रही है।

बुधवार को व्यापारी/भाजपा नेता शानू गुप्ता ने देश के प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि कोरोना पॉजिटिव जहां मिलते हैं, वहां हॉटस्पाट घोषित कर आसपास की दुकानों को 14 दिन के लिए बन्द करवा दिया जाता है।सौ परिवार कई सप्ताह तक प्रभावित रहते हैं। विषम दशा में दो गज की दूरी को ही सील करके ही हॉटस्पाट बनाये जाये, ताकि छोटे मंझोले एवं खुदरा व्यापारियों की जीविका चलती रहे।

उन्होंने कहा कि 21 दिनों तक दुकानें खुलने का प्रदेश में नियम है।



भाजपा नेता शानू गुप्ता।

व्यापारियों को दुकानों का 30 दिनों का किराया, कर्मचारियों का वेतन, विद्युत बिल, बैंक ब्याज, घर खर्च आदि कैसे सम्भव होगा। व्यापारी गहरे संकट में मानसिक तनाव व आर्थिक दशा में डूबते जा रहे हैं। व्यापारियों को उबारने को चिन्तन कर आनलाइन व्यापार पर प्रतिबन्ध लगाया जाये। थोक फुटकर व खुदरा व्यापारियों को सोशल डिस्टेंसिंग और मास्क का पालन करवाते हुए 27 दिनों तक व्यापार करने का आदेश दिया जाये। हॉटस्पाट क्षेत्र की दूरी दो गज में ही क्षेत्र को सील किया जाये।

## नहीं थम रहा कोरोना का कहर, 310 हुए पॉजिटिव

**चित्रकूट।** जिले में चार और कोरोना संक्रमित मिले हैं। सीएमओ डॉ विनोद कुमार यादव ने बताया कि मुख्यालय के शंकर बाजार में दो, पुलिस लाइन में एक सिपाही व लालतारोड़ में एक व्यक्ति की कोरोना पॉजिटिव रिपोर्ट आई है। बुधवार को सीएमओ डॉ विनोद कुमार यादव ने बताया कि जिले में अब कोरोना संक्रमितों की तादाद 310 हो गई है। संक्रमितों को कोविड हॉस्पिटल खोह में भर्ती कराया गया है। उनके सम्पर्क में आने वालों के नमूने लिए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के निर्देश पर कोरोना संक्रमित मिले लोगों के क्षेत्रों को हॉटस्पाट घोषित कर दिया गया है। हॉटस्पाट क्षेत्रों में मुख्य अग्निशमन अधिकारी यतीन्द्रनाथ उमराव की अगुवाई में सैनेटाइज किया जा रहा है। हॉटस्पाट क्षेत्र रगौली, भंभेट, मंडी राजापुर, कौशाम्बी रोड, हनुमान मन्दिर राजापुर, अंग्रेजी शराब ठेका के बगल में कस्बे को सैनेटाइज किया गया। सैनेटाइजेशन के कार्य में चार फायर कर्मियों ने एक फायर टेंडर की मदद से क्षेत्रों को सैनेटाइज किया।

# दस साल पहले बने आंगनबाड़ी केंद्र को कराएं हैंडओवर



निष्प्रयोज्य पड़ा आंगनबाड़ी केन्द्र।

**चित्रकूट।** कर्वी माफी में पिछले दस साल से बनकर तैयार खड़ा आंगनबाड़ी केंद्र आज भी हैंडओवर होने की राह देख रहा है। प्रधान स्तर से भी कई बार पहल हुई, लेकिन भवन हैंडओवर नहीं हुआ। बुन्देली सेना ने निष्प्रयोज्य पड़े आंगनबाड़ी केंद्र के हैंडओवर की मांग की है। बुधवार को बुन्देली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि कर्वी माफी में जूनियर स्कूल के आगे आंगनबाड़ी केंद्र बना हुआ है। दस साल से ज्यादा समय पहले बना यह आंगनबाड़ी केंद्र आज भी निष्प्रयोज्य है। भवन की खिड़कियां जर्जर होकर टूट गई है। इसे जल्द हैंडओवर न किया गया तो भवन भी ध्वस्त हो जाएगा। सरकारी धन का सदुपयोग हो। इसके लिए आंगनबाड़ी केंद्र का हैंडओवर होना जरूरी है। प्रधान प्रतिनिधि बद्री सिंह ने कई बार प्रयास किये, लेकिन भवन हैंडओवर नहीं हो पाया। अब बुन्देली सेना ने जिलाधिकारी से मांग की है कि आंगनबाड़ी केंद्र को जल्द से जल्द हैंडओवर कराया जाये।

## कोरोना की गाइडलाइन का करें पालन: एसपी

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के निर्देश पर कोरोना से बचाव को जारी जागरूकता एवं जांच अभियान में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में शासन से जारी गाइड लाइन का सख्ती से पालन कराया जा रहा है। बुधवार को कोरोना की गाइडलाइन का उल्लंघन करने पर कोतवाली कर्वी में 48 लोगों के खिलाफ तथा मानिकपुर में पांच लोगों के खिलाफ धारा 188/269 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने जिलेवासियों से अपील की है कि कोरोना वायरस के संबंध में शासन से जारी गाइडलाइन का पालन करें। इसी क्रम में उन्होंने बहिलपुरवा थाने का निरीक्षण कर थानाध्यक्ष से हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी के निर्देश दिये हैं। उन्होंने थानाध्यक्ष से शस्त्र लाइसेंसों का सत्यापन करने को कहा है। आपराधिक लोगों के शस्त्रों को निरस्तीकरण की कार्यवाही के निर्देश दिये हैं। वांछितों और वारंटियों की गिरफ्तारी करने को कहा है।

## श्री कृष्णमय हुई भगवान राम की तपस्थली

**चित्रकूट।** घड़ी में बारह बजते ही घण्टे घडियाल शंख व कीर्तन के बीच भगवान श्री कृष्ण ने जन्म लिया। चारो ओर खुशियों का माहौल व पटाखे छूटने लगे। भगवान राम की तपस्थली भगवान श्री कृष्ण मय हो गई। भक्तों ने रात भर जग में सुन्दर है दो नाम, चाहे कृष्ण कहो या राम के भजन गाये। मन्दिरों से लेकर घरों तक आर्कषक झांकियां सजाई गई थी। भाद्र पक्ष में बुधवार की रात घड़ी में 12 बजते ही चारों ओर भये प्रगट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हित कारी के दोहे के साथ घंटे घड़ियाल की गूंज सुनाई पड़ने लगी। मंदिर व घरों में श्रद्धालुओं ने भगवान श्री कृष्ण जन्म की विधिविधान से पूजा कर प्रसाद वितरित किया। शंकर बाजार राम-जानकी मंदिर में भक्तों ने देर रात तक भगवान श्री कृष्ण का जन्म धूमधाम से मनाया। भगवान श्री कृष्ण-राधा के भक्ति गीतों पर श्रद्धालु झूमते रहे। इसी प्रकार पुरानी बाजार, नई बाजार व स्टेशन रोड़ धर्मशाला, बल्दाऊगंज मंदिर, सोनेपुर, सिद्धपुर, बनाड़ी, कालूपुर, पहाड़ी, राजापुर, बरगढ़, मऊ, मानिकपुर, रैपुरा, लालतारोड़ व सीतापुर में भक्तो ने अपने घरों में सुंदर झांकियां सजाकर भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया। सर्वाधिक आकर्षण भगवान कामतानाथ की परिक्रमा मार्ग में स्थित बांके बिहारी मंदिर में रहा। मंदिर के पुजारी ने बताया कि यह मंदिर 350 वर्ष पुराना है। यहां प्रतिवर्ष भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। जन्म के बाद बधाइयां गीत व भोजन प्रसाद भक्तों को ग्रहण कराया जाता है। हजारों भक्तों ने भगवान श्री राम की तपोभूमि में भगवान श्री कृष्ण का पर्व बडी श्रद्धा व आनन्द से मनाया। देर रात तक भक्त जग में सुन्दर है दो नाम, चाहे कृष्ण कहो या राम के भजन गाते रहे।

# सब्जी विक्रेताओं ने पुलिस ज्यादती पर लगाई गुहार



भाजपा जिलाध्यक्ष से गुहार लगाती सब्जी विक्रेता।

**चित्रकूट।** पुरानी सब्जीमंडी में सब्जी लगाने वाले फुटकर सब्जी विक्रेताओं ने एकजुट होकर भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे से गुहार लगाई कि उनके साथ पुलिस ने मारपीट कर भारी जुर्माना कर दिया है। बुधवार को आधा सैकड़ा सब्जी विक्रेता भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे के घर पहुंचे। सब्जी विक्रेताओं ने जिलाध्यक्ष से कहा कि कोतवाली पुलिस उनके साथ ज्यादती कर रही है। पुलिस ने मारपीट कर उन पर जुर्माना ठोंक दिया है। सब्जी विक्रेताओं ने बताया कि लौकी, कद्दू, तरोई, धनिया आदि सड़क किनारे बेंचकर जीविकोपार्जन करते हैं। उन पर पांच सौ रुपया जुर्माना किया जायेगा तो गरीबी में बच्चे पालना कथिन हो जायेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष ने उच्चाधिकारियों से बातकर सब्जी विक्रेताओं को न्याय दिलाने को कहा है।

इस बारे में कर्वी कोतवाल पंकज कुमार पाण्डेय ने बताया कि सब्जी विक्रेता कोरोना की गाइडलाइन का उल्लंघन कर रहे थे। बिना मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन न करते हुए सब्जी बेंच रहे थे। ऐसे लोगों पर जुर्माना ठोंका गया है। मारपीट की बात गलत है।

## नगर व क्षेत्र में पांच नए कोरोना मरीज मिलने से मचा हड़कम्प

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** स्वास्थ विभाग द्वारा विगत दिनों पूर्व कैंप के माध्यम से कोरोना संदिग्ध की जांच कर सैंपलिंग की गई थी। स्वास्थ विभाग द्वारा साझा की गई जानकारी में नगर व क्षेत्र के 5 लोग कोरोना संक्रमित मिले है। बुधवार को केजीएमयू द्वारा जारी की गई सूची में नगर के मोहल्ला राम किशन नगर में एक महिला, एक पुरुष, मोहल्ला किदवई नगर में एक पुरुष, स्थानीय नगर पालिका में एक कर्मी सहित क्षेत्र के ग्राम फरीकापुर में एक पुरुष कोरोना संक्रमित निकलने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पहुंचकर सभी संक्रमितों को एंबुलेंस की सहायता से जनपद मुख्यालय स्थित आइसोलेशन सेंटर भेजा। उधर स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर सौम्या गंगवार व अखिलेश सिंह के नेतृत्व मे स्वास्थ्य टीम द्वारा 23 लोगों की कोरोना जाँच कर सैंपल लिये गये। इस दौरान लैब टैक्नीशियन अरुण कुमार, भानू तिवारी, फार्मासिस्ट अजय, सुखदेव सिंह, योगेंद्र साहू आदि मौजूद रहे।

# सामाजिक, आर्थिक व राजनीति के मुद्दों पर युवा करें भागीदारी: विनय

## ● युवा देश के आधार स्तंभ हैं जिन पर देश का भविष्य निर्भर है: दीपक

संवाददाता। गुरसहायगंज (कन्नौज)

**सामाजिक, आर्थिक** व राजनीति के मुद्दों पर युवाओं की भागीदारी और उनकी भूमिका बेहद जरूरी है। बिना युवा जोश के देश का विकास व उत्थान संभव नहीं है। बेहतर मार्ग दर्शन के द्वारा युवा जोश को सही दिशा देकर सफलता के शिखर तक पहुंचाया जा सकता है। युवा देश के एक मजबूत आधार स्तम्भ हैं जिन पर देश का भविष्य निर्भर है। युवाओं को अपने अंदर छिपी प्रतिभाओं में निखार लाकर देश का नाम रोशन करना चाहिए।

यह बात बुधवार अर्न्तराष्ट्रीय युवा दिवस पर भाजपा पिछडा वर्ग के क्षेत्रीय मंत्री गौरव वर्मा व भाजयुमो नगर अध्यक्ष दीपक गुप्ता दीपू ने संयुक्त रूप से कही। कहा कि युवा शक्ति ही देश के भावी कर्णधार हैं। युवा देश की तस्वीर बदलने की हिम्मत रखते हैं। युवा आगे बढ़े और देश को भी आगे बढ़ाएं। युवा शक्ति ही भारत देश को महागुरु! का दर्जा दिलाएगी। हमारे देश के युवा वैज्ञानिकों ने देश ही नहीं वरन विदेशों में भी अपने देश भारत का नाम रोशन किया है। युवाओं को राजनीति में आगे आकर नये अवसर पैदा करना चाहिए। जिससे देश की राजनीति को भी शिखर तक पहुंचाया जा सके। इस अवसर पर उनके साथ उमाकांत सैनी, संजीव गुप्ता उर्फ टीटू, केतन गुप्ता, पुच्चन आदि मौजूद रहे।



क्षेत्रीय मंत्री विनय वर्मा व भाजयुमो नगर अध्यक्ष दीपक गुप्ता।

## नागरिकों नें घरों में मनाया श्री कृष्ण जनमोत्सव पर्व

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** कृष्ण जन्माष्टमी पर्व अपने आप में ऊर्जा और उल्लास समेटे होता है। यह पर्व हमें बुराईयों के मार्ग को छोडकर अच्छाईयों के मार्ग पर चलनें का संदेश देता है। कृष्ण जन्माष्टमी पर्व हमे एक दूसरे से प्रेम व्यवहार व आपसी तालमेल के साथ जीवन व्यतीत करनें की सीख देता है। कृष्ण भक्ति करनें से जीवन में खुशियां आती हैं और दुखों से छुटकारा मिलता है। यह उद्गार नगर के मोहल्ला अफसरी स्थित आवास पर शिक्षक डा0 उमेश कुमार नें अपनी धर्मपत्नी एएनएम स्नेहलता के साथ कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर पूजा अर्चना करनें के उपरान्त कहे। कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में कहा है कि विश्व के कल्याण के लियेवह प्रत्येक युग में अवतार लेंगे तथा मानव जाति के दुखों का हरण करेंगे। इससे पूर्व उन्होनें घर में स्थित मंदिर को आकर्षक ढंग से झांकी की सजावट कर विधि विधान से पूजा बंदना की। उन्होनें भगवान श्रीकृष्ण से कोरोना आपदा से देश को मुक्ति दिलाये जानें की प्रार्थना की।

पायनियर
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 13 अगस्त 2020



## कोरोना संक्रमित निकले दंपति

**ऊंचाहार,रायबरेली ।** कोतवाली क्षेत्र में स्थित एनटीपीसी परिसर में कोरोना के मामले लगातार बढ़ते जा रहे है जो एनटीपीसी प्रबंधन की चिंता को बढ़ा रहा है । बुधवार को भी परिसर में उस वक्त हड़कंप मच गया जब फाइनेंसियल विभाग के रिटायर्ड कर्मचारी व उनकी पत्नी कोरोना संक्रमित पाई गई है । बुधवार को सीएचसी की स्वास्थ्य विभाग टीम ने एनटीपीसी जाकर आवासीय परिसर में 38 लोगों की एंटी रैपिड किट के जरिये कोरोना संबंधित जांच की जिसमें फाइनेंशियल विभाग से पिछले महीने रिटायर्ड कर्मचारी रमेश कुमार पांडेय 60 वर्ष व उनकी पत्नी अरुणा पांडेय 52 वर्ष जांच में संक्रमित पाई गई है। इस मामले में एनटीपीसी के जनसंपर्क अधिकारी विजय कुमार ने बताया कि संक्रमित रिटायर्ड दंपति के अंदर कोरोना बीमारी से संबंधित कोई लक्षण नहीं दिख रहे है परंतु जांच में दोनों व्यक्ति संक्रमित पाए गए हैं इसलिए इन्हें जनपद स्थित एल-1 हॉस्पिटल में शिफ्ट किया जा रहा है ।

# सुलतानपुर को मॉडल सिटी के रूप में विकसित करने की कवायद

### ● कचरे से खाद बनाने और ठोस कचरे की नीलामी कर आमदनी बढ़ाई जाएगी

**संवाददाता। सुलतानपुर**



**राष्ट्रीय** हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) की गाइडलाइन में शहर का कचरा प्रबंधन नए सिरे से किए जाने की कवायद चल रही है। इसके लिए संसाधन जुटाए गए हैं। कचरे से खाद बनाने और ठोस कचरे की नीलामी कर आमदनी बढ़ाई जाएगी। मॉडल सिटी के रूप में शहर को विकसित करने और इसे साफ-सुथरा रखने की दिशा में प्रयास शुरू किए गए हैं। काम सही दिशा में चला तो आने वाले दिनों में कूड़े-कचरे से शहर को निजात मिलेगी और पर्यावरण बेहतर होगा। योजना है कि घरों, दुकानों और सार्वजनिक प्रतिष्ठानों से किसी भी स्थिति में कूड़ा सड़क व नाली में नहीं फेंका जाएगा। संग्रह के लिए डस्टबिन का उपयोग अनिवार्य किया गया है। जिला मुख्यालय से चार किमी दूर ट्रांसपोर्ट नगर में डंपिग स्थल चिह्नित किया गया है। यहां परिषद के कर्मी कूड़े को विभाजित करेंगे। इसे सड़ाकर खाद बनाने का सयंत्र भी लगाया जाएगा। कूड़े में मिलने वाले लोहा, शीशा और प्लास्टिक को पंजीकृत ठेकेदार को बेचा जाएगा। शहर में सीवर की व्यवस्था नहीं है। ऐसे में सेफ्टी टैंक का पंजीकरण किया जाएगा। जिसमें टैंक निर्माण की तिथि, प्रयुक्त करने वाले सदस्यों की संख्या, साफ-सफाई का विवरण अंकित किया जाएगा।सड़क और नाली में कूड़ा डालने वालों पर अर्थदंड लगेगा। शहरी क्षेत्र में 250 से अधिक डस्टबिन जोड़ों में विभिन्न मुहल्लों में लगाए गए हैं। ताकि गीला व ठोस कचरा अलग-अलग एकत्रित किया जा सके। कचरा का घर-घर से उठान हो और इसे सीधे डंपिग स्थल पहुंचाया जा सके इसके लिए परिषद प्रशासन ने 14 विशेष वाहन लिए हैं जिनका प्रयोग शुरू किया गया है। कचरा संग्रह के लिए टीपी नगर में बन रहे डंपिग स्थल का नाम पारस केंद्र होगा। यहां संग्रहीत ठोस अपशिष्ट को वर्गीकृत किया जाएगा।

## दबंगों से परेशान महिला की सीएम से गुहार

**लालगंज ( रायबरेली )।** सरहंगों की प्रताडना से आजिज आकर एक महिला ने मुख्यमंत्री, महिला आयोग, पुलिस महानिरीक्षक, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है। कस्बे के महेश नगर निवासिनी कमलेश कुमारी पत्नी हनुमान ने उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर अवगत कराया है कि जमीनी विवाद के चलते दबंग पडोसियों ने मेरे पुत्र मोनू पर धारदार हथियारो से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। बचाने के दौरान आरोपियों ने उसकी भी जमकर पिटाई कर दी तथा उसके कपड़े फाडने के साथ अभद्रता की वही पुलिसिं में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पीडिता का आरोप है कि मामला गंभीर होने के बावजूद पुलिस ने अभी तक कोई कठोर कार्रवाई नही की है। जिसके चलते उसने उच्चाधिकारियों को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि मामला संज्ञान में है जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

# मिला कोरोना मरीज तो सील हुआ लम्भुआ बाजार

### आवागमन के लिए वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग



**संवाददाता। सुलतानपुर**

**कस्बे** में कोरोना पॉजिटिव मरीज पाए जाने के बाद फिर से कस्बे की दुकानें बंद कराकर पूरी बाजार का सील कर दिया गया है। इसके पहले भी 14 दिन के लिए पूरे कस्बे को क्वारंटाइन करते हुए बंद कराया गया था। कस्बे में बाहरी लोगों का आवागमन रोकने के लिए दियरा रोड व ब्लॉक रोड पर बल्ली लगाकर मार्ग को बंद कर दिया गया है। हालांकि, ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोग कस्बे में पहुंचने के लिए दूसरे वैकल्पिक मार्गों का उपयोग कर रहे हैं। इससे कस्बे में बाहरी लोगों का आना-जाना लगा हुआ है। एसडीएम विधेश कुमार ने बताया कि अब अभियान चलाकर एंटिजन टेस्ट कराया जाएगा। इसके लिए 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चे, 60 वर्ष से ज्यादा आयु के बुजुर्ग व बीमार लोगों की जांच प्राथमिकता के तौर पर कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस से निपटने के लिए एहतियात के तौर पर उपाय किये जा रहे हैं।

### होम आइसोलेट होकर 140 मरीज कोरोना को दे रहे मात

**सुलतानपुर।** हल्के लक्षण वाले जिले में पाए गए कोरोना के 140 मरीज खुद ही होम आइसोलेट होकर कोरोना को हराने में लगे हुए हैं। केयर टेकर की देखभाल में यह मरीज बचाव के जरूरी नियमों पालन कर रहे हैं। मरीजों व उनके संपर्क में आने वाले लोगों को डॉक्टर की सलाह से हाइड्रोक्सी क्लोरोक्वीन दवा दी जा रही है। आइसोलेट इन मरीजों को सांस लेने में दिक्कत, छाती में दबाव, मानसिक दबाव, चेहरे व होठ पर नीलापन आदि का लक्षण दिखने पर डिस्ट्रिक्ट सर्विलांस ऑफिसर को सूचित करने के लिए भी निर्देशित किया गया है। जिले में इस समय 12 सौ से ज्यादा कोरोना के मरीज पाए जा चुके हैं।

# कोरोना से बचाव व जागरूकता कार्यक्रम रखें जारी: डीएम

### ● संक्रमण की चेन तोड़ने को सावधानी है बहुत जरूरी

**संवाददाता। रायबरेली**

**जिलाधिकारी** शुभ्रा सक्सेना ने कोविड-19 कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव और रोकथाम हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि कोरोना संक्रमण से बचाओ व जागरूकता के कार्यक्रम को निरंतर जारी रखना है। आमजन को अनावश्यक बाहर निकलने के लिए रोकने के साथ की 2 गज की दूरी मास्क है जरूरी के साथ ही सोशल डिस्टेंसिंग को बनाए रखने के बनाए रखने एवं कांटेक्ट ट्रेसिंग पर विशेष जोर देना है। उन्होंने कहा कि संक्रमण की चेन तोड़ने के लिए लगातार सावधानी बरतना जरूरी है तथा सर्विलांस व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाना है। कोविड चिकित्सालयों स्1 व स् की सभी व्यवस्थाओं को दुरूस्त रखें तथा सुरक्षा रखते हुए कार्य करें।जिलाधिकारी शुभ्रा सक्सेना व मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक गोयल ने देर सांय बचत भवन में आयोजित बैठक में टीम 11 व प्रभारी नोडल अधिकारी, निगरानी कमेटी, सेक्टर अधिकारी तथा सभी एसडीएम आदि को निर्देश दिए कि संक्रमण की चेन तोड़ने के लिए लगातार सावधानी, सतर्कता बरतना जरूरी है तथा सर्विलांस व्यवस्था, कांटेक्ट ट्रेसिंग, डोर टू डोर सर्वे को प्रभावी ढंग से संचालित करने की जरूरत है। कोविड-19 अस्पताल की व्यवस्था को व्यक्ति से नियमित रूप से दिन में कम से कम 2 बार संवाद जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रोटोकॉल के अनुरूप व शासन के नवीनतम दिए गए दिशा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

# घाघरा व सरयू उफान पर, सात गांव बाढ़ से प्रभावित

**संवाददाता। गोंडा**



**घाघरा** नदी के जलस्तर में लगातार बढोत्तरी हो रही है। सरयू नदी फिर से खतरे के निशान से करीब 95 सेंटीमीटर ऊपर पहुंच गई है। तीन दिन पूर्व विभिन्न बैराजों से छोड़े गए करीब साढ़े तीन लाख क्यूसेक पानी से नदी पूरे शबाब पर है।

बुधवार को विभिन्न बैराजों से छोड़े गए करीब सवा तीन लाख क्यूसेक पानी का डिस्चार्ज जारी रहा। बांध के आस पास वाले गांव में बाढ़ के पानी का फैलाव तेजी से हो रहा है। सात गांव बाढ़ के पानी से बुरी तरह प्रभावित हो चुके हैं। जिसमें ग्राम माझा रायपुर, परसावल, नेपुरा, पारा, बेहटा और कमियार यह बाराबंकी और गोंडा जिले की सीमा पर बसे गांव हैं तथा करनैलगंज तहसील के ग्राम नकहरा के नौ मजरे पूरी तरह बाढ़ के पानी से डूब चुके हैं और सभी मजरे अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। एल्गिन चरसडी बांध बनने के बाद इसी वर्ष दूसरी बार आए पानी के इतने बड़े सैलाब से ग्रामीण भयभीत हैं। ग्रामीणों के मुताबिक इस वर्ष दो बार घाघरा नदी में इतना पानी आया है। इसके पूर्व घाघरा नदी का फैलाव मात्र एक किलोमीटर की परिधि में था। जो अब बढ़कर करीब ढाई किलो मीटर से भी ज्यादा हो गया है। जिससे पानी का दबाव बांध एवं आसपास के गांव में कम होना चाहिए, मगर पानी का जबरदस्त सैलाब आने से घाघरा नदी 100 सेंटीमीटर ऊपर पहुंच चुकी है और जिन गांवों में आज तक पानी नहीं घुसा वहां तक घाघरा के बाढ़ का पानी दस्तक दे चुका है। गोंडा और बाराबंकी जिले की सीमा पर बसी ग्राम पंचायतें कमियार, माझा रायपुर, परसावल, नैपुरा तो पूरी तरह जलमग्न हो चुकी है। इसके अलावा ग्राम पारा और बेहटा के अधिकांश मजरे बाढ़ से प्रभावित हो चुके हैं। करनैलगंज तहसील के ग्राम नकहरा के 9 मजरे पूरी तरह पानी में डूब चुके हैं। जहां की स्थिति लगातार भयावह होती जा रही है और ग्रामीण परेशान हैं। प्रशासन ने ग्रामीणों के सुख सुविधा के लिए बाढ़ चौकी की स्थापना कर दी है। जहां राजस्व के अधिकारी और कर्मचारी कैम्प कर रहे हैं और पल-पल की सूचना अधिकारियों को दे रहे हैं। मगर ग्रामीणों को कोई लाभ नहीं मिल रहा है। बुधवार को 3 लाख 26 हजार क्यूसेक पानी का डिस्चार्ज सरयू में हो रहा था। नदी का जलस्तर खतरे के निशान 106.07 के सापेक्ष 107.16 पर चल रही थी। अगर बरसात ना हुई तो पानी घटने के आसार हैं मगर पहाड़ी क्षेत्र और बहराइच, लखीमपुर, सीतापुर, नेपाल के सरहदी इलाकों में बारिश होने से नदी के जल स्तर में इजाफा होने का प्रबल अनुमान लगाया जा रहा है। बुधवार को उप जिलाधिकारी करनैलगंज, तहसीलदार करनैलगंज की संयुक्त टीम ने बांध एवं बांध के आस-पास के गांव का नाव से निरीक्षण किया और बाढ़ चौकियों पर तैनात कर्मचारियों से लगातार निगरानी करने के साथ-साथ गांव में फंसे ग्रामीणों को निकाल कर सुरक्षित स्थान पर लाने के निर्देश दिए हैं।

## अदिति सिंह ने किया रिटेल स्टोर का उद्घाटन



**रायबरेली।** भारत सरकार के आत्मनिर्भर भारत की मुहिम से प्रभावित होकर रायबरेली शहर के युवा उद्यमी आनंद बाजपेई के द्वारा शहर के इंदिरा नगर में शुरू किए गए बजेट रिटेल स्टोर का उद्घाटन सदर विधायक अदिति सिंह के द्वारा रिबन काट कर किया गया । उद्घाटन में बतौर अतिथि के रूप में आई हुई विधायक अदिति सिंह ने स्टोर में उपलब्ध प्रोडक्ट की सराहना करते हुए कहा कि रायबरेली जनपद में एक छोटे से स्तर से की गई यह एक नई शुरुआत है इससे इंदिरा नगर वासियो को काफी सुविधा होगी ।

# किसी भी हाल में हो घायल व बीमार पशु जनपद के लोग चौरिटी को करते हैं याद

**संवाददाता। रायबरेली**



**जनपद में** जब भी कहीं पर जानवर चोटिल हो गया हो घायल अवस्था में पड़ा हो या फिर वह कहीं फस गया हो। सदर क्षेत्र के लोगों के मुंह पर एक नाम रहता है वह है अर्पित यादव की जैक्स विश चौरिटी। सूचना मिलने पर अर्पित यादव और उनकी टीम मुस्तैदी के साथ एक्टिव हो जाती है और कुछ ही मिनट में घटनास्थल पर पहुंचती है जहां पर कोई भी पशु चोटिल हुआ होता है। वर्षों से जनपद का नाम रोशन कर रही है चौरिटी कई पुरस्कारों से नवाजी गई है तो राष्ट्रीय मीडिया ने परोपकार की पुण्य तस्वीरों को अपने कैमरे में कैद किया और अर्पित यादव और उनकी टीम से बात की। सोशल मीडिया के लगभग सभी प्लेटफार्म पर जैक्स विश चौरिटी की मौजूदगी है जिसमें रायबरेली समेत अन्य जनपदों तथा विदेश के लोग भी जुड़े हुए हैं चौरिटी द्वारा किए जा रहे परोपकार की तारीफकरते हैं। चौरिटी के उत्साहवर्धन के रूप में वह डोनेशन के जरिए इस पुण्य काम को आगे बढ़ाने में मदद कर रहे हैं। चौरिटी के फाउंडर अर्पित यादव बताते हैं उनकी कोशिश यही रहती है कि जितनी ज्यादा बेजुबान जानवरों की मदद हो सके उसके लिए वह खड़े रहते हैं उसमें वह सभी का शुक्रिया करना चाहते हैं जो उन्हें सूचित करते हैं जो डोनेशन के रूप में मदद करते हैं जो शेयर करके चौरिटी के बारे में लोगों को बताते हैं जिससे कई जानें बचाई जाती है।

जब आम आदमी यह सोचता है कि यह जानवर ही पड़ा है कोई मतलब नहीं तो वहां पर चौरिटी संदेश देती है इस समाज को कि यह सब हमारे ऊपर ही निर्भर करते हैं अगर हम इनकी ओर ध्यान नहीं देंगे तो फिर यह चक्र कैसे चलेगा? मिसाले पेश करती तस्वीरें अर्पित यादव ने बताया वह इसीलिए लगाई जाती हैं ताकि लोग जीव रक्षा के बारे में सोचे लोगों के अंदर जीव दया की भावना उत्पन्न हो जिसे बेजुबान जीवो की मदद की जा सके।

## बलात्कार पीड़िता ने कहा: कोतवाली में करूंगी आत्मदाह

**डलमऊ।** कोतवाली मे हफ्ते भर पहले दर्ज मुकदमे की विवेचना करने की बात पर पीड़िता की न्याय पाने की उम्मीद चकनाचूर होती नजर आई तो बलात्कार जैसे जघन्य अपराध के अभियुक्त की गिरफ्तारी ना होने को लेकर झुब्ध पीड़िता ने कोतवाली प्रभारी श्रीराम से दो टूक शब्दों मे अपनी बात कहते हुए कहा कि अगर आप अपराधी को नहीं पकड़ सकते तो बता दें मैं डलमऊ कोतवाली में आकर आत्मदाह कर लूँगी.इस पर प्रभारी ने पीड़िता को अभियुक्त की गिरफ्तारी का भरोसा दिलाया पर पिछले दो बलात्कार जैसे मुकदमों पर प्रभारी श्रीराम की प्रगति रिपोर्ट कुछ अलग ही कहानी बयां करती है।

## 20 लीटर कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**ऊंचाहार, रायबरेली।** ऊंचाहार के तेजतर्रार कोतवाल पंकज तिवारी के कुशल दिशा निर्देशन और मेहनती पुलिसकर्मियों के प्रयास से मुखबिर की सूचना पर कोतवाली क्षेत्र में ऊंचाहार के ग्राम अरखा में दबिश देकर 20 लीटर कच्ची शराब और 50 किलोग्राम लहन को नष्ट किया गया है बताते चलें कि कोतवाली क्षेत्र के गांव अरखा में कई दिनों से शराब की भटटठीयां धधक रही थी मुखबिर की सूचना पर पुलिसकर्मियों ने गांव अरखा निवासी संजीत कुमार के घर से 20 लीटर कच्ची शराब और 50 किलोग्राम लहन को नष्ट किया गया है।

## हाथी घोडा पालकी, जय कन्हैया लाल की

**लालगंज रायबरेली।** हाथी घोडा पालकी, जय कन्हैया लाल की, उद्घोष के साथ घरो व मंदिरो में जगत के पालनहार श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम के साथ मनाई गई वही वैश्विक महामारी कोरोना के चलते लोगो ने संयम बरतते हुए ईष्ट देव की आराधना की। महात्मा गांधी मार्ग स्थित विष्णु मंदिर, भैरवनाथ मंदिर, राधाकृष्ण मंदिर, सर्राफा मंडी में शीतला मंदिर सहित भक्तगणो ने अपने-अपने घरो में श्रीकृष्ण की झांकियां सजाकर पूजा अर्चना की।

# डीजीपी के हाथों सम्मानित होंगे डीआईजी देवीपाटन मंडल

**संवाददाता। गोंडा**



**जिले** की तहसील करनैलगंज में पान मसाला गुटखा व्यापारी के बेटे के अपहरण व चार करोड़ की फिरौती मांगने वाले बदमाशों के चंगुल से बच्चे को सकुशल बरामदगी करने वाले पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को राज्य स्तरीय सम्मान मिलेगा। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर देवीपाटन मंडल के डीआईजी डॉ0 राकेश कुमार व जिले के कोतवाली करनैलगंज के कस्बा चौकी पर तैनात चौकी प्रभारी रणजीत यादव, सिपाही अबरार खान व मिथिलेश सिंह के अदम्य साहस व वीरता के साथ उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए डीजीपी उत्तर प्रदेश द्वारा सिल्वर पदक देने के लिए नामित किया गया है। जिस पर पुलिस अधीक्षक आरके नैय्यर, सीओ करनैलगंज कृपाशंकर कनौजिया व कोतवाल राजनाथ सिंह सहित पुलिस कर्मचारियों में खुशी की लहर है। बता दें कि बीते पिछले दिनों हुए करनैलगंज नगर के पान मसाला व्यापारी राजेश गुप्ता के पौत्र नमो गुप्ता के अपहरण कांड में एसटीएफ व पुलिस की तत्परता को देखते हुए इलाके की आम जनता ने खूब सराहना हुई थी। जिस पर इलाके के सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने भी पुलिस कर्मियों को 11 हजार का पुरस्कार दिया था। इस पर करनैलगंज के विधायक कुंवर अजय प्रताप सिंह उर्फ लल्ला भैया, पूर्व नपाप अध्यक्ष शमीम अहमद अच्छन, शंकर प्रताप सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, पूर्व चेयरमैन रामजीलाल मोदनवाल, संजय यज्ञसैनी, कन्हैयालाल वर्मा, अनिल कुमार गुप्ता, चंद्रशेखर गोस्वामी सहित इलाके की जनता ने भी उनके कार्यों की सराहना करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की है।

### आन लाइन काव्य पाठ का आयोजन

**करनैलगंज-गोंडा।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा राज्य स्तरीय आन लाइन काव्य पाठ परवाज के पांचवें एपिसोड का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अखिलेश पांडेय ने की।

# दो सप्ताह तक कोई भी अधिकारी नही छोड़ेगा मुख्यालय: डीएम

**संवाददाता। सुलतानपुर**



**जिलाधिकारी** सी. इन्दुमती की अध्यक्षता में विकास भवन प्रेरणा सभागार में मंगलवार की रात्रि आठ बजे कोविड-19 के संक्रमण पर नियंत्रण के लिए एक आवश्यक बैठक आयोजित की गयी, जिसमें उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में कोरोना संक्रमण बहुत तेजी से बढ़ रहा है। इस पर प्रभावी नियंत्रण के लिए कोई भी अधिकारी दो सप्ताह तक मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे। सोशल डिस्टेन्सिंग का अनुपालन, मास्क का प्रयोग, साफ-सफाई, सेनेटाइजेशन आदि पर नियमित रूप से ध्यान दिये जायें।


जिलाधिकारी ने बैठक में कहा कि अधिकारीगण इस जनपद से गैर जनपद अपने घर चले जाते हैं और दूसरे जनपद से कोरोना संक्रमित होकर यहाँ आकर फैला देते हैं। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये कि कोई भी अधिकारी दो सप्ताह तक मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे, यदि कोई अधिकारी जनपद से बाहर बिना अनुमति के गया, तो उसके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी, जिसके लिये वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक वार्ड में कान्टैक्ट ट्रैसिंग के लिये 05-05 टीमें लगायी गयी हैं, जो नियमित रूप से कार्य करेंगी तथा रिपोर्ट प्रतिदिन उपलब्ध करायेंगी। उन्होंने सर्विलान्स टीम द्वारा जॉच कराये जाने तथा होम आइसोलेशन निगरानी किये जाने के साथ-साथ मृत्यु आडिट के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश उपस्थित सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि कोविड-19 के संक्रमण नियंत्रण कार्यों में अधिकारियों को पैनी नजर रखनी होगी। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद मुख्यालय कलेक्ट्रेट स्थित कन्ट्रोल रूम में संतोष श्रीवास्तव कोरोना पाजिटिव पाये जाने पर 48 घण्टे के लिये कन्ट्रोल बन्द कर दिया गया है। इसी प्रकार जनता मेडिकल स्टोर पर एक व्यक्ति कोरोना पाजिटिव पाये जाने पर तत्काल जनता मेडिकल स्टोर बन्द करने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने होम आइसोलेशन निगरानी नियमित रूप से की जाय और रिपोर्ट भी नियमित रूप से उपलब्ध करायें। उन्होंने कहा कि जनपद में कोरोना संक्रमण बहुत तीव्रगति से बढ़ रहा है, जो चिन्ता का विषय है। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिला मुख्यालय तहसीलध्ब्लाक व भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर कोविड-19 संक्रमण को चेक किये जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सोशल डिस्टेन्सिंग का अनुपालन, मास्क का प्रयोग, सेनेटाइजेशन तथा साफ-सफाई पर नियमित रूप से लोगों को ध्यान दिये जाने के लिए जागरूक करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक शिव हरी मीना, मुख्य विकास अधिकारी अतुल वत्स, अपर जिलाधिकारी प्रशासन हर्षदेव पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी उमाकान्त त्रिपाठी, मुख्य राजस्व अधिकारी शमशाद हुसैन, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सीबीएन त्रिपाठी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी पन्नालाल, चिकित्सा विभाग के नोडल अधिकारी, तहसीलदार सदर, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिकाध्नगर पंचायत सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# फुलवारी स्कूल में मना श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व



**गोंडा।** फुलवारी पब्लिक स्कूल में ऑन लाइन कक्षाओं की तरह श्री कृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्या नीता सिंह ने सभी बच्चों व अभिभावक की बहुत सराहना करते हुए उनके इस प्रयास की भूरि-भूरि प्रशंसा किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ ही सांस्कृतिक क्षेत्र में अपना योगदान जरूर करना चाहिए। इसमें सौर्य मिश्रा, प्रत्यूषा वर्मा, अंशिका यादव, सानवी सिंह, कृष्णा, अंशिका श्रीवास्तव, आर्या, सिदरा, आराध्या, आनंद कुमार, दीपांशु, रिचा, सार्थक शुक्ला, रीति सिंह, गुन्जन शर्मा, यशस्वी, कौष्टी कंकन, दृष्टि आदि बच्चे श्री कृष्ण व राधा के परिधान मं नजर आये। ऑन लाइन आयोजन के दौरान उपप्रधानाचार्या सौम्या द्विवेदी, ज्योति चौरशिया, प्रीती पांडेय अलोक द्विवेदी, अतुल शुक्ला, हर्षित सिंह, ज्ञानेन्द्र सिंह, अभिषेक शर्मा, वन्दना सिंह आदि मौजूद रहे।

# साधन सहकारी समितियों पर यूरिया का टोटा



**संवाददाता। सुलतानपुर**

**बारिश** के बाद अब धान की फसलों की यूरिया की जरूरत पड़ी तो साधन सहकारी समितियों से खाद नदारद है। जहां किसान प्राइवेट दुकानों पर महंगे दामों पर यूरिया खरीदने को मजबूर हैं वहीं दुकानदार भी किसानों की मजबूरी का फायदा उठाकर अपनी जेबें गर्म करने में जुटे हुए हैं। ऐसे में योगी सरकार का किसानों के लिए डंप खाद का दावा सिर्फ और सिर्फ हवा-हवाई साबित होकर रह गया है। विकास खण्ड भदैंया के महेसुआ गांव निवासी किसान कलीम खान, इद्रीश खान व मुजीब खान ने बताया कि साधन सहकारी समितियों पर ताले लटक रहे हैं। उधर दूबेपुर विकास खण्ड के भादा गांव निवासी किसान रमाशंकर दूबे व प्रभात सिंह ने बताया कि यूरिया की मारामारी ऐसी है कि किसान कई किलोमीटर दूर तक खाद खोजने के लिए दुकानों का चक्कर काटने को विवश हैं। प्राइवेट में जिन दुकानदारों के पास यूरिया मौजूद है वह उसे काफी महंगे दामों में चोरी-छिपे बेच रहे हैं। जिले के हजारों किसानों ने साधन सहकारी समितियों पर यूरिया खाद की खेप मंगाए जाने की मांग शासन प्रशासन से की है।

# पैन बदलकर नौकरी करने वाले 15 'गुरुजी' फंसे

**संवाददाता।** बस्ती

● इन सभी के भविष्य का फैसला 17 अगस्त को जिला स्तरीय समिति करेगी

● संदेह के घेरे में वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय

'अनामिका शुक्ला' की तरह जिले में 15 और 'नटवरलाल' बेसिक विभाग के जाल में फंस चुके है। इनके भविष्य का फैसला 17 अगस्त को एडीएम की अध्यक्षता वाली जिला स्तरीय समिति करेगी। इसके पहले छह 'नटवरलाल' को विभाग बर्खास्त कर चुका है। इन सभी पर पैन बदलकर नौकरी करने का आरोप है। इस पूरे मामले में वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय की भूमिका संदेह के घेरे में है। कहा जा रहा है कि बिना कार्यालय की मिली भगत से किसी का पैन नंबर बदला ही नहीं जा सकता। यह बात परीक्षण के दौरान भी साबित हो चुकी। सवाल उठ रहे है कि कार्यालय ने किस आधार पर इन सभी का पैन नंबर बदल दिया, वह भी बिना किसी ठोस कारण और आवेदन के। पैन बदल कर नौकरी करने वालों के साथ वित्त एवं लेखाधिकारी के खिलाफ भी कार्रवाई करने की मांग हो रही है। जानकार इसे किसी भी हालत में लिपिकीय त्रुटि नहीं मान रहे हैं, बल्कि इसे साजिश करार दे रहे है। कह रहे हैं कि बिना किसी साजिश के किसी भी शिक्षक का 'परमानेंट एकाउंट नंबर' यानि पैन बदला ही नहीं जा सकता। बीएसए अरुण कुमार ने बताया कि सभी को 17 अगस्त को रिकार्ड के साथ बुलाया गया है।

पैन बदलने के कारण जिन 'गुरुजी' की नौकरी खतरे में पड़ी हुई है, उनमें बहादुरपुर के प्राइमरी स्कूल बहादुरपुर द्वितीय ज्योति मिश्रा, बनकटी के पीएस बोदवल की निर्मला वर्मा, बनकटी के पीएस दुबुआकला की पूनीता पांडेय, बनकटी के पीएस कांची स्कूल की पूनम पांडेय, बनकटी के पीएस पड़ारी के मारकंडेय त्रिपाठी, हर्रैया पीएस डुबहामिश्र की माया गुप्ता, कप्तानगंज के यूपीएस बिनासर के शिवाकांत, रामनगर के यूपीएस बिराला नरहरिया के बुद्धिप्रकाश, रामनगर के पीएस तनौठी के विमलेश कुमार, रुधौली पीएस नथाड़ी के अख्तर हुसैन, और विक्रमजोत ब्लॉक के प्राइमरी विद्यालय शेरवाडीह के शिवकुमार, रुधौली यूपीएस अंबारी के अशोक कुमार, रुधौली के पकरी सोयेम के कन्हैयालाल, सांउघाट के प्राइमरी तेलीयाडीह की वंदना जायसवाल और गौर ब्लॉक के जूनियर हाईस्कूल सिटकोहर की मालती शुक्ला हैं। इनमें अशोक कुमार, कन्हैयालाल, वंदना जायसवाल और मालती शुक्ला का पूरी तरह पैन नंबर बदला गया है। बीएसए ने बताया कि कमेटी ने अगर किसी को गलत करार दे दिया, तो उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा, और वेतन वसूली की कार्रवाई भी की जाएगी।

## अनुपस्थित मिले नौ कर्मियों का एक दिन का वेतन कटेगा

**बस्ती।** नो वर्क नो पे के आधार पर एक दिन का वेतन काटने के बाद भी सीएचसी, पीएचसी के कर्मियों में सुधार नहीं आ रहा है। कार्यरत कर्मी इसके बावजूद डयूटी पर मुस्तैद नहीं है। जांच में उनके अनुपस्थित रहने के मामले सामने आ रहे हैं। विभिन्न सीएचसी/पीएचसी पर कार्यरत 9 कर्मचारी जांच में फिर अनुपस्थित पाए गए। प्रभारी जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने नो वर्क नो पे के आधार पर उनका एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया है। अनुपस्थित पाए गए 3 स्थाई, 6 संविदा /आउटसोर्स के कर्मचारी हैं। जांच में जो अनुपस्थित मिले उनमें सीएचसी विक्रमजोत के एलटी आलोक कुमार यादव, एलटीसी प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, कुदरहा के डा. श्याम कृष्ण वैश्य, सीएचसी हर्रैया के स्टाफ नर्स माया साहू, नसीमा अंसारी, रागिनी राव, मरवटिया के एलटी आशीष पाण्डेय, विक्रमजोत के आयुष्मान मित्र शिव कुमार, साऊंघाट के एमओआरएसबीके डा. माधवी सिंह शामिल हैं।

# जेल में दूसरे दिन भी फूटा कोरोना बम 259 और मिले कोरोना संक्रमित

● जेल में कोरोना पॉजिटिव की संख्या पहुंची 450

**संवाददाता।** बस्ती

जिला कारागार में दूसरे दिन हुई जांच में 258 बंदी और एक कर्मचारी कोरोना संक्रमित मिले। इसे मिलाकर जेल बंदियों के कोरोना पाजिटिव मिलने की संख्या 450 पहुंच गई है। इससे एक दिन पूर्व हुई जांच में 191 बंदी कोरोना पाजिटिव पाए गए थे। एंटीजेन से हुई जांच में दो दिन के भीतर पाजिटिव पाए गए बंदियों में सामान्य रूप से कोरोना का कोई लक्षण नहीं पाया गया। लगभग पांच सौ की क्षमता वाले जिला कारागार में वर्तमान में 1250 बंदियों को रखा गया है। क्षमता से अधिक बंदियों के बोझ तले कराह रही कारागार में हुई एंटीजेन जांच में दो दिन के भीतर 450 बंदियों की रिपोर्ट पाजिटिव आने के बाद कोरोना संक्रमितों की संख्या 1700 से ऊपर पहुंच गई है। कोरोना वायरस के खतरे को देखते हुए लाकडाउन अवधि से ही प्रशासन ने सतर्कता बरती। बावजूद इसके दो दिनों के भीतर जेल के बंदियों के कोरोना पाजिटिव की संख्या ने जेल प्रशासन के लिए चुनौती खड़ी कर दी है। 974 बंदियों की हुई जांच में लगभग आधे बंदियों के कोरोना संक्रमित मिलने से हड़कम्प मच गया। 374 बंदियों के एंटीजन टेस्ट में पाजिटिव मिले किसी भी बंदी में कोरोना का कोई लक्षण की स्थिति है। जबकि कोरोना को लेकर अलर्ट कारागार प्रशासन यहां सेनेटाइजिंग टनल की स्थापना से लेकर हर संभव सावधानी बरतता रहा। बंदियों से मुलाकात तक पर रोक लगी। बंदियों के परिजनों से मुलाकात की जगह बातचीत के लिए पीसीओ की सुविधा जेल के भीतर शुरू की गई। विभिन्न मामलों में बंदी जेल लाए जाने से पहले अस्थाई बनी जेल में रखे गए। लेकिन सारी व्यवस्था धरी रह गई और जेल के भीतर कोरोना बम फूट गया।

### हर्रैया विधायक के पांच परिजनों समेत 46 और मिले कोरोना पॉजिटिव

इसके अलावा 46 और कोरोना पाजिटिव पाए गए हैं। जिसमें हर्रैया विधायक के पांच परिजन भी शामिल हैं। संक्रमितों में एक प्रतापपुर विक्रमजोत, एक रामनगर, एक मालवीय रोड, एक शांतिनगर,एक खौरहवा,आठ महिला अस्पताल,एक दीवानी कचहरी क्षेत्र, एक एनएनसी आफिस, एक कौड़ीकोल, एक कप्तानगंज रतास, एक टड़ौठी अठदमा, एक बहेरिया वाल्टरगंज,एक ओड़वारा,एक कोरमा कोठरी, एक मूड़ाडीहाखुर्द, एक चुन्नी, एक खुसुआ छावनी,दो नगर पंचायत हर्रैया वार्ड नम्बर सात,छह नगर बाजार, तीन असनहरा,एक प्रतापगढ़कला छावनी, एक कोरऊंखास मुण्डेरवा सहित अन्य शामिल हैं।

## भाजपा नेता ने निजी स्कूलों में ली जा रही फीस माफ करने की मांग की

**बस्ती।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष चन्द्रेश प्रताप सिंह ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर कोविड-19 संकट काल में निजी स्कूलों की फीस माफ किए जाने, श्रमिकों, किसानों की दयनीय दशा से अवगत कराते हुए उस पर उचित निर्णय लिए जाने का आग्रह किया है। भेजे गए पत्र में कहा है कि कोविड-19 महामारी के दौर में श्रमिकों, मजदूरों, किसानों, गरीबों की स्थिति अत्यंत दयनीय है। किसी तरह उनके दो जून की रोटी की व्यवस्था हो रही है। बेरोजगारी और आपदा काल में निजी स्कूलों द्वारा आनलाइन पढ़ाई के नाम पर फेस मैसेज कर फीस जमा करने का दबाव बनाया जा रहा है, बच्चों के नाम तक काटे जा रहे हैं। किसानों का गन्ना मूल्य तक का भुगतान नियमानुसार नहीं है, गोविन्दनगर सुगर मिल वाल्टरगंज का वर्ष 2016-17, वर्ष 2017-18 का गन्ना मूल्य और श्रमिकों का लगभग तीन साल का वेतन मजदूरी बकाया है। मिल भी बंद हो गई है। ऐसे में श्रमिक और किसान अपने बच्चों की फीस कैसे जमा कर पाएंगे। जबकि आनलाइन पढ़ाई करने के लिए सभी बच्चों के अभिभावकों के पास स्मार्टफोन नहीं है। जिन अभिभावकों के पास हैं भी वे रोजी रोटी की तलाश में सुबह घर से निकल जाते हैं, ऐसे में बच्चे आनलाइन पढ़ाई कैसे करेंगे। अप्रैल से लेकर जून तक स्कूल पूरी तरह बन्द होने के बावजूद निजी स्कूलों द्वारा फीस लिए जा रहे है। नर्सरी से कक्षा चार तक के बच्चों तक को आनलाइन पढ़ाया जा रहा है। बच्चों की समझ में आनलाइन पढ़ाई नहीं आ रही है बल्कि वे मानसिक रूप से बीमारी का शिकार हो रहे हैं। मांग किया है कि निजी स्कूलों के प्राइवेट पब्लिकेशन की महंगी पाठय पुस्तकों पर रोक लगाते हुए सरकारी पाठय पुस्तके लागू कराया जाय तांकि शिक्षा के व्यवसायीकरण पर रोक लगाया जा सके।

# दबंगों ने ढाया परिवार पर कहर, मारपीट में रीढ़ की पसली टूटी

● न्याय और दोषियों पर कार्रवाई के लिए पीड़ित परिवार ने एसपी से लगाई गुहार

**संवाददाता।** बस्ती



लालगंज थाना क्षेत्र के खदरा (खिरिहवा) निवासी महेश कुमार के परिवार पर दबंगों ने जमकर कहर बरपाया। रंजिशन लाठी, डंडों से लैश होकर की गई मारपीट में महेश के रीढ़ की पसली टूट गई। उसकी पत्नी सहित परिवार और पट्टीदार तक मारपीट में घायल हो गए। मामले में 112 डायल पर सूचना देने के बाद मौके पर पुलिस पहुंची,मामले में एनसीआर दर्ज कर कोरम पूरा कर लिया गया। दबाव प्रभाव के चलते दबंगों पर कार्रवाई न होने से वे पीड़ित परिवार को खुलेआम धमकियां दे रहे हैं जिससे पीड़ित का पूरा परिवार अनहोनी की आशंका में डरा सहमा है। महेश कुमार की रीढ़ की पसली टूट जाने के कारण जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है।

दबंगो से डरी सहमी महेश कुमार की पत्नी किरन देवी ने एसपी को प्रार्थना पत्र देते हुए न्याय की गुहार लगाया है। अआरोप लगाते हुए कहा है कि पुरानी रंजिश को लेकर गांव निवासी ओम प्रकाश, गुड्डू उर्फ वीरेन्द्र, राम गोपाल, भरत, सीताराम व दो अन्य लाठी, डंडा से लैश होकर 7 अगस्त को उसके घर पर चढ़ आए। गाली देते हुए उसके पति महेश कुमार, पुत्र शुभम को मारने लगे। चीख पुकार सुनकर जब उस समेत परिवार के अन्य सदस्य बचाने दौड़े तो दबंगो ने उन्हे भी मारा पीटा। मारपीट के दौरान उसके पति के रीढ़ की पसली टूट गई। डायल 112 पर सूचना बाद मौके पर पुलिस पहुंची, सभी को थाने लेकर आई, लेकिन उसके दबाव प्रभाव के चलते घटना में केवल भादवि की धारा 323,504 के तहत एनसीआर दर्ज कर लिया। कोई कार्रवाई न होने से दबंगों का मनोबल बढ़ा हुआ है और वे परिवार को जानमाल की धमकी दे रहे है। एसपी से मामले में आरोपियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाही करते हुए न्याय दिलाए जाने की गुहार लगाया है। आशंका व्यक्त किया है कि यदि उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाही नहीं की गई तो वे कभी भी उसके और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ अनहोनी घटना को अंजाम दे सकते है। मामले में एसओ लालगंज से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मामले में दो बार मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़ित पक्ष को उनसे मिलना चाहिए। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर धारा बढ़ाकर कार्यवाही की जाएगी।

## संदीप जायसवाल युवा भारत के बनाये गए राष्ट्रीय प्रवक्ता



**सोनभद्र।** युवा सामाजिक संगठन युवा भारत ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ कान्त पति तिवारी के निर्देशानुसार राष्ट्रीय प्रभारी रागिनी मिश्रा ने संदीप जायसवाल को राष्ट्रीय प्रवक्ता मीडिया प्रभारी एंव उत्तर प्रदेश का प्रभारी नियुक्त किया गया है। संगठन ने उम्मीद जताई है कि श्री जायसवाल संगठन के नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। रागिनी मिश्रा ने बताया कि संगठन का विस्तारीकरण प्रारम्भ किया जा चुका है, जिसके अंतर्गत उत्तर प्रदेश के प्रभारी की घोषणा की गई है। अन्य प्रदेशों के प्रभारी अध्यक्ष की घोषणा भी जल्द की जाएगी। उक्त अवसर पर युवक मंगल दल के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष रजनीश कुमार पाण्डेय, जिला महामंत्री मनोज कुमार दीक्षित, अजित पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।

# अपने अंदाज-ए-बयां से अमर हो चुके राहत, तुम्हें कौन भुला सकता है

● राहत इंदौरी की पहचान कालजयी रहेगी

**संवाददाता।** बीजपुर/सोनभद्र



रिहंद साहित्य मंच के साहित्यानुरागियों ने बुधवार को हर अजीज मशहूर अंतरराष्ट्रीय शायर राहत इंदौरी के आकस्मिक निधन पर उन्हें याद करते हुए शोक संवेदना प्रकट की। गूगल मीट पर आयोजित शोक सभा में श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए मंच के संरक्षक एवं प्रख्यात साहित्यकार डॉक्टर दिनेश दिनकर ने डॉ राहत इंदौरी से जुड़े अपने संस्मरण को साझा करते हुए कहा कि सुबह ही बोले कि दुआ कीजिए... जल्दी स्वस्थ हो जाऊं बाद मेरे भाई, क्या कर बैठे। तुम कभी नहीं मरोगे, काल तुम्हें नहीं मार सकता। तुम्हारी शायरी देश प्रेम और मानवता की चेतना को हमेशा जगाती रहेगी। कविता की वाचिक परंपरा में तुम्हारी गजलों की अनुगूंजें प्रतिध्वनित होकर कुत्सित राजनीति, फिरकापरस्ती, मजहबी उन्माद, नफरत और शोषण की बुनियादें हिलाती रहेंगी। तुलसी, कबीर और रसखान की तरह तुम लोक जुबान पर चढ़कर नए हिंदुस्तान को गढ़ते रहोगे। अपनी कालजयी कृतियों नाराज, जब मैं मरुं, मेरे बाद, चांद पागल है और धूप बहुत है तथा अपने अंदाज-ए-बयां से अमर हो चुके राहत तुम्हें कौन भुला सकता है तुम्हें भूलने का मतलब है हिंदुस्तान की गंगा जमुनी तहजीब और उसकी रवानी की मौत। संयुक्त सचिव नरसिंह यादव ने कहा कि राहत जी के निधन से आहत काव्य प्रेमी शोक सागर में डूब गए हैं। मंच से जुड़े प्रेस क्लब के कलम कारों ने उनके निधन को साहित्य जगत की अपूरणीय क्षति बताया। महासचिव मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि राहत जी किसी परिचय के मोहताज नहीं थे। उनकी शेरो शायरी और काव्य पाठ की असीम ऊर्जा तथा संदेश ही उनकी पहचान है। उनको सुनने और पढ़ने का मतलब अपने समय के संघर्षों को सुनना और पढ़ना है। एनटीपीसी रिहंद के मुशायरे के मंच पर उनके घंटों मोहक काव्य पाठ का मैं साक्षी रहा हूं। खुदा उनके परिवार जनों को इस आघात से उबरने की शक्ति बख्शे यही हमारी दुआ है। सदस्य डीएस त्रिपाठी ने कहा कि उनको सुनने और पढ़ने से जी नहीं भरता। अपनी रचनाओं से वे अमर रहेंगे। लक्ष्मीनारायण पन्ना ने उनकी शायरी की कुछ लाइनों को स्मरण कराया तथा कमलेश कमल ने कहा कि उनकी पहचान भविष्य में एक ऐसे शायर के रूप में की जाएगी जिसने शायरी की बुनियाद में जीवन मूल्यों के मील के पत्थर डालकर मानवता की इबादत की। रूद्र देव दुबे ने उनके रिहंद आगमन के स्मृतियों को स्मरण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## शोक सभा कर राहत इंदौरी को दी गई श्रद्धांजली

**सोनभद्र।** शहीद स्थल प्रबंधन ट्रस्ट करारी मधुरिमा साहित्य गोष्ठी असुविधा साहित्यिक प्रत्रिका परिवार व बार एसोसिएसन सोनभद्र की तरफ से जनपद मुख्यालय स्थित कचहरी परिसर के सभागार में देश के प्रसिद्ध शायर राहत इंदौरी के इसे असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुये श्रद्धांजली दी गयी। दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिये प्रार्थना किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार व चिंतक अजय शेखर, रामनाथ शिवेन्द्र, प्रदुम्न त्रिपाठी, दिलीप सिंह दिपक, अशोक तिवारी, प्रभात सिंह चन्देल, जयराम सोनी, धर्मेश चौहान, वरिष्ठ अधिवक्ता आत्म प्रकाश त्रिपाठी, ओम प्रकाश पाठक, विकास वर्मा समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# आजादी का झरोखा कार्यक्रम के तहत युवा कांग्रेस ने लगाई प्रदर्शनी

**सोनभद्र।** भारतीय युवा कांग्रेस सोनभद्र द्वारा आजादी का झरोखा कार्यक्रम के तहत सोनभद्र युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने स्वतंत्रता से जुड़े नेताओं सेनानियों की प्रदर्शनी लगाई युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष आशुतोष कुमार दुबे आशु के नेतृत्व में जनपद मुख्यालय स्थित अशोक नगर में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वतंत्रता संग्राम के क्रांतिकारी नेताओं सेनानियों की झांकी सोशल डिस्टेंसिंग को ध्यान में रखते हुए मास्क लगाकर लगाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव चंचल शर्मा मौजूद रहे चंचल शर्मा ने कहा कि आज हम जो स्वतंत्र भारत में रह रहे हैं उसमें इन क्रांतिकारी नेताओं की सोच, विचार व भावना का बहुत बड़ा योगदान है, जात पात से ऊपर उठकर ,सबको साथ लेकर चलने का काम हमारे देश के नेताओं ने किया। उनकी सोच स्वतंत्र भारत की थी, लाखों लोगों की कुर्बानी के बाद भारत स्वतंत्र हुआ, आजाद भारत में रहने का जो सौभाग्य हम लोगों को मिला है उसमे हमारी भी जिम्मेदारी होती है की इन नेताओं को हमेशा याद रखें और उनकी सोच, विचार के साथ हमें आगे बढ़ना चाहिए। संगठन के जिलाध्यक्ष आशुतोष कुमार दुबे आशु ने कहा कि आज का युवा परेशान, बेरोजगार है, वर्तमान समय में यह हम सब युवाओं की नैतिक जिम्मेदारी होती है की अपने क्रांतिकारी नेताओं ,स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के विचारों को सुनें उनको पढ़ें उनको समझे और आत्मसात भी करें। यह देश सब का है हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई हम सब हैं भाई भाई सबका इस देश पर बराबर का अधिकार है और सबको मिल जुल कर रहना चाहिए। अगर क्रांतिकारी नेताओं की जीवनी को पढ़ें तो काफी कुछ देखने सुनने और सीखने को मिलता है। कार्यक्रम में मौजूद जिला उपाध्यक्ष मनोज मिश्रा ने कहा कि युवाओं की जिम्मेदारी होती है की आगे आने वाली पीढ़ियों को भी क्रांतिकारी नेताओं के बारे में बताएं ,जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश राम ने कहा कि सबको लेकर चलने वाला सही मार्गदर्शक होता है, विधानसभा अध्यक्ष घोरावल दीपक कोहली कांत मिश्रा ने कहा कि नई पीढ़ियां धीरे धीरे पुराने लोग को भुलती जा रही हैं यह गम्भीर चिंता का विषय है यह आगे चलकर हमारे पतन का भी कारण हो सकता है। मुख्य रूप से उपस्थित होने वालों में जिला महासचिव कमलेश यादव, सूरज वर्मा, अंशु मद्धेशिया, इंद्रजीत शुक्ल, रमेश कुमार, प्रदीप चौबे, दशरथ त्रिपाठी, शीतला सिंह पटेल, अनिल चौबे ,अजय सिंह, प्रदीप चौहान, सुनील गुप्ता,विक्की कुमार, शंकरलाल भारती उपस्थित रहे।

## कार्यशाला परिसर में स्थापित की गई कोविड कवच मशीन



**सोनभद्र।** नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की केंद्रीय कर्मशाला, जयंत ने एक अभिनव प्रयास के तहत सभी कर्मियों को कोरोना वायरस के संक्रमण से सुरक्षित रखने हेतु कार्यशाला परिसर में कोविड कवच मशीन को स्थापित किया है। यह एक उन्नत स्वचालित मशीन है जिसमें व्यक्ति के शरीर का तापमान स्वत: दर्ज हो जाता है और साथ ही वह व्यक्ति पैर से संचालितहोने वाली मशीन द्वारा हाथों को भी साफ कर सकता है। फिलहाल यह मशीन कार्यशाला में सभी कर्मियों के उपयोग के लिए लगाई गयी है और शीघ्र ही इसे अन्य स्थानों पर भी स्थापित किया जाएगा। गौरतलब है कि केंद्रीय कर्मशाला, जयंत के प्रबंधन द्वारा कोरोना अप्रसार हेतु पूर्व में भी कई नवाचारी प्रयोग किए, गए हैं जिसमेंस्वचालित हैंड सैनिटाइजर मशीनएवंकर्मशाला में ही निर्मित पैरों द्वारा संचालित हैंडवाश मशीनके प्रयोग, ध्वनि विस्तारक यंत्र एवम् सूचना पट्ट के माध्यम से कोरोना से बचाव के उपायों का प्रसारण इत्यादि प्रमुख हैं।

# विकास के मामले में प्रदेश में सिरमौर बनेगा मिर्जापुर जनपद

**संवाददाता।** मिर्जापुर

● शिक्षा, सड़क, रेल, स्वास्थ्य, पर्यटन सहित अन्य क्षेत्रों में निरंतर हो रहे कामः अनुप्रिया पटेल

●अपना दल (एस)की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती पटेल ने जिला इकाई की बैठक को वर्चुअली किया सम्बोधित



अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष व स्थानीय सांसद श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने कहा कि मिर्जापुर जनपद विकास के मामले में पूरे सूबे में सिरमौर बनेगा। यहां पिछले छह वर्षों में विकास के जितने काम हुए, उतने कभी नहीं हुए। सबसे बड़ी बात यह है कि यह जनपद विकास के हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। श्रीमती पटेल मंगलवार को पार्टी की जिलाए विधानसभा, जोन, सेक्टर व बूथ स्तर के पदाधिकारियों के साथ वर्चुअली बैठक कर रही थीं। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि जिले में रेल, फोरलेन सड़क, इंजीनियरिंग कॉलेजए मेडिकल कॉलेज, केंद्रीय विद्यालय सहित तमाम ऐसे काम हुए हैं, जिनका फायदा हर जाति व हर समाज को मिलेगा। सैनिक स्कूल, चिड़ियाघर सहित कई योजनाओं की स्वीकृति की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। पर्यटन के लिहाज से चुनार के ऐतिहासिक किला में लाइट व साउंड सिस्टम के साथ वहां घाटों के भी सुंदरीकरण का काम होगा। इसके लिए करीब चार सौ करोड़ रुपये की स्वीकृति हो चुकी है। इसके लिए वे पिछले पांच साल से प्रयासरत थीं। केंद्र के आयुष मंत्रालय द्वारा 50 बेड का आयुष अस्पताल भी जिले में बनना है। इसकी भी प्रक्रिया अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि जब केंद्र में स्वास्थ्य राज्य मंत्री थीं तो लाइफलाइन ट्रेन भेजी थी। उसमें करीब 15 हजार लोगों का निशुल्क उपचार हुआ। अहरौरा रोड रेलवे स्टेशन का नाम बदलवा कर नरायनपुर करवाने के लिए प्रयासरत हैं। शीघ्र ही इसका परिणाम देखने को मिलेगा। श्रीमती पटेल ने कहा कि अपना दल समतामूलक समाज की स्थापना की बात करती है। सिर्फ बात नहीं, इसके लिए काम भी करती है। जनपद का विकास होगा तो किसी जाति विशेष को उसका फायदा नहीं होगा। इससे सभी जाति व समाज के लोग लाभान्वित होंगे। उन्होंने सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से अपील की कि पार्टी की नीतियों व विकास कार्यों की चर्चा घर-घर तक पहुंचाने का काम करें। उन्होंने कहा कि आधी आबादी का विकास बहुत जरूरी है। महिलाओं का सम्मान आवश्यक है। इसलिए संगठन में भी इनको प्राथमिकता दी जाए। पार्टी का महिला मंच तो है ही। मूल इकाई तथा अन्य मंचों में भी इनको पद देकर सम्मानित किया जाए। सांसद ने कहा कि कुर्मी को छोड़कर शायद ही कोई समाज बचा होए जिसके लिए उत्सव भवन के लिए उन्होंने सांसद क्षेत्र विकास निधि से राशि न जारी की हो। उनका मकसद सर्वसमाज का विकास है। जब तक ऐसा नहीं होगा, समतामूलक समाज की स्थापना का सपना साकार नहीं होगा। इसको ध्यान में रखते हुए काम किया जाए। बैठक में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सोरांव के विधायक डॉ. जमुना प्रसाद सरोज, युवा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष छानबे विधानसभा के विधायक राहुल प्रकाश कोल, विधि मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष व जिला प्रभारी तेजबली सिंह एडवोकेट, राष्ट्रीय सचिव रमाशंकर पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल सिंह पटेल, राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेश पटेल, पंचायत मंच के प्रदेश अध्यक्ष रमेश सिंह पटेल, जिलाध्यक्ष रामलौटन बिंद, डॉ. एसपी सिंह पटेल, मेघनाथ सिंह पटेल, अनुसूचित मंच के जिलाध्यक्ष ज्ञानचंद्र कनौजिया, जिला मीडिया प्रभारीद्वय आनंद सिंह पटेल, दुर्गेश सिंह पटेल, युवा मंच के जिलाध्यक्ष उदय सिंह पटेल, महिला मंच से कीर्ति केशरी, शिक्षक मंच में जिलाध्यक्ष घनश्याम पटेल, छात्र मंच के जिलाध्यक्ष दिलीप पटेल, अभिषेक सिंह सहित करीब सौ पदाधिकारी व कार्यकर्ता जुड़े थे।

## सोनभद्र में मिले 27 संक्रमित आंकड़ा पहुंचा एक हजार के पार

**सोनभद्र।** जनपद सोनभद्र में कोरोना वायरस कोविड-19 का संक्रमण किये जा रहे तमाम रोक थाम के उपायों के बाद भी रुकने का नाम नही ले रहा है। जनपद में कोरोना संक्रमण ने अपना पांव पुरी तरह से फैला चुका है जहां पिछले लगभग दो माह से लगातार आ रही कोरोना संक्रमित रिपोर्ट ने लोगों चिंताये बढ़ा दी है। बुधवार को आयी रिपोर्ट में 27 लोग कोरोना संक्रमित पाये गये है। जिसे लेकर पुरे जिले में हड़कम्प की स्थित उत्पन्न हो गई। संक्रमित पाये गये मरीजों को उपचार के लिये कोविड-19 अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों को कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु जानकारी उपलब्ध करायी जा रही है। लेकिन जिले में कोरोना का कहर बढ़ता ही जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 एस के उपाध्याय ने बताया कि बुधवार को 27 पॉजिटिव मरीज मिले है। संक्रमित लोगों को कोविड-19 अस्पताल में भर्ती कराकर उनका इलाज शुरु कर दिया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 एस के उपाध्याय ने बताया कि कोरोना संक्रमण को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनपद वासियों को अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलने, सेनिटाइजर अथवा साबुन से बार बार हाथ धोने और मुंह पर मास्क या गमछे का प्रयोग करने तथा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने का सुझाव दिया जा रहा है। जिससे वे कोरोना वायरस की चपेट में न आने पाये।

# 62 की उम्र पार कर चुकी 190 आंगनबाड़ी होंगी कार्यमुक्त

**जनपद में मौजूदा समय में 3420 आंगनबाड़ी और 3370 मिनी आंगनबाड़ी कार्यरत हैं**

**लगातार शिकायतें मिलने पर शासन ने सुधि ली**

**संवाददाता**। गाजीपुर

**राज्य** सरकार ने 62 वर्ष की आयु सीमा पूरी करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सेवा समाप्त करने का निर्णय किया है। इसके साथ-साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के क्रियाकलापों की जांच भी कराई जाएगी। शासन को निरंतर यह शिकायत मिल रही है कि सरकार के दिशा-निर्देश के विपरीत अब भी 62 साल से ज्यादा आयु की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से सेवा ली जा रही हैए और उनको मानदेय दिया जा रहा है। जिसको लेकर विशेष सचिव गरिमा यादव ने 22 जुलाई को बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार के निदेशक को पत्र जारी कर ऐसी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को चिन्हित कर उन्हें सेवानिवृत्ति का निर्देश दिया है। जिस के क्रम में जनपद में करीब 190 आगनबाड़ी कार्यकर्ती प्रभावित हो सकती हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी दिलीप कुमार पांडे ने बताया कि जनपद में मौजूदा समय में 3579 आंगनबाड़ी केंद्र और 539 मिनी आंगनवाड़ी के माध्यम से जनपद में 3420 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और 3370 मिनी आंगनवाड़ी कार्यरत है। शासन के द्वारा पत्र मिलने के पश्चात ऐसी आंगनवाड़ियों को चिन्हित करने के लिए सभी बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देश दिया जा चुका है। और लगभग सभी परियोजनाओं से ऐसी कार्यकर्ताओं को चिन्हित भी कर लिया गया है जिनकी संख्या करीब 190 के आसपास होने की संभावना है। आंगनबाड़ी केंद्रों के मध्यम से चाइल्ड डेवलपमेंट सर्विसेज एंड न्यूट्रीशन डिपार्टमेंट द्वारा बच्चों, किशोरियों व गर्भवती महिलाओं के लिए कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इन सभी आयोजनों को अंजाम तक पहुंचाने की जिम्मेदारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सौंपी गई है। लेकिन अधिक उम्र होने के चलते एक और जहां शासन के मंशा का उल्लंघन हो रहा है। तो दूसरी ओर उम्र अधिक हो जाने के कारण विभागीय कार्यों में जो गति होनी चाहिए वह गति नहीं मिल पा रही है।

# गोकुल में बजत है बधैया, नंद के घर जन्मे कन्हैया

**जिले में धूमधाम से मना श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व**

**सोशल डिस्टेसिंग के साथ घरों व मंदिरों में हुआ पूजन**

**सोहर गीत के बाद झूम उठे श्रद्धालु**

**संवाददाता**। मऊ

**कोरोना** संक्रमण के बावजूद जिले में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व सोशल डिस्टेसिंग का पालन करते हुए श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया। दिन भर श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर घरों व मंदिरों में भजन-कीर्तन किया। रात बारह बजते ही घंटा-घड़ियालों के साथ बधाइयां भी बजनी शुरू हो गईं। श्रद्धालुओं ने अपने-अपने घरों व मंदिरों में आरती के साथ ही पूजन-अर्चन किया। वहीं महिलाओं ने गोकुल में बजत है बधैया, नंद के घर जन्मे कन्हैया सहित अन्य सोहर गीत गाए। साथ ही साथ जिले के 65 विभिन्न मंदिरों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को देखते हुए सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे। नगर समेत ग्रामीण अंचलों में कोरोना संक्रमण काल के बावजूद श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व को लेकर श्रद्धालुओं का उत्साह काफी चरम पर रहा। बुधवार की सुबह स्नान-ध्यान कर श्रद्धालुओं ने व्रत रखा। दिन भर भजन-कीर्तन करते हुए लोगों ने श्री कृष्ण जी की आराधना किया। नगर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व सोशल डिस्टेसिंग के साथ श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया। नगर समेत ग्रामीण अंचल के सभी मंदिरों व घरों में श्रद्धालुओं द्वारा पूजन-अर्चन किया गया। इस दौरान लोगों ने सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए कान्हाजी के दर्शन किए। कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व नगर में खुशी और उल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने व्रत रखे व घर में तरह-तरह की मिठाइयां बनाई। मंदिरों व घरों में बनाई गई झांकियों में कन्हैया के बाल रूप और उस दौरान घटी घटनाओं को अलग-अलग तरीके से पेश किया गया। सुबह पहली आरती के साथ मन्दिरों में कृष्ण जन्म उत्सव की शुरुआत हुई। जहां भक्तों ने सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए अपने भगवान कान्हा के दर्शन किए। बताते चलें कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर श्रीमद्भागवत भविष्य पुराण के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण का जन्म भाद्रपद कृष्ण पक्ष अष्टमी तिथि रोहिणी नक्षत्र और वृष राषि के चन्द्रमा होने पर अर्धरात्रि को हुआ था। कोरोना के चलते लोगों ने बच्चों को घरों पर ही राधा-कृष्ण का रूप धारण कराया।

## श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया गया श्री कृष्ण जन्मोत्सव

सुइथाकला (**जौनपुर**)। श्रद्धा एवं भक्ति के रंग में ओतप्रोत सरपतहां थाना परिसर में कोविड नियमों की परिधि में रहकर श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। प्रभारी निरीक्षक पंकज पाण्डेय एवं एसआई सुधीर कुमार के संयुक्त संयोजन में आयोजित श्री कृष्ण जन्मोत्सव में सोशल डिस्टेंस का पालन करते हुए सभी कृष्ण भक्ति में लीन रहे। परिसर के मुख्य द्वार पर मेघ की सुरम्य छाया से आच्छादित अम्बर के नीचे जहां मन्दिर दैदीप्यमान हो रहा था। वहीं कोरोना की काली छाया से परिसर में शून्यता का आभास भी हो रहा था। श्री कृष्ण जन्मोत्सव भाद्रपद कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि घोर अंधेरी काली निशा बादलों को ज्वाला के पुंज से आवृत मेघों की गर्जना के साथ बिजली चमकना मानो सैकड़ों तोपों की घोर ध्वनि से व्याप्त यामिनी भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का संदेश दे रही हो। श्री कृष्ण जन्मोत्सव की भक्ति में आप्लावित भजन की मधुर ध्वनि ष्मेरा आपकी कृपा से सब काम हो रहा है करते हो तुम कन्हैया मेरा नाम हो रहा हैष् मानस पटल में गुंजायमान होने से थाना परिवार मंत्र मुग्ध हो गया। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को मूर्त रुप देने के लिए वरिष्ठ उपनिरीक्षक राम विलासए उपनिरीक्षक राम नरायन गिरिए सच्चिदानंद तथा कार्यालय प्रभारी रामविशालए सहायक धनंजय सिंहए दुर्ग विजय यादवए सपना सिंहए संगणक कार्यालय के अजय कुमारए दुर्गेश मिश्राए पवन पाल समेत सभी आरक्षी भक्ति रस में लीन रहे। जन्मोत्सव पर जहां एक ओर विधि विधान से पूजन अर्चन किया गया।

## सोशल डिस्टेसिंग के साथ हुआ पूजन

**मऊ**। स्थानीय ग्राम सभा भवनाथपुर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर लोगों में काफी उत्साह दिखाई दिया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने सोशल डिस्टेसिंग के नियमों का पालन करते हुए भगवान श्रीकृष्ण का पूजन-अर्चन किया। श्रद्धालुओं को पूजन-अर्चन के उपरांत प्रसाद का भी वितरण किया।

# जौनपुर के 51 केन्द्रों पर होगी खंड शिक्षा अधिकारी की प्रारंभिक परीक्षा

**24096 परीक्षार्थी होंगे सम्मिलित, 18 सेक्टर तथा 51 स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात होंगे**

**संवाददाता**। जौनपुर



**जौनपुर**। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा 16 अगस्त 2020 को आयोजित खंड शिक्षा अधिकारी (प्रारंभिक) परीक्षा-2019 का आयोजन जनपद के 51 परीक्षा केंद्रों पर किया जा रहा है। जिसके संबंध में जिलाधिकारी दिनेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा केंद्र व्यवस्थापकों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा को शांतिपूर्ण, नकलविहीन तथा पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराया जाए। आयोग द्वारा दिए गए दिशा.निर्देशों का पालन कराना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि कोई भी परीक्षार्थी अथवा कर्मचारी मोबाइल या अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान लेकर परीक्षा कक्ष के अंदर प्रवेश नहीं करेगा। परीक्षार्थियों का सामान गेट पर ही रखने की व्यवस्था की जाए। प्रात: 8.00 बजे सेक्टर मजिस्ट्रेट पेपर लेकर 10.30 बजे तक सेंटरों पर पहुंचाएंगे। सेंटर के 100 मीटर के दायरे में कोई भी फोटो स्टेट की दुकान नहीं खुली होनी चाहिये। जिलाधिकारी श्री सिंह ने निर्देश दिया कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट परीक्षा से पूर्व एक बार सभी केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण करें। यह सुनिश्चित करें कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे एवं परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था होए परीक्षा में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन अवश्य किया जाए। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि खंड शिक्षा अधिकारी (प्रारंभिक) परीक्षा जनपद के 51 परीक्षा केंद्रों पर अपराहन 12 बजे से 2 बजे तक संपन्न होगी। जिसमें 24096 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा को नकलविहीन एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए 18 सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा 51 स्टेटिक मजिस्ट्रेट लगाए गए हैं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामप्रकाश, जिला विद्यालय निरीक्षक प्रवीण मणि त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

# जन्माष्टमी की धूम में तमंचे संग डांस को लेकर दो पक्ष भिड़े

**पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक लोगों को पकड़ा**

**संवाददाता**। गाजीपुर

**जनपद** के बहरियाबाद थाना क्षेत्र के हाजीपुर गांव में मंगलवार की रात श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पूजा पंडाल में तमंचे के साथ नृत्य करने को लेकर गांव के ही दो पक्षों में विवाद के बाद मारपीट के साथ पथराव भी हुआ। पथराव में पास ही खड़े वाहन व ठेले का शीशा टूट गया। टेंट पूजा मंडप व पूजा का सामग्री बिखर बिखर गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस आधा दर्जन से अधिक लोगों को पकड़ कर थाने ले गयी। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर हाजीपुर गांव में टेन्ट के अन्दर पूजा पंडाल बनाया गया था। साथ ही पूजा के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। नृत्य का कार्यक्रम चल रहा था कि इसी बीच एक युवक खुलेआम हाथ में तमंचा लेकर नृत्यांगना के साथ नृत्य करने लगा जिसका कुछ युवकों ने विरोध किया। जिस कारण दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी और देखते ही देखते मारपीट व पथराव प्रारंभ हो गयाए जिस कारण पूजा पंडाल में रखी पूजा सामग्री व टेंट क्षतिग्रस्त हो गया। लल्लन माली के चार पहिया वाहन (मैजिक) व एक फास्टफूड ठेले का शीशा टूट गया। सहदेई देवी व उसके पुत्र तूफानी सोनकर को मारपीट कर घायल करने के आरोप में गांव के ही आधा दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ तहरीर दी गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष रामनेवास ने कहा कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है कि 24 लोगों के खिलाफ लाकडाउन के उल्लंघन की कार्रवाई की गयी है।

## वीर सपूत की शहादत को बारम्बार सलाम: जगदीश नारायण

**जौनपुर**। जिले के सिरकोनी ब्लाक के बहादुरपुर गांव निवासी जिलाजीत यादव के पुलवामा में आतंकियों से मुड़भेड़ में शहीद होने की खबर मिलते ही जिले में शोक की लहर दौड़ पड़ी। समाज का हर तबका शहीद को श्रद्धांजलि दे रहा है। इसी कड़ी में पूर्व कैबिनेट मंत्री जगदीश नारायण राय ने शहीद को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि आज हमारे जनपद के लाल ने भारत माँ की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहूति दे दी है ऐसे वीर सपूत को बारम्बार सलाम करता हूं। ईश्वर से प्रार्थना है कि दु:ख की इस घड़ी में ईश्वर उनकी आत्मा को शान्ति प्रदान करें तथा शहीद के परिजनों को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## पत्नी ने मिट्टी का तेल छिड़ककर की आत्महत्या, पति गिरफ्तार

केराकत (**जौनपुर**)। कोतवाली थाना क्षेत्र के बम्मावन गांव में पति की प्रताड़ना से तंग एक विवाहिता ने बीती रात अपने ऊपर मिट्टी का तेल उड़ेलकर आग लगा लिया। हालत नाजुक होने के कारण महिला को बीएचयू ले जाया गया जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। विवाहिता के मायके वालों ने उसके पति समेत कई लोगों के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। स्थानीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अभी तक मुकदमा नहीं लिखा गया है, लेकिन पुलिस मृत महिला के पति को पकड़ कर कोतवाली ले गई है।

## जमीन बटवारे को लेकर दो पक्षों में मारपीट, मुकदमा दर्ज

चकिया (**चन्दौली**)। तहसील क्षेत्र के तियरी गांव में जमीन बंटवारे को लेकर नोकझोक के बाद हुई मारपीट में दोनों पक्षों के कुछ लोगों के घायल होने खबर है। मारपीट की सूचना पर पहुंची थाने की पुलिस ने घायलों को चिकित्सालय ले जाकर उनका इलाज करवाया तथा दोनों पक्षों से मिली तहरीर के आधार पर पुलिस ने सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस सम्बन्ध में बताया गया कि गांव निवासी रामेश्वर, प्रभु व रामदेव तीनों भाईयों में जमीन को लेकर पुराना विवाद चल रहा है। रामेश्वर अपने दो भाइयों प्रभु व रामदेव से अलग रहता था। इसी बीच जमीन बंटवारे को लेकर रामेश्वर की दोनों भाई प्रभु एवं रामदेव के बीच नोकझोंक हुई। मामला इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों से लाठी.डंडे निकल आए। इसके बाद जमकर हुई मारपीट में प्रभु (50 वर्ष) व रामदेव (31वर्ष) तथा दूसरे पक्ष से रामेश्वर का पुत्र रामलखन (20 वर्ष) घायल हो गए।

## कांग्रेसजनों ने शोक सभा कर मास्टर मुमताज के निधन पर जताया शोक

मऊ। नगर पालिका परिषद मऊनाथ भंजन की पूर्व चेयरमैन राना खातून की अध्यक्षता में राजीव गांधी पीजी कालेज में शोक सभा का आयोजन कर कांग्रेस पार्टी के पूर्व शहर अध्यक्ष शफीक डायमंड के पिता मास्टर मुमताज अहमद डायमंड के निधन पर शोक प्रकट किया गया। साथ ही साथ दो मिनट का मौन रखते हुए गतात्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया गया। शोक संवेदना व्यक्त करते हुए नगर पालिका परिषद मऊनाथ भंजन की पूर्व चेयरमैन राना खातून ने कहा मास्टर मुमताज साहब धार्मिक विचारों वाले व सामाजिक पैरोकार थे।

# भाजपा ही गरीब और दलितों की असली हितैशी: सूर्यमुनी तिवारी

**संवाददाता**। सकलडीहा (**चन्दौली**)



**विकास** खंड के सलेमपुर सिवाने गांव में बुधवार को सबका साथ सबका विकास कार्यक्रम के तहत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान दर्जनों गांव के जुटे गरीब और दलित परिवार के लोगों को भाजपा के विचार धारा से जोड़ा गया। अंत में ग्रामीणों ने भाजपा नेता सूर्यमुनी तिवारी को स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों को भाजपा नेता ने मास्क वितरण करते हुए कोरोना महामारी के प्रति जागरूक रहने का आवाहन किया।

भाजपा नेता सूर्यमुनी तिवारी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सबका साथ और सबका विकास व सबका विश्वास की धारणा से काम किया जा रहा है। भाजपा बगैर भेदभाव किए गरीब और दलितों के उत्थान में जुटी है। इसके पूर्व कार्यक्रम आयोजक अरविंद डिसिल सहित ग्रामीणों ने स्मृति चिन्ह और मालाफूल पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान 250 से अधिक दलित समाज के लोगों को भगवा अंगवस्त्र से सम्मानित करते हुए भाजपा की विचारधारा से जोड़ा गया। अंत में भाजपा नेता ने उपस्थित महिला बच्चो और ग्रामीणों को हर संभव सहयोग और गांव की समस्या का दूर करने का आश्वासन देते हुए मास्क वितरण किया। सोशल डिस्टेंस का पालन और कोरोना संक्रमण के प्रति सर्तक रहने का आवाहन किया।

## 15 ई रेल टिकट के साथ एक गिरफ्तार

**संवाददाता**। गाजीपुर

**रेलवे** सुरक्षा बल द्वारा छापेमारी कर औड़िहार बाजार स्थित किरण डिजिटल स्टूडियो के संचालक अरविंद कुमार प्रजापति को 15 ई रेल टिकट के साथ गिरफ्तार किया गया।

बरामद टिकटों का मूल्य 8511 रुपये बताया जा रहा है। मौके से 7100 रुपये नगद, एक कंप्यूटर, प्रिंटर, मोबाइल आदि बरामद किया गया। अभियुक्त द्वारा जरूरतमंदों को 200 से 300 अधिक लेकर टिकट मुहैया कराया जाना स्वीकार किया गया है।

इस संदर्भ में रेलवे सुरक्षा बल ने मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त को जेल भेज दिया। रेलवे सुरक्षा बल की इस कार्रवाई से अवैध तरीके से ई रेल टिकट का कारोबार करने वाले लोगों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।

# सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी मामले में विजय के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**संवाददाता**। गाजीपुर

**क्षत्रिय** समाज के खिलाफ फेसबुक पर अभद्र टिप्पणी करने के मामले में डा. राणा विजय राजभर के खिलाफ कासिमाबाद पुलिस ने मंगलवार को मुकदमा दर्ज किया है। क्षत्रिय समाज के खिलाफ़ शनिवार को डा. राणा विजय राजभर ने अपने फेसबुक अकाउंट पर एक पोस्ट की थीए जिसके वायरल होते ही क्षत्रिय समाज व इनसे जुड़े संगठन में आक्रोश पैदा हो गया था।

राजपूत करणी सेना के जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश सिंह वेदू ने कासिमाबाद कोतवाल को फोन कर जानकारी दी थी। रविवार की सुबह कोतवाली पहुंचकर नामजद तहरीर दी। छानबीन में प्रथम दृष्टता दोषी पाएं जाने पर पुलिस सोमवार की रात में राजपूत समाज पर अभद्र टिप्पणी करने के मामले में राणा विजय राजभर के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया।

मुकदमा दर्ज होने बाद कासीमाबाद तहसील क्षेत्र में सत्ताधारी दल सहित सभी लोगों में हलचल मच गई। चारों तरफ इसी विषय पर चर्चा होती नजर आ रही है। इस संबंध में भाजपा नेता डा. राजभर ने बताया कि पुलिस ने मुकदमा दर्ज होने पर थाना बुलाकर पूछताछ किया था। मैं फेसबुक अकाउंट पर डाले गये पोस्ट का साक्ष्य पुलिस को सौंप चुका हूं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## व्यापारी समाज को सच्चा सम्मान देती है समाजवादी पार्टी

**देवरिया**। शहर के पोस्टमार्टम स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में व्यापारी नेता घनोज जायसवाल के नेतृत्व में व्यापारियों ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की इस दौरान सपा जिला अध्यक्ष डा. दिलीप यादव ने कहा कि व्यापारी समाज का तरह तरह के कानून बनाकर शोषण किया जा रहा है। समाजवादी पार्टी हमेशा से व्यापारी समाज को सम्मान देती रही है और आगे भी देती रहेगी। इस दौरान व्यापारी नेता धनोज जायसवाल ने कहा कि व्यापारियों का हित समाजवादी पार्टी में सुरक्षित है और युवा नेता अखिलेश यादव हमेशा व्यापारियों के हित की बात करते रहे हैं। वह व्यापारियों का साथ हमेशा से देते रहे हैं, यही कारण है कि आज बड़ी संख्या में व्यापारी समाजवादी पार्टी से जुड़ रहा है। इस दौरान मुराद अली, अशोक सिंह कुशवाहा, इस्माइल अंसारी, दशरथ मौर्य, विजय प्रताप यादव, व्यास यादव, चौधरी बेचूलाल अमित गौतम पंकज वर्मा वीरेंद्र साहनी, अशोक यादव व अन्य लोग उपस्थित थे।

## जयघोष के बीच मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव



**संवाददाता**। रुद्रपुर (देवरिया)

**शहर** से लेकर गांव गांव में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव मंगलवार की रात्रि पूरे भक्ति भाव से मनाया गया। कोरोना संक्रमण के चलते पूर्व के वर्षों की तरह जगह.जगह प्रतिमाएं और झांकियों का इस बार अभाव दिखा। ज्यादातर घरों में ही युवाओं ने झांकियां सजाकर पूजन.अर्चना की। अर्धरात्रि में 12 बजे सोहर, वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान का जन्म हुआ तो साधकों ने जयघोष कर प्रभु के आगमन की खुशियां मनाई।

जन्मोत्सव के मौके पर अधिकांश गृहस्थों ने सुबह में ही स्नान कर पूजन पाठ किया और व्रत रखा। रुद्रपुर थाना परिसर में कृष्ण के जन्म की आकर्षक झांकियों को सजाया गया था। रात में नगर के वरिष्ठ लोगों की मौजूदगी में सोशल डिस्टेंसिंग के बीच पूजन-अर्चन कराया। सुबह से शाम तक आकर्षक झांकियों के सजाने का कार्य चला। शाम को शुरू हुआ भजन कीर्तन देर रात्रि तक यहां चला। त्रिलोक शक्ती अनुष्ठान समिति के सदस्यों ने बधाई गीतों से साधकों को सराबोर कर दिया। कोरोना संक्रमण के चलते इस बार जन्मोत्सव कार्यक्रम को सीमित ढंग से मनाया जा रहा है। लाउडस्पीकर और वाद्ययंत्रों का प्रयोग नहीं हुआ और ना ही बाहर से किसी गायक को बुलाया गया।

सोशल डिस्टेंसिंग नियमों का पालन करते हुए श्रद्धालुओं को दर्शन-पूजन करने की अनुमति दी गई है। रुद्रपुर थानाए बस स्टेशन रोडए खजुहा चौराहा आदि सहित अन्य जगहों पर भी पूर्व के वर्षों की तरह प्रतिमाएं नहीं स्थापित हुई।

## थाना के सामने शहीद मार्ग हुआ गड्ढे में तब्दील

धानापुर (**चन्दौली**)। थाना चौराहा से शहीद पार्क और थाना परिसर में बने शहीद स्थल पर जाने वाला मार्ग अपने दुर्दशा पर आसू बह रहा है। बताया जाता है कि वह मार्ग मुख्य बाजार की तरफ जाता है जिसपर आने जाने वालों का ताता लगा रहता था लेकिन इस समय उक्त मार्ग से लोग आने जाने में कतरा रहे हैं। इस मार्ग पर थाना, शहीद पार्क, शहीद स्थल तथा अमरवीर इंटर कॉलेज है जिस पर आये दिन जनप्रतिनिधि एवं उच्च अधिकारियों का आवागमन बना रहता है। बावजूद इस सड़क का कोई सुधि लेने वाला नही है हर आने जाने वाला जिम्मेदारों को कोसते दिखाई देते हैं। आये दिन लोग इस सड़क पर चोटिल भी हो रहे हैं लेकिन मजबूरी में उन्हें आना जाना पड़ता है। सड़क बड़े बड़े गढ्ढे और कीचड़युक्त होने के कारण स्थिति भयावह हो गयी है। शहीद दिवस को देखते हुए उसपर मिट्टी और राबिस फेंकने से स्थिति और बिगड़ गयी है। एक बार फिर शहीद दिवस 16 अगस्त को इस रास्ते पर जनपद के समस्त जनप्रतिनिधि और अधिकारी इस रास्ते से जाएंगे।

# लायंस के पदाधिकारियों ने घर घर जाकर किया पौधरोपण




**संवाददाता**। जौनपुर

**लायंस** क्लब इंडिया के ग्रीन इंडिया प्रोग्राम के अंतर्गत लायंस क्लब क्षितिज व महिला विंग लायनेस क्लब क्षितिज द्वारा अध्यक्ष दिलीप सिंह व लायनेस अध्यक्ष अर्चना सिंह के नेतृत्व में पर्यावरण जागरूकता अभियान के तहत घर-घर जाकर पौधरोपण किया गया। इसी क्रम में पदाधिकारियों ने रवि मिंगलानी व चंद्रशेखर जायसवाल के घर विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया। साथ ही आसपास के घरों में भी विभिन्न प्रकार के 60 पौधे वितरित किये गये। श्री सिंह ने कहा कि लोगों में पौधे लगाने के प्रति जागरूकता उत्पन्न हो। लोग लायंस क्लब के ग्रीन इंडिया मिशन का हिस्सा बनकर अधिक से अधिक पौधे लगाए व पर्यावरण को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान दें। सरिता मिंगलानी व पूनम जायसवाल ने घरों में जाकर लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर शशांक सिंह रानू, संजीव जायसवाल, जय किशन साहू, कोषाध्यक्ष सर्वेश जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

# साले के साथ मिलकर बड़े भाई को लाठी-डंडों से पीटा, मौत




**फतेहपुर बाराबंकी।** थाना मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र के बेलहरा चौकी अंतर्गत ग्राम उदापुर में बीती रात खेत की रखवाली कर रहे दो सगे भाइयों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इससे नाराज छोटे भाई ने अपने साले के साथ मिलकर लाठी.डंडों से बड़े भाई की जमकर पिटाई कर दी जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और शव को पीएम के लिए भेजा है स जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात राजेंद्र सिंह और उसका छोटा भाई देवेन्द्र सिंह अपने साले के साथ खेत में रखवाली के लिए गांव से कुछ दूर पर गए थे जब दोनों रात में खेत की रखवाली कर रहे थे उसी वक्त किसी बात को लेकर दोनों भाइयों में कहासुनी हो गई तब साथ गए साले ने बीच बचाव कराने के बजाय अपने बहनोई का साथ दिया और फिर दोनों मिलकर उसी पर लाठी.डंडों से टूट पड़े इस घटना में राजेंद्र बुरी तरह से घायल हो तब दोनों के हाथ पांव फूल गए आनन.फानन में दोनों ने युक्ति सूची और उसे घायल अवस्था में रात में ही घर पर छोड़ दिया जिससे कि किसी को उन पर शक ना हो सके स सुबह परिजनों ने देखा तब राजेंद्र की हालत नाजुक थी इस पर परिजन उसे डॉक्टर के यहां ले जा रहे थे की राजेंद्र ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया मौत के बाद घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने पत्नी की तहरीर पर आरोपी जीजा बहनोई को गिरफ्तार कर लिया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है।

## धूमधाम से मनाई जन्माष्टमी

**सिद्धौर बाराबंकी।** जन्माष्टमी के अवसर पर मंगलवार को कोठी कस्बा के विभिन्न मंदिरों पर भगवान कृष्ण के प्रगटोत्सव का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया सुबह से ही अनेक मंदिरों पर सामाजिक दूरियां व लॉकडाउन का पालन करते हुए विशेष का आयोजन सुबह से ही प्रारंभ है कई मंदिरों पर प्रसाद वितरण का कार्य भक्तों द्वारा किया गया में कोठी थाना में भगवान कृष्ण की सुंदर झांकियों ने कृष्ण की लीलाएं दिखाई दी। मटकी फोड़ी और मावा.मिश्री बांटकर मनाई जन्माष्टमी ग्वाल समाज द्वारा भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। कोठी थाना प्रभारी शैलेश कुमार यादव ने बताया कि विधि विधान से पूजा.अर्चना कर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया जाता है इस दौरान दही हाण्डी व अन्य सामाजिक प्रतियोगिताएं भीआयोजित की किया जाता था। इस वर्ष कोरोनावायरस के कारण वैश्विक महामारी के ध्यान में रखते हुए ही मनाई गई संध्या के साथ भगवान जन्मोत्सव ए पुष्प वर्षा व स्वागत की तैयारियों को लेकर मावा.मिश्री का प्रसाद को वितरित किया गया।

## सांसद ने किया पेट्रोल पंप का उद्घाटन



**सिद्धौर बाराबंकी।** क्षेत्र के अंतर्गत कोठी ग्राम पंचायत में हिंदुस्तान पैट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड का पेट्रोल पंप का उद्घाटन सांसद उपेंद्र रावत हैदरगढ़ विधायक बैजनाथ रावत द्वारा किया गया। कोठी कस्बे में स्थित हिंदुस्तान पैट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड के पेट्रोल पंप का उद्घाटन बुधवार को सांसद उपेंद्र रावत और हैदर गढ़ विधायक बैजनाथ रावत द्वारा फीता काटकर किया गया सांसद उपेंद्र रावत ने पेट्रोल डालकर मशीनों का शुभारंभ किया इस मौके पर हैदरगढ़ विधायक बैजनाथ रावत ने कहा यह पेट्रोल पंप खोलने से कोठी व आसपास के गांवों के लोगों को काफी सुविधा मिलेगी ब्लाक प्रमुख सिद्धौर रमेश चंद्र वर्मा ने पेट्रोल पंप पर समय देने के लिए सभी लोगो को धन्यवाद दिया स इस मौके पर सांसद उपेंद्र रावत हैदर गढ़ विधायक बैजनाथ रावत थाना अध्यक्ष शैलेश कुमार यादव उप निरीक्षक प्रदीप कुमार यादव रमेश चंद राममूर्ति कनौजिया प्रमोद कुमार वर्मा दिनेश कुमार वर्मा अरविंद कुमार विक्की प्रधान गनोश भाजपा नेता रामनाथ वर्मा सहित अन्य भाजपा नेता मौजूद थे।

## क्विक न्यूज़

### जिले में सिपाही समेत 14 और मिले कोरोना संक्रमित

**हमीरपुर।** आज जिले में पुलिस लाइन का सिपाही समेत 14 संक्रमित मिले है। जिसके बाद जिले में अब तक मिले कोरोना संक्रमितों की संख्या 453 हो गई। वहीं दो संक्रमितों के स्वस्थ होने पर ठीक होने वालों की संख्या 311 हो गई। कानपुर से आई 185 पीसीआर रिपोर्ट में सभी निगेटिव मिले। जबकि एंटीजन टेस्ट में 14 पॉजिटिव मिले है। सीएमओ डाण् आरके सचान ने बताया कि जिले में एंटीजन टेस्ट से 584 सैंपल लेकर कोरोना जांच की गई। जिसमें 14 पॉजिटिव पाए गए। संक्रमितों में चार मौदहा तीन सुमेरपुर दो मुस्करा एक राठ व तीन मुख्यालय निवासी शामिल है। वहीं कानपुर में जांच कराने वाले एक युवक द्वारा मुख्यालय का पता दर्ज कराया गया है। जिसकी सूचना आई है। मुख्यालय में दो यमुना घाटा एक पुलिस लाइन निवासी सिपाही पॉजिटिव पाए गए है। इसके अलावा कानपुर से आई 185 पीसीआर जांच रिपोर्टों में सभी निगेटिव निकली है। संक्रमितों की ट्रेसिंग में लगी टीमों को संक्रमितों के संपर्कियों की सूची गंभीरता पूर्वक तैयार कराने के निर्देश दिए गए है। ताकि समय से उनकी जांच करा संक्रमण को फैलने से रोका जा सके। इसके अलावा दो संक्रमितों को ठीक होने के बाद डिस्चार्ज किया गया है।

### बेटी की शादी की चिंता में ट्रक चालक पिता फांसी पर झूला

**हमीरपुर।** हमीरपुर कोतवाली क्षेत्र में बेटी की शादी की चिंता में डूबे ट्रक चालक पिता ने आज सुबह घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक क्षेत्र के बदनपुर गांव निवासी रंजीत निषाद (40) पेशे से ट्रक चालक है। दो पुत्र और एक पुत्री है। पुत्री की शादी तय हो चुकी है। लेकिन शादी के इंतजाम में धनाभाव आड़े आ रहा था। पत्नी राधा पुत्री सुलोचना और छोटे पुत्र को साथ लेकर रक्षाबंधन का त्यौहार मनाने के लिए अपने मायके डांडीपुर गांव गई हुई थी। आज रंजीत ने अपने मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। काफी देर तक घर का दरवाजा न खुलने पर पड़ोसियों को शंका हुई तो उन्होंने दरवाजे की सांसों से अंदर झांका तो रंजीत फांसी के फंदे में लटका हुआ था। जिसके बाद मृतक के परिजनों और पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### अमेठी में शुरू हुआ कृमि मुक्ति अभियान

**अमेठी।** कोरोना काल में स्वास्थ्य विभाग बच्चों की सेहत का खास ख्याल रख रहा है। कोविड प्रोटोकॉल के अन्तर्गत जनपद में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान शुरू किया गया है। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाण् एनण्केण् मिश्रा (आरसीएच) ने बताया कि जनपद के 1 से 19 वर्ष तक के 630275 बच्चों को एल्बेंडाजोल की कृमि मुक्ति दवा खिलाई जाएगी। कोरोना संक्रमण के चलते स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्र बंद होने की वजह से फ्रंट लाइन वर्कर घर.घर जाकर दवा खिलाएंगे। उन्होने कहा कि बच्चों के शरीर को स्वास्थ्य रखना है तो हर छह माह में एक बार पेट में कीड़े मारने वाली दवाई (अल्बेनडाजोल) को लेना चाहिए। पेट में कीड़े होने के कारण कुपोषण व खून की कमी होती है। जिसके कारण हमेशा थकावट रहती है। संपूर्ण शारीरिक और मानसिक विकास नहीं होता इसलिए हर छह महीने में एक साल से 19 साल तक के सभी बच्चों को कृमि की गोली खानी चाहिए। आमतौर पर 1 से 6 वर्ष के बच्चों को एल्बेंडाजोल की टेबलेट आंगनबाड़ी केंद्र तथा 6 से 19 वर्ष के बच्चों को विद्यालयों के माध्यम से एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जाती है।लेकिन मौजूदा समय को देखते हुए फ्रंट लाइन वर्कर घर.घर जाकर अभियान को पूरा करेंगे।

### डीसीएम की टक्कर से साइकिल सवार वृद्ध की मौत

**त्रिवेदीगंज बाराबंकी।** डीसीएम की टक्कर से सायकिल सवार एक व्यक्ति की मौत हो गयी जब कि दूसरा गम्भीर रूप से घायल हो गया। हादसा थाना लोनी कटरा क्षेत्र में हाइवे पर बुधवार दोपहर बाद दहिला डेरी के समीप करीब तीन बजे हुआ द्य थाना लोनी कटरा क्षेत्र के ही पंड़ितपुरवा निवासी राजाराम रावत (55) पड़ोस के गांव ख्वाजापुर निवासी बेचालाल (50) के साथ अलग-अलग सायकिल से दहिला डेरी की तरफजा रहे थे। जिन्हें पीछे से आ रही तेज रफ्तार डीसीएम रौंदते हुये खंती में पलट गयी। जिसमें राजाराम की मौके पर ही मौत हो गयी द्यजबकि गम्भीर रूप से घायल बेचालाल को हाइवे के एम्बुलेंस ने सीएचसी त्रिवेदीगंज पहुंचाया द्यजहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कया गया है।

### अधिकारियों के मुख्यालय छोड़ने पर लगी रोक

**बहराइच।** वर्तमान में कोविड.19 महामारी के संक्रमण की रोकथाम एवं बचाव व सम्भावित बाढ़ (आपदा) के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे बिना अधोहस्ताक्षरी की अनुमति प्राप्त किये मुख्यालय नहीं छोडेंगे। अपरिहार्य परिस्थितियों में ही अधोहस्ताक्षरी की अनुमति प्राप्त करने के उपरान्त मुख्यालय से बाहर जायेंगे। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को सचेत किया है कि यदि किसी अधिकारी के बिना पूर्व अनुमति के मुख्यालय से बाहर जाने का तथ्य संज्ञान में आता है तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

### रेलवे ने प्रशासन को दी थी सूचना

**प्रतापगढ़।** कुसुमी फाटक बंद किए जाने की सूचना रेलवे अधिकारियों ने जिला प्रशासन को देते हुए पुलिस बल की भी मांग की थी। सेक्शन के पीडब्ल्यूआई एमपी पांडेय का कहना है कि उन्होंने इसकी सूचना सात अगस्त को जिले के अधिकारियों को देकर पुलिस बल की मांग की थी। पत्र में यह भी कहा था कि गेट बंद होने की दशा में पुलिस यातायात सुव्यवस्थित करे। इस बारे में मीडिया को सूचना देना जिला प्रशासन का काम है। वे सीधे तौर पर मीडिया को कोई सूचना नहीं दे सकते।

### बाराबंकी में नहीं थम रहा है कोरोना का कहर

**बाराबंकी।** जिले में कोरोना का कहर बढ़ता ही जा रहा है और थमने का नाम नहीं ले रहा है अब तो आम जनता के साथ.साथ कोरो ना जनप्रतिनिधियों तक भी पहुंच गया है फतेहपुर विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा सहित कई अन्य लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आने से प्रशासन में हड़कंप मच गया है कोबिड अस्पताल में भर्ती कराने के साथ ही संपर्क में आने वाले लोगों को भी जांच की जा रही है बताते चलें कि जिले में कोरोना संक्रमित की संख्या 600 से अधिक के पार पहुंच गई है लगातार बढ़ रही संख्या से प्रशासन के साथ.साथ आम जनता भी बेचैन है लेकिन कोरना थमने का नाम नहीं ले रहा है हर रोज दर्जनों की संख्या में लोग इसकी चपेट में आ रहे हैं आज विधायक सा केंद्र प्रताप वर्मा सहित कई लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है एक बार फिर आंकड़ों में इजाफा हो गया है वही बढ़ते संक्रमण को लेकर हर कोई परेशान है सावधानियां भी बरत रहे हैं फिर भी की समस्या से निजात मिलता फिलहाल नजर नहीं आ रहा है बढ़ता आंकड़ा ही इस बात का सबूत है।

### त्योहारों के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक हुई आयोजित

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** आगामी त्यौहारों के मद्देनजर शांति व्यवस्था बनाने को लेकर उप जिला अधिकारी की अध्यक्षता में शांति कमेटी की बैठक बदोसराय कोतवाली परिसर में आयोजित की गई। प्रभारी निरीक्षक के संयोजन में आयोजित इस बैठक में पुलिस उपाधीक्षक रामनगर दिनेश कुमार दुबे भी मौजूद रहे। बैठक में क्षेत्र के समस्त गांव के ग्राम प्रधान एवं संभ्रांत नागरिकों की उपस्थिति में उप जिलाधिकारी ने शासन के निर्देशों के तहत कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही है। इस दौरान उप जिला अधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान ने बताया कि किसी भी कार्यक्रम में कोई जुलूस व जलसे का आयोजन नहीं होगा।

## प्रतापगढ़-प्रयागराज रेल मार्ग ठप, हाईवे जाम

**प्रतापगढ़।** ट्रैक मरम्मत के कारण बुधवार को कुसुमी रेलवे फाटक करीब आठ घंटे बंद कर दिया गया। इससे रेल मार्ग ठप रहा और प्रतापगढ़-प्रयागराज हाईवे पर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने ट्रैफिक डायवर्ट किया तब जाम से राहत मिली। भारी वाहन फिर भी फंसे रहे। वे शाम तक गेट खुलने की प्रतीक्षा में सड़क के किनारे खड़े रहे। प्रतापगढ़-प्रयागराज रेल खंड पर शहर के करीब कुसमी स्थित गेट नंबर 53-ए पर बुधवार सुबह रेलवे के लोग मरम्मत करने लगे। इसकी जानकारी न होने से लोग बेधड़क फाटक तक चले आए। उनको न भुपियामऊ में रोककर बताया गया, न ही भंगवा चुंगी चौराहे पर। गेट बंद होने से लंबा जाम लग गया। लोग परेशान होने लगे तब पुलिस ने ट्रैफिक कंट्रोल करना शुरू किया। तब तक प्रतापगढ़-प्रयागराज हाईवे पर लंबा जाम लग चुका था। बाद में पुलिस ने भुपियामऊ और भंगवा चुंगी से ट्रैफिक डायवर्ट किया। कुछ लोग कटरा मेदनीगंज की ओर से निकले लेकिन क्रॉसिंग के पास फंसे भारी वाहन शाम तक अटके रहे।

## घरों में गूंजा, राधे-राधे, पूजे गये कान्हा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर मंगलवार की आधी रात घरों घरों में राधे राधे गूंज उठा। शखध्वनि, घंटा घाड़ेयाल, बजे तो कान्हा का जन्मोत्सव जगमगा उठा। हांलांकि मंदिरों पर झांकिंया तो आकर्षक सजीं। लेकिन कोरोना से कान्हा के भक्त कम दिखे। बुधवार को भी सनातनी माधव बिहारी के श्री चरणों में उपासना करते उपवास में भी दिखे। लालगंज के हरिहर मंदिरम्, बड़े हनुमान जी मंदिर , मनीपुरवार्ड मार्ग पर पुरातन शिवालय, संकट मोचन पर हरे राधे ,हरे कृष्ण का संकीर्तन कोविड मानक में गूंजा। झांकियों की साज सजावट में डॉं अंजनी कौशल, वज्रघोष ओझा, विजय कौशल, सदाशिव जायसवाल, रामचंद्र शुक्ल, पूनम, अशोक तिवारी का योगदान सराहनीय दिखा।

## बहराइच के 20 अलग-अलग स्थान घोषित किए गए कंटेनमेन्ट ज़ोन

**बहराइच।** जनपद बहराइच के नगर पालिका परिषद बहराइच के थाना दरगाह शरीफ अन्तर्गत मोहल्ला गुल्लावीर काशीराम कालोनी व थाना कोतवाली देहात के विकासदीप कालोनी, तहसील महसी अन्तर्गत ब्लाक शिवपुर के ग्राम हेमराजपुरवाए ब्लाक तेजवापुर के धन्नीपुरवा, ब्लाक महसी के ग्राम लखनापुर, गुरूदयालपुरवा, तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) के ब्लाक मिहींपुरवा अन्तर्गत ग्राम पुरैना व तरही रोड मिहींपुरवा, तहसील कैसरगंज के ब्लाक जरवल अन्तर्गत ग्राम दिकौली कलां, सोसायटी मार्ग जरवल रोड, जरवल रोड बाज़ार व ग्राम बंगरेपुरवा, तहसील नानपारा अन्तर्गत मोहल्ला बावर्ची टोला व ग्राम रामनरायनपुरवा में 01.01 व्यक्ति के पीड़ित/संक्रमित पाये जाने तथा नपाप बहराइच के नलकूप कालोनी, तहसील नानपारा के ग्राम सोहबतिया, तहसील पयागपुर के ग्राम नौबस्ता व बड़ी मैना तथा तहसील कैसरगंज अन्तर्गत ग्राम बसौना व तूफानी चैराहा में एक से अधिक पीड़ित/संक्रमित पाये जाने के फलस्वरूप जिला मजिस्ट्रेट द्वारा सम्बन्धित क्षेत्र को कन्टेनमेन्ट ज़ोन घोषित करते हुए तत्काल प्रभाव से कोविड.19 के फैलाव को रोकने एवं बचाव व नियंत्रण किये जाने के उद्देश्य से संबंधित क्षेत्रों तथा उसके आस पास के क्षेत्र को निर्धारित प्रोटोकाल के अनुसार 10 अगस्त 2020 को रात्रि 8:00 बजे से अग्रिम आदेशों तक अस्थायी रूप से सील किये जाने एवं सम्पूर्ण क्षेत्र में प्रवेश एवं निकास तथा वाहनों के संचालन को अपरिहार्य स्थिति को छोड़कर प्रतिबन्धित किये जाने के आदेश जारी किये गये हैं।

उक्त अवधि में निर्धारित प्रोटोकाल के अनुसार संबंधित ग्रामध्मोहल्लों में रहने वाले समस्त व्यक्ति अपने.अपने घरों (इन्डोर) में ही रहेंगे। इस आदेश का उल्लंघन उपरोक्त अधिसूचना के प्रस्तर.15 में प्रदत्त व्यवस्था के अनुसार भाण्दण्सं्ण् की धारा.188 के अधीन दण्डनीय अपराध माना जायेगा। गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी कन्सालीडेटेड गाईड लाइन्स के क्रम में मुख्य सचिव उप्र शासन के आदेश 16 अप्रैल के अनुपालन में जिला मजिस्ट्रेट द्वारा कन्टेनमेन्ट ज़ोन के लिए नोडल अधिकारी/सहायक नोडल अधिकारी तथा नोडल पुलिस अधिकारी व सहायक नोडल पुलिस अधिकारियों की तैनाती की गयी है।

संक्रमण का एक से अधिक प्रकरण (कलस्टर) होने के फलस्वरूप कन्टेनमेन्ट का दायरा 200 मीटर होगा व उसके उपरान्त स्थानीय स्तर पर परिस्थितियों को देखते हुए बफर ज़ोन होगा एवं ग्रामीण क्षेत्र में उक्त राजस्व ग्राम का सम्बन्धित मजरा का निवास क्षेत्र कन्टेनमेन्ट ज़ोन होगा तथा इस गॉव के ईद.गिर्द पड़ने वाले दूसरे राजस्व ग्रामों के मजरे बफर ज़ोन में आयेंगे। संक्रमण के एकल प्रकरण वाले शहरी क्षेत्र में 100 मीटर अथवा पूरा मोहल्ला, जो भी कम हो कन्टेनमेन्ट ज़ोन होगा तथा ग्रामीण क्षेत्र में राजस्व गांव का संबंधित मजरा कन्टेनमेन्ट ज़ोन होगा।

कन्टेनमेन्ट ज़ोन क्षेत्रों के अन्दर एवं बाहर किसी भी व्यक्तिए वाहन इत्यादि को आवागमन की अनुमति नहीं होगी, सिवाय ऐसी स्थिति के जो चिकित्सीय आपातकालीन स्थिति और आवश्यक वस्तुओं/सेवाओं की आपूर्ति से संबंधित हों। कन्टेनमेन्ट ज़ोन में अन्तिम धनात्मक रोगी के सैम्पल कलेक्शन की तिथि से 14 दिनों तक सम्बन्धित क्षेत्र कन्टेनमेन्ट ज़ोन बना रहेगा। यदि उक्त तिथि के 14 दिन उपरान्त तक सम्बन्धित क्षेत्रों में कोई अन्य केस नहीं पाया जाता है तो कन्टेनमेन्ट ज़ोन को सूची से विमुक्त कर दिया जायेगा।

जिला मजिस्ट्रेट द्वारा नामित मजिट्रेटों/पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि कोविड.19 के फैलाव को रोकने एवं बचाव व नियंत्रण के दृष्टिगत कन्टेनमेन्ट ज़ोन की बैरीकेटिंग कराते हुए शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुरूप सुरक्षात्मक प्रोटोकाल एवं सोशल डिस्टेंसिंग का कड़ाई से अनुपालन कराना सुनिश्चित करेंगे। उल्लंघन पाये जाने पर डिजास्टर मैनेजमेन्ट एक्टए 2005 की धारा.51 से 60 तथा भरतीय दण्ड विधान की धारा 188 में दिये गये प्राविधानों के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी।

## डीएम ने एकीकृत कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर का किया औचक निरीक्षण



निरीक्षण में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी एवं उपायुक्त उद्योग के अनुपस्थित पाये जाने पर डीएम ने विभागीय कार्यवाही करने के दिये निर्देश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा. रूपेश कुमार ने सीएमओ कार्यालय में बने एकीकृत कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्रवेश द्वार पर एकीकृत कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर के लगे छोटे बैनर को देखकर नाराजगी व्यक्त करते हुये मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि प्रवेश द्वारा पर बड़ा बैनर लगाया जाये जिससे लोगों को कन्ट्रोल सेन्टर के बारे में जानकारी प्राप्त हो सके। एकीकृत कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर में शिफ्टवार ड्यिूटी लगायी गयी है जिसमें निरीक्षण के दौरान जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी एवं उपायुक्त उद्योग बगैर किसी अवकाश के अनुपस्थित पाये गये जिस पर डीएम ने इन दोनो अधिकारियों के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही हेतु पत्र भेजने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने कहा कि एकीकृत कमाण्ड एंड कन्ट्रोल सेन्टर पर जो भी कॉल आ रही है उसका रजिस्टर में अंकन किया जायेगा तथा खांसी, जुखाम, बुखार की सूचना प्राप्त होने पर संबंधित सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षक को सूचना दी जाये जिससे डाक्टर या पैरामेडिकल स्टाफ उस व्यक्ति के घर पर पहुॅचकर जांच कर सके। कन्ट्रोल सेन्टर पर जो भी अधिकारी/कर्मचारी काल अटेन्ड कर रहा हो वह पूछे गये प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर दें और रजिस्टर में पूछे गये प्रश्नों का उल्लेख करें और उस पर क्या कार्यवाही की गयी उसको रजिस्टर में अंकन भी किया जाये। यदि किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं उदासीनता बरती जायेगी तो सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।

## बैंकर्स लंबित आवेदन पत्रों का शीघ्र करें निस्तारण: डीएम



जिला सलाहकार समिति की बैठक करते हुए डीएम

**अमेठी।** डीएम अरुण कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सलाहकार समिति (बैंकर्स) की बैठक आयोजित हुई। डीएम ने वार्षिक ऋण योजनाए फसली ऋण एवं किसान क्रेडिट कार्डए डेयरी एवं मत्स्य योजनाए प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशनए पंडित दीनदयाल रोजगार योजनाए मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजनाए मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजनाए प्रधानमंत्री मुद्रा योजनाए ओडीओपी योजनाए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सहित अन्य योजनाओं हेतु लंबित आवेदनों की बिंदुवार समीक्षा किया। वार्षिक ऋण योजना अंतर्गत 2020.21 में आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष विभिन्न बैंकों द्वारा 10078 प्रतिशत की पूर्ति की गई हैए फसली ऋण एवं किसान क्रेडिट कार्ड योजना अंतर्गत आवंटित लक्ष्य 74296 के सापेक्ष 30 जून तक विभिन्न बैंकों द्वारा कुल 7706 किसान क्रेडिट कार्ड को नवीनीकृत व 1533 नए किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से कुल 9239 किसान क्रेडिट कार्ड पर ऋण वितरित किया गया है। डेरी एवं मत्स्य योजना अंतर्गत 12920 लक्ष्य के सापेक्ष डेयरी विभाग द्वारा विभिन्न बैंकों को अभी तक 992 आवेदन पत्र प्रेषित किए गए हैं जिसमें से 23 आवेदन पत्र स्वीकृत किए गए हैं तथा 969 आवेदन पत्र लंबित हैंए पंडित दीनदयाल स्वरोजगार योजना अंतर्गत प्राप्त लक्ष्य 1170 के सापेक्ष विभाग द्वारा 92 आवेदन बैंकों को भेजे गए थे जिसमें बैंकों द्वारा 92 आवेदन पत्र स्वीकृत किए गए हैं। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना अंतर्गत लक्ष्य 5610 के सापेक्ष 552 लाभार्थियों को रुण् 930.09 लाख का ऋण वितरित किया जा चुका हैए जिसमें शिशु में 324, किशोर में 176 एवं तरुण में 52 व्यक्तियों को लाभान्वित किया गया है। एक जनपद एक उत्पाद योजना अंतर्गत जनपद का लक्ष्य 90 प्राप्त हुआ है जिसमें से विभाग द्वारा विभिन्न बैंकों को 105 आवेदन प्रेषित किए गए हैं बैंकों द्वारा 3 आवेदन पत्र स्वीकृत 01 आवेदन निरस्त तथा 101 आवेदन पत्र विभिन्न बैंक शाखाओं में लंबित हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत 30 जून तक लक्ष्य 583 के सापेक्ष 84 महिला समूह का गठन किया जा चुका है जिसमें से 54 समूहों का खाता खोला गया हैए 115 समूहों को रिवाल्विंग फंड प्रदान किया गया है।

## साधन सहकारी समितियों में अधिक मूल्य पर बेची जा रही खाद

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** प्राइवेट खाद विक्रेताओं के साथ ही साधन सहकारी समितियों पर भी किसानों को ठगा जा रहा है। प्राइवेट दुकानदारों की जांच कर कार्यवाही के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए हैं किंतु साधन सहकारी समितियों पर अधिकारियों की लापरवाही किसानों को भारी पड़ रही है। बुधवार को साधन सहकारी समिति सैदनपुर में निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर बेची जा रही खाद को लेकर किसानों ने हंगामा कर दिया। हंगामे की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे भाजपा मंडल अध्यक्ष ने इसकी सूचना उप जिला अधिकारी को दी। सूचना पाकर मौके पर साधन सहकारी समिति पर उप जिला अधिकारी ने पहुंचकर किसानों की समस्या सुनी और उसके समाधान के लिए अस्वस्थ्य किया। उन्होंने मौके पर ही जिला कृषि अधिकारी एडीओ कोआपरेटिव को भी बुला कर मामले में कार्यवाही करने के लिए कहा।बताते चलें विकासखंड सिरौलीगौसपुर कि सैदनपुर ग्राम पंचायत में साधन सहकारी समिति संचालित है जिसपर किसानों के साथ धोखा किया जा रहा था। उप जिला अधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान को किसानों ने दूरभाष पर वहां पर निर्धारित मूल्य से अधिक दाम लेने की शिकायत मिली उन्होंने दोपहर बाद समिति पर पहुंचकर वहां पर मौजूद किसानों से बातचीत की इसमें पता चला की निर्धारित मूल्य 270 की जगह रुपए 285 लिए जा रहे थे उसके साथ एक पैकेट जिंक भी दी जा रही थी जो कई वर्ष पुरानी हो चुकी थी समिति पर सहायक सचिव शंभू नाथ मौजूद थे एसडीएम ने जिला कृषि अधिकारी तथा सिरौलीगौसपुर के एडीओ कोआपरेटिव आशीष वर्मा को मौके पर बुलाया और पूरी जानकारी दिया उप जिलाधिकारी ने एडीओ कोआपरेटिव को खाद वितरण का जिम्मा सौंपा दिया।

## ग्राम निधि प्रथम के खातों पर भुगतान के लिए लगी रोक

**तिलोई, अमेठी।** सामुदायिक शौचालय और पंचायत भवन का निर्माण किये बिना कोई भी ग्राम पंचायत ग्राम निधि प्रथम खाते से अन्य विकास कार्यो का भुगतान नहीं कर पाएंगी। इस आशय का एक पत्र जिला पंचायत राज अधिकारी ने बैंकों को जारी किया है। भुगतान पर रोक लगाए जाने से जहां प्रधानों में हड़कंप हैं वहीं पुराने बकाया के चलते प्रधान फर्मों से से निर्माण सामग्री कैसे पाएंगे यह गले का फ़ांस बन गया है।

जिला पंचायत राज अधिकारी श्रेया मिश्रा ने बैंकों को लिखे गए अपने पत्र में निदेशक पंचायत राज के पत्र का हवाला देते हुए लिखा है कि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले विकास कार्यों पंचायत भवन निर्माण और सामुदायिक शौचालय के निर्माण कराए बिना कोई भी ग्राम पंचायत किसी अन्य विकास कार्य को नहीं करा सकती है। ऐसे में बड़ी संख्या में ऐसी ग्राम पंचायतें हैं जिनके यहां राज्य वित्त व चौदहवें वित्त की धनराशि कम है और उनके द्वारा आंगनबाड़ी, प्राथमिक विद्यालयों की मरम्मत और कायाकल्प के विकास कार्य किये थे परंतु आधे अधूरे भुगतान हुए थे उनके लिए खाते पर रोक गले की फांस बन गया है।कई ग्राम पंचायतों में पेयजल के लिए हैंड पम्पों का रिबोर और मरम्मत होना है उनके लिए भी समस्या खड़ी होना तय है।गौर तलब है कि पंचायत भवन का निर्माण तो कुछ ही गांवों में होना है जबकि अधिकांश गांवों में जर्जर पंचायत भवनों की मरम्मत होना है।जबकि सामुदायिक शौचालय प्रत्येक ग्राम पंचायत में बनने हैं। हालांकि अधिकतर ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालय का निर्माण शुरू हो गया है। जबकि सामुदायिक शौचालय निर्माण में एक पेंच यह भी है कि लेबर का भुगतान मनरेगा से होना है।

सामुदायिक शौचालय निर्माण का कार्य जिला पंचायत राज अधिकारी के द्वारा खातों पर रोक लगाने के चलते तेजी से शुरू हो गया है परंतु किसी भी ग्राम पंचायत की सामुदायिक शौचालय की न आई डी निकली है और न शौचालय में काम करने वाले किसी जाबकार्ड धारक श्रमिक का मास्टर रोल ही जारी हो सका है।सूत्रों की माने तो सभी ग्रामपंचायतों के शौचालय के स्टीमेट डीपीआरओ के माध्यम से अधिशाषी अभियंता ग्रमीण अभियंत्रण विभाग के यहां तकनीकी स्वीकृति के लिए पड़े हैं जिनका अब तक ग्राम पंचायतों को इंतजार है कि मिले तो श्रमिकों के मास्टर रोल जारी हो सकें।

## गड्ढे में गिरकर डूबने से दो बच्चों की मौत

**ललितपुर।** थाना नाराहट क्षेत्र के ग्राम डोंगराकलां में बुधवार को दिल-दहला देने घटना ने लोगों को झकझोर कर रख दिया। यहां सड़क निर्माण के लिए खोदी गयी मिटटी से बने गहरे गडढे में भरे पानी में गिरकर डूबने से दो बच्चों की मौत हो गयी। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण के लिए यहां से खोदी गयी मिटटी को फिर से नहीं भरा गया, जिससे यहां बारिश का पानी भर गया और यह हादसा हो गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर विवेचना शुरू कर दी है। बताया गया है कि ग्राम डोंगराकलां निवासी रफीक का दस वर्षीय पुत्र रियाज खान व सात वर्षीय रोजिश जो कि खेल रहे थे। बताया जा रहा है कि दोनो बच्चे खेलते हुये पास में बने गडढे में गिर गये। जिससे गहरे गडढे में भरे बारिश के पानी में डूबने से दोनों बच्चों की मौत हो गयी। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने परिजनों को दी। सड़क निर्माण के लिए यहां से मिटटी निकाली गयी थी, लेकिन वापस उसे भरा नहीं गया, जिससे बारिश का पानी यहां भर गया और आज यह बड़ा हादसा हो गया। घटना के बाद से लोगों में आक्रोश भी देखा गया।

## जिलाधिकारी ने काम न करने वाली आशा व एएनएम पर कार्यवाही के दिए निर्देश

**ललितपुर।** डीएम योगेश कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कोविड-19 कोर कमेटी की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में सर्वप्रथम डीएम द्वारा डोर टू डोर सर्विलांस अभियान की समीक्षा की गई जिसमें सीएमओ द्वारा बताया गया कि ब्लॉक बार के ग्राम सेमराभागनागर, चकोरा, ब्लॉक महरौनी के ग्राम मिदरवाहा, जरया, अगौरा, ब्लॉक बिरधा के ग्राम एरावनी, ब्लॉक जखौरा के ग्राम पाचौनी, ब्लॉक तालबेहट के ग्राम सुनौरी तथा ब्लॉक मड़ावरा के ग्राम उल्दनाखुर्द व पहाड़ीकलां में आशा एवं एएनएम डोर टू डोर सर्वे के लिए नहीं जा रही हैं। डीएम ने निर्देश दिये कि उक्त ग्रामों की आशा एवं एएनएम के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए अवगत कराएं। साथ ही उक्त ग्रामों में टीम बनाकर विशेष अभियान चलाकर सर्वे का कार्य कराया जाए। डीएम ने सीएमओ को निर्देश दिए कि जनपद के जो मरीज झाँसी में भर्ती हैं उनके स्वास्थ्य का विवरण एवं उनसे सम्बंधित अन्य डाटा जनपद में भी रखा जाए। इसके लिए झांसी मेडिकल कॉलेज के जिम्मेदार अधिकारियों से लगातार संपर्क बनाए रखें। डॉक्टर जे एस बख्शी ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि तालबेहत कोविड अस्पताल में भोजन एवं पानी की व्यवस्था पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। मरीजों को समय पर भोजन एवं पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। डीएम ने निर्देश दिए कि कोविड अस्पतालों में भर्ती मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए, उन्हें समय पर भोजन, पानी व दवाएं उपलब्ध कराते रहें। साथ ही मौके पर जिला पंचायत राज अधिकारी ने अवगत कराया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार बानपुर थाना तथा उसके आसपास के क्षेत्र को नियमित रूप से सैनिटाइज कराया जा रहा है तथा मुनादी भी करायी जा रही है। डीएम को अवगत कराया गया कि बांसी निवासी बेटीबाई पत्नी प्रकाश कोरोना पॉजिटिव पाई गई है परंतु इन्होंने गलत नंबर दर्ज कराया है, जिसके कारण इनसे संपर्क नहीं हो पा रहा है, इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि उक्त मरीज से संपर्क करने का हर संभव प्रयास किया जाए, इसमें किसी प्रकार की कोताही ना बरतें। मौके पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि कोविड अस्पतालों में 24 घंटे विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि जनपद के सभी नॉन कोविड अस्पताल, प्राइवेट अस्पताल एवं नर्सिंग होम के चिकित्सकों के नाम व नंबर कंट्रोल रूम को उपलब्ध कराएं ताकि आवश्यकता पड़ने पर तत्काल उनसे संपर्क किया जा सके। डीएम ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका तथा जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जहां भी जलभराव की स्थिति है वहां पंप लगाकर पानी को बाहर निकलवाए तथा ब्लीचिंग पाउडर के घोल का छिड़काव करवाएं। उन्होंने कहा कि यदि ग्रामीण क्षेत्रों में जल जनित बीमारियां फैलती है तो उस ग्राम के प्रधान तथा ग्राम पंचायत अधिकारी के विरुद्ध महामारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।